जिस दिन हर शख़्स (मौजूद) पाएगा जो उस ने की कोई नेकी, और जो उस ने कोई बुराई की। वह आरज़ू करेगा काश उस के दरमियान और उस (बुराई) के दरमियान दूर का फ़ासला होता, और अल्लाह तुम्हें अपनी ज़ात से डराता है, और अल्लाह शफ़क़त करने वाला है बन्दों पर। (30)

आप कह दें अगर तुम अल्लाह से मुहब्बत रखते हो तो मेरी पैरवी करो, अल्लाह तुम से मुहब्बत करेगा और तुम्हारे गुनाह बख़्शदेगा, और अल्लाह बख़्शने वाला रह्म करने वाला है। (31)

आप कह दें तुम इताअ़त करो अल्लाह की और रसूल की, फिर अगर वह फिर जाएं तो बेशक अल्लाह काफ़िरों को दोस्त नहीं रखता। (32)

बेशक अल्लाह ने चुन लिया आदम (अ) और नूह (अ) को और इब्राहीम (अ) ओ इमरान के घराने को सारे जहान पर। (33)

वह औलाद थे एक दूसरे की, और अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (34)

जब इमरान की बीवी ने कहा ऐ मेरे रब! जो मेरे पेट में है, मैं ने तेरी नज़र किया (सब से) आज़ाद रख कर, सो तू मुझ से कुबूल कर ले, बेशक तू सुनने वाला, जानने वाला है। (35)

सो जब उस ने उस (मरयम) को जन्म दिया तो वह बोली ऐ मेरे रब! मैं ने जन्म दी है लड़की, और अल्लाह खूब जानता है जो उस ने जन्म दिया, और लड़का लड़की के मानिंद नहीं होता और मैं ने उस का नाम मरयम रखा, और मैं उस को और उस की औलाद को तेरी पनाह में देती हूँ शैतान मरदूद से। (36)

तो उस को उस के रब ने अच्छी तरह कुबूल किया और उस को अच्छी तरह परवान चढ़ाया और ज़करिया (अ) को उस का कफ़ील बनाया। जब भी ज़करिया (अ) उस के पास हुजरे में दाख़िल होते उस के पास खाना पाते,
उस (ज़करिया (अ) ने कहा ऐ मरयम! यह तेरे पास कहां से आया? उस ने कहा यह अल्लाह के पास से है, बेशक अल्लाह जिसे चाहे बेहिसाब रिज़्क़ देता है। (37)

هُنَالِكَ دَعَا زَكَرِيَّا رَبَّهٗ ۚ قَالَ رَبِّ هَبْ لِيْ مِنْ لَّدُنْكَ ذُرِّيَّةً

औलाद	अपने पास	से	अ़ता कर मुझे	ऐ मेरे रब	उस ने कहा	अपना रब	ज़करिया	दुआ़ की	वहीं

طَيِّبَةً ۚ اِنَّكَ سَمِيْعُ الدُّعَآءِ ﴿٣٨﴾ فَنَادَتْهُ الْمَلٰٓئِكَةُ وَهُوَ قَآئِمٌ

खड़े हुए	और वह	फ़रिश्ते	तो आवाज़ दी उस को	38	दुआ़	सुनने वाला	बेशक तू	पाक

يُّصَلِّيْ فِي الْمِحْرَابِ ۙ اَنَّ اللّٰهَ يُبَشِّرُكَ بِيَحْيٰى مُصَدِّقًۢا بِكَلِمَةٍ

कलिमा	तसदीक़ करने वाला	यहया (अ)	तुम्हें ख़ुशख़बरी देता है	कि अल्लाह	मेहराब (हुजरा)	में	नमाज़ पढ़ते

مِّنَ اللّٰهِ وَسَيِّدًا وَّحَصُوْرًا وَّنَبِيًّا مِّنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٣٩﴾ قَالَ رَبِّ

ऐ मेरे रब	उस ने कहा	39	नेकोकार (जमा)	से	और नबी	और नफ़्स को क़ाबू में रखने वाला	और सरदार	अल्लाह	से

اَنّٰى يَكُوْنُ لِيْ غُلٰمٌ وَّقَدْ بَلَغَنِيَ الْكِبَرُ وَامْرَاَتِيْ عَاقِرٌ ؕ

बांझ	और मेरी औरत	बुढ़ापा	जब कि मुझे पहुँच गया	लड़का	मेरे लिए	होगा	कहां

قَالَ كَذٰلِكَ اللّٰهُ يَفْعَلُ مَا يَشَآءُ ﴿٤٠﴾ قَالَ رَبِّ اجْعَلْ لِّيْٓ اٰيَةً ؕ

कोई निशानी	मेरे लिए	मुक़र्रर फ़रमा दे	ऐ मेरे रब	उस ने कहा	40	जो वह चाहता है	करता है	अल्लाह	इसी तरह	उस ने कहा

قَالَ اٰيَتُكَ اَلَّا تُكَلِّمَ النَّاسَ ثَلٰثَةَ اَيَّامٍ اِلَّا رَمْزًا ؕ وَاذْكُرْ رَّبَّكَ

अपना रब	और तू याद कर	इशारा	मगर	तीन दिन	लोग	कि न बात करेगा	तेरी निशानी	उस ने कहा

كَثِيْرًا وَّسَبِّحْ بِالْعَشِيِّ وَالْاِبْكَارِ ﴿٤١﴾ ع وَاِذْ قَالَتِ الْمَلٰٓئِكَةُ ع ١١/١٢

फ़रिश्ते	कहा	और जब	41	और सुबह	शाम	और तस्बीह कर	बहुत

يٰمَرْيَمُ اِنَّ اللّٰهَ اصْطَفٰىكِ وَطَهَّرَكِ وَاصْطَفٰىكِ عَلٰى

पर	और बरगुज़ीदा किया तुझ को	और पाक किया तुझ को	चुन लिया तुझ को	बेशक अल्लाह	ऐ मरयम

نِسَآءِ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٤٢﴾ يٰمَرْيَمُ اقْنُتِيْ لِرَبِّكِ وَاسْجُدِيْ وَارْكَعِيْ

और रुकूअ़ कर	और सिज्दा कर	अपने रब की	तू फ़रमांबरदारी कर	ऐ मरयम	42	तमाम जहान	औ़रतें

مَعَ الرّٰكِعِيْنَ ﴿٤٣﴾ ذٰلِكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الْغَيْبِ نُوْحِيْهِ اِلَيْكَ ؕ

तेरी तरफ़	हम यह वहि करते हैं	ग़ैब	ख़बरें	से	यह	43	रुकूअ़ करने वाले	साथ

وَمَا كُنْتَ لَدَيْهِمْ اِذْ يُلْقُوْنَ اَقْلَامَهُمْ اَيُّهُمْ يَكْفُلُ مَرْيَمَ ۪

मरयम	पर्वरिश करे	कौन-उन	अपने क़लम	वह डालते थे	जब	उन के पास	और तू न था

وَمَا كُنْتَ لَدَيْهِمْ اِذْ يَخْتَصِمُوْنَ ﴿٤٤﴾ اِذْ قَالَتِ الْمَلٰٓئِكَةُ يٰمَرْيَمُ

ऐ मरयम	फ़रिश्ते	जब कहा	44	जब वह झगड़ते थे	उन के पास	और तू न था

اِنَّ اللّٰهَ يُبَشِّرُكِ بِكَلِمَةٍ مِّنْهُ ۖ اسْمُهُ الْمَسِيْحُ عِيْسَى ابْنُ مَرْيَمَ

इब्ने मरयम	ईसा	मसीह (अ)	उस का नाम	अपने	एक कलिमा की	तुझे बशारत देता है	बेशक अल्लाह

وَجِيْهًا فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ وَمِنَ الْمُقَرَّبِيْنَ ﴿٤٥﴾ ۙ

45	मुक़र्रिब (जमा)	और से	और आख़िरत	दुनिया	में	बा आबरू

वहीं ज़करिया (अ) ने अपने रब से दुआ़ की। ऐ मेरे रब! मुझे अपने पास से पाक औलाद अ़ता कर, तू बेशक दुआ़ सुनने वाला है। (38)

तो उन्हें आवाज़ दी फ़रिश्तों ने जब वह हुजरे में खड़े हुए नमाज़ पढ़ रहे थे कि अल्लाह तुम्हें यहया (अ) की ख़ुशख़बरी देता है अल्लाह के कलिमे की तसदीक़ करने वाला, सरदार, और नफ़्स को क़ाबू रखने वाला, और नबी (होगा) नेकोकारों में से। (39)

उस ने कहा ऐ मेरे रब! मेरे लड़का कहां से होगा? जब कि मुझे बुढ़ापा पहुँच चुका है, और मेरी औ़रत बांझ है, उस ने कहा इसी तरह अल्लाह जो चाहता है करता है। (40)

उस ने कहा ऐ मेरे रब! मुक़र्रर फ़रमा दे मेरे लिए कोई निशानी? उस ने कहा तेरी निशानी यह है कि तू लोगों से तीन दिन बात न करेगा मगर इशारे से, तू अपने रब को बहुत याद कर, और सुबह ओ शाम तस्बीह कर। (41)

और जब फ़रिश्तों ने कहा ऐ मरयम! बेशक अल्लाह ने तुझ को चुन लिया और तुझ को पाक किया और तुझ को बरगुज़ीदा किया औ़रतों पर तमाम जहान की। (42)

ऐ मरयम! तू अपने रब की फ़रमांबरदारी कर और सिज्दा कर और रुकूअ़ कर रुकूअ़ करने वालों के साथ। (43)

यह ग़ैब की ख़बरें हैं, हम आप की तरफ़ वहि करते हैं, और आप उन के पास न थे जब वह (क़ुरआ के लिए) अपने क़लम डाल रहे थे कि उन में से कौन मरयम की पर्वरिश करेगा? और आप (स) उन के पास न थे जब वह झगड़ते थे। (44)

जब फ़रिश्तों ने कहा ऐ मरयम! बेशक अल्लाह तुझे अपने एक कलमे की बशारत देता है, उस का नाम मसीह (अ) ईसा (अ) इब्ने मरयम है, दुनिया और आख़िरत में बाआबरू, और मुक़र्रिबों से होगा, (45)

وَيُكَلِّمُ النَّاسَ فِي الْمَهْدِ وَكَهْلًا وَّمِنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٤٦﴾ قَالَتْ

वह बोली	46	नेकोकार	और से	और पुख़्ता उम्र	पालने में	लोग	और बातें करेगा

رَبِّ اَنّٰى يَكُوْنُ لِيْ وَلَدٌ وَّلَمْ يَمْسَسْنِيْ بَشَرٌ ؕ قَالَ كَذٰلِكِ اللّٰهُ

अल्लाह	इसी तरह	उस ने कहा	कोई मर्द	हाथ लगाया मुझे	और नहीं	बेटा	होगा मेरे हां	कैसे	ऐ मेरे रब

يَخْلُقُ مَا يَشَآءُ ؕ اِذَا قَضٰٓى اَمْرًا فَاِنَّمَا يَقُوْلُ لَهٗ كُنْ فَيَكُوْنُ ﴿٤٧﴾

47	सो वह हो जाता है	हो जा	उस को	वह कहता है	तो	कोई काम	वह इरादा करता है	जब	जो वह चाहता है	पैदा करता है

وَيُعَلِّمُهُ الْكِتٰبَ وَالْحِكْمَةَ وَالتَّوْرٰىةَ وَالْاِنْجِيْلَ ﴿٤٨﴾ وَرَسُوْلًا اِلٰى

तरफ़	और एक रसूल	48	और इन्जील	और तौरेत	और दानाई	और वह सिखाएगा उस को किताब

بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ۙ اَنِّيْ قَدْ جِئْتُكُمْ بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ ۙ اَنِّيْٓ اَخْلُقُ

बनाता हूँ	कि मैं	तुम्हारा रब	से	एक निशानी के साथ	आया हूँ तुम्हारी तरफ़	कि मैं	बनी इस्राईल

لَكُمْ مِّنَ الطِّيْنِ كَهَيْـَٔةِ الطَّيْرِ فَاَنْفُخُ فِيْهِ فَيَكُوْنُ طَيْرًاۢ بِاِذْنِ

हुक्म से	परिन्दा	तो वह हो जाता है	उस में	फिर फूंक मारता हूँ	परिन्दा	मानिंद-शक्ल	गारा	से	तुम्हारे लिए

اللّٰهِ ۚ وَاُبْرِئُ الْاَكْمَهَ وَالْاَبْرَصَ وَاُحْيِ الْمَوْتٰى بِاِذْنِ اللّٰهِ ۚ

अल्लाह के हुक्म से	मुर्दे	और मैं ज़िन्दा करता हूँ	और कोढ़ी को	मादरज़ाद अन्धा	और मैं अच्छा करता हूँ	अल्लाह

وَاُنَبِّئُكُمْ بِمَا تَاْكُلُوْنَ وَمَا تَدَّخِرُوْنَ ۙ فِيْ بُيُوْتِكُمْ ؕ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ

उस	में	बेशक	घरों अपने	में	तुम ज़ख़ीरा करते हो	और जो	तुम खाते हो	जो	और तुम्हें बताता हूँ

لَاٰيَةً لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٤٩﴾ وَمُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيَّ

अपने से पहली	जो	और तस्दीक़ करने वाला	49	ईमान वाले	तुम हो	अगर	तुम्हारे लिए	एक निशानी

مِنَ التَّوْرٰىةِ وَلِاُحِلَّ لَكُمْ بَعْضَ الَّذِيْ حُرِّمَ عَلَيْكُمْ وَجِئْتُكُمْ

और आया हूँ तुम्हारे पास	तुम पर	हराम की गई	वह जो कि	बाज़	तुम्हारे लिए	और ता कि हलाल कर दूँ	तौरेत	से

بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ ۟ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿٥٠﴾ اِنَّ اللّٰهَ رَبِّيْ وَرَبُّكُمْ

और तुम्हारा रब	मेरा रब	बेशक अल्लाह	50	और मेरा कहा मानो	सो तुम अल्लाह से डरो	तुम्हारा रब	से	एक निशानी

فَاعْبُدُوْهُ ؕ هٰذَا صِرَاطٌ مُّسْتَقِيْمٌ ﴿٥١﴾ فَلَمَّآ اَحَسَّ عِيْسٰى

ईसा (अ)	महसूस किया	फिर जब	51	सीधा	रास्ता	यह	सो तुम इबादत करो उस की

مِنْهُمُ الْكُفْرَ قَالَ مَنْ اَنْصَارِيْٓ اِلَى اللّٰهِ ؕ قَالَ الْحَوَارِيُّوْنَ

हवारी (जमा)	कहा	अल्लाह की तरफ़	मेरी मदद करने वाला	कौन	उस ने कहा	कुफ़्र	उन से

نَحْنُ اَنْصَارُ اللّٰهِ ۚ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ ۚ وَاشْهَدْ بِاَنَّا مُسْلِمُوْنَ ﴿٥٢﴾ رَبَّنَآ اٰمَنَّا

हम ईमान लाए	ऐ हमारे रब	52	फ़रमांबरदार	कि हम	तू गवाह रह	अल्लाह पर	हम ईमान लाए	अल्लाह की मदद करने वाले	हम

بِمَآ اَنْزَلْتَ وَاتَّبَعْنَا الرَّسُوْلَ فَاكْتُبْنَا مَعَ الشّٰهِدِيْنَ ﴿٥٣﴾

53	गवाही देने वाले	साथ	सो तू हमें लिख ले	रसूल	और हम ने पैरवी की	तू ने नाज़िल किया	जो

और लोगों से गहवारे में और पुख़्ता उम्र में बातें करेगा और नेकोकारों में से होगा। (46)

वह बोली ऐ मेरे रब! मेरे हां बेटा कैसे होगा? और किसी मर्द ने मुझे हाथ नहीं लगाया, उस ने कहा इसी तरह अल्लाह जो चाहे पैदा करता है, जब वह किसी काम का इरादा करता है तो वह कहता है उस को "हो जा" सो वह हो जाता है। (47)

और वह उस को सिखाएगा किताब और दानाई और तौरेत और इन्जील। (48)

और बनी इस्राईल की तरफ़ एक रसूल, (उस ने कहा) कि मैं तुम्हारी तरफ़ एक निशानी के साथ आया हूँ तुम्हारे रब की तरफ़ से, मैं तुम्हारे लिए गारे से परिन्दे जैसी शक्ल बनाता हूँ, फिर उस में फूंक मारता हूँ तो वह अल्लाह के हुक्म से परिन्दा हो जाता है, और मैं अच्छा करता हूँ मादरज़ाद अन्धे और कोढ़ी को, और मैं अल्लाह के हुक्म से मुर्दे ज़िन्दा करता हूँ, और मैं तुम्हें बताता हूँ जो तुम खाते हो और जो तुम अपने घरों में ज़ख़ीरा करते हो, बेशक उस में तुम्हारे लिए एक निशानी है अगर तुम हो ईमान वाले। (49)

और मैं अपने से पहली (किताब) तौरेत की तस्दीक़ करने वाला हूँ और ता कि तुम्हारे लिए बाज़ वह चीज़ें हलाल कर दूँ जो तुम पर हराम की गई थीं, और तुम्हारे पास एक निशानी के साथ आया हूँ तुम्हारे रब से, सो तुम अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (50)

बेशक अल्लाह (ही) मेरा और तुम्हारा रब है, सो तुम उस की इबादत करो, यह सीधा रास्ता है। (51)

फिर जब ईसा (अ) ने महसूस किया उन से कुफ़्र (तो) कहा कौन है अल्लाह की तरफ़ मेरी मदद करने वाला? हवारियों ने कहा हम अल्लाह की मदद करने वाले हैं, हम अल्लाह पर ईमान लाए, और गवाह रह कि हम फ़रमांबरदार हैं, (52)

ऐ हमारे रब! हम उस पर ईमान लाए जो तू ने नाज़िल किया और हम ने रसूल की पैरवी की, सो तू हमें गवाही देने वालों के साथ लिख ले। (53)

ع ١٣ ٥ ١٣ الثلثة

وَمَكَرُوْا وَمَكَرَ اللّٰهُ ۭ وَاللّٰهُ خَيْرُ الْمٰكِرِيْنَ ﴿٥٤﴾ اِذْ قَالَ اللّٰهُ

अल्लाह ने कहा	जब	54	तदबीर करने वाले	बेहतर	और अल्लाह	और अल्लाह ने ख़ुफ़िया तदबीर की	और उन्हों ने मक्र किया

يٰعِيْسٰٓى اِنِّىْ مُتَوَفِّيْكَ وَرَافِعُكَ اِلَىَّ وَمُطَهِّرُكَ مِنَ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	से	और पाक कर दूँगा तुझे	अपनी तरफ़	और उठा लूँगा तुझे	क़ब्ज़ कर लूँगा तुझे	मैं	ऐ ईसा (अ)

كَفَرُوْا وَجَاعِلُ الَّذِيْنَ اتَّبَعُوْكَ فَوْقَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِلٰى

तक	कुफ़्र किया	जिन्हों ने	ऊपर	तेरी पैरवी की	वह जिन्हों ने	और रखूँगा	उन्हों ने कुफ़्र किया

يَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۚ ثُمَّ اِلَيَّ مَرْجِعُكُمْ فَاَحْكُمُ بَيْنَكُمْ فِيْمَا كُنْتُمْ

तुम थे	जिस में	तुम्हारे दरमियान	फिर मैं फ़ैसला करूँगा	तुम्हें लौट कर आना है	मेरी तरफ़	फिर	क़ियामत का दिन

فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ﴿٥٥﴾ فَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَاُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا

अज़ाब	सो उन्हें अज़ाब दूँगा	कुफ़्र किया	जिन लोगों ने	पस	55	इख़्तिलाफ़ करते	में

شَدِيْدًا فِى الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۡ وَمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿٥٦﴾

56	मददगार	से	उन का	और नहीं	और आख़िरत	दुनिया में	सख़्त

وَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَيُوَفِّيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ ۭ

उन के अजर	तो पूरा देगा	नेक	और उन्हों ने काम किए	ईमान लाए	जो लोग	और जो

وَاللّٰهُ لَا يُحِبُّ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٥٧﴾ ذٰلِكَ نَتْلُوْهُ عَلَيْكَ مِنَ الْاٰيٰتِ

आयतें	से	आप (स) पर	हम पढ़ते हैं	यह	57	ज़ालिम (जमा)	दोस्त नहीं रखता	और अल्लाह

وَالذِّكْرِ الْحَكِيْمِ ﴿٥٨﴾ اِنَّ مَثَلَ عِيْسٰى عِنْدَ اللّٰهِ كَمَثَلِ اٰدَمَ ۭ خَلَقَهٗ

उस को पैदा किया	आदम	मिसाल जैसी	अल्लाह के नज़दीक	ईसा	मिसाल	बेशक	58	हिक्मत वाली	और नसीहत

مِنْ تُرَابٍ ثُمَّ قَالَ لَهٗ كُنْ فَيَكُوْنُ ﴿٥٩﴾ اَلْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ فَلَا

पस न	आप का रब	से	हक़	59	सो वह हो गया	हो जा	उस को	कहा	फिर	मिट्टी	से

تَكُنْ مِّنَ الْمُمْتَرِيْنَ ﴿٦٠﴾ فَمَنْ حَآجَّكَ فِيْهِ مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَكَ

जब आगया	बाद	से	इस में	आप (स) से झगड़े	सो जो	60	शक करने वाले	से	हो

مِنَ الْعِلْمِ فَقُلْ تَعَالَوْا نَدْعُ اَبْنَآءَنَا وَاَبْنَآءَكُمْ وَنِسَآءَنَا

और अपनी औरतें	और तुम्हारे बेटे	अपने बेटे	हम बुलाएं	तुम आओ	तो कह दें	इल्म	से

وَنِسَآءَكُمْ وَاَنْفُسَنَا وَاَنْفُسَكُمْ ۣ ثُمَّ نَبْتَهِلْ فَنَجْعَلْ لَّعْنَتَ اللّٰهِ

अल्लाह की लानत	फिर करें (डालें)	हम इल्तिजा करें	फिर	और तुम खुद	और हम खुद	और तुम्हारी औरतें

عَلَى الْكٰذِبِيْنَ ﴿٦١﴾ اِنَّ هٰذَا لَهُوَ الْقَصَصُ الْحَقُّ ۚ وَمَا

और नहीं	सच्चा	बयान	यही	यह	बेशक	61	झूटे	पर

مِنْ اِلٰهٍ اِلَّا اللّٰهُ ۭ وَاِنَّ اللّٰهَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٦٢﴾

62	हिक्मत वाला	ग़ालिब	वही	और बेशक अल्लाह	अल्लाह के सिवा	कोई माबूद

और उन्हों ने मक्र किया और अल्लाह ने ख़ुफ़िया तदबीर की, और अल्लाह (सब) तदबीर करने वालों से बेहतर है। (54)

जब अल्लाह ने कहा ऐ ईसा (अ): मैं तुझे क़ब्ज़ कर लूँगा और तुझे अपनी तरफ़ उठा लूँगा और तुझे पाक कर दूँगा उन लोगों से जिन्हों ने कुफ़्र किया, और जिन्हों ने तेरी पैरवी की उन्हें ऊपर (ग़ालिब) रखूँगा उन के जिन्हों ने कुफ़्र किया क़ियामत के दिन तक। फिर तुम्हें मेरी तरफ़ लौट कर आना है, फिर मैं तुम्हारे दरमियान फ़ैसला करूँगा जिस (बारे) में तुम इख़्तिलाफ़ करते थे। (55)

पस जिन लोगों ने कुफ़्र किया, सो उन्हें सख़्त अज़ाब दूँगा दुनिया और आख़िरत में, और उन का कोई मददगार न होगा। (56)

और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने नेक काम किए तो (अल्लाह) उन के अजर उन्हें पूरे देगा, और अल्लाह दोस्त नहीं रखता ज़ालिमों को। (57)

हम आप (स) पर यह आयतें और हिक्मत वाली नसीहत पढ़ते हैं। (58)

बेशक अल्लाह के नज़दीक ईसा (अ) की मिसाल आदम (अ) जैसी है, उसे मिट्टी से पैदा किया, फिर कहा उस को "हो जा" तो वह हो गया। (59)

हक़ आप के रब की तरफ़ से है, पस शक करने वालों में से न होना। (60)

जो आप (स) से इस बारे में झगड़े उस के बाद जब कि आप के पास इल्म आगया तो आप (स) कह दें! आओ हम बुलाएं अपने बेटे और तुम्हारे बेटे, और अपनी औरतें और तुम्हारी औरतें, और हम खुद और तुम खुद (भी), फिर हम सब इल्तिजा करें, फिर झूटों पर अल्लाह की लानत भेजें। (61)

बेशक यही सच्चा बयान है, और अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, और बेशक अल्लाह ही ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (62)

ع ٦ ٩ ١٤ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِالْمُفْسِدِيْنَ ﴿٦٣﴾ قُلْ

आप कह दें	63	फ़साद करने वालों को	जानने वाला	तो बेशक अल्लाह	वह फिर जाएं	फिर अगर

يٰۤاَهْلَ الْكِتٰبِ تَعَالَوْا اِلٰى كَلِمَةٍ سَوَآءٍۢ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ اَلَّا نَعْبُدَ

कि न हम इबादत करें	और तुम्हारे दरमियान	हमारे दरमियान	बराबर	एक बात	तरफ़ (पर)	आओ	ऐ अहले किताब

اِلَّا اللّٰهَ وَلَا نُشْرِكَ بِهٖ شَيْـًٔا وَّلَا يَتَّخِذَ بَعْضُنَا بَعْضًا اَرْبَابًا

रब (जमा)	किसी को	हम में से कोई	और न बनाए	कुछ	उस के साथ	और न हम शरीक करें	सिवाए अल्लाह

مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ ؕ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقُوْلُوا اشْهَدُوْا بِاَنَّا مُسْلِمُوْنَ ﴿٦٤﴾

64	मुस्लिम (फ़रमांबरदार)	कि हम	तुम गवाह रहो	तो कह दो तुम	वह फिर जाएं	फिर अगर	अल्लाह के सिवा

يٰۤاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تُحَآجُّوْنَ فِيْۤ اِبْرٰهِيْمَ وَمَآ اُنْزِلَتِ التَّوْرٰىةُ

तौरेत	नाज़िल की गई	और नहीं	इब्राहीम (अ)	में	तुम झगड़ते हो	क्यों	ऐ अहले किताब

وَالْاِنْجِيْلُ اِلَّا مِنْۢ بَعْدِهٖ ؕ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ﴿٦٥﴾ هٰۤاَنْتُمْ

हां तुम	65	तो क्या तुम अ़क़्ल नहीं रखते	उस के बाद	मगर	और इन्जील

هٰۤؤُلَآءِ حَاجَجْتُمْ فِيْمَا لَكُمْ بِهٖ عِلْمٌ فَلِمَ

अब क्यों	इल्म	उस का	तुम्हें	जिस में	तुम ने झगड़ा किया	वह लोग

تُحَآجُّوْنَ فِيْمَا لَيْسَ لَكُمْ بِهٖ عِلْمٌ ؕ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ وَاَنْتُمْ

और तुम	जानता है	और अल्लाह	कुछ इल्म	उस का	तुम्हें	नहीं	उस में	तुम झगड़ते हो

لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿٦٦﴾ مَا كَانَ اِبْرٰهِيْمُ يَهُوْدِيًّا وَّلَا نَصْرَانِيًّا

नसरानी	और न	यहूदी	इब्राहीम (अ)	न थे	66	जानते	नहीं

وَّلٰكِنْ كَانَ حَنِيْفًا مُّسْلِمًا ؕ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿٦٧﴾

67	मुश्रिक (जमा)	से	थे	और न	मुस्लिम (फ़रमांबरदार)	एक रुख़	वह थे	और लेकिन

اِنَّ اَوْلَى النَّاسِ بِاِبْرٰهِيْمَ لَلَّذِيْنَ اتَّبَعُوْهُ وَهٰذَا

और इस	उन्हों ने पैरवी की उन की	उन लोग	इब्राहीम (अ)	लोग	सब से ज़ियादा मुनासिबत	बेशक

النَّبِيُّ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ؕ وَاللّٰهُ وَلِيُّ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٦٨﴾

68	मोमिनीन	कारसाज़	और अल्लाह	ईमान लाए	और वह लोग जो	नबी

وَدَّتْ طَّآئِفَةٌ مِّنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ لَوْ يُضِلُّوْنَكُمْ ؕ

वह गुमराह कर दें तुम्हें	काश	अहले किताब	से (की)	एक जमाअ़त	चाहती है

وَمَا يُضِلُّوْنَ اِلَّاۤ اَنْفُسَهُمْ وَمَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٦٩﴾

69	वह समझते	और नहीं	अपने आप	मगर	और नहीं वह गुमराह करते

يٰۤاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَاَنْتُمْ تَشْهَدُوْنَ ﴿٧٠﴾

70	गवाह हो	हालांकि तुम	अल्लाह की आयतों का	तुम इन्कार करते हो	क्यों	ऐ अहले किताब

फिर अगर वह फिर जाएं तो बेशक अल्लाह फ़साद करने वालों को खूब जानता है। (63)

आप (स) कह दें ऐ अहले किताब! उस एक बात पर आओ जो हमारे और तुम्हारे दरमियान बराबर (मुशतरिक) है कि हम अल्लाह के सिवा किसी की इबादत न करें और उस के साथ किसी को शरीक न ठहराएं और हम में से कोई किसी को न बनाए रब अल्लाह के सिवा, फिर अगर वह फिर जाएं तो तुम कह दो कि तुम गवाह रहो कि हम तो मुस्लिम (फ़रमांबरदार) हैं। (64)

ऐ अहले किताब! तुम इब्राहीम (अ) के बारे में क्यों झगड़ते हो? और नहीं नाज़िल की गई तौरेत और इन्जील मगर उन के बाद, तो क्या तुम अ़क़्ल नहीं रखते? (65)

हां! तुम वही लोग हो कि तुम ने उस (बारे) में झगड़ा किया जिस का तुम्हें इल्म था तो अब क्यों झगड़ते हो उस (बारे) में जिस का तुम्हें कुछ इल्म नहीं, और अल्लाह जानता है, और तुम नहीं जानते। (66)

इब्राहीम (अ) न यहूदी थे न नसरानी, (बल्कि) वह हनीफ़ (सब से रुख़ मोड़ कर अल्लाह के हो जाने वाले) मुस्लिम (फ़रमांबरदार) थे, और वह मुश्रिकों में से न थे। (67)

बेशक सब लोगों से ज़ियादा मुनासिबत है इब्राहीम (अ) से उन लोगों को जिन्हों ने उन की पैरवी की, और इस नबी को और वह लोग जो ईमान लाए, और अल्लाह मोमिनों का कारसाज़ है। (68)

अहले किताब की एक जमाअ़त चाहती है काश! वह तुम्हें गुमराह कर दें, और वह अपने सिवा किसी को गुमराह नहीं करते, और वह समझते नहीं। (69)

ऐ अहले किताब! तुम क्यों इन्कार करते हो अल्लाह की आयतों का? हालांकि तुम गवाह हो। (70)

ऐ अहले किताब! तुम क्यों मिलाते हो सच को झूट के साथ और तुम हक़ को छुपाते हो हालांकि तुम जानते हो। (71)

और एक जमाअ़त ने कहा अहले किताब की कि जो कुछ मुसलमानों पर नाज़िल किया गया है, उसे दिन के अव्वल हिस्से में मान लो और मुन्किर हो जाओ उस के आख़िर हिस्से में (शाम को) शायद कि वह फिर जाएं। (72)

और तुम (किसी की बात) न मानो सिवाए उस के जो पैरवी करे तुम्हारे दीन की, आप (स) कह दें बेशक हिदायत अल्लाह ही की हिदायत है कि किसी को दिया गया जैसा कि तुम्हें दिया गया था, या वह तुम से तुम्हारे रब के सामने हुज्जत करें, आप (स) कह दें, बेशक फ़ज़्ल अल्लाह के हाथ में है, वह देता है जिस को वह चाहता है, और अल्लाह वुसअ़त वाला, जानने वाला है। (73)

वह जिस को चाहता है अपनी रहमत से ख़ास कर लेता है, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (74)

और अहले किताब में कोई (ऐसा है) कि अगर आप (स) उस के पास अमानत रखें ढेरों माल तो वह आप (स) को अदा करदे, और उन में से कोई (ऐसा है) अगर आप उस के पास एक दीनार अमानत रखें तो वह अदा न करे मगर जब तक आप (स) उस के सर पर खड़े रहें, यह इस लिए है कि उन्हों ने कहा हम पर उम्मियों के (बारे) में (इल्ज़ाम की) कोई राह नहीं, और वह अल्लाह पर झूट बोलते हैं, और वह जानते हैं। (75)

क्यों नहीं? जो कोई अपना इक़रार पूरा करे और परहेज़गार रहे तो बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (76)

बेशक जो लोग अल्लाह के अ़हद और अपनी क़स्मों से हासिल करते हैं थोड़ी क़ीमत, यही लोग हैं जिन के लिए आख़िरत में कोई हिस्सा नहीं और न अल्लाह उन से कलाम करेगा और न उन की तरफ़ नज़र करेगा क़ियामत के दिन और न उन्हें पाक करेगा, और उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब है। (77)

يٰٓاَهۡلَ الۡكِتٰبِ لِمَ تَلۡبِسُوۡنَ الۡحَقَّ بِالۡبَاطِلِ وَتَكۡتُمُوۡنَ الۡحَقَّ

हक	और तुम छुपाते हो	झूट के साथ	सच	तुम उलझाते हो	क्यों	ऐ अहले किताब

وَاَنۡتُمۡ تَعۡلَمُوۡنَ ﴿٧١﴾ ع وَقَالَتۡ طَّآئِفَةٌ مِّنۡ اَهۡلِ الۡكِتٰبِ اٰمِنُوۡا بِالَّذِىۡۤ ع ٨ ١٥

जो कुछ	तुम मान लो	अहले किताब	से (की)	एक जमाअ़त	और कहा	71	जानते हो	हालांकि तुम

اُنۡزِلَ عَلَى الَّذِيۡنَ اٰمَنُوۡا وَجۡهَ النَّهَارِ وَاكۡفُرُوۡۤا اٰخِرَهٗ لَعَلَّهُمۡ

शायद	उस का आख़िर (शाम)	और मुन्किर हो जाओ	दिन का अव्वल हिस्सा	जो लोग ईमान लाए (मुसलमान)	पर	नाज़िल किया गया

يَرۡجِعُوۡنَ ﴿٧٢﴾ وَلَا تُؤۡمِنُوۡۤا اِلَّا لِمَنۡ تَبِعَ دِيۡنَكُمۡ ؕ قُلۡ اِنَّ الۡهُدٰى

हिदायत	बेशक	कह दें	तुम्हारा दीन	पैरवी करे	उस की जो	सिवाए	मानो तुम	और न	72	वह फिर जाएं

هُدَى اللّٰهِ ۙ اَنۡ يُّؤۡتٰٓى اَحَدٌ مِّثۡلَ مَاۤ اُوۡتِيۡتُمۡ اَوۡ يُحَآجُّوۡكُمۡ

वह हुज्जत करें तुम से	या	कुछ तुम्हें दिया गया	जैसा	किसी को	दिया गया	कि	अल्लाह की हिदायत

عِنۡدَ رَبِّكُمۡ ؕ قُلۡ اِنَّ الۡفَضۡلَ بِيَدِ اللّٰهِ ۚ يُؤۡتِيۡهِ مَنۡ يَّشَآءُ ؕ

वह चाहता है	जिसे	वह देता है	अल्लाह के हाथ में	फ़ज़्ल	बेशक	कह दें	तुम्हारा रब	सामने

وَاللّٰهُ وَاسِعٌ عَلِيۡمٌ ﴿٧٣﴾ يَّخۡتَصُّ بِرَحۡمَتِهٖ مَنۡ يَّشَآءُ ؕ

वह चाहता है	जिसे	अपनी रहमत से	वह ख़ास कर लेता है	73	जानने वाला	वुसअ़त वाला	और अल्लाह

وَاللّٰهُ ذُو الۡفَضۡلِ الۡعَظِيۡمِ ﴿٧٤﴾ وَمِنۡ اَهۡلِ الۡكِتٰبِ مَنۡ اِنۡ تَاۡمَنۡهُ

अगर अमानत रखें उस को	जो	अहले किताब	और से	74	बड़ा-बड़े	फ़ज़्ल वाला	और अल्लाह

بِقِنۡطَارٍ يُّؤَدِّهٖۤ اِلَيۡكَ ۚ وَمِنۡهُمۡ مَّنۡ اِنۡ تَاۡمَنۡهُ بِدِيۡنَارٍ

एक दीनार	आप अमानत रखें उस को	अगर	और उन से जो	आप को	अदा करे	ढेर माल

لَّا يُؤَدِّهٖۤ اِلَيۡكَ اِلَّا مَا دُمۡتَ عَلَيۡهِ قَآئِمًا ؕ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمۡ قَالُوۡا

उन्हों ने कहा	इस लिए कि	यह	खड़े	उस पर	तक रहें	मगर जब	आप को	वह अदा न करे

لَيۡسَ عَلَيۡنَا فِى الۡاُمِّيّٖنَ سَبِيۡلٌ ۚ وَيَقُوۡلُوۡنَ عَلَى اللّٰهِ الۡكَذِبَ

झूट	अल्लाह पर	और वह बोलते हैं	कोई राह	उम्मी (जमा)	में	हम पर	नहीं

وَهُمۡ يَعۡلَمُوۡنَ ﴿٧٥﴾ بَلٰى مَنۡ اَوۡفٰى بِعَهۡدِهٖ وَاتَّقٰى فَاِنَّ اللّٰهَ

तो बेशक अल्लाह	और परहेज़गार रहे	अपना इक़रार	पूरा करे	जो	क्यों नहीं?	75	जानते हैं	और वह

يُحِبُّ الۡمُتَّقِيۡنَ ﴿٧٦﴾ اِنَّ الَّذِيۡنَ يَشۡتَرُوۡنَ بِعَهۡدِ اللّٰهِ وَاَيۡمَانِهِمۡ ثَمَنًا

क़ीमत	और अपनी क़समें	अल्लाह का इक़रार	ख़रीदते (हासिल करते) हैं	जो लोग	बेशक	76	परहेज़गार (जमा)	दोस्त रखता है

قَلِيۡلًا اُولٰٓئِكَ لَا خَلَاقَ لَهُمۡ فِى الۡاٰخِرَةِ وَلَا يُكَلِّمُهُمُ اللّٰهُ وَلَا

और न	उन से कलाम करेगा अल्लाह	और न	आख़िरत में	उन के लिए	हिस्सा	नहीं	यही लोग	थोड़ी

يَنۡظُرُ اِلَيۡهِمۡ يَوۡمَ الۡقِيٰمَةِ وَلَا يُزَكِّيۡهِمۡ ۖ وَلَهُمۡ عَذَابٌ اَلِيۡمٌ ﴿٧٧﴾

77	दर्दनाक	अ़ज़ाब	और उन के लिए	उन्हें पाक करेगा	और न	क़ियामत के दिन	उन की तरफ़	नज़र करेगा

وَاِنَّ مِنْهُمْ لَفَرِيْقًا يَّلْوٗنَ اَلْسِنَتَهُمْ بِالْكِتٰبِ لِتَحْسَبُوْهُ

ता कि तुम समझो	किताब में	अपनी ज़बानें	मरोड़ते हैं	एक फ़रीक़	उन से (उन में)	और बेशक

مِنَ الْكِتٰبِ وَمَا هُوَ مِنَ الْكِتٰبِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ هُوَ مِنْ

से	वह	और वह कहते हैं	किताब	से	वह	और नहीं	किताब	से

عِنْدِ اللّٰهِ وَمَا هُوَ مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ

झूट	अल्लाह पर	और वह बोलते हैं	अल्लाह की तरफ़	से	वह	हालांकि नहीं	अल्लाह की तरफ़

وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ﴿٧٨﴾ مَا كَانَ لِبَشَرٍ اَنْ يُّؤْتِيَهُ اللّٰهُ الْكِتٰبَ

किताब	उसे अ़ता करे अल्लाह	कि	किसी आदमी के लिए	नहीं	78	वह जानते हैं	और वह

وَالْحُكْمَ وَالنُّبُوَّةَ ثُمَّ يَقُوْلَ لِلنَّاسِ كُوْنُوْا عِبَادًا لِّيْ

मेरे	बन्दे	तुम हो जाओ	लोगों को	वह कहे	फिर	और नुबूव्वत	और हिक्मत

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلٰكِنْ كُوْنُوْا رَبّٰنِيّٖنَ بِمَا كُنْتُمْ تُعَلِّمُوْنَ الْكِتٰبَ

किताब	तुम सिखाते हो	इस लिए कि	अल्लाह वाले	तुम हो जाओ	और लेकिन	अल्लाह	सिवा (बजाए)

وَبِمَا كُنْتُمْ تَدْرُسُوْنَ ﴿٧٩﴾ وَلَا يَاْمُرَكُمْ اَنْ تَتَّخِذُوا

तुम ठहराओ	कि	हुक्म देगा तुम्हें	और न	79	तुम पढ़ते हो	और इस लिए कि

الْمَلٰٓئِكَةَ وَالنَّبِيّٖنَ اَرْبَابًا ۭ اَيَاْمُرُكُمْ بِالْكُفْرِ بَعْدَ

बाद	कुफ़्र का	क्या वह तुम्हें हुक्म देगा?	परवरदिगार	और नबी	फ़रिश्ते

ع ٨ ٩ ١٦ اِذْ اَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ ﴿٨٠﴾ وَاِذْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ النَّبِيّٖنَ لَمَآ

जो कुछ	नबी (जमा)	अ़हद	अल्लाह ने लिया	और जब	80	मुसलमान	तुम	जब

اٰتَيْتُكُمْ مِّنْ كِتٰبٍ وَّحِكْمَةٍ ثُمَّ جَآءَكُمْ رَسُوْلٌ مُّصَدِّقٌ

तस्दीक़ करता हुआ	रसूल	आए तुम्हारे पास	फिर	और हिक्मत	किताब	से	मैं तुम्हें दूँ

لِّمَا مَعَكُمْ لَتُؤْمِنُنَّ بِهٖ وَلَتَنْصُرُنَّهٗ ۭ قَالَ ءَاَقْرَرْتُمْ وَاَخَذْتُمْ

और तुम ने क़ुबूल किया	क्या तुम ने इक़रार किया	उस ने फ़रमाया	और तुम ज़रूर मदद करोगे उस की	उस पर	तुम ज़रूर ईमान लाओगे	तुम्हारे पास	जो

عَلٰى ذٰلِكُمْ اِصْرِيْ ۭ قَالُوْٓا اَقْرَرْنَا ۭ قَالَ فَاشْهَدُوْا وَاَنَا مَعَكُمْ

तुम्हारे साथ	और मैं	पस तुम गवाह रहो	उस ने फ़रमाया	हम ने इक़रार किया	उन्हों ने कहा	मेरा अ़हद	इस	पर

مِّنَ الشّٰهِدِيْنَ ﴿٨١﴾ فَمَنْ تَوَلّٰى بَعْدَ ذٰلِكَ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ

वह	तो वही	इस	बाद	फिर जाए	फिर जो	81	गवाह (जमा)	से

الْفٰسِقُوْنَ ﴿٨٢﴾ اَفَغَيْرَ دِيْنِ اللّٰهِ يَبْغُوْنَ وَلَهٗٓ اَسْلَمَ مَنْ

जो	फ़रमांबरदार है	और उस के लिए	वह ढून्डते हैं	अल्लाह का दीन	क्या? सिवा	82	नाफ़रमान

فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ طَوْعًا وَّكَرْهًا وَّاِلَيْهِ يُرْجَعُوْنَ ﴿٨٣﴾

83	वह लौटाए जाएंगे	और उस की तरफ़	और नाखुशी से	खुशी से	और ज़मीन	आस्मानों	में

और बेशक उन में एक फ़रीक़ है जो किताब (पढ़ते वक़्त) अपनी ज़बानें मरोड़ते हैं, ताकि तुम समझो कि वह किताब से है, हालांकि वह किताब से नहीं (होता), और वह कहते हैं कि वह अल्लाह की तरफ़ से है, हालांकि वह नहीं अल्लाह की तरफ़ से, और अल्लाह पर झूट बोलते हैं और वह जानते हैं। **(78)**

किसी आदमी के लिए (यह शायान) नहीं कि अल्लाह उसे किताब और हिक्मत और नुबूव्वत अ़ता करे, फिर वह लोगों को कहे कि तुम अल्लाह के बजाए मेरे बन्दे हो जाओ, लेकिन (वह यही कहेगा कि) तुम अल्लाह वाले हो जाओ, इस लिए कि तुम किताब सिखाते हो और तुम खुद (भी) पढ़ते हो। **(79)**

और न वह तुम्हें हुक्म देगा कि तुम फ़रिश्तों और नबियों को परवरदिगार ठहराओ, क्या वह तुम्हें हुक्म देगा कुफ़्र का? इस के बाद कि तुम मुसलमान (फ़रमांबरदार) हो चुके। **(80)**

और जब अल्लाह ने अ़हद लिया नबियों से कि जो कुछ मैं तुम्हें किताब और हिक्मत दूँ, फिर तुम्हारे पास रसूल आए उस की तस्दीक़ करता हुआ जो तुम्हारे पास है तो तुम उस पर ज़रूर ईमान लाओगे, और ज़रूर उस की मदद करोगे, उस ने फ़रमाया क्या तुम ने इक़रार किया और तुम ने इस पर मेरा अ़हद क़ुबूल क्या? उन्हों ने कहा कि हम ने इक़रार किया, उस ने फ़रमाया पस तुम गवाह रहो और मैं तुम्हारे साथ गवाहों में से हूँ। **(81)**

फिर जो इस के बाद फिर जाए तो वही नाफ़रमान हैं। **(82)**

क्या वह अल्लाह के दीन के सिवा (कोई और दीन) चाहते हैं? और उसी का फ़रमांबरदार है जो आस्मानों और ज़मीन में है, चार ओ नाचार, और उसी की तरफ़ वह लौटाए जाएंगे। **(83)**

कह दें हम ईमान लाए अल्लाह पर, और जो हम पर नाज़िल किया गया और जो नाज़िल किया गया इब्राहीम (अ), इस्माईल (अ), इस्हाक़ (अ), याकूब (अ) और उन की औलाद पर, और जो दिया गया मूसा (अ) और ईसा (अ) और नबियों को उन के रब की तरफ़ से, हम फ़र्क़ नहीं करते उन में से किसी एक के दरमियान, और हम उसी के फ़रमांबरदार हैं। (84)

और जो कोई चाहेगा इस्लाम के सिवा कोई और दीन तो उस से हरगिज़ क़ुबूल न किया जाएगा, और वह आख़िरत में नुक़्सान उठाने वालों में से होगा। (85)

अल्लाह ऐसे लोगों को क्योंकर हिदायत देगा जो काफ़िर हो गए अपने ईमान के बाद और गवाही दे चुके कि यह रसूल सच्चे हैं, और उन के पास खुली निशानियां आ गईं, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (86)

ऐसे लोगों की सज़ा है कि उन पर लानत है अल्लाह की और फ़रिश्तों की और तमाम लोगों की। (87)

वह उस में हमेशा रहेंगे। न उन से अ़ज़ाब हलका किया जाएगा और न उन्हें मुहलत दी जाएगी। (88)

मगर जिन लोगों ने इस के बाद तौबा की और इस्लाह की, तो बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, रहम करने वाला है। (89)

बेशक जो लोग काफ़िर हो गए अपने ईमान के बाद, फिर बढ़ते गए कुफ़्र में, उन की तौबा हरगिज़ न क़ुबूल की जाएगी, और वही लोग गुमराह हैं। (90)

बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया और वह मर गए हालते कुफ़्र में, तो हरगिज़ न क़ुबूल किया जाएगा उन में से किसी से ज़मीन भर सोना भी, अगरचे वह उस को बदले में दे, यही लोग हैं उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब है और उन के लिए कोई मददगार नहीं। (91)

قُلْ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ وَمَآ اُنْزِلَ عَلَيْنَا وَمَآ اُنْزِلَ عَلٰٓى اِبْرٰهِيْمَ

इब्राहीम (अ)	पर	नाज़िल किया गया	और जो	हम पर	नाज़िल किया गया	और जो	अल्लाह पर	हम ईमान लाए	कह दें

وَاِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ وَيَعْقُوْبَ وَالْاَسْبَاطِ وَمَآ اُوْتِيَ مُوْسٰى

मूसा (अ)	दिया गया	और जो	और औलाद	और याकूब (अ)	और इस्हाक़ (अ)	और इस्माईल (अ)

وَعِيْسٰى وَالنَّبِيُّوْنَ مِنْ رَّبِّهِمْ ۚ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْهُمْ ۫ وَنَحْنُ

और हम	उन से	कोई एक	दरमियान	फ़र्क़ करते	नहीं	उन का रब	से	और नबी (जमा)	और ईसा (अ)

لَهٗ مُسْلِمُوْنَ ﴿٨٤﴾ وَمَنْ يَّبْتَغِ غَيْرَ الْاِسْلَامِ دِيْنًا فَلَنْ يُّقْبَلَ مِنْهُ ۚ

उस से	क़ुबूल किया जाएगा	तो हरगिज़ न	कोई दीन	इस्लाम	सिवा	चाहेगा	और जो	84	फ़रमांबरदार	उसी के

وَهُوَ فِى الْاٰخِرَةِ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٨٥﴾ كَيْفَ يَهْدِى اللّٰهُ

हिदायत देगा अल्लाह	क्योंकर	85	नुक़्सान उठाने वाले	से	आख़िरत	में	और वह

قَوْمًا كَفَرُوْا بَعْدَ اِيْمَانِهِمْ وَشَهِدُوْٓا اَنَّ الرَّسُوْلَ حَقٌّ وَّجَآءَهُمُ

और आएं उन के पास	सच्चे	रसूल	कि	और उन्हों ने गवाही दी	उन का (अपना) ईमान	बाद	ऐसे लोग जो काफ़िर हो गए

الْبَيِّنٰتُ ۭ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٨٦﴾ اُولٰٓئِكَ جَزَآؤُهُمْ

उन की सज़ा	ऐसे लोग	86	ज़ालिम (जमा)	लोग	हिदायत देता	नहीं	और अल्लाह	खुली निशानियां

اَنَّ عَلَيْهِمْ لَعْنَةَ اللّٰهِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالنَّاسِ اَجْمَعِيْنَ ﴿٨٧﴾ ۙ

87	तमाम	और लोग	और फ़रिश्ते	अल्लाह की लानत	उन पर	कि

خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۚ لَا يُخَفَّفُ عَنْهُمُ الْعَذَابُ وَلَا هُمْ يُنْظَرُوْنَ ﴿٨٨﴾ ۙ

88	मुहलत दी जाएगी	उन्हें	और न	अ़ज़ाब	उन से	हलका किया जाएगा	न	उस में	हमेशा रहेंगे

اِلَّا الَّذِيْنَ تَابُوْا مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ وَاَصْلَحُوْا ۣ فَاِنَّ اللّٰهَ

तो बेशक अल्लाह	और इस्लाह की	इस	बाद	तौबा की	जो लोग	मगर

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٨٩﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بَعْدَ اِيْمَانِهِمْ ثُمَّ

फिर	अपने ईमान	बाद	काफ़िर हो गए	जो लोग	बेशक	89	रहम करने वाला	बख़्शने वाला

ازْدَادُوْا كُفْرًا لَّنْ تُقْبَلَ تَوْبَتُهُمْ ۚ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الضَّآلُّوْنَ ﴿٩٠﴾

90	गुमराह	वह	और वही लोग	उन की तौबा	क़ुबूल की जाएगी	हरगिज़ न	कुफ़्र में	बढ़ते गए

اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَمَاتُوْا وَهُمْ كُفَّارٌ فَلَنْ يُّقْبَلَ

क़ुबूल किया जाएगा	तो हरगिज़ न	हालते कुफ़्र	और वह	और वह मर गए	कुफ़्र किया	जो लोग	बेशक

مِنْ اَحَدِهِمْ مِّلْءُ الْاَرْضِ ذَهَبًا وَّلَوِ افْتَدٰى بِهٖ ۭ

उस को	बदला दे	अगरचे	सोना	ज़मीन	भरा हुआ	उन में कोई	से

اُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ وَّمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿٩١﴾ ع ٩ ١١ ١٧

91	मददगार	कोई	उन के लिए	और नहीं	दर्दनाक	अ़ज़ाब	उन के लिए	यही लोग

لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ ۬ؕ وَمَا تُنْفِقُوْا

तुम ख़र्च करोगे	और जो	तुम मुहब्बत रखते हो	उस से जो	तुम ख़र्च करो	जब तक	नेकी	तुम हरगिज़ न पहुँचोगे

مِنْ شَيْءٍ فَاِنَّ اللّٰهَ بِهٖ عَلِيْمٌ ﴿٩٢﴾ كُلُّ الطَّعَامِ كَانَ حِلًّا

हलाल	थे	खाने	तमाम	92	जानने वाला	उस को	तो बेशक अल्लाह	से (कोई) चीज़

لِّبَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ اِلَّا مَا حَرَّمَ اِسْرَآءِيْلُ عَلٰى نَفْسِهٖ مِنْ قَبْلِ اَنْ

कि	क़ब्ल	से	अपनी जान	पर	इस्राईल (याक़ूब अ)	जो हराम कर लिया	मगर	बनी इस्राईल के लिए

تُنَزَّلَ التَّوْرٰىةُ ۭ قُلْ فَاْتُوْا بِالتَّوْرٰىةِ فَاتْلُوْهَآ اِنْ كُنْتُمْ

तुम हो	अगर	फिर उस को पढ़ो	तौरेत	सो तुम लाओ	आप कह दें	तौरेत	नाज़िल की जाए (उतरे)

صٰدِقِيْنَ ﴿٩٣﴾ فَمَنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ

इस	से - बाद	झूट	अल्लाह पर	झूट बाँधे	फिर जो	93	सच्चे

فَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٩٤﴾ قُلْ صَدَقَ اللّٰهُ ۣ فَاتَّبِعُوْا مِلَّةَ اِبْرٰهِيْمَ

इब्राहीम (अ)	दीन	पस पैरवी करो	अल्लाह ने सच फ़रमाया	आप कह दें	94	ज़ालिम (जमा)	वह	तो वही लोग

حَنِيْفًا ۭ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿٩٥﴾ اِنَّ اَوَّلَ بَيْتٍ وُّضِعَ لِلنَّاسِ

लोगों के लिए	मुक़र्रर किया गया	घर	पहला	बेशक	95	मुश्रिक (जमा)	से	थे	और न	हनीफ़

لَلَّذِيْ بِبَكَّةَ مُبٰرَكًا وَّهُدًى لِّلْعٰلَمِيْنَ ﴿٩٦﴾ فِيْهِ اٰيٰتٌۢ بَيِّنٰتٌ مَّقَامُ

मुक़ामे	खुली	निशानियां	उस में	96	तमाम जहानों के लिए	और हिदायत	बरकत वाला	मक्का में	जो

اِبْرٰهِيْمَ ۚ وَمَنْ دَخَلَهٗ كَانَ اٰمِنًا ۭ وَلِلّٰهِ عَلَي النَّاسِ حِجُّ الْبَيْتِ

ख़ानाए कअ़बा का हज करना	लोग	पर	और अल्लाह के लिए	अम्न में	हो गया	दाख़िल हुआ उस में	और जो	इब्राहीम

مَنِ اسْتَطَاعَ اِلَيْهِ سَبِيْلًا ۭ وَمَنْ كَفَرَ فَاِنَّ اللّٰهَ غَنِيٌّ عَنِ

से	बेनियाज़	तो बेशक अल्लाह	कुफ़्र किया	और जो-जिस	राह	उस की तरफ़	इस्तिताअ़त रखता हो	जो

الْعٰلَمِيْنَ ﴿٩٧﴾ قُلْ يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ ڰ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	अल्लाह की आयतों से	तुम कुफ़्र करते हो	क्यों	ऐ अहले किताब	कह दें	97	जहान वाले

شَهِيْدٌ عَلٰي مَا تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٨﴾ قُلْ يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَصُدُّوْنَ عَنْ

से	क्यों रोकते हो?	ऐ अहले किताब	कह दें	98	जो तुम करते हो	पर	गवाह

سَبِيْلِ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ تَبْغُوْنَهَا عِوَجًا وَّاَنْتُمْ شُهَدَاۗءُ ۭ وَمَا اللّٰهُ

अल्लाह	और नहीं	गवाह (जमा)	और तुम खुद	कजी	तुम ढूंडते हो उस में	ईमान लाए	जो	अल्लाह का रास्ता

بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٩﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِنْ تُطِيْعُوْا فَرِيْقًا

एक गिरोह	तुम कहा मानोगे	अगर	ईमान लाए	वह जो कि	ऐ	99	तुम करते हो	से-जो	बेख़बर

مِّنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ يَرُدُّوْكُمْ بَعْدَ اِيْمَانِكُمْ كٰفِرِيْنَ ﴿١٠٠﴾

100	हालते कुफ़्र	तुम्हारे ईमान	बाद	वह फेर देंगे तुम्हें	दी गई किताब	वह लोग जो	से

وقف جبريل عليه السلام

तुम हरगिज़ नेकी को न पहुँचोगे जब तक उस में से ख़र्च न करो जिस से तुम मुहब्बत रखते हो, और जो तुम ख़र्च करोगे कोई चीज़ तो बेशक अल्लाह उस को जानने वाला है। (92)

तमाम खाने हलाल थे बनी इस्राईल के लिए, मगर जो याक़ूब (अ) ने अपने आप पर हराम कर लिया था उस से क़ब्ल कि तौरेत उतरे, आप कह दें कि तुम तौरेत लाओ, फिर उस को पढ़ो अगर तुम सच्चे हो। (93)

फिर जो कोई अल्लाह पर इस के बाद झूट बाँधे तो वही लोग ज़ालिम हैं। (94)

आप कह दें अल्लाह ने सच फ़रमाया, पस तुम इब्राहीम हनीफ़ (एक के हो जाने वाले) के दीन की पैरवी करो और वह मुश्रिकों में से न थे। (95)

बेशक सब से पहले जो घर मुक़र्रर किया गया लोगों के लिए वह जो मक्का में है बरकत वाला और सारे जहानों के लिए हिदायत। (96)

उस में निशानियां हैं खुली (जैसे) मुक़ामे इब्राहीम (अ), और जो उस में दाख़िल हुआ वह अम्न में हो गया, और अल्लाह के लिए (अल्लाह का हक़ है) लोगों पर ख़ानाए कअ़बा का हज करना जो उस की तरफ़ राह (चलने की) इस्तिताअ़त रखता हो, और जिस ने कुफ़्र किया तो बेशक अल्लाह जहान वालों से बेनियाज़ है। (97)

आप (स) कह दें: ऐ अहले किताब! क्यों तुम अल्लाह की आयतों का इन्कार करते हो? और अल्लाह उस पर गवाह है (बाख़बर है) जो तुम करते हो। (98)

आप (स) कह दें: ऐ अहले किताब! तुम अल्लाह के रास्ते से क्यों रोकते हो (उस को) जो अल्लाह पर ईमान लाए, तुम उस में कजी ढूंडते हो, और तुम खुद गवाह हो, और अल्लाह उस से बेख़बर नहीं जो तुम करते हो। (99)

ऐ वह लोगो जो ईमान लाए हो (ऐ ईमान वालो!) अगर कहा मानोगे उन लोगों के एक फ़रीक़ का जिन्हें किताब दी गई (अहले किताब) वह तुम्हारे ईमान लाने के बाद तुम्हें (हालते) कुफ़्र में फेर देंगे। (100)

और तुम कैसे कुफ़्र करते हो जबकि तुम पर अल्लाह की आयतें पढ़ी जाती हैं और तुम्हारे दरमियान उस का रसूल (स) मौजूद है, और जो कोई मज़बूती से पकड़ेगा अल्लाह (की रस्सी) को तो उसे सीधे रास्ते की तरफ़ हिदायत दी गई। **(101)**

ऐ वह लोगो जो ईमान लाए हो (ऐ ईमान वालो)! अल्लाह से डरो जैसा कि उस से डरने का हक़ है और तुम हरगिज़ न मरना मगर (उस हाल में) कि तुम मुसलमान हो। **(102)**

और मज़बूती से पकड़ लो अल्लाह की रस्सी को सब मिल कर और आपस में फूट न डालो, और अपने ऊपर अल्लाह की नेमत को याद करो, जब तुम (एक दूसरे के) दुश्मन थे तो उस ने तुम्हारे दिलों में उल्फ़त डाल दी तो तुम उस के फ़ज़्ल से भाई भाई हो गए, और तुम आग के गढ़े के किनारे पर थे तो उस ने तुम्हें उस से बचा लिया, इसी तरह वह तुम्हारे लिए अपनी आयात वाज़ेह करता है ताकि तुम हिदायत पाओ। **(103)**

और चाहिए कि तुम में से एक जमाअ़त रहे, वह भलाई की तरफ़ बुलाए और अच्छे कामों का हुक्म दे और बुराई से रोके, और यही लोग कामयाब होने वाले हैं। **(104)**

और उन लोगों की तरह न हो जाओ जो मुतफ़र्रिक़ हो गए और बाहम इख़्तिलाफ़ करने लगे उस के बाद कि उन के पास वाज़ेह हुक्म आगए, और यही लोग हैं जिन के लिए है अ़ज़ाब बहुत बड़ा। **(105)**

जिस दिन बाज़ चेहरे सफ़ेद होंगे और बाज़ चेहरे सियाह होंगे, पस जिन लोगों के सियाह हुए चेहरे (उन से कहा जाएगा) क्या तुम ने अपने ईमान के बाद कुफ़्र किया? तो अब अ़ज़ाब चखो क्यों कि तुम कुफ़्र करते थे। **(106)**

और अलबत्ता जिन लोगों के चेहरे सफ़ेद होंगे वह अल्लाह की रहमत में होंगे, वह उस में हमेशा रहेंगे। **(107)**

यह अल्लाह की आयात हैं, हम आप पर ठीक ठीक पढ़ते हैं, और अल्लाह जहान वालों पर कोई ज़ुल्म नहीं चाहता। **(108)**

وَكَيْفَ تَكْفُرُوْنَ وَاَنْتُمْ تُتْلٰى عَلَيْكُمْ اٰيٰتُ اللّٰهِ وَفِيْكُمْ رَسُوْلُهٗ ؕ

उस का रसूल	और तुम्हारे दरमियान	अल्लाह की आयतें	तुम पर	पढ़ी जाती हैं	जबकि तुम	तुम कुफ़्र करते हो	और कैसे

وَمَنْ يَّعْتَصِمْ بِاللّٰهِ فَقَدْ هُدِيَ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ع ١٠١ ع ١٠/١

101	सीधा रास्ता	तरफ़	तो उसे हिदायत दी गई	अल्लाह को	मज़बूत पकड़ेगा	और जो

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ حَقَّ تُقٰتِهٖ وَلَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَاَنْتُمْ

और तुम	मगर	और तुम हरगिज़ न मरना	उस से डरना	हक़	तुम डरो अल्लाह से	ईमान लाए	वह जो कि	ऐ

مُّسْلِمُوْنَ ١٠٢ وَاعْتَصِمُوْا بِحَبْلِ اللّٰهِ جَمِيْعًا وَّلَا تَفَرَّقُوْا ص وَاذْكُرُوْا

और याद करो	आपस में फूट डालो	और न	सब मिल कर	अल्लाह की रस्सी को	और मज़बूती से पकड़ लो	102	मुसलमान (जमा)

نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ اِذْ كُنْتُمْ اَعْدَآءً فَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِكُمْ فَاَصْبَحْتُمْ

तो तुम हो गए	तुम्हारे दिलों में	तो उल्फ़त डाल दी	दुश्मन (जमा)	जब तुम थे	तुम पर	अल्लाह की नेमत

بِنِعْمَتِهٖۤ اِخْوَانًا ۚ وَكُنْتُمْ عَلٰى شَفَا حُفْرَةٍ مِّنَ النَّارِ فَاَنْقَذَكُمْ

तो तुम्हें बचा लिया	आग	से (के)	गढ़ा	किनारा	पर	और तुम थे	भाई भाई	उस के फ़ज़्ल से

مِّنْهَا ؕ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمْ اٰيٰتِهٖ لَعَلَّكُمْ تَهْتَدُوْنَ ١٠٣ وَلْتَكُنْ

और चाहिए रहे	103	हिदायत पाओ	ताकि तुम	अपनी आयात	तुम्हारे लिए	वाज़ेह करता है अल्लाह	इसी तरह	उस से

مِّنْكُمْ اُمَّةٌ يَّدْعُوْنَ اِلَى الْخَيْرِ وَيَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَيَنْهَوْنَ

और वह रोके	अच्छे कामों का	और वह हुक्म दे	भलाई	तरफ़	वह बुलाए	एक जमाअ़त	तुम से (में)

عَنِ الْمُنْكَرِ ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ١٠٤ وَلَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ

उन की तरह जो	और न हो जाओ	104	कामयाब होने वाले	वह	और यही लोग	बुराई से

تَفَرَّقُوْا وَاخْتَلَفُوْا مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَهُمُ الْبَيِّنٰتُ ؕ وَاُولٰٓئِكَ لَهُمْ

उन के लिए	और यही लोग	वाज़ेह हुक्म	उन के पास आगए	कि	उस के बाद	और बाहम इख़्तिलाफ़ करने लगे	मुतफ़र्रिक़ हो गए

عَذَابٌ عَظِيْمٌ ١٠٥ لا يَّوْمَ تَبْيَضُّ وُجُوْهٌ وَّتَسْوَدُّ وُجُوْهٌ ۚ

बाज़ चेहरे	और सियाह होंगे	बाज़ चेहरे	सफ़ेद होंगे	दिन	105	बड़ा	अ़ज़ाब

فَاَمَّا الَّذِيْنَ اسْوَدَّتْ وُجُوْهُهُمْ قف اَكَفَرْتُمْ بَعْدَ اِيْمَانِكُمْ

अपने ईमान	बाद	क्या तुम ने कुफ़्र किया	उन के चेहरे	सियाह हुए	लोग	पस जो

فَذُوْقُوا الْعَذَابَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُوْنَ ١٠٦ وَاَمَّا الَّذِيْنَ ابْيَضَّتْ وُجُوْهُهُمْ

उन के चेहरे	सफ़ेद होंगे	वह लोग जो	और अलबत्ता	106	कुफ़्र करते	तुम थे	क्यों कि	अ़ज़ाब	तो चखो

فَفِيْ رَحْمَةِ اللّٰهِ ؕ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ١٠٧ تِلْكَ اٰيٰتُ اللّٰهِ

अल्लाह की आयात	यह	107	हमेशा रहेंगे	उस में	वह	अल्लाह की रहमत	सो - में

نَتْلُوْهَا عَلَيْكَ بِالْحَقِّ ؕ وَمَا اللّٰهُ يُرِيْدُ ظُلْمًا لِّلْعٰلَمِيْنَ ١٠٨

108	जहान वालों के लिए	कोई ज़ुल्म	चाहता	और नहीं अल्लाह	ठीक ठीक	आप (स) पर	हम पढ़ते हैं वह

ع ١١ ٨ ٢

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۭ وَاِلَى اللّٰهِ تُرْجَعُ الْاُمُوْرُ ١٠٩

109	तमाम काम	लौटाए जाएंगे	और अल्लाह की तरफ़	ज़मीन में	और जो	आस्मानों में	और अल्लाह के लिए जो

كُنْتُمْ خَيْرَ اُمَّةٍ اُخْرِجَتْ لِلنَّاسِ تَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ

अच्छे कामों का	तुम हुक्म करते हो	लोगों के लिए	भेजी गई	उम्मत	बेहतरीन	तुम हो

وَتَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَتُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ ۭ وَلَوْ اٰمَنَ

ईमान ले आते	और अगर	अल्लाह पर	और ईमान लाते हो	बुरे काम	से	और मना करते हो

اَهْلُ الْكِتٰبِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ ۭ مِنْهُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ وَاَكْثَرُهُمُ

और उन के अक्सर	ईमान वाले	उन से	उन के लिए	बेहतर	तो था	अहले किताब

الْفٰسِقُوْنَ ١١٠ لَنْ يَّضُرُّوْكُمْ اِلَّآ اَذًى ۭ وَاِنْ يُّقَاتِلُوْكُمْ يُوَلُّوْكُمُ الْاَدْبَارَ ۣ

पीठ (जमा)	वह तुम्हें पीठ दिखाएंगे	वह तुम से लड़ेंगे	और अगर	सताना	सिवाए	बिगाड़ सकेंगे तुम्हारा	हरगिज़ न	110	नाफ़रमान

ثُمَّ لَا يُنْصَرُوْنَ ١١١ ضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الذِّلَّةُ اَيْنَ مَا

जहां कहीं	ज़िल्लत	उन पर	चस्पां कर दी गई	111	उन की मदद न होगी	फिर

ثُقِفُوْٓا اِلَّا بِحَبْلٍ مِّنَ اللّٰهِ وَحَبْلٍ مِّنَ النَّاسِ وَبَاۗءُوْ بِغَضَبٍ

ग़ज़ब के साथ	वह लौटे	लोगों से	और उस (अ़हद)	अल्लाह से	उस (अ़हद)	सिवाए	वह पाए जाएं

مِّنَ اللّٰهِ وَضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الْمَسْكَنَةُ ۭ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ كَانُوْا

थे	इस लिए कि वह	यह	मोहताजी	उन पर	और चस्पां कर दी गई	अल्लाह से (के)

يَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَيَقْتُلُوْنَ الْاَنْۢبِيَاۗءَ بِغَيْرِ حَقٍّ ۭ ذٰلِكَ

यह	नाहक़	नबी (जमा)	और क़त्ल करते थे	अल्लाह की आयतें से	कुफ़्र करते

بِمَا عَصَوْا وَّكَانُوْا يَعْتَدُوْنَ ١١٢ لَيْسُوْا سَوَاۗءً ۭ مِنْ

से (में)	बराबर	नहीं	112	हद से बढ़ जाते	और थे	उन्हों ने नाफ़रमानी की	इस लिए

اَهْلِ الْكِتٰبِ اُمَّةٌ قَاۗىِٕمَةٌ يَّتْلُوْنَ اٰيٰتِ اللّٰهِ اٰنَاۗءَ الَّيْلِ

रात के औक़ात	अल्लाह की आयात	वह पढ़ते हैं	क़ाइम	एक जमाअ़त	अहले किताब

وَهُمْ يَسْجُدُوْنَ ١١٣ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ

आख़िरत	और दिन	अल्लाह पर	ईमान रखते हैं	113	सिजदा करते हैं	और वह

وَيَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَيَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَيُسَارِعُوْنَ

और वह दौड़ते हैं	बुरे काम	से	और मना करते हैं	अच्छी बात का	और हुक्म करते हैं

فِي الْخَيْرٰتِ ۭ وَاُولٰۗىِٕكَ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ١١٤ وَمَا يَفْعَلُوْا

वह करेंगे	और जो	114	नेकोकार (जमा)	से	और यही लोग	नेक काम	में

مِنْ خَيْرٍ فَلَنْ يُّكْفَرُوْهُ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالْمُتَّقِيْنَ ١١٥

115	परहेज़गारों को	जानने वाला	और अल्लाह	तो हरगिज़ नाक़द्री न होगी उस की	नेकी	से (कोई)

और अल्लाह के लिए है जो आस्मानों और ज़मीन में है, और तमाम काम अल्लाह की तरफ़ लौटाए जाएंगे। (109)

तुम बेहतरीन उम्मत हो जो लोगों के लिए भेजी गई (पैदा की गई) तुम अच्छे कामों का हुक्म करते हो और बुरे कामों से मना करते हो और अल्लाह पर ईमान लाते हो, और अगर अहले किताब ईमान ले आते तो उन के लिए बेहतर था, उन में (कुछ) ईमान वाले हैं और उन में से अक्सर नाफ़रमान हैं। (110)

वह सताने के सिवा तुम्हारा हरगिज़ कुछ न बिगाड़ सकेंगे, और अगर वह तुम से लड़ेंगे तो वह तुम्हें पीठ दिखाएंगे, फिर उन की मदद न होगी, (111)

उन पर ज़िल्लत चस्पां कर दी गई जहां कहीं वह पाए जाएं सिवाए उस के कि अल्लाह के अ़हद में आ जाएं और लोगों के अ़हद में, वह लौटे अल्लाह के ग़ज़ब के साथ और उन पर चस्पां कर दी गई मोहताजी, यह इस लिए कि वह अल्लाह की आयात का इन्कार करते थे और नबियों को नाहक़ क़त्ल करते थे, यह इस लिए (था) कि उन्हों ने नाफ़रमानी की और वह हद से बढ़ जाते थे। (112)

अहले किताब में सब बराबर नहीं, एक जमाअ़त (सीधी राह पर) क़ाइम है और रात के औक़ात में अल्लाह की आयात पढ़ते हैं और वह सिजदा करते हैं। (113)

वह ईमान रखते हैं अल्लाह पर और आख़िरत के दिन पर और वह अच्छी बात का हुक्म करते हैं और बुरे काम से रोकते हैं और वह नेक कामों में दौड़ते हैं, और यही लोग नेकोकारों में से हैं। (114)

और वह जो करेंगे कोई नेकी तो हरगिज़ उस की नाक़द्री न होगी, और अल्लाह परहेज़गारों को जानने वाला है। (115)

اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَنْ تُغْنِيَ عَنْهُمْ اَمْوَالُهُمْ وَلَآ اَوْلَادُهُمْ

उन की औलाद	और न	उन के माल	उन से (के)	हरगिज़ काम न आएगा	कुफ़्र किया	वह लोग जो	बेशक

مِّنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ؕ وَاُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ۚ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿۱۱۶﴾

116	हमेशा रहेंगे	उस में	वह	आग (दोज़ख़) वाले	और यही लोग	कुछ	अल्लाह से (के आगे)

مَثَلُ مَا يُنْفِقُوْنَ فِيْ هٰذِهِ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا كَمَثَلِ رِيْحٍ

हवा	ऐसी - जैसे	दुनिया	ज़िन्दगी	इस	में	ख़र्च करते हैं	जो	मिसाल

فِيْهَا صِرٌّ اَصَابَتْ حَرْثَ قَوْمٍ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ فَاَهْلَكَتْهُ ؕ وَمَا

और नहीं	फिर उस को हलाक कर दे	जानें अपनी	उन्हों ने ज़ुल्म किया	क़ौम	खेती	वह जा लगे	पाला	उस में

ظَلَمَهُمُ اللّٰهُ وَلٰكِنْ اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ﴿۱۱۷﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

जो ईमान लाए (ईमान वालो)	ऐ	117	वह ज़ुल्म करते हैं	अपनी जानें	बल्कि	ज़ुल्म किया उन पर अल्लाह

لَا تَتَّخِذُوْا بِطَانَةً مِّنْ دُوْنِكُمْ لَا يَاْلُوْنَكُمْ خَبَالًا ؕ وَدُّوْا مَا عَنِتُّمْ ۚ

तुम तक्लीफ़ पाओ	कि	वह चाहते हैं	ख़राबी	वह कमी नहीं करते	सिवाए- अपने	से	दोस्त (राज़दार)	न बनाओ

قَدْ بَدَتِ الْبَغْضَآءُ مِنْ اَفْوَاهِهِمْ ۚۖ وَمَا تُخْفِيْ صُدُوْرُهُمْ اَكْبَرُ ؕ

बड़ा	उन के सीने	छुपा हुआ	और जो	उन के मुँह	से	दुश्मनी	अलबत्ता ज़ाहिर हो चुकी

قَدْ بَيَّنَّا لَكُمُ الْاٰيٰتِ اِنْ كُنْتُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿۱۱۸﴾ هٰٓاَنْتُمْ اُولَآءِ

वह लोग	सुन लो-तुम	118	अक़्ल रखते	तुम हो	अगर	आयात	तुम्हारे लिए	हम ने खोल कर बयान कर दिया

تُحِبُّوْنَهُمْ وَلَا يُحِبُّوْنَكُمْ وَتُؤْمِنُوْنَ بِالْكِتٰبِ كُلِّهٖ ۚ وَاِذَا لَقُوْكُمْ

वह तुम से मिलते हैं	और जब	सब	किताब पर	और तुम ईमान रखते हो	वह दोस्त रखते हैं तुम्हें	और नहीं	तुम दोस्त रखते हो उन को

قَالُوْٓا اٰمَنَّا ۚۖ وَاِذَا خَلَوْا عَضُّوْا عَلَيْكُمُ الْاَنَامِلَ مِنَ الْغَيْظِ ؕ

गुस्से	से	उंगलियां	तुम पर	वह काटते हैं	अकेले होते हैं	और जब	हम ईमान लाए	कहते हैं

قُلْ مُوْتُوْا بِغَيْظِكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿۱۱۹﴾

119	सीने वाली (दिल की बातें)	जानने वाला	बेशक अल्लाह	अपने गुस्से में	तुम मर जाओ	कह दीजिए

اِنْ تَمْسَسْكُمْ حَسَنَةٌ تَسُؤْهُمْ ؗ وَاِنْ تُصِبْكُمْ سَيِّئَةٌ يَّفْرَحُوْا بِهَا ؕ

उस से	वह ख़ुश होते हैं	कोई बुराई	तुम्हें पहुँचे	और अगर	उन्हें बुरी लगती है	कोई भलाई	पहुँचे तुम्हें	अगर

وَاِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا لَا يَضُرُّكُمْ كَيْدُهُمْ شَيْـًٔا ؕ

कुछ	उन का फ़रेब	न बिगाड़ सकेगा तुम्हारा	और परहेज़गारी करो	तुम सब्र करो	और अगर

اِنَّ اللّٰهَ بِمَا يَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ﴿۱۲۰﴾ وَاِذْ غَدَوْتَ مِنْ اَهْلِكَ ع ۱۲ ۱۱ ۳

अपने घर	से	आप (स) सुबह सवेरे निकले	और जब	120	घेरे हुए है	वह करते हैं	जो कुछ	बेशक अल्लाह

تُبَوِّئُ الْمُؤْمِنِيْنَ مَقَاعِدَ لِلْقِتَالِ ؕ وَاللّٰهُ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿۱۲۱﴾ ۙ

121	जानने वाला	सुनने वाला	और अल्लाह	जंग के	ठिकाने	मोमिन (जमा)	बिठाने लगे

बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया, हरगिज़ अल्लाह के आगे उन के माल और न उन की औलाद कुछ भी काम आएंगे, और यही लोग दोज़ख़ वाले हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। **(116)**

उन की मिसाल जो ख़र्च करते हैं इस दुनिया में ऐसी है जैसे हवा हो, उस में पाला हो, वह जा लगे खेती को उस क़ौम की जिन्हों ने अपनी जानों पर ज़ुल्म किया, फिर उस को तबाह कर दे, अल्लाह ने उन पर ज़ुल्म नहीं किया बल्कि वह अपनी जानों पर ख़ुद ज़ुल्म करते हैं। **(117)**

ऐ ईमान वालो! अपनों के सिवा किसी को राज़दार न बनाओ, वह तुम्हारी ख़राबी में कमी नहीं करते, वह चाहते हैं कि तुम तक्लीफ़ पाओ, (उन की) दुश्मनी ज़ाहिर हो चुकी है उन के मुँह से, और जो उन के सीनों में छुपा हुआ है वह (उस से भी) बड़ा है, हम ने तुम्हारे लिए आयात खोल कर बयान कर दी हैं अगर तुम अक़्ल रखते हो। **(118)**

सुन लो! तुम वह लोग हो जो उन को दोस्त रखते हो और वह तुम्हें दोस्त नहीं रखते और तुम सब किताबों पर ईमान रखते हो, और जब तुम से मिलते हैं तो कहते हैं हम ईमान लाए, और जब अकेले होते हैं तो वह तुम पर गुस्से से उंगलियां चबाते हैं, कह दीजिए! तुम अपने गुस्से में मर जाओ, बेशक अल्लाह दिल की बातों को (ख़ूब) जानने वाला है। **(119)**

अगर तुम्हें कोई भलाई पहुँचे तो उन्हें बुरी लगती है, और अगर तुम्हें कोई बुराई पहुँचे तो वह उस से ख़ुश होते हैं, और अगर तुम सब्र करो और परहेज़गारी करो, तुम्हारा न बिगाड़ सकेगा उन का फ़रेब कुछ भी, बेशक जो कुछ वह करते हैं अल्लाह उसे घेरे हुए है। **(120)**

और जब आप सुबह सवेरे निकले अपने घर से, मोमिनों को जंग के मोर्चों पर बिठाने लगे, और अल्लाह सुनने वाला जानने वाला है। **(121)**

اِذْ هَمَّتْ طَّآئِفَتٰنِ مِنْكُمْ اَنْ تَفْشَلَا ۙ وَاللّٰهُ وَلِيُّهُمَا ؕ وَعَلَى اللّٰهِ

और अल्लाह पर	उनका मददगार	और अल्लाह	हिम्मत हार दें	कि	तुम से	दो गिरोह	इरादा किया	जब

فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿١٢٢﴾ وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ ۚ

कमज़ोर	जबकि तुम	बद्र में	मदद कर चुका तुम्हारी अल्लाह	और अलबत्ता	122	मोमिन	चाहिए भरोसा करें

فَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿١٢٣﴾ اِذْ تَقُوْلُ لِلْمُؤْمِنِيْنَ

मोमिनों को	जब आप कहने लगे	123	शुक्रगुज़ार हो	ताकि तुम	तो डरो अल्लाह से

اَلَنْ يَّكْفِيَكُمْ اَنْ يُّمِدَّكُمْ رَبُّكُمْ بِثَلٰثَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ

फ़रिश्ते	से	तीन हज़ार से	तुम्हारा रब	मदद करे तुम्हारी	कि	क्या काफ़ी नहीं तुम्हारे लिए

مُنْزَلِيْنَ ﴿١٢٤﴾ بَلٰٓى ۙ اِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا وَيَاْتُوْكُمْ مِّنْ فَوْرِهِمْ

फ़ौरन-वह	से	और तुम पर आएं	और परहेज़गारी करो	तुम सब्र करो	अगर	क्यों नहीं	124	उतारे हुए

الربع

هٰذَا يُمْدِدْكُمْ رَبُّكُمْ بِخَمْسَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ مُسَوِّمِيْنَ ﴿١٢٥﴾

125	निशान ज़दा	फ़रिश्ते	से	पाँच हज़ार	तुम्हारा रब	मदद करेगा तुम्हारी	यह

وَمَا جَعَلَهُ اللّٰهُ اِلَّا بُشْرٰى لَكُمْ وَلِتَطْمَئِنَّ قُلُوْبُكُمْ بِهٖ ؕ

उस से	तुम्हारे दिल	और इस लिए कि इत्मीनान हो	तुम्हारे लिए	खुशख़बरी	मगर (सिर्फ़)	उस को बनाया अल्लाह ने	और नहीं

وَمَا النَّصْرُ اِلَّا مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْحَكِيْمِ ﴿١٢٦﴾ لِيَقْطَعَ طَرَفًا

गिरोह	ताकि काट डाले	126	हिक्मत वाला	ग़ालिब	अल्लाह के पास	से	मगर (सिवाए)	मदद	और नहीं

مِّنَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اَوْ يَكْبِتَهُمْ فَيَنْقَلِبُوْا خَآئِبِيْنَ ﴿١٢٧﴾ لَيْسَ لَكَ

नहीं - आप (स) के लिए	127	नामुराद	तो वह लौट जाएं	उन्हें ज़लील करे	या	उन्हों ने कुफ़्र किया	वह लोग जो	से

مِنَ الْاَمْرِ شَيْءٌ اَوْ يَتُوْبَ عَلَيْهِمْ اَوْ يُعَذِّبَهُمْ فَاِنَّهُمْ ظٰلِمُوْنَ ﴿١٢٨﴾

128	ज़ालिम (जमा)	क्यों कि वह	उन्हें अज़ाब दे	या	उन की	ख़्वाह तौबा क़ुबूल कर ले	कुछ	काम (दख़्ल)	से

وَلِلّٰهِ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى الْاَرْضِ ؕ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ

चाहे	जिस को	वह बख़्श दे	ज़मीन में	और जो	आस्मानों में	और अल्लाह के लिए जो

١٣ ع ٩ ٤

وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٢٩﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ

जो	ऐ	129	मेहरबान	बख़्शने वाला	और अल्लाह	चाहे	जिस	और अज़ाब दे

اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوا الرِّبٰٓوا اَضْعَافًا مُّضٰعَفَةً ۠ وَاتَّقُوا اللّٰهَ

और डरो अल्लाह से	दुगना हुआ (चौगना)	दुगना	सूद	न खाओ	ईमान लाए (ईमान वाले)

لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ﴿١٣٠﴾ وَاتَّقُوا النَّارَ الَّتِىْٓ اُعِدَّتْ

तैयार की गई	जो कि	आग	और डरो	130	फ़लाह पाओ	ताकि तुम

لِلْكٰفِرِيْنَ ﴿١٣١﴾ وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَالرَّسُوْلَ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ﴿١٣٢﴾

132	रहम किया जाए	ताकि तुम पर	और रसूल	अल्लाह	और हुक्म मानो तुम	131	काफ़िरों के लिए

जब तुम में से दो गिरोहों ने इरादा किया कि हिम्मत हार दें, और अल्लाह उन का मददगार था, और अल्लाह पर चाहिए कि मोमिन भरोसा करें। (122)

और अलबत्ता अल्लाह तुम्हारी बद्र में मदद कर चुका है जबकि तुम कमज़ोर (समझे जाते) थे, तो अल्लाह से डरो ताकि तुम शुक्रगुज़ार हो। (123)

जब आप मोमिनों को कहते थे क्या तुम्हारे लिए यह काफ़ी नहीं कि तुम्हारा रब तुम्हारी मदद करे तीन हज़ार फ़रिश्तों से उतारे हुए। (124)

क्यों नहीं अगर तुम सब्र करो और परहेज़गारी करो, और वह (दुश्मन) तुम पर चढ़ आएं तो फ़ौरन तुम्हारा रब तुम्हारी मदद करेगा पाँच हज़ार निशान ज़दा फ़रिश्तों से। (125)

और यह अल्लाह ने सिर्फ़ तुम्हारी खुशख़बरी के लिए किया और इस लिए कि उस से तुम्हारे दिलों को इत्मीनान हो, और नहीं मदद मगर (सिर्फ़) अल्लाह के पास से है जो ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (126)

ताकि वह उन लोगों के एक गिरोह को काट डाले जिन्हों ने कुफ़्र किया या उन्हें ज़लील कर दे तो वह नामुराद लौट जाएं। (127)

आप (स) का इस में दख़्ल नहीं कुछ भी, ख़्वाह (अल्लाह) उन की तौबा क़ुबूल करे या उन्हें अज़ाब दे क्यों कि वह ज़ालिम हैं। (128)

और अल्लाह ही के लिए है जो आस्मानों में और जो ज़मीन में है, और जिस को चाहे बख़्श दे और अज़ाब दे जिस को चाहे, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (129)

ईमान वालो! न खाओ सूद दुगना चौगना, और अल्लाह से डरो ताकि तुम फ़लाह पाओ। (130)

और डरो उस आग से जो काफ़िरों के लिए तैयार की गई है। (131)

और तुम अल्लाह और रसूल (स) का हुक्म मानो ताकि तुम पर रहम किया जाए। (132)

और दौड़ो अपने रब की बख़्शिश और जन्नत की तरफ़ जिस का अर्ज़ आस्मानों और ज़मीन (के बराबर) है, तैयार की गई है परहेज़गारों के लिए। (133)

जो ख़र्च करते हैं ख़ुशी (ख़ुशहाली) और तक्लीफ़ में और पी जाते हैं गुस्सा और माफ़ कर देते हैं लोगों को, और अल्लाह दोस्त रखता है एहसान करने वालों को। (134)

और वह लोग जो बेहयाई करें या अपने तईं कोई ज़ुल्म कर बैठें तो वह अल्लाह को याद करें, फिर अपने गुनाहों के लिए बख़्शिश मांगें, और कौन गुनाह बख़्शता है अल्लाह के सिवा? और जो उन्हों ने (ग़लत) किया उस पर जानते बूझते न अड़ें। (135)

ऐसे ही लोगों की जज़ा उन के रब की तरफ़ से बख़्शिश और बाग़ात हैं जिन के नीचे बहती हैं नहरें, वह उन में हमेशा रहेंगे, और कैसा अच्छा बदला है काम करने वालों का! (136)

गुज़र चुके हैं तुम से पहले तरीक़े (वाक़िआत) तो ज़मीन में चलो फिरो, फिर देखो कैसा अन्जाम हुआ झुटलाने वालों का! (137)

यह बयान है लोगों के लिए और हिदायत और नसीहत परहेज़गारों के लिए। (138)

और तुम सुस्त न पड़ो और ग़म न खाओ, और तुम ही ग़ालिब रहोगे अगर तुम ईमान वाले हो। (139)

अगर तुम को ज़ख़्म पहुँचा तो अलबत्ता पहुँचा है उस क़ौम को (भी) उस जैसा ही ज़ख़्म, और यह (ख़ुशी और ग़म के) दिन हैं जो हम लोगों के दरमियान बारी बारी बदलते रहते हैं, और ताकि अल्लाह मालूम कर ले उन लोगों को जो ईमान लाए और तुम में से (बाज़ को) शहीद बनाए (दरजए शहादत दे), और अल्लाह ज़ालिमों को दोस्त नहीं रखता। (140)

وَسَارِعُوْٓا اِلٰى مَغْفِرَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَجَنَّةٍ عَرْضُهَا السَّمٰوٰتُ

आसमान (जमा)	उस का अर्ज़	और जन्नत	अपना रब	से	बख़्शिश	तरफ़	और दौड़ो

وَالْاَرْضُ ۙ اُعِدَّتْ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿١٣٣﴾ ۙ الَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ فِى السَّرَّآءِ

ख़ुशी में	ख़र्च करते हैं	जो लोग	133	परहेज़गारों के लिए	तैयार की गई	और ज़मीन

وَالضَّرَّآءِ وَالْكٰظِمِيْنَ الْغَيْظَ وَالْعَافِيْنَ عَنِ النَّاسِ ۭ

लोग	से	और माफ़ करते हैं	गुस्सा	और पी जाते हैं	और तक्लीफ़

وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٣٤﴾ ۚ وَالَّذِيْنَ اِذَا فَعَلُوْا فَاحِشَةً اَوْ ظَلَمُوْٓا

ज़ुल्म करें	या	कोई बेहयाई	वह करें	जब	और वह लोग जो	134	एहसान करने वाले	दोस्त रखता है	और अल्लाह

اَنْفُسَهُمْ ذَكَرُوا اللّٰهَ فَاسْتَغْفَرُوْا لِذُنُوْبِهِمْ ۠ وَمَنْ يَّغْفِرُ الذُّنُوْبَ

गुनाह	बख़्शता है	और कौन	अपने गुनाहों के लिए	फिर बख़्शिश मांगें	वह अल्लाह को याद करें	अपने तईं

यह रास्ता है तुम्हारे रब का सीधा, हम ने आयात खोल कर बयान कर दी हैं उन लोगों के लिए जो नसीहत पकड़ते हैं, **(126)**

उन के लिए उन के रब के पास सलामती का घर है और वह उन का कारसाज़ है उस के सिले में जो वह करते थे। **(127)**

और जिस दिन वह जमा करेगा उन सब को (फ़रमाएगा) ऐ गिरोह जिन्नात! तुम ने बहुत से आदमी अपने ताबे कर लिए, और इन्सानों में से उन के दोस्त कहेंगे ऐ हमारे रब! हमारे बाज़ ने बाज़ (एक दूसरे) से फ़ाइदा उठाया और हम उस मीआ़द (घड़ी) को पहुँच गए जो तू ने मुक़र्रर की थी। फ़रमाएगा आग तुम्हारा ठिकाना है, उस में हमेशा रहोगे मगर जिसे अल्लाह चाहे, बेशक तुम्हारा रब हिक्मत वाला, जानने वाला है। **(128)**

और इसी तरह हम बाज़ ज़ालिमों को बाज़ पर (एक दूसरे पर) मुसल्लत कर देते हैं उन के आमाल के सबब। **(129)**

ऐ गिरोहे जिन्नात ओ इन्सान! क्या तुम्हारे पास तुम में से हमारे रसूल नहीं आए? वह तुम पर हमारे अहकाम बयान करते थे और तुम्हें डराते थे यह दिन देखने से। वह कहेंगे हम अपनी जानों के ख़िलाफ़ (अपने ख़िलाफ़) गवाही देते हैं, और उन्हें दुनिया की ज़िन्दगी ने धोके में डाल दिया और उन्हों ने अपने ख़िलाफ़ गवाही दी कि वह काफ़िर थे। **(130)**

यह इस लिए है कि तेरा रब ज़ुल्म की सज़ा में बस्तियों को हलाक करने वाला नहीं जब कि उन के लोग बेख़बर हों। (131)

और हर एक के लिए उन के आमाल के दरजे हैं और तुम्हारा रब उस से बेख़बर नहीं जो वह करते हैं। (132)

और तुम्हारा रब बेनियाज़ है, रहमत वाला, अगर वह चाहे तो तुम्हें ले जाए (हलाक कर दे) और जिस को चाहे तुम्हारे बाद जांनशीन कर दे, जैसे उस ने तुम्हें उठाया औलाद से एक दूसरी क़ौम की। (133)

बेशक जिस का तुम से वादा किया जाता है वह ज़रूर आने वाली है और तुम आ़जिज़ करने वाले नहीं। (134)

आप (स) फ़रमा दें, ऐ मेरी क़ौम! तुम अपनी जगह काम करते रहो, मैं भी काम कर रहा हूँ, पस तुम अ़नक़रीब जान लोगे किस के लिए है आक़िबत का घर। बेशक ज़ालिम (दो जहान की) कामयाबी नहीं पाते । (135)

और (अल्लाह ने) जो खेती और मवेशी पैदा किए हैं उस से उन्हों ने ठहराया है अल्लाह के लिए एक हिस्सा, पस उन्हों ने अपने ख़याल में कहा यह अल्लाह के लिए है और यह हमारे शरीकों के लिए है, पस जो उन के शरीकों के लिए है तो वह नहीं पहुँचता अल्लाह को। और जो अल्लाह के लिए है वह उन के शरीकों को पहुँच जाता है, बुरा है जो वह फ़ैसला करते हैं। (136)

और इसी तरह बहुत से मुश्रिकों के लिए उन के शरीकों ने औलाद का क़त्ल अरास्ता कर दिया है ताकि वह उन्हें हलाक कर दें, और उन पर उन का दीन गुड मड कर दें। और अगर अल्लाह चाहता तो वह (ऐसा) न करते, सो तुम उन्हें छोड़ो और वह जो झूट बान्धते हैं (वह जानें और उन का झूट)। (137)

ذٰلِكَ اَنْ لَّمْ يَكُنْ رَّبُّكَ مُهْلِكَ الْقُرٰى بِظُلْمٍ وَّاَهْلُهَا

जब कि उन के लोग	ज़ुल्म से	बस्तियां	हलाक कर डालने वाला	तेरा रब	नहीं है	इस लिए कि	यह

غٰفِلُوْنَ ﴿١٣١﴾ وَلِكُلٍّ دَرَجٰتٌ مِّمَّا عَمِلُوْا ؕ وَمَا رَبُّكَ

तुम्हारा रब	और नहीं	उन्हों ने किया (उन के आमाल)	उस से जो	दरजे	और हर एक के लिए	131	बेख़बर हों

بِغَافِلٍ عَمَّا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٣٢﴾ وَرَبُّكَ الْغَنِيُّ ذُو الرَّحْمَةِ ؕ

रहमत वाला	बेनियाज़	और तुम्हारा रब	132	वह करते हैं	उस से जो	बेख़बर

اِنْ يَّشَاْ يُذْهِبْكُمْ وَيَسْتَخْلِفْ مِنْۢ بَعْدِكُمْ مَّا يَشَآءُ كَمَآ

जैसे	जिस को चाहे	तुम्हारे बाद	और जांनशीन बनादे	तुम्हें ले जाए	वह चाहे	अगर

اَنْشَاَكُمْ مِّنْ ذُرِّيَّةِ قَوْمٍ اٰخَرِيْنَ ﴿١٣٣﴾ اِنَّ مَا تُوْعَدُوْنَ

तुम से वादा किया जाता है	जिस	बेशक	133	दूसरी	क़ौम	औलाद	से	उस ने तुम्हें उठाया

لَاٰتٍ ۙ وَّمَآ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِيْنَ ﴿١٣٤﴾ قُلْ يٰقَوْمِ اعْمَلُوْا عَلٰى

पर	काम करते रहो	ऐ क़ौम	फ़रमा दें	134	आ़जिज़ करने वाले	तुम	और नहीं	ज़रूर आने वाली है

مَكَانَتِكُمْ اِنِّىْ عَامِلٌ ۚ فَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ۙ مَنْ تَكُوْنُ لَهٗ

उस का	होता है	किस	तुम जान लोगे	पस जल्द	काम कर रहा हूँ	मैं	अपनी जगह

عَاقِبَةُ الدَّارِ ؕ اِنَّهٗ لَا يُفْلِحُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿١٣٥﴾ وَجَعَلُوْا لِلّٰهِ

और उन्हों ने ठहराया अल्लाह के लिए	135	ज़ालिम	फ़लाह नहीं पाते	बेशक	घर	आख़िरत

مِمَّا ذَرَاَ مِنَ الْحَرْثِ وَالْاَنْعَامِ نَصِيْبًا فَقَالُوْا

पस उन्हों ने कहा	एक हिस्सा	और मवेशी	खेती से	उस ने पैदा किए	उस से जो

هٰذَا لِلّٰهِ بِزَعْمِهِمْ وَهٰذَا لِشُرَكَآئِنَا ۚ فَمَا كَانَ

है	पस जो	हमारे शरीकों के लिए	और यह	उन के झूटे ख़याल के मुताबिक़	यह अल्लाह के लिए

لِشُرَكَآئِهِمْ فَلَا يَصِلُ اِلَى اللّٰهِ ۚ وَمَا كَانَ لِلّٰهِ فَهُوَ

तो वह	अल्लाह के लिए	है	और जो	अल्लाह	तरफ़ को	पहुँचता	तो नहीं	उन के शरीकों के लिए

يَصِلُ اِلٰى شُرَكَآئِهِمْ ؕ سَآءَ مَا يَحْكُمُوْنَ ﴿١٣٦﴾ وَكَذٰلِكَ

और इसी तरह	136	जो वह फ़ैसला करते हैं	बुरा है	उन के शरीक	तरफ़ (को)	पहुँचता है

زَيَّنَ لِكَثِيْرٍ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ قَتْلَ اَوْلَادِهِمْ

उन की औलाद	क़त्ल	मुश्रिक (जमा)	से	अकसर के लिए	अरास्ता कर दिया है

شُرَكَآؤُهُمْ لِيُرْدُوْهُمْ وَلِيَلْبِسُوْا عَلَيْهِمْ دِيْنَهُمْ ؕ

उन का दीन	उन पर	और गुड मड कर दें	ताकि वह उन्हें हलाक करदें	उन के शरीक

وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ مَا فَعَلُوْهُ فَذَرْهُمْ وَمَا يَفْتَرُوْنَ ﴿١٣٧﴾

137	वह झूट बान्धते हैं	और जो	सो तुम उन्हें छोड़ दो	वह न करते	अल्लाह	और अगर चाहता

وَقَالُوْا هٰذِهٖۤ اَنْعَامٌ وَّحَرْثٌ حِجْرٌ ۖ لَّا يَطْعَمُهَاۤ اِلَّا مَنْ

जिस को	मगर	उसे न खाए	ममनूअ (मना किए हुए)	और खेती	मवेशी	यह	और उन्हों ने कहा

نَّشَآءُ بِزَعْمِهِمْ وَاَنْعَامٌ حُرِّمَتْ ظُهُوْرُهَا وَاَنْعَامٌ

और कुछ मवेशी	उन की पीठ (जमा)	हराम की गई	और कुछ मवेशी	उन के ग़लत ख़याल के मुताबिक़	हम चाहें

لَّا يَذْكُرُوْنَ اسْمَ اللّٰهِ عَلَيْهَا افْتِرَآءً عَلَيْهِ ۗ سَيَجْزِيْهِمْ

हम जल्द उन्हें सज़ा देंगे	उस पर	झूट बान्धते हैं	उस पर	नाम अल्लाह का	वह नहीं लेते

بِمَا كَانُوْا يَفْتَرُوْنَ ﴿١٣٨﴾ وَقَالُوْا مَا فِيْ بُطُوْنِ هٰذِهِ الْاَنْعَامِ

मवेशी (जमा)	इन	पेट में	जो	और उन्हों ने कहा	138	झूट बान्धते थे	उस की जो

خَالِصَةٌ لِّذُكُوْرِنَا وَمُحَرَّمٌ عَلٰۤى اَزْوَاجِنَا ۚ وَاِنْ يَّكُنْ

हो	और अगर	हमारी औरतें	पर	और हराम	हमारे मर्दों के लिए	ख़ालिस

مَّيْتَةً فَهُمْ فِيْهِ شُرَكَآءُ ۗ سَيَجْزِيْهِمْ وَصْفَهُمْ ۗ اِنَّهٗ حَكِيْمٌ

हिक्मत वाला	बेशक वह	उन का बातें बनाना	वह जल्द उन को सज़ा देगा	शरीक	उस में	तो वह सब	मुर्दा

عَلِيْمٌ ﴿١٣٩﴾ قَدْ خَسِرَ الَّذِيْنَ قَتَلُوْۤا اَوْلَادَهُمْ سَفَهًاۢ

बेवकूफ़ी से	अपनी औलाद	उन्हों ने क़त्ल किया	वह लोग जिन्हों ने	अल्बत्ता घाटे में पड़े	139	जानने वाला

بِغَيْرِ عِلْمٍ وَّحَرَّمُوْا مَا رَزَقَهُمُ اللّٰهُ افْتِرَآءً عَلَى اللّٰهِ ۗ

अल्लाह पर	झूट बान्धते हुए	अल्लाह ने उन्हें दिया	जो	और हराम ठहराया	बेख़बरी (नादानी से)

الربع ع ١٦ ١١ ٣
قَدْ ضَلُّوْا وَمَا كَانُوْا مُهْتَدِيْنَ ﴿١٤٠﴾ ع وَهُوَ الَّذِيْۤ اَنْشَاَ

पैदा किए	जिस ने	और वह	140	हिदायत पाने वाले	और वह न थे	यक़ीनन वह गुमराह हुए

جَنّٰتٍ مَّعْرُوْشٰتٍ وَّغَيْرَ مَعْرُوْشٰتٍ وَّالنَّخْلَ وَالزَّرْعَ

और खेती	और खजूर	और न चढ़ाए हुए	चढ़ाए हुए	बाग़ात

مُخْتَلِفًا اُكُلُهٗ وَالزَّيْتُوْنَ وَالرُّمَّانَ مُتَشَابِهًا وَّغَيْرَ مُتَشَابِهٍ ۗ

और ग़ैर मुशाबह (जुदा जुदा)	मुशाबह (मिलते जुलते)	और अनार	और ज़ैतून	उस के फल	मुख़तलिफ़

كُلُوْا مِنْ ثَمَرِهٖۤ اِذَاۤ اَثْمَرَ وَاٰتُوْا حَقَّهٗ يَوْمَ حَصَادِهٖ ۖ ز

उस के काटने के दिन	उस का हक़	और अदा करो	वह फल लाए	जब	उस के फल	से	खाओ

وَلَا تُسْرِفُوْا ۗ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُسْرِفِيْنَ ﴿١٤١﴾ وَمِنَ

और से	141	बेजा ख़र्च करने वाले	पसन्द नहीं करता	बेशक वह	और बेजा ख़र्च न करो

الْاَنْعَامِ حَمُوْلَةً وَّفَرْشًا ۗ كُلُوْا مِمَّا رَزَقَكُمُ اللّٰهُ

अल्लाह ने तुम्हें दिया	उस से जो	खाओ	और ज़मीन से लगे हुए	बार बरदार (बड़े बड़े)	चौपाए

وَلَا تَتَّبِعُوْا خُطُوٰتِ الشَّيْطٰنِ ۗ اِنَّهٗ لَكُمْ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ﴿١٤٢﴾

142	खुला	दुश्मन	तुम्हारा	बेशक वह	शैतान	क़दम (जमा)	और न पैरवी करो

और उन्हों ने कहा यह मवेशी और खेती ममनूअ है, उसे कोई न खाए मगर जिस को हम चाहें उन के (झूटे) ख़याल के मुताबिक़ और कुछ मवेशी हैं कि उन की पीठ पर (सवारी) हराम की है और कुछ मवेशी हैं (ज़ुब्ह करते वक़्त) उन पर अल्लाह का नाम नहीं लेते, (यह) झूट बान्धना है उस (अल्लाह) पर, हम जल्द उन्हें उस की सज़ा देंगे जो वह झूट बान्धते थे। (138)

और उन्हों ने कहा जो उन मवेशियों के पेट में है वह ख़ालिस हमारे मर्दों के लिए है और हमारी औरतों पर हराम है, और अगर मुर्दा हो तो सब उस में शरीक हैं, वह जल्द उन्हें उन के बातें बनाने की सज़ा देगा, वह बेशक हिक्मत वाला जानने वाला है। (139)

अलबत्ता वह लोग घाटे में पड़े जिन्हों ने बेवकूफ़ी, नादानी से अपनी औलाद को क़त्ल किया और जो अल्लाह ने उन्हें दिया वह हराम ठहरा लिया झूट बान्धते हुए अल्लाह पर, यक़ीनन वह गुमराह हुए, और वह हिदायत पाने वाले न थे। (140)

और वही (ख़ालिक़) है जिस ने बाग़ात पैदा किए (छतरियों पर) चढ़ाए हुए (जैसे अंगूर) और (छतरियों पर) न चढ़ाए हुए, और खजूर और खेती, उस के फल मुख़तलिफ़ (क़िस्म के) और ज़ैतून और अनार मिलते जुलते और जुदा जुदा, जब वह फल लाए तो उस के फल खाओ, और उस के काटने के दिन उस का हक़ (उश्र) अदा कर दो, और बेजा ख़र्च न करो, बेशक अल्लाह बेजा ख़र्च करने वालों को पसन्द नहीं करता। (141)

और चौपायों में से (पैदा किए) बार बरदार (बड़े बड़े) और ज़मीन पर लगे हुए (छोटे छोटे), जो अल्लाह ने तुम्हें दिया है उस में से खाओ और शैतान के क़दमों की पैरवी न करो, बेशक वह तुम्हारा खुला दुश्मन है। (142)

आठ जोड़े (नर और मादा पैदा किए) दो भेड़ से दो बकरी से, आप पूछें क्या (अल्लाह ने) दोनों नर हराम किए हैं या दोनों मादा? या वह जो दोनों मादा के रहम में लिपटा हुआ (अभी पेट में) हो? मुझे किसी इल्म से बताओ अगर तुम सच्चे हो। **(143)**

और दो ऊँट से और दो गाए से (पैदा किए), आप (स) पूछें क्या अल्लाह ने दोनों नर हराम किए हैं या दोनों मादा? या जो दोनों के रहमों में लिपटा हुआ हो (अभी पेट में हो)? क्या तुम उस वक़्त मौजूद थे जब अल्लाह ने तुम्हें उस का हुक्म दिया था? पस उस से बड़ा ज़ालिम कौन है जो अल्लाह पर बुहतान बान्धे झूट ताकि लोगों को इल्म के बग़ैर (जहालत से) गुमराह करे, बेशक अल्लाह ज़ुल्म करने वाले लोगों को हिदायत नहीं देता। **(144)**

आप (स) फ़रमा दीजिए, जो वहि मुझे दी गई है उस में किसी खाने वाले पर कोई खाना हराम नहीं पाता मगर यह कि वह मुर्दार हो या बहता हुआ खून या सुव्वर का गोश्त, पस वह नापाक है, या गुनाह का (नाजाइज़ ज़बीहा) जिस पर ग़ैर अल्लाह का नाम पुकारा गया हो, पस जो लाचार हो जाए, न नाफ़रमानी करने वाला हो और न सरकश हो तो बेशक तेरा रब बख़्शने वाला निहायत मेह्रबान है। **(145)**

और उन लोगों पर जो यहूदी हुए, हम ने हराम कर दिया हर नाखुन वाला जानवर, और हम ने गाए और बकरी की चरबी उन पर हराम कर दी, सिवाए उस के जो उन की पीठ या अंतड़ियों से लगी हो या हड्डियों के साथ मिली हो, यह हम ने उन को बदला दिया उन की सरकशी का, और बेशक हम सच्चे हैं। **(146)**

ثَمٰنِيَةَ اَزْوَاجٍ ۚ مِنَ الضَّاْنِ اثْنَيْنِ وَمِنَ الْمَعْزِ اثْنَيْنِ ؕ

दो (2)	बकरी	और से	दो (2)	भेड़	से	जोड़े	आठ (8)

قُلْ ءٰۤالذَّكَرَيْنِ حَرَّمَ اَمِ الْاُنْثَيَيْنِ اَمَّا اشْتَمَلَتْ عَلَيْهِ

उस पर	लिपट रहा हो	या जो	या दोनों मादा	हराम किए	क्या दोनों नर	पूछें

اَرْحَامُ الْاُنْثَيَيْنِ ؕ نَبِّـُٔوْنِىْ بِعِلْمٍ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ۙ ﴿۱۴۳﴾

143	सच्चे	तुम	अगर	किसी इल्म से	मुझे बताओ	दोनों मादा	रहम (जमा)

وَمِنَ الْاِبِلِ اثْنَيْنِ وَمِنَ الْبَقَرِ اثْنَيْنِ ؕ قُلْ ءٰۤالذَّكَرَيْنِ

क्या दोनों नर	आप पूछें	दो (2)	गाय	और से	दो (2)	ऊँट	और से

حَرَّمَ اَمِ الْاُنْثَيَيْنِ اَمَّا اشْتَمَلَتْ عَلَيْهِ اَرْحَامُ الْاُنْثَيَيْنِ ؕ

दोनों मादा	रहम (जमा)	उस पर	लिपट रहा हो	या जो	दोनों मादा	या	उस ने हराम किए

اَمْ كُنْتُمْ شُهَدَآءَ اِذْ وَصّٰىكُمُ اللّٰهُ بِهٰذَا ۚ فَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ

उस से जो	बड़ा ज़ालिम	पस कौन	इस का	अल्लाह ने तुम्हें हुक्म दिया	जब	मौजूद	तुम थे	क्या

افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا لِّيُضِلَّ النَّاسَ بِغَيْرِ عِلْمٍ ؕ اِنَّ اللّٰهَ

बेशक अल्लाह	इल्म	बग़ैर	लोग	ताकि गुमराह करे	झूट	अल्लाह पर	बुहतान बान्धे

لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿۱۴۴﴾ قُلْ لَّاۤ اَجِدُ فِىْ مَاۤ اُوْحِىَ اِلَىَّ ع ١٧

मुझे	जो वहि की गई	में	मैं नहीं पाता	फ़रमा दीजिए	144	ज़ुल्म करने वाले	लोग	हिदायत नहीं देता

مُحَرَّمًا عَلٰى طَاعِمٍ يَّطْعَمُهٗۤ اِلَّاۤ اَنْ يَّكُوْنَ مَيْتَةً اَوْ دَمًا

या खून	मुर्दार	यह कि हो	मगर	इस को खाए	कोई खाने वाला	पर	हराम

مَّسْفُوْحًا اَوْ لَحْمَ خِنْزِيْرٍ فَاِنَّهٗ رِجْسٌ اَوْ فِسْقًا

या गुनाह की चीज़	नापाक	पस वह	सुव्वर	या गोश्त	बहता हुआ

اُهِلَّ لِغَيْرِ اللّٰهِ بِهٖ ۚ فَمَنِ اضْطُرَّ غَيْرَ بَاغٍ وَّلَا عَادٍ فَاِنَّ

तो बेशक	और न सरकश	न नाफ़रमानी करने वाला	लाचार हो जाए	पस जो	उस पर	ग़ैर अल्लाह का नाम	पुकारा गया

رَبَّكَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿۱۴۵﴾ وَعَلَى الَّذِيْنَ هَادُوْا حَرَّمْنَا

हम ने हराम कर दिया	यहूदी हुए	वह जो कि	और पर	145	निहायत मेह्रबान	बख़्शने वाला	तेरा रब

كُلَّ ذِىْ ظُفُرٍ ۚ وَمِنَ الْبَقَرِ وَالْغَنَمِ حَرَّمْنَا عَلَيْهِمْ شُحُوْمَهُمَآ

उन की चरबियां	उन पर	हम ने हराम कर दिया	और बकरी	और गाय से	नाखुन वाला जानवर	हर एक

اِلَّا مَا حَمَلَتْ ظُهُوْرُهُمَآ اَوِ الْحَوَايَآ اَوْ مَا اخْتَلَطَ

जो मिली हो	या	या अंतड़ियां	उन की पीठ (जमा)	जो उठाती हो (लगी हो)	सिवाए

بِعَظْمٍ ؕ ذٰلِكَ جَزَيْنٰهُمْ بِبَغْيِهِمْ ۖ٘ وَاِنَّا لَصٰدِقُوْنَ ﴿۱۴۶﴾

146	सच्चे हैं	और बेशक हम	उनकी सरकशी का	हम ने उन को बदला दिया	यह	हड्डी से

فَاِنْ كَذَّبُوْكَ فَقُلْ رَّبُّكُمْ ذُوْ رَحْمَةٍ وَّاسِعَةٍ ۚ وَلَا يُرَدُّ

और टाला नहीं जाता	वसीअ़	रहमत वाला	तुम्हारा रब	तो आप (स) कह दें	आप को झुटलाएं	पस अगर

بَاْسُهٗ عَنِ الْقَوْمِ الْمُجْرِمِيْنَ ﴿١٤٧﴾ سَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ اَشْرَكُوْا

जिन लोगों ने शिर्क किया (मुश्रिक)	जल्द कहेंगे	147	मुज्रिमों की क़ौम	से	उस का अ़ज़ाब

لَوْ شَآءَ اللّٰهُ مَآ اَشْرَكْنَا وَلَآ اٰبَآؤُنَا وَلَا حَرَّمْنَا مِنْ شَيْءٍ ؕ

कोई चीज़	हम हराम ठहराते	और न	हमारे बाप दादा	और न	हम शिर्क न करते	चाहता अल्लाह	अगर

كَذٰلِكَ كَذَّبَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ حَتّٰى ذَاقُوْا بَاْسَنَا ؕ

हमारा अ़ज़ाब	उन्हों ने चखा	यहां तक कि	इन से पहले	जो लोग	झुटलाया	इसी तरह

قُلْ هَلْ عِنْدَكُمْ مِّنْ عِلْمٍ فَتُخْرِجُوْهُ لَنَا ؕ اِنْ تَتَّبِعُوْنَ

तुम पीछे चलते हो	नहीं	तो उस को निकालो (ज़ाहिर करो) हमारे लिए	कोई इल्म (यक़ीनी बात)	तुम्हारे पास	क्या	फ़रमा दीजिए

اِلَّا الظَّنَّ وَاِنْ اَنْتُمْ اِلَّا تَخْرُصُوْنَ ﴿١٤٨﴾ قُلْ فَلِلّٰهِ الْحُجَّةُ الْبَالِغَةُ ۚ

पूरी	हुज्जत	अल्लाह ही के लिए	फ़रमा दें	148	अटकल चलाते हो	सिर्फ़	तुम	और अगर (नहीं)	मगर (सिर्फ़) गुमान

فَلَوْ شَآءَ لَهَدٰىكُمْ اَجْمَعِيْنَ ﴿١٤٩﴾ قُلْ هَلُمَّ شُهَدَآءَكُمُ

अपने गवाह	लाओ	फ़रमा दें	149	सब को	तो तुम्हें हिदायत देता	पस अगर वह चाहता

الَّذِيْنَ يَشْهَدُوْنَ اَنَّ اللّٰهَ حَرَّمَ هٰذَا ۚ فَاِنْ شَهِدُوْا

वह गवाही दें	फिर अगर	यह	हराम किया	कि अल्लाह	गवाही दें	जो

فَلَا تَشْهَدْ مَعَهُمْ ۚ وَلَا تَتَّبِعْ اَهْوَآءَ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا

झुटलाया	जो लोग	ख़्वाहिशात	और न पैरवी करना	उन के साथ	तो तुम गवाही न देना

بِاٰيٰتِنَا وَالَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ وَهُمْ بِرَبِّهِمْ

अपने रब के	और वह	आख़िरत पर	ईमान लाते हैं	नहीं	और जो लोग	हमारी आयतों को

ع ١٨ ٦ ٥ يَعْدِلُوْنَ ﴿١٥٠﴾ قُلْ تَعَالَوْا اَتْلُ مَا حَرَّمَ رَبُّكُمْ عَلَيْكُمْ

तुम पर	तुम्हारा रब	जो हराम किया	मैं पढ़ कर सुनाऊँ	आओ	फ़रमा दें	150	बराबर ठहराते हैं

اَلَّا تُشْرِكُوْا بِهٖ شَيْئًا وَّبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا ۚ وَلَا تَقْتُلُوْٓا

और न क़त्ल करो	नेक सुलूक	और वालिदैन के साथ	कुछ-कोई	उस के साथ	कि न शरीक ठहराओ

اَوْلَادَكُمْ مِّنْ اِمْلَاقٍ ؕ نَحْنُ نَرْزُقُكُمْ وَاِيَّاهُمْ ۚ وَلَا تَقْرَبُوا

और क़रीब न जाओ	और उन को	तुम्हें रिज़्क़ देते हैं	हम	मुफ़लिसी	से	अपनी औलाद

الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ ۚ وَلَا تَقْتُلُوا النَّفْسَ الَّتِيْ

जो-जिस	जान	और न क़त्ल करो	छुपी हो	और जो	जो ज़ाहिर हो उस से (उन में)	बेहयाई (जमा)

حَرَّمَ اللّٰهُ اِلَّا بِالْحَقِّ ؕ ذٰلِكُمْ وَصّٰىكُمْ بِهٖ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿١٥١﴾

151	अ़क़्ल से काम लो (समझो)	ताकि तुम	इस का	तुम्हें हुक्म दिया है	यह	मगर हक़ पर	अल्लाह ने हुर्मत दी

पस अगर वह आप (स) को झुटलाएं तो आप (स) कहदें तुम्हारा रब वसीअ़ रहमत वाला है, और उस का अ़ज़ाब मुज्रिमों की क़ौम से टाला नहीं जाता। (147)

मुश्रिक जल्द कहेंगे कि अगर अल्लाह चाहता तो न हम शिर्क करते न हमारे बाप दादा, और न हम कोई चीज़ हराम ठहराते, इसी तरह (उन लोगों ने) झुटलाया जो उन से पहले थे यहां तक कि उन्हों ने हमारा अ़ज़ाब चखा, आप (स) फ़रमा दीजिए क्या तुम्हारे पास कोई यक़ीनी बात है? तो उस को हमारे सामने ज़ाहिर करो, तुम सिर्फ़ गुमान के पीछे चलते हो और तुम सिर्फ़ अटकल चलाते हो। (148)

आप (स) फ़रमा दें: अल्लाह ही की हुज्जत पूरी (ग़ालिब) है, अगर वह चाहता तो तुम सब को हिदायत दे देता। (149)

आप (स) फ़रमा दें: लाओ अपने गवाह जो गवाही दें कि अल्लाह ने यह हराम किया है, फिर अगर वह गवाही दे दें तो भी तुम उन के साथ गवाही न देना, और उन की ख़्वाहिशात की पैरवी न करना जिन्हों ने हमारी आयतों को झुटलाया और वह लोग आख़िरत पर ईमान नहीं लाते और वह (माबूदाने बातिल को) अपने रब के बराबर ठहराते हैं। (150)

आप (स) फ़रमा दें आओ मैं पढ़ कर सुनाऊँ जो हराम किया है तुम पर तुम्हारे रब ने कि उस के साथ शरीक न ठहराओ और वालिदैन के साथ नेक सुलूक करो, और क़त्ल न करो अपनी औलाद को मुफ़लिसी (के डर) से, हम तुम्हें रिज़्क़ देते हैं और उन को (भी), और बेहयाइयों के क़रीब न जाओ जो उन में खुली हो और जो छुपी हो, और जिस जान को अल्लाह ने हुर्मत दी है उसे क़त्ल न करो मगर हक़ पर, यह तुम्हें इस का हुक्म दिया है ताकि तुम समझो। (151)

और यतीम के माल के क़रीब न जाओ मगर इस तरह कि वह बेहतरीन हो यहां तक कि वह अपनी जवानी को पहुँच जाए, और इन्साफ़ के साथ माप तोल पूरा करो, हम किसी को तक्लीफ़ नहीं देते (बोझ नहीं डालते) मगर उस के मक्दूर के मुताबिक़, और जब बात करो तो इन्साफ़ की करो, ख़्वाह रिश्तेदार (का मामला) हो। और अल्लाह का अ़हद पूरा करो, उस ने तुम्हें यह हुक्म दिया है ताकि तुम नसीहत पकड़ो। **(152)**

और यह मेरा रास्ता सीधा है, पस उस पर चलो और दूसरे रास्तों पर न चलो कि वह तुम्हें इस रास्ते से जुदा कर देंगे, उस ने तुम्हें इस का हुक्म दिया ताकि तुम परहेज़गारी इख़्तियार करो। **(153)**

फिर हम ने मूसा (अ) को किताब दी, उस पर अपनी नेमत पूरी करने को जो नेकोकार है, और हर चीज़ की तफ़्सील के लिए, और हिदायत ओ रहमत के लिए, ताकि वह अपने रब से मुलाक़ात पर ईमान ले आएं। **(154)**

और हम ने यह किताब उतारी है बरकत वाली, पस इस की पैरवी करो और परहेज़गारी इख़्तियार करो ताकि तुम पर रहम किया जाए। **(155)**

कि (कहें) तुम कहो कि हम से पहले दो गिरोहों पर किताब उतारी गई, और यह कि हम उन के पढ़ने पढ़ाने से बेख़बर थे। **(156)**

या कहो कि अगर हम पर किताब उतारी जाती तो हम ज़ियादा हिदायत पर होते उन से, सो तुम्हारे पास तुम्हारे रब की तरफ़ से रौशन दलील और हिदायत और रहमत आ गई, पस उस से बड़ा ज़ालिम कौन है जो अल्लाह की आयतों को झुटलादे और उन से कतराए, हम उन लोगों को जल्द सज़ा देंगे जो कतराते हैं हमारी आयतों से, बुरा अ़ज़ाब उस के बदले कि वह कतराते थे। **(157)**

وَلَا تَقْرَبُوْا مَالَ الْيَتِيْمِ اِلَّا بِالَّتِيْ هِيَ اَحْسَنُ حَتّٰى

यहां तक कि	बेहतरीन	वह	ऐसे जो	मगर	यतीम	माल	और क़रीब न जाओ

يَبْلُغَ اَشُدَّهٗ ۚ وَاَوْفُوا الْكَيْلَ وَالْمِيْزَانَ بِالْقِسْطِ ۚ لَا نُكَلِّفُ

हम तक्लीफ़ नहीं देते	इन्साफ़ के साथ	और तोल	माप	और पूरा करो	अपनी जवानी	पहुँच जाए

نَفْسًا اِلَّا وُسْعَهَا ۚ وَاِذَا قُلْتُمْ فَاعْدِلُوْا وَلَوْ كَانَ ذَا قُرْبٰى ۚ

रिश्तेदार	ख़्वाह हो	तो इन्साफ़ करो	तुम बात करो	और जब	उस की वुस्अ़त (मक्दूर)	मगर	किसी को

وَبِعَهْدِ اللّٰهِ اَوْفُوْا ۭ ذٰلِكُمْ وَصّٰىكُمْ بِهٖ لَعَلَّكُمْ تَذَكَّرُوْنَ ١٥٢

152	नसीहत पकड़ो	ताकि तुम	इस का	उस ने तुम्हें हुक्म दिया	यह	पूरा करो	और अल्लाह का अ़हद

وَاَنَّ هٰذَا صِرَاطِيْ مُسْتَقِيْمًا فَاتَّبِعُوْهُ ۚ وَلَا تَتَّبِعُوا السُّبُلَ

रास्ते	और न चलो	पस उस पर चलो	सीधा	मेरा रास्ता	यह	और यह कि

فَتَفَرَّقَ بِكُمْ عَنْ سَبِيْلِهٖ ۭ ذٰلِكُمْ وَصّٰىكُمْ بِهٖ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ١٥٣

153	परहेज़गारी इख़्तियार करो	ताकि तुम	तुम्हें हुक्म दिया इस का	यह	उस का रास्ता	से	तुम्हें	पस जुदा कर दें

ثُمَّ اٰتَيْنَا مُوْسَى الْكِتٰبَ تَمَامًا عَلَى الَّذِيْٓ اَحْسَنَ وَتَفْصِيْلًا

और तफ़्सील	नेकोकार है	जो	पर	नेमत पूरी करने को	किताब	मूसा (अ)	फिर हम ने दी

لِّكُلِّ شَيْءٍ وَّهُدًى وَّرَحْمَةً لَّعَلَّهُمْ بِلِقَاۗءِ رَبِّهِمْ يُؤْمِنُوْنَ ١٥٤ ع ١٩ ٦

154	ईमान लाएं	अपना रब	मुलाक़ात पर	ताकि वह	और रहमत	और हिदायत	हर चीज़ की

وَهٰذَا كِتٰبٌ اَنْزَلْنٰهُ مُبٰرَكٌ فَاتَّبِعُوْهُ وَاتَّقُوْا لَعَلَّكُمْ

ताकि तुम पर	और परहेज़गारी इख़्तियार करो	पस उसकी पैरवी करो	बरकत वाली	हम ने नाज़िल की	किताब	और यह

تُرْحَمُوْنَ ١٥٥ اَنْ تَقُوْلُوْٓا اِنَّمَآ اُنْزِلَ الْكِتٰبُ عَلٰي طَاۗىِٕفَتَيْنِ

दो गिरोह	पर	किताब	उतारी गई थी	इस के सिवा नहीं	तुम कहो	कि	155	रहम किया जाए

مِنْ قَبْلِنَا ۠ وَاِنْ كُنَّا عَنْ دِرَاسَتِهِمْ لَغٰفِلِيْنَ ١٥٦ اَوْ تَقُوْلُوْا

या तुम कहो	156	बेख़बर	उन के पढ़ने पढ़ाने	से	और यह कि हम थे	हम से पहले

لَوْ اَنَّآ اُنْزِلَ عَلَيْنَا الْكِتٰبُ لَكُنَّآ اَهْدٰى مِنْهُمْ ۚ فَقَدْ جَاۗءَكُمْ

पस आ गई तुम्हारे पास	उन से	ज़ियादा हिदायत पर	अलबत्ता हम होते	किताब	हम पर	उतारी जाती	अगर हम

بَيِّنَةٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَهُدًى وَّرَحْمَةٌ ۚ فَمَنْ اَظْلَمُ

बड़ा ज़ालिम	पस कौन	और रहमत	और हिदायत	तुम्हारा रब	से	रौशन दलील

مِمَّنْ كَذَّبَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَصَدَفَ عَنْهَا ۭ سَنَجْزِي الَّذِيْنَ

उन लोगों को जो	हम जल्द सज़ा देंगे	उस से	और कतराए	अल्लाह की आयतों को	झुटलादे	उस से जो

يَصْدِفُوْنَ عَنْ اٰيٰتِنَا سُوْۗءَ الْعَذَابِ بِمَا كَانُوْا يَصْدِفُوْنَ ١٥٧

157	वह कतराते थे	उस के बदले	अ़ज़ाब	बुरा	हमारी आयतें	से	कतराते हैं

هَلْ يَنْظُرُوْنَ اِلَّآ اَنْ تَاْتِيَهُمُ الْمَلٰٓئِكَةُ اَوْ يَاْتِيَ رَبُّكَ اَوْ يَاْتِيَ

या आए	तुम्हारा रब	या आए	फ़रिश्ते	उन के पास आएं	यह	मगर	क्या वह इन्तिज़ार कर रहे हैं

بَعْضُ اٰيٰتِ رَبِّكَ ؕ يَوْمَ يَاْتِيْ بَعْضُ اٰيٰتِ رَبِّكَ لَا يَنْفَعُ نَفْسًا

किसी को	न काम आएगा	तुम्हारा रब	निशानी	कोई	आई	जिस दिन	तुम्हारा रब	निशानियां	कुछ

اِيْمَانُهَا لَمْ تَكُنْ اٰمَنَتْ مِنْ قَبْلُ اَوْ كَسَبَتْ فِيْٓ اِيْمَانِهَا خَيْرًا ؕ قُلِ

फ़रमा दें	कोई भलाई	अपने ईमान में	कमाई	या	उस से पहले	ईमान लाया	न था	उस का ईमान

انْتَظِرُوْٓا اِنَّا مُنْتَظِرُوْنَ ﴿١٥٨﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ فَرَّقُوْا دِيْنَهُمْ وَكَانُوْا شِيَعًا

गिरोह दर गिरोह	और हो गए	अपना दीन	तफ़्रका डाला	वह लोग जिन्हों ने	बेशक	158	मुन्तज़िर हैं	हम	इन्तिज़ार करो तुम

لَّسْتَ مِنْهُمْ فِيْ شَيْءٍ ؕ اِنَّمَآ اَمْرُهُمْ اِلَى اللّٰهِ ثُمَّ يُنَبِّئُهُمْ بِمَا

वह जो	वह जतला देगा उन्हें	फिर	अल्लाह के हवाले	उन का मामला	फ़क्त	किसी चीज़ में (कोई तअ़ल्लुक़)	उन से	नहीं आप (स)

كَانُوْا يَفْعَلُوْنَ ﴿١٥٩﴾ مَنْ جَآءَ بِالْحَسَنَةِ فَلَهٗ عَشْرُ اَمْثَالِهَا ۚ وَمَنْ

और जो	उस के बराबर	दस	तो उस के लिए	लाए कोई नेकी	जो	159	करते थे

جَآءَ بِالسَّيِّئَةِ فَلَا يُجْزٰٓى اِلَّا مِثْلَهَا وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ﴿١٦٠﴾ قُلْ اِنَّنِيْ

बेशक मुझे	कह दीजिए	160	न ज़ुल्म किए जाएंगे	और वह	मगर उस के बराबर	तो न बदला पाएगा	कोई बुराई लाए

هَدٰىنِيْ رَبِّيْٓ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۚ دِيْنًا قِيَمًا مِّلَّةَ اِبْرٰهِيْمَ

इब्राहीम (अ)	मिल्लत	दुरुस्त	दीन	सीधा	रास्ता	तरफ़	मेरा रब	राह दिखाई

حَنِيْفًا ۚ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿١٦١﴾ قُلْ اِنَّ صَلَاتِيْ وَنُسُكِيْ

मेरी क़ुरबानी	मेरी नमाज़	बेशक	आप कह दें	161	मुश्रिक (जमा)	से	और न थे	एक का हो कर रहने वाला

وَمَحْيَايَ وَمَمَاتِيْ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٦٢﴾ لَا شَرِيْكَ لَهٗ ۚ وَبِذٰلِكَ اُمِرْتُ

मुझे हुक्म दिया गया	और उसी का	उस का	नहीं कोई शरीक	162	सारे जहान का	रब	अल्लाह के लिए	और मेरा मरना	और मेरा जीना

وَاَنَا اَوَّلُ الْمُسْلِمِيْنَ ﴿١٦٣﴾ قُلْ اَغَيْرَ اللّٰهِ اَبْغِيْ رَبًّا وَّهُوَ رَبُّ كُلِّ شَيْءٍ ؕ

हर शै	रब	और वह	कोई रब	मैं ढूंडूँ	क्या सिवाए अल्लाह	आप कह दें	163	मुसलमान (फ़रमांबरदार)	सब से पहला	और मैं

وَلَا تَكْسِبُ كُلُّ نَفْسٍ اِلَّا عَلَيْهَا ۚ وَلَا تَزِرُ وَازِرَةٌ وِّزْرَ اُخْرٰى ۚ ثُمَّ اِلٰى

तरफ़	फिर	बोझ दूसरा	उठाएगा कोई उठाने वाला	और न	उस के ज़िम्मे	मगर (सिर्फ़)	हर शख़्स	और न कमाएगा

رَبِّكُمْ مَّرْجِعُكُمْ فَيُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ﴿١٦٤﴾ وَهُوَ الَّذِيْ

जिस ने	और वह	164	तुम इख़्तिलाफ़ करते	उस में	तुम थे	वह जो	पस वह तुम्हें जतला देगा	तुम्हारा लौटना	तुम्हारा (अपना) रब

جَعَلَكُمْ خَلٰٓئِفَ الْاَرْضِ وَرَفَعَ بَعْضَكُمْ فَوْقَ بَعْضٍ دَرَجٰتٍ لِّيَبْلُوَكُمْ

ताकि तुम्हें आज़माए	दरजे	बाज़	पर-ऊपर	तुम में से बाज़	और बुलन्द किए	ज़मीन	नाइब	तुम्हें बनाया

فِيْ مَآ اٰتٰىكُمْ ؕ اِنَّ رَبَّكَ سَرِيْعُ الْعِقَابِ ۖ وَاِنَّهٗ لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٦٥﴾ ع ٢٠ ٢١ ٧ النصف

165	निहायत मेहरबान	यक़ीनन बख़्शने वाला	और बेशक वह	सज़ा देने वाला	तेज़	तुम्हारा रब	बेशक	जो उस ने तुम्हें दिया	में

क्या वह इन्तिज़ार कर रहे हैं मगर यह कि उन के पास फ़रिश्ते आएं या तुम्हारा रब आए या तुम्हारे रब की बाज़ निशानी आए, जिस दिन आएगी तुम्हारे रब की बाज़ निशानी, किसी के काम न आएगा उस का ईमान लाना जो पहले से ईमान न लाया था या अपने ईमान में कोई भलाई न कमाई थी, आप (स) फ़रमा दें इन्तिज़ार करो हम (भी) मुन्तज़िर हैं। (158)
बेशक जिन लोगों ने तफ़्रका डाला अपने दीन में और गिरोह दर गिरोह हो गए, आप (स) का उन से कोई तअ़ल्लुक़ नहीं, उन का मामला फ़क्त अल्लाह के हवाले है, फिर वह उन्हें जतला देगा वह जो कुछ करते थे। (159)
जो शख़्स कोई नेकी लाए तो उस के लिए उस का दस बराबर (दस गुना अजर) है, और जो कोई बुराई लाए तो वह बदला न पाएगा मगर उस के बराबर (सिर्फ़ उस के बराबर), और वह ज़ुल्म न किए जाएंगे। (160)
आप (स) कह दीजिए बेशक मुझे मेरे रब ने सीधे रास्ते की तरफ़ राह दिखाई है, दुरुस्त दीन, इब्राहीम (अ) की मिल्लत, जो एक (अल्लाह) के हो रहने वाले थे, और वह मुश्रिकों में से न थे। (161)
आप (स) कह दें बेशक मेरी नमाज़ और मेरी क़ुरबानी और मेरा जीना और मेरा मरना अल्लाह के लिए है जो सारे जहानों का रब है। (162)
उस का कोई शरीक नहीं, मुझे उसी का हुक्म दिया गया है, और मैं सब से पहला मुसलमान (फ़रमांबरदार) हूँ। (163)
आप (स) कह दें क्या मैं अल्लाह के सिवा कोई और रब ढूंडूँ? और वही है हर शै का रब, हर शख़्स जो कुछ कमाएगा (उस का गुनाह) सिर्फ़ उस के ज़िम्मे (होगा), कोई उठाने वाला किसी दूसरे का बोझ न उठाएगा, फिर तुम्हें अपने रब की तरफ़ लौटना है, पस वह तुम्हें जतला देगा जिस में तुम इख़्तिलाफ़ करते थे। (164)
और वही है जिस ने तुम्हें ज़मीन में नाइब बनाया, और बुलन्द किए तुम में से बाज़ के दरजे बाज़ पर, ताकि वह तुम्हें उस में आज़माए जो उस ने तुम्हें दिया, बेशक तुम्हारा रब जल्द सज़ा देने वाला है, और वह बेशक यक़ीनन बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (165)

آيَاتُهَا ٢٠٦ ❀ (٧) سُوْرَةُ الْاَعْرَافِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢٤

रुकुआत 24 | (7) सूरतुल आराफ़ बुलनदियां | आयात 206

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓمّٓصٓ ﴿١﴾ كِتٰبٌ اُنْزِلَ اِلَيْكَ فَلَا يَكُنْ فِيْ صَدْرِكَ حَرَجٌ

कोई तंगी	तुम्हारे सीने में	सो न हो	तुम्हारी तरफ़	नाज़िल की गई	किताब	1	अलिफ़-लाम-मीम-साद

مِّنْهُ لِتُنْذِرَ بِهٖ وَذِكْرٰى لِلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٢﴾ اِتَّبِعُوْا مَآ اُنْزِلَ

जो नाज़िल किया गया	पैरवी करो	2	ईमान वालों के लिए	और नसीहत	इस से	ताकि तुम डराओ	इस से

اِلَيْكُمْ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَلَا تَتَّبِعُوْا مِنْ دُوْنِهٖٓ اَوْلِيَآءَ ؕ قَلِيْلًا مَّا

जो	बहुत कम	रफ़ीक़ (जमा)	उस के सिवा	से	और पीछे न लगो	तुम्हारा रब	से	तुम्हारी तरफ़ (तुम पर)

تَذَكَّرُوْنَ ﴿٣﴾ وَكَمْ مِّنْ قَرْيَةٍ اَهْلَكْنٰهَا فَجَآءَهَا بَاْسُنَا بَيَاتًا

रात में सोते	हमारा अ़ज़ाब	पस उन पर आया	हम ने हलाक कीं	बसतियां	से	और कितनी ही	3	नसीहत कुबूल करते हो

اَوْ هُمْ قَآئِلُوْنَ ﴿٤﴾ فَمَا كَانَ دَعْوٰىهُمْ اِذْ جَآءَهُمْ بَاْسُنَآ اِلَّآ اَنْ

मगर यह कि (तो)	हमारा अ़ज़ाब	उन पर आया	जब	उन का कहना (उन की पुकार)	पस न था	4	क़ैलूला करते (दोपहर को आराम करते)	या वह

قَالُوْٓا اِنَّا كُنَّا ظٰلِمِيْنَ ﴿٥﴾ فَلَنَسْـَٔلَنَّ الَّذِيْنَ اُرْسِلَ اِلَيْهِمْ

उन की तरफ़	भेजे गए (रसूल)	उन से जो	सो हम ज़रूर पूछेंगे	5	ज़ालिम (जमा)	बेशक हम थे	उन्हों ने कहा

وَلَنَسْـَٔلَنَّ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٦﴾ فَلَنَقُصَّنَّ عَلَيْهِمْ بِعِلْمٍ وَّمَا كُنَّا

और हम न थे	इल्म से	उन को	अलबत्ता हम अहवाल सुना देंगे	6	रसूल (जमा)	और हम ज़रूर पूछेंगे

غَآئِبِيْنَ ﴿٧﴾ وَالْوَزْنُ يَوْمَئِذِ الْحَقُّ ۚ فَمَنْ ثَقُلَتْ مَوَازِيْنُهٗ

मीज़ान (नेकियों के वज़न)	भारी हुए	तो जिस	बरहक़	उस दिन	और वज़न	7	ग़ाइब

فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٨﴾ وَمَنْ خَفَّتْ مَوَازِيْنُهٗ فَاُولٰٓئِكَ

तो वही लोग	वज़न	हलके हुए	और जिस	8	फ़लाह पाने वाले	वह	तो वही

الَّذِيْنَ خَسِرُوْٓا اَنْفُسَهُمْ بِمَا كَانُوْا بِاٰيٰتِنَا يَظْلِمُوْنَ ﴿٩﴾ وَلَقَدْ

और बेशक	9	ना इन्साफ़ी करते	हमारी आयतों से	क्यों कि थे	अपनी जानें	नुक़्सान किया	वह जिन्हों ने

مَكَّنّٰكُمْ فِى الْاَرْضِ وَجَعَلْنَا لَكُمْ فِيْهَا مَعَايِشَ ؕ قَلِيْلًا

बहुत कम	ज़िन्दगी के सामान	उस में	तुम्हारे लिए	और हम ने बनाए	ज़मीन में	हम ने तुम्हें ठिकाना दिया

مَّا تَشْكُرُوْنَ ﴿١٠﴾ وَلَقَدْ خَلَقْنٰكُمْ ثُمَّ صَوَّرْنٰكُمْ ثُمَّ قُلْنَا لِلْمَلٰٓئِكَةِ ع ١ ٨

फ़रिश्तों को	फिर हम ने कहा	हम ने तुम्हारी शक्ल ओ सूरत बनाई	फिर	हम ने तुम्हें पैदा किया	और अलबत्ता	10	जो तुम शुक्र करते हो

اسْجُدُوْا لِاٰدَمَ ۖ فَسَجَدُوْٓا اِلَّآ اِبْلِيْسَ ؕ لَمْ يَكُنْ مِّنَ السّٰجِدِيْنَ ﴿١١﴾

11	सिजदा करने वाले	से	वह न था	इब्लीस	सिवाए	तो उन्हों ने सिजदा किया	आदम को	सिजदा करो

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-मीम-सॉद (1)

यह किताब तुम्हारी तरफ़ नाज़िल की गई है तो इस से तुम्हारे सीने में कोई तंगी न हो ताकि तुम उस (के ज़रीए) से डराओ, और ईमान वालों के लिए नसीहत है। (2)

उस की पैरवी करो जो तुम्हारे रब की तरफ़ से तुम पर नाज़िल किया गया है, और पीछे न लगो उस के सिवा (और) रफ़ीक़ों के, बहुत कम तुम नसीहत कुबूल करते हो। (3)

और हम ने कितनी ही बसतियां हलाक कीं, पस उन पर हमारा अ़ज़ाब रात को सोते में आया या दोपहर को आराम करते। (4)

पस उन की पुकार (इस के सिवा) न थी जब उन पर आया हमारा अ़ज़ाब, तो उन्हों ने कहा कि बेशक ज़ालिम हम ही थे। (5)

सो हम उन से ज़रूर पूछेंगे जिन की तरफ़ रसूल भेजे गए और हम रसूलों से (भी) ज़रूर पूछेंगे। (6)

अलबत्ता हम उन को अपने इल्म से अहवाल सुना देंगे और हम ग़ाइब न थे। (7)

और उस दिन (आमाल का) वज़न होना बरहक़ है, तो जिन की नेकियों के वज़न भारी हुए, वही फ़लाह (नजात) पाने वाले हैं। (8)

और जिन के (नेकियों के) वज़न हलके हुए तो वही लोग हैं जिन्हों ने अपनी जानों का नुक़्सान किया, क्यों कि वह हमारी आयतों से ना इन्साफ़ी करते थे। (9)

और बेशक हम ने तुम्हें ज़मीन में ठिकाना दिया और हम ने उस में तुम्हारे लिए ज़िन्दगी के सामान बनाए, बहुत कम हैं जो शुक्र करते हैं। (10)

और अलबत्ता हम ने तुम्हें पैदा किया और फिर हम ने तुम्हारी शक्ल ओ सूरत बनाई, फिर हम ने फ़रिश्तों को कहा आदम (अ) को सिज्दा करो तो उन्हों ने सिज्दा किया सिवाए इब्लीस के, वह सिज्दा करने वालों में से न था। (11)

قَالَ مَا مَنَعَكَ اَلَّا تَسْجُدَ اِذْ اَمَرْتُكَ ۭ قَالَ اَنَا خَيْرٌ مِّنْهُ ۚ خَلَقْتَنِيْ

उस ने फ़रमाया	किस ने तुझे मना किया	कि तू सिज्दा न करे	जब मैं ने तुझे हुक्म दिया	वह बोला	मैं	बेहतर	उस से	तू ने मुझे पैदा किया

مِنْ نَّارٍ وَّخَلَقْتَهٗ مِنْ طِيْنٍ ﴿١٢﴾ قَالَ فَاهْبِطْ مِنْهَا فَمَا يَكُوْنُ لَكَ

से	आग	और तू ने उसे पैदा किया	से	मिट्टी	12	फ़रमाया	पस तू उतर जा	इस (यहां) से	तो नहीं	है	तेरे लिए

اَنْ تَتَكَبَّرَ فِيْهَا فَاخْرُجْ اِنَّكَ مِنَ الصّٰغِرِيْنَ ﴿١٣﴾ قَالَ اَنْظِرْنِيْٓ

कि	तू तकब्बुर करे	इस में (यहां)	पस निकल जा	बेशक तू	से	ज़लील (जमा)	13	वह बोला	मुझे मोहलत दे

اِلٰى يَوْمِ يُبْعَثُوْنَ ﴿١٤﴾ قَالَ اِنَّكَ مِنَ الْمُنْظَرِيْنَ ﴿١٥﴾ قَالَ فَبِمَآ اَغْوَيْتَنِيْ

उस दिन तक	उठाए जाएंगे	14	फ़रमाया	बेशक तू	से	मोहलत मिलने वाले	15	वह बोला	तो जैसे	तू ने मुझे गुमराह किया

لَاَقْعُدَنَّ لَهُمْ صِرَاطَكَ الْمُسْتَقِيْمَ ﴿١٦﴾ ثُمَّ لَاٰتِيَنَّهُمْ مِّنْۢ بَيْنِ اَيْدِيْهِمْ

मैं ज़रूर बैठूंगा	उन के लिए	तेरा रास्ता	सीधा	16	फिर	मैं ज़रूर उन तक आऊंगा	से	उन के सामने

وَمِنْ خَلْفِهِمْ وَعَنْ اَيْمَانِهِمْ وَعَنْ شَمَآئِلِهِمْ ۭ وَلَا تَجِدُ اَكْثَرَهُمْ

और पीछे से उन के	और से	उन के दाएं	और से	उन के बाएं	और तू न पाएगा	उन के अक्सर

شٰكِرِيْنَ ﴿١٧﴾ قَالَ اخْرُجْ مِنْهَا مَذْءُوْمًا مَّدْحُوْرًا ۭ لَمَنْ تَبِعَكَ مِنْهُمْ

शुक्र करने वाले	17	फ़रमाया	निकल जा	यहां से	ज़लील	मर्दूद हो कर	अलबत्ता जो	तेरे पीछे लगा	उन से

لَاَمْلَئَنَّ جَهَنَّمَ مِنْكُمْ اَجْمَعِيْنَ ﴿١٨﴾ وَيٰٓاٰدَمُ اسْكُنْ اَنْتَ وَزَوْجُكَ الْجَنَّةَ

ज़रूर भर दूंगा	जहन्नम	तुम से	सब	18	और ऐ आदम (अ)	रहो	तू	और तेरी बीवी	जन्नत

فَكُلَا مِنْ حَيْثُ شِئْتُمَا وَلَا تَقْرَبَا هٰذِهِ الشَّجَرَةَ فَتَكُوْنَا مِنَ

तुम दोनों खाओ	जहां से	तुम चाहो	और क़रीब न जाना	उस	दरख़्त	पस हो जाओगे	से

الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٩﴾ فَوَسْوَسَ لَهُمَا الشَّيْطٰنُ لِيُبْدِيَ لَهُمَا مَاوٗرِيَ عَنْهُمَا مِنْ

ज़ालिम (जमा)	19	पस वस्वसा डाला	उन के लिए	शैतान	ताकि ज़ाहिर कर दे	उन के लिए	जो पोशीदा थीं	उन से	से

سَوْاٰتِهِمَا وَقَالَ مَا نَهٰىكُمَا رَبُّكُمَا عَنْ هٰذِهِ الشَّجَرَةِ اِلَّآ اَنْ تَكُوْنَا

उन की सत्र की चीज़ें	और वह बोला	नहीं	तुम्हें मना किया	तुम्हारा रब	से	उस	दरख़्त	मगर	इस लिए कि	तुम हो जाओ

مَلَكَيْنِ اَوْ تَكُوْنَا مِنَ الْخٰلِدِيْنَ ﴿٢٠﴾ وَقَاسَمَهُمَآ اِنِّيْ لَكُمَا لَمِنَ

फ़रिश्ते	या हो जाओ	से	हमेशा रहने वाले	20	और उन से क़सम खागया	मैं बेशक	तुम्हारे लिए	अलबत्ता- से

النّٰصِحِيْنَ ﴿٢١﴾ فَدَلّٰىهُمَا بِغُرُوْرٍ ۚ فَلَمَّا ذَاقَا الشَّجَرَةَ بَدَتْ لَهُمَا سَوْاٰتُهُمَا

ख़ैर ख़ाह (जमा)	21	पस उन को माइल कर लिया	धोके से	पस जब	उन दोनों ने चखा	दरख़्त	खुल गईं	उन के लिए	उन की सत्र की चीज़ें

وَطَفِقَا يَخْصِفٰنِ عَلَيْهِمَا مِنْ وَّرَقِ الْجَنَّةِ ۭ وَنَادٰىهُمَا رَبُّهُمَآ اَلَمْ اَنْهَكُمَا

और लगे	जोड़ जोड़ कर रखने	अपने ऊपर	से	पत्ते	जन्नत	और उन्हें पुकारा	उन का रब	क्या तुम्हें मना न किया था

عَنْ تِلْكُمَا الشَّجَرَةِ وَاَقُلْ لَّكُمَآ اِنَّ الشَّيْطٰنَ لَكُمَا عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ﴿٢٢﴾

उस से मुतअ़ल्लिक़	दरख़्त	और कहा	तुम से	बेशक	शैतान	तुम्हारा	दुश्मन	खुला	22

उस ने फ़रमाया जब मैं ने तुझे हुक्म दिया तो तुझे किस ने मना किया कि तू सिज्दा न करे? वह बोला मैं उस से बेहतर हूँ, तू ने मुझे आग से पैदा किया और उसे मिट्टी से पैदा किया। (12)
फ़रमाया पस तू यहां से उतर जा, तेरे लिए (लाइक़) नहीं कि तू गुरूर ओ तकब्बुर करे यहां, पस निकल जा, बेशक तू ज़लीलों में से है। (13)
वह बोला मुझे उस दिन तक मोहलत दे (जिस दिन मुर्दे) उठाए जाएंगे। (14)
फ़रमाया बेशक तू मोहलत मिलने वालों में से है (तुझे मोहलत दी गई) (15)
वह बोला जैसे तू ने मेरे गुमराह (होने का फ़ैसला) किया है। मैं ज़रूर बैठूँगा उन के लिए (गुमराह करने के लिए) तेरे सीधे रास्ते पर। (16)
फिर मैं उन तक ज़रूर आऊँगा उन के सामने से और उन के पीछे से, और उन के दाएं से और उन के बाएं से, और तू उन में से अक्सर को शुक्र करने वाले न पाएगा। (17)
फ़रमाया यहां से निकल जा ज़लील मर्दूद हो कर। उन में से जो तेरे पीछे लगा, अलबत्ता मैं ज़रूर जहन्नम को भर दूंगा तुम सब से। (18)
ऐ आदम (अ)! तुम और तुम्हारी बीवी (हव्वा) जन्नत में रहो, पस खाओ जहां से तुम चाहो और उस दरख़्त के क़रीब न जाना, (अगर ऐसा करोगे) तो ज़ालिमों में से हो जाओगे। (19)
पस वस्वसा डाला शैतान ने उन के लिए (उन के दिल में) ताकि उन के सत्र की चीज़े जो उन से पोशीदा थीं उन के लिए ज़ाहिर कर दे, और बोला तुम्हारे रब ने तुम्हें उस दरख़्त से मना नहीं किया मगर इस लिए कि (कहीं) तुम फ़रिश्ते हो जाओ या हो जाओ हमेशा रहने वालों में से। (20)
और उन से क़सम खागया कि मैं बेशक तुम्हारे लिए ख़ैर ख़ाहों से हूँ। (21)
पस उस ने उन को माइल कर लिया धोके से, पस जब उन्हों ने दरख़्त चखा तो उन के लिए उन की सत्र की चीज़े खुल गईं और वह अपने ऊपर जोड़ जोड़ कर रखने लगे (सत्र छुपाने के लिए) जन्नत के पत्ते, और उन के रब ने उन्हें पुकारा क्या मैं ने तुम्हें उस दरख़्त से मना नहीं किया था? और कहा था तुम्हें कि बेशक शैतान तुम्हारा खुला दुश्मन है। (22)

उन दोनों ने कहा ऐ हमारे रब! हम ने अपने ऊपर ज़ुल्म किया, और अगर तू ने हमें न बख़्शा और हम पर रहम न किया तो हम ज़रूर ख़सारा पाने वालों में से हो जाएंगे। (23)

फ़रमाया तुम उतरो, तुम में से बाज़ बाज़ के दुश्मन हैं, और तुम्हारे लिए ज़मीन में एक वक़्त (मुऐयन) तक ठिकाना और सामाने ज़ीस्त है। (24)

फ़रमाया उस में तुम जियोगे और उस में तुम मरोगे और उसी से तुम निकाले जाओगे। (25)

ऐ औलादे आदम (अ)! हम ने तुम पर उतारा लिबास जो ढांके तुम्हारे सत्र और (मौजिबे) ज़ीनत हो, और परहेज़गारी का लिबास सब से बेहतर है, यह (लिबास) अल्लाह की निशानियों में से है ताकि वह ग़ौर करें। (26)

ऐ औलादे आदम (अ)! कहीं शैतान तुम्हें बहका न दे, जैसे उस ने निकाला तुम्हारे माँ बाप (आदम ओ हव्वा) को जन्नत से, उन के लिबास उतरवा दिए ताकि उन के सत्र ज़ाहिर कर दे, बेशक तुम्हें देखता है वह और उस का क़बीला उस जगह से जहां तुम उन्हें नहीं देखते, बेशक हम ने शैतानों को उन लोगों का रफ़ीक़ बना दिया जो ईमान नहीं लाते। (27)

और जब वह बेहयाई करें तो कहें हम ने अपने बाप दादा को उस पर पाया है और अल्लाह ने हमें हुक्म दिया है उस का, आप (स) फ़रमा दें, बेशक अल्लाह बेहयाई का हुक्म नहीं देता, क्या तुम अल्लाह पर (वह बात) लगाते हो जो तुम नहीं जानते। (28)

आप (स) फ़रमा दें मेरे रब ने मुझे इनसाफ़ का हुक्म दिया है, और अपने चहरे हर नमाज़ के वक़्त सीधे करो, और उसे पुकारो ख़ालिस उस के हुक्म के फ़रमांबरदार हो कर, जैसे तुम्हें (पहले) पैदा किया तुम दोबारा भी (पैदा किए जाओगे)। (29)

एक फ़रीक़ को हिदायत दी और एक फ़रीक़ पर गुमराही साबित हो गई, बेशक उन्हों ने अल्लाह के सिवा शैतानों को अपना रफ़ीक़ बना लिया है और समझते हैं कि वह बेशक हिदायत पर हैं। (30)

قَالَا رَبَّنَا ظَلَمْنَآ اَنْفُسَنَا ٚ وَاِنْ لَّمْ تَغْفِرْ لَنَا وَتَرْحَمْنَا لَنَكُوْنَنَّ مِنَ

से	हम ज़रूर हो जाएंगे	और हम पर रहम (न) किया	न बख़्शा तू ने हमें	और अगर	अपने ऊपर	हम ने ज़ुल्म किया	ऐ हमारे रब	उन दोनों ने कहा

الْخٰسِرِيْنَ ﴿٢٣﴾ قَالَ اهْبِطُوْا بَعْضُكُمْ لِبَعْضٍ عَدُوٌّ ۚ وَلَكُمْ فِى الْاَرْضِ

ज़मीन में	और तुम्हारे लिए	दुश्मन	बाज़	तुम में से बाज़	उतरो	फ़रमाया	23	ख़सारा पाने वाले

مُسْتَقَرٌّ وَّمَتَاعٌ اِلٰى حِيْنٍ ﴿٢٤﴾ قَالَ فِيْهَا تَحْيَوْنَ وَفِيْهَا

और उस में	तुम जियोगे	उस में	फ़रमाया	24	एक वक़्त तक	और सामान	ठिकाना

تَمُوْتُوْنَ وَمِنْهَا تُخْرَجُوْنَ ﴿٢٥﴾ع يٰبَنِىْٓ اٰدَمَ قَدْ اَنْزَلْنَا عَلَيْكُمْ لِبَاسًا ع ٢ ١٥ ٩

लिबास	तुम पर	हम ने उतारा	ऐ औलादे आदम (अ)	25	तुम निकाले जाओगे	और उस से	तुम मरोगे

يُّوَارِىْ سَوْاٰتِكُمْ وَرِيْشًا ؕ وَلِبَاسُ التَّقْوٰى ذٰلِكَ خَيْرٌ ؕ ذٰلِكَ مِنْ

से	यह	बेहतर	यह	परहेज़गारी	और लिबास	और ज़ीनत	तुम्हारे सत्र	ढांके

اٰيٰتِ اللّٰهِ لَعَلَّهُمْ يَذَّكَّرُوْنَ ﴿٢٦﴾ يٰبَنِىْٓ اٰدَمَ لَا يَفْتِنَنَّكُمُ الشَّيْطٰنُ

शैतान	न बहका दे तुम्हें	ऐ औलादे आदम (अ)	26	वह ग़ौर करें	ताकि वह	अल्लाह की निशानियां

كَمَآ اَخْرَجَ اَبَوَيْكُمْ مِّنَ الْجَنَّةِ يَنْزِعُ عَنْهُمَا لِبَاسَهُمَا لِيُرِيَهُمَا سَوْاٰتِهِمَا ؕ

उन के सत्र	ताकि ज़ाहिर कर दे	उन के लिबास	उन से	उतरवा दिए	जन्नत	से	तुम्हारे माँ बाप	उस ने निकाला	जैसे

اِنَّهٗ يَرٰىكُمْ هُوَ وَقَبِيْلُهٗ مِنْ حَيْثُ لَا تَرَوْنَهُمْ ؕ اِنَّا جَعَلْنَا الشَّيٰطِيْنَ

शैतान (जमा)	बेशक हम ने बनाया	तुम उन्हें नहीं देखते	जहां	से	और उस का क़बीला	वह	तुम्हें देखता है वह	बेशक

اَوْلِيَآءَ لِلَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٢٧﴾ وَاِذَا فَعَلُوْا فَاحِشَةً قَالُوْا وَجَدْنَا

हम ने पाया	कहें	कोई बेहयाई	वह करें	और जब	27	ईमान नहीं लाते	उन लोगों के लिए	दोस्त-रफ़ीक़

عَلَيْهَآ اٰبَآءَنَا وَاللّٰهُ اَمَرَنَا بِهَا ؕ قُلْ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَاْمُرُ بِالْفَحْشَآءِ ؕ

बेहयाई का	हुक्म नहीं देता	बेशक अल्लाह	फ़रमा दें	उस का	हमें हुक्म दिया	और अल्लाह	अपने बाप दादा	इस पर

اَتَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ مَا لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿٢٨﴾ قُلْ اَمَرَ رَبِّىْ بِالْقِسْطِ قف

इन्साफ़ का	मेरा रब	हुक्म दिया	फ़रमा दें	28	तुम नहीं जानते	जो	अल्लाह पर	क्या तुम कहते हो (लगाते हो)

وَاَقِيْمُوْا وُجُوْهَكُمْ عِنْدَ كُلِّ مَسْجِدٍ وَّادْعُوْهُ مُخْلِصِيْنَ

ख़ालिस हो कर	और पुकारो	हर मस्जिद (नमाज़)	नज़दीक (वक़्त)	अपने चहरे	और क़ाइम करो (सीधे करो)

لَهُ الدِّيْنَ ۬ؕ كَمَا بَدَاَكُمْ تَعُوْدُوْنَ ﴿٢٩﴾ؕ فَرِيْقًا هَدٰى

उस ने हिदायत दी	एक फ़रीक़	29	दोबारा (पैदा) होगे	तुम्हारी इब्तिदा की (पैदा किया)	जैसे	दीन (हुक्म)	उस के लिए

وَفَرِيْقًا حَقَّ عَلَيْهِمُ الضَّلٰلَةُ ؕ اِنَّهُمُ اتَّخَذُوا الشَّيٰطِيْنَ

शैतान (जमा)	उन्हों ने बना लिया	बेशक वह	गुमराही	उन पर	साबित हो गई	और एक फ़रीक़

اَوْلِيَآءَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَيَحْسَبُوْنَ اَنَّهُمْ مُّهْتَدُوْنَ ﴿٣٠﴾

30	हिदायत पर हैं	कि वह बेशक	और समझते हैं	अल्लाह के सिवा	से	रफ़ीक़

ع ٣ ٦ ١٠

يٰبَنِيْٓ اٰدَمَ خُذُوْا زِيْنَتَكُمْ عِنْدَ كُلِّ مَسْجِدٍ وَّكُلُوْا وَاشْرَبُوْا

ऐ औलादे आदम	लेलो (इख़्तियार करलो)	अपनी ज़ीनत	क़रीब (वक़्त)	हर मस्जिद (नमाज़)	और खाओ	और पियो

وَلَا تُسْرِفُوْا ۚ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُسْرِفِيْنَ ﴿٣١﴾ قُلْ مَنْ حَرَّمَ زِيْنَةَ اللّٰهِ

और बेजा ख़र्च न करो	बेशक वह	दोस्त नहीं रखता	फ़ुज़ूल ख़र्च करने वाले	31	फ़रमा दें	किस	हराम किया	अल्लाह की ज़ीनत

الَّتِيْٓ اَخْرَجَ لِعِبَادِهٖ وَالطَّيِّبٰتِ مِنَ الرِّزْقِ ۭ قُلْ هِيَ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

जो कि	उस ने निकाली	अपने बन्दों के लिए	और पाक	से	रिज़्क़	फ़रमा दें	यह	उन लोगों के लिए जो	ईमान लाए

فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا خَالِصَةً يَّوْمَ الْقِيٰمَةِ ۭ كَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ

ज़िन्दगी में	दुनिया	ख़ालिस तौर पर	क़ियामत के दिन	इसी तरह	हम खोल कर बयान करते हैं	आयतें	गिरोह के लिए

يَّعْلَمُوْنَ ﴿٣٢﴾ قُلْ اِنَّمَا حَرَّمَ رَبِّيَ الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ

वह जानते हैं	32	फ़रमा दें	सिर्फ़ (तो)	हराम किया	मेरा रब	बेहयाई	जो	ज़ाहिर हैं	उन से	और जो	पोशीदा

وَالْاِثْمَ وَالْبَغْيَ بِغَيْرِ الْحَقِّ وَاَنْ تُشْرِكُوْا بِاللّٰهِ مَا لَمْ يُنَزِّلْ بِهٖ سُلْطٰنًا

और गुनाह	और सरकशी	नाहक़ को	और यह कि	तुम शरीक करो	अल्लाह के साथ	जो-जिस	नहीं नाज़िल की	उस की	कोई सनद

وَّاَنْ تَقُوْلُوْا عَلَى اللّٰهِ مَا لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿٣٣﴾ وَلِكُلِّ اُمَّةٍ اَجَلٌ ۚ فَاِذَا جَاۗءَ

और यह कि	तुम कहो (लगाओ)	अल्लाह पर	जो	तुम नहीं जानते	33	और हर उम्मत के लिए	एक मुद्दत मुक़र्रर	पस जब	आएगा

اَجَلُهُمْ لَا يَسْتَاْخِرُوْنَ سَاعَةً وَّلَا يَسْتَقْدِمُوْنَ ﴿٣٤﴾ يٰبَنِيْٓ اٰدَمَ اِمَّا

उन का मुक़र्ररा वक़्त	न वह पीछे हो सकेंगे	एक घड़ी	और न	आगे बढ़ सकेंगे	34	ऐ औलादे आदम	अगर

يَاْتِيَنَّكُمْ رُسُلٌ مِّنْكُمْ يَقُصُّوْنَ عَلَيْكُمْ اٰيٰتِيْ ۙ فَمَنِ اتَّقٰى وَاَصْلَحَ

तुम्हारे पास आएं	रसूल	तुम में से	बयान करें (सुनाएं)	तुम पर (तुम्हें)	मेरी आयात	तो जो	डरा	और इस्लाह कर ली

فَلَا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَالَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا

कोई ख़ौफ़ नहीं	उन पर	और न	वह	ग़मगीन होंगे	35	और वह लोग जो	झुटलाया	हमारी आयात को

وَاسْتَكْبَرُوْا عَنْهَآ اُولٰۗىِٕكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ۚ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿٣٦﴾ فَمَنْ

और तकब्बुर किया	उन से	यही लोग	दोज़ख़ वाले	वह	उस में	हमेशा रहेंगे	36	पस कौन

اَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اَوْ كَذَّبَ بِاٰيٰتِهٖ ۭ اُولٰۗىِٕكَ

बड़ा ज़ालिम	उस से जो	बुहतान बान्धे	अल्लाह पर	झूट	या झुटलाया	उस की आयतों को	यही लोग

يَنَالُهُمْ نَصِيْبُهُمْ مِّنَ الْكِتٰبِ ۭ حَتّٰٓي اِذَا جَاۗءَتْهُمْ رُسُلُنَا

उन्हें पहुँचेगा	उन का नसीब (हिस्सा)	से	किताब (लिखा हुआ)	यहां तक कि	जब	उन के पास आएंगे	हमारे भेजे हुए

يَتَوَفَّوْنَهُمْ ۙ قَالُوْٓا اَيْنَ مَا كُنْتُمْ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ۭ

उन की जान निकालने	वह कहेंगे	कहां जो	तुम थे	पुकारते	से	अल्लाह के सिवा

قَالُوْا ضَلُّوْا عَنَّا وَشَهِدُوْا عَلٰٓي اَنْفُسِهِمْ اَنَّهُمْ كَانُوْا كٰفِرِيْنَ ﴿٣٧﴾

वह कहेंगे	वह गुम हो गए	हम से	और गवाही देंगे	पर	अपनी जानें	कि वह	काफ़िर थे	37

ऐ औलादे आदम (अ)! अपनी ज़ीनत हर नमाज़ के वक़्त इख़्तियार करो और खाओ और पियो और बेजा ख़र्च न करो, बेशक अल्लाह फ़ुज़ूल ख़र्च करने वालों को दोस्त नहीं रखता। (31)
आप (स) फ़रमा दें किस ने हराम की है अल्लाह की (वह) ज़ीनत जो उस ने अपने बन्दों के लिए निकाली (पैदा) की है, और पाक रिज़्क़, आप (स) फ़रमा दें यह दुनिया की ज़िन्दगी में उन लोगों के लिए है जो ईमान लाए और ख़ालिस तौर पर क़ियामत के दिन (उन्हीं का हिस्सा है), इसी तरह हम आयतें खोल कर बयान करते हैं उस गिरोह के लिए जो जानते हैं। (32)
आप फ़रमा दें मेरे रब ने तो हराम क़रार दिया है बेहयाइयों को, उन में जो ज़ाहिर हैं और जो पोशीदा हैं, और गुनाह और सरकशी नाहक़ को, और यह कि तुम अल्लाह के साथ शरीक करो जिस की उस ने कोई सनद नहीं उतारी और यह कि तुम अल्लाह पर लगाओ (वह बात) जो तुम नहीं जानते। (33)
और हर उम्मत के लिए एक मुद्दत मुक़र्रर है, पस जब उन का मुक़र्ररा वक़्त आजाएगा तो न वह पीछे हो सकेंगे एक घड़ी और न आगे बढ़ सकेंगे। (34)
ऐ औलादे आदम (अ)! अगर तुम्हारे पास तुम ही से मेरे रसूल आएं, सुनाएं तुम्हें मेरी आयात तो जो डरा और उस ने इस्लाह कर ली, उन पर न कोई ख़ौफ़ होगा और न वह ग़मगीन होंगे। (35)
और जिन लोगों ने हमारी आयात को झुटलाया और उन से तकब्बुर किया यही लोग दोज़ख़ वाले हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। (36)
पस उस से बड़ा ज़ालिम कौन जिस ने अल्लाह पर झूट बुहतान बान्धा या उस की आयतों को झुटलाया, यही वह लोग हैं जिन्हें उन का हिस्सा किताब (लौहे महफ़ूज़) में लिखा हुआ पहुँचेगा, यहां तक जब हमारे भेजे हुए (फ़रिश्ते) उन के पास उन की जान निकालने आएंगे वह कहेंगे कहां हैं वह जिन को तुम अल्लाह के सिवा पुकारते थे? वह (जवाब में) कहेंगे वह हम से गुम हो गए, और वह अपनी जानों पर (अपने ख़िलाफ़) गवाही देंगे कि वह काफ़िर थे। (37)

قَالَ ادْخُلُوْا فِيْٓ اُمَمٍ قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِكُمْ مِّنَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ

और इन्सान	जिन्नात	से	तुम से क़ब्ल	गुज़र चुकीं	उम्मतों में (हमराह)	तुम दाख़िल हो जाओ	फ़रमाएगा

فِي النَّارِ ۭ كُلَّمَا دَخَلَتْ اُمَّةٌ لَّعَنَتْ اُخْتَهَا ۭ حَتّٰٓى اِذَا ادَّارَكُوْا فِيْهَا

उस में	मिल जाएंगे	जब	यहां तक	अपनी साथी	लानत करेगी	कोई उम्मत	दाख़िल होगी	जब भी	आग (दोज़ख़) में

جَمِيْعًا ۙ قَالَتْ اُخْرٰىهُمْ لِاُوْلٰىهُمْ رَبَّنَا هٰٓؤُلَاۗءِ اَضَلُّوْنَا فَاٰتِهِمْ

पस दे उन को	उन्हों ने हमें गुमराह किया	यह हैं	ऐ हमारे रब	अपने पहलों के बारे में	उन की पिछली क़ौम	कहेगी	सब

عَذَابًا ضِعْفًا مِّنَ النَّارِ ڛ قَالَ لِكُلٍّ ضِعْفٌ وَّلٰكِنْ لَّا تَعْلَمُوْنَ ٣٨

38	तुम जानते	नहीं	और लेकिन	दो गुना	हर एक के लिए	फ़रमाएगा	आग का	दो गुना	अज़ाब

وَقَالَتْ اُوْلٰىهُمْ لِاُخْرٰىهُمْ فَمَا كَانَ لَكُمْ عَلَيْنَا مِنْ فَضْلٍ

कोई बड़ाई	हम पर	है तुम्हें	पस नहीं	अपने पिछलों को	उन के पहले	और कहेंगे

فَذُوْقُوا الْعَذَابَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْسِبُوْنَ ٣٩ ع اِنَّ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا ع ٨ ١١

झुटलाया	वह लोग जो	बेशक	39	तुम कमाते थे (करते थे)	उस का बदला	अज़ाब	चखो

بِاٰيٰتِنَا وَاسْتَكْبَرُوْا عَنْهَا لَا تُفَتَّحُ لَهُمْ اَبْوَابُ السَّمَاۗءِ وَلَا

और न	आस्मान	दरवाज़े	उन के लिए	न खोले जाएंगे	उन से	और तकब्बुर किया उन्हों ने	हमारी आयतों को

يَدْخُلُوْنَ الْجَنَّةَ حَتّٰي يَلِجَ الْجَمَلُ فِيْ سَمِّ الْخِيَاطِ ۭ وَكَذٰلِكَ

और इसी तरह	सुई	नाका	में	ऊँट	दाख़िल होजाए	यहां तक (जब तक)	जन्नत	दाख़िल होंगे

نَجْزِي الْمُجْرِمِيْنَ ٤٠ لَهُمْ مِّنْ جَهَنَّمَ مِهَادٌ وَّمِنْ فَوْقِهِمْ غَوَاشٍ ۭ

ओढ़ना	उन के ऊपर	और से	बिछौना	जहन्नम का	उन के लिए	40	मुजरिम (जमा)	हम बदला देते हैं

وَكَذٰلِكَ نَجْزِي الظّٰلِمِيْنَ ٤١ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ

अच्छे	और उन्हों ने अमल किए	ईमान लाए	और जो लोग	41	ज़ालिम (जमा)	हम बदला देते हैं	और इसी तरह

لَا نُكَلِّفُ نَفْسًا اِلَّا وُسْعَهَآ ۡ اُولٰۗىِٕكَ اَصْحٰبُ الْجَنَّةِ ۚ هُمْ فِيْهَا

उस में	वह	जन्नत वाले	यही लोग	उस की वुस्अ़त	मगर	किसी पर	हम बोझ नहीं डालते

خٰلِدُوْنَ ٤٢ وَنَزَعْنَا مَا فِيْ صُدُوْرِهِمْ مِّنْ غِلٍّ تَجْرِيْ مِنْ

से	बहती हैं	कीने	उन के सीने	में	जो	और खींच लिए हम ने	42	हमेशा रहेंगे

تَحْتِهِمُ الْاَنْھٰرُ ۚ وَقَالُوا الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ هَدٰىنَا لِھٰذَا ۣ وَمَا كُنَّا

हम थे	और न	इस की तरफ़	हमारी रहनुमाई की	जिस ने	अल्लाह के लिए	तमाम तारीफ़ें	और वह कहेंगे	नहरें	उन के नीचे

لِنَهْتَدِيَ لَوْلَآ اَنْ هَدٰىنَا اللّٰهُ ۚ لَقَدْ جَاۗءَتْ رُسُلُ رَبِّنَا بِالْحَقِّ

हक़ के साथ	हमारा रब	रसूल	आए	अलबत्ता	अल्लाह	कि हमें हिदायत देता	अगर न	कि हम हिदायत पाते

وَنُوْدُوْٓا اَنْ تِلْكُمُ الْجَنَّةُ اُوْرِثْتُمُوْهَا بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ٤٣ الثلاثة

43	करते थे	तुम थे	सिले में	तुम उस के वारिस होगे	जन्नत	यह कि तुम	कि	और उन्हें निदा दी जाएगी

(अल्लाह) फ़रमाएगा तुम दाख़िल हो जाओ जहन्नम में उन उम्मतों के हमराह जो गुज़र चुकीं तुम से क़ब्ल, जिन्नों और इन्सानों में से, जब कोई उम्मत दाख़िल होगी वह अपनी साथी (पहली उम्मत) पर लानत करेगी, यहां तक कि जब सब उस मे दाख़िल हो जाएंगें तो उन के पिछले अपने पहलों के बारे में कहेंगे, ऐ हमारे रब! यह हैं जिन्हों ने हम को गुमराह किया, पस उन्हें आग का दो गुना अ़ज़ाब दे। (अल्लाह तआ़ला) फ़रमाएगा हर एक के लिए दो गुना है, लेकिन तुम जानते नहीं। **(38)**

और उन के पहले अपने पिछलों को कहेंगे, तुम्हें हम पर कोई बड़ाई नहीं, लिहाज़ा चखो अ़ज़ाब उस के बदले जो तुम करते थे। **(39)**

बेशक जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुटलाया और उन से तकब्बुर किया, उन के लिए आस्मान के दरवाज़े न खोले जाएंगे और जन्नत में दाख़िल न होंगे जब तक ऊँट दाख़िल (न) हो जाए सुई के नाके में (जो मुमकिन नहीं), इसी तरह हम मुज्रिमों को बदला देते हैं। **(40)**

उन के लिए जहन्नम का बिछौना है ओर उन के ऊपर से (जहन्नम ही का) ओढ़ना है, इसी तरह हम ज़ालिमों को बदला देते हैं। **(41)**

और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए, हम किसी पर बोझ नहीं डालते मगर उस की बिसात के मुताबिक़, यही लोग जन्नत वाले हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। **(42)**

और हम ने उन के सीनों से कीने खींच लिए, उन (जन्नतों) के नीचे नहरें बहती हैं, और वह कहेंगे तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं जिस ने हमें इस की तरफ़ रहनुमाई की, और अगर अल्लाह हमें हिदायत न देता (रहनुमाई न फ़रमाता) तो हम हिदायत पाने वाले न थे। अलबत्ता हमारे रब के रसूल हक़ के साथ आए, और उन्हें निदा दी जाएगी कि तुम इस जन्नत के वारिस बनाए गए (उन आमाल के) सिले में जो तुम करते थे। **(43)**

وَنَادٰۤى اَصۡحٰبُ الۡجَنَّةِ اَصۡحٰبَ النَّارِ اَنۡ قَدۡ وَجَدۡنَا مَا وَعَدَنَا

हम से वादा किया	जो	तहक़ीक़ हम ने पा लिया	कि	दोज़ख़ वालों को	जन्नत वाले	और पुकारेंगे

رَبُّنَا حَقًّا فَهَلۡ وَجَدۡتُّمۡ مَّا وَعَدَ رَبُّكُمۡ حَقًّا ؕ قَالُوۡا نَعَمۡ ۚ فَاَذَّنَ

तो पुकारेगा	हाँ	वह कहेंगे	सच्चा	तुम्हारा रब	जो वादा किया	तुम ने पाया	तो क्या	सच्चा	हमारा रब

مُؤَذِّنٌۢ بَيۡنَهُمۡ اَنۡ لَّعۡنَةُ اللّٰهِ عَلَى الظّٰلِمِيۡنَ ﴿۴۴﴾ الَّذِيۡنَ يَصُدُّوۡنَ

रोकते थे	जो लोग	44	ज़ालिम (जमा)	पर	अल्लाह की लानत	कि	उन के दरमियान	एक पुकारने वाला

وقف لازم

عَنۡ سَبِيۡلِ اللّٰهِ وَيَبۡغُوۡنَهَا عِوَجًا ۚ وَهُمۡ بِالۡاٰخِرَةِ كٰفِرُوۡنَ ﴿۴۵﴾

45	काफ़िर (जमा)	आख़िरत के	और वह	कजी	और उस में तलाश करते थे	अल्लाह का रास्ता	से

وَبَيۡنَهُمَا حِجَابٌ ۚ وَعَلَى الۡاَعۡرَافِ رِجَالٌ يَّعۡرِفُوۡنَ كُلًّاۢ بِسِيۡمٰٮهُمۡ ۚ وَنَادَوۡا

और पुकारेंगे	उन की पेशानी से	हर एक	पहचान लेंगे	कुछ आदमी	आराफ़	और पर	एक हिजाब	और उन के दरमियान

اَصۡحٰبَ الۡجَنَّةِ اَنۡ سَلٰمٌ عَلَيۡكُمۡ ۟ لَمۡ يَدۡخُلُوۡهَا وَهُمۡ يَطۡمَعُوۡنَ ﴿۴۶﴾

46	उम्मीदवार हैं	और वह	वह उस में दाख़िल नहीं हुए	तुम पर	सलाम	कि	जन्नत वाले

وَاِذَا صُرِفَتۡ اَبۡصَارُهُمۡ تِلۡقَآءَ اَصۡحٰبِ النَّارِ ۙ قَالُوۡا رَبَّنَا لَا تَجۡعَلۡنَا

हमें न कर	ऐ हमारे रब	कहेंगे	दोज़ख़ वाले	तरफ़	उन की निगाहें	फिरेंगी	और जब

ع ۸ ۵ ۱۲

مَعَ الۡقَوۡمِ الظّٰلِمِيۡنَ ﴿۴۷﴾ وَنَادٰۤى اَصۡحٰبُ الۡاَعۡرَافِ رِجَالًا يَّعۡرِفُوۡنَهُمۡ

वह उन्हें पहचान लेंगे	कुछ आदमी	आराफ़ वाले	और पुकारेंगे	47	ज़ालिम (जमा)	लोग	साथ

بِسِيۡمٰٮهُمۡ قَالُوۡا مَاۤ اَغۡنٰى عَنۡكُمۡ جَمۡعُكُمۡ وَمَا كُنۡتُمۡ تَسۡتَكۡبِرُوۡنَ ﴿۴۸﴾

48	तुम तकब्बुर करते थे	और जो	तुम्हारा जत्था	तुम्हें	न फ़ाइदा दिया	वह कहेंगे	उन की पेशानी से

اَهٰٓؤُلَاۤءِ الَّذِيۡنَ اَقۡسَمۡتُمۡ لَا يَنَالُهُمُ اللّٰهُ بِرَحۡمَةٍ ؕ

अपनी कोई रहमत	अल्लाह	उन्हें न पहुँचाएगा	तुम क़सम खाते थे	वह जो कि	क्या अब यह वही

اُدۡخُلُوا الۡجَنَّةَ لَا خَوۡفٌ عَلَيۡكُمۡ وَلَاۤ اَنۡتُمۡ تَحۡزَنُوۡنَ ﴿۴۹﴾ وَنَادٰۤى

और पुकारेंगे	49	ग़मगीन होगे	तुम	और न	तुम पर	कोई ख़ौफ़	न	जन्नत	तुम दाख़िल हो जाओ

اَصۡحٰبُ النَّارِ اَصۡحٰبَ الۡجَنَّةِ اَنۡ اَفِيۡضُوۡا عَلَيۡنَا مِنَ الۡمَآءِ اَوۡ مِمَّا

उस से जो	या	पानी	से	हम पर	बहाओ (पहुँचाओ)	कि	जन्नत वाले	दोज़ख़ वाले

رَزَقَكُمُ اللّٰهُ ؕ قَالُوۡۤا اِنَّ اللّٰهَ حَرَّمَهُمَا عَلَى الۡكٰفِرِيۡنَ ﴿۵۰﴾ الَّذِيۡنَ

वह लोग जो	50	काफ़िर (जमा)	पर	उसे हराम कर दिया	बेशक अल्लाह	वह कहेंगे	अल्लाह	तुम्हें दिया

اتَّخَذُوۡا دِيۡنَهُمۡ لَهۡوًا وَّلَعِبًا وَّغَرَّتۡهُمُ الۡحَيٰوةُ الدُّنۡيَا ۚ فَالۡيَوۡمَ

पस आज	दुनिया	ज़िन्दगी	और उन्हें धोके में डाल दिया	और कूद	खेल	अपना दीन	उन्हों ने बना लिया

نَنۡسٰٮهُمۡ كَمَا نَسُوۡا لِقَآءَ يَوۡمِهِمۡ هٰذَا ۙ وَمَا كَانُوۡا بِاٰيٰتِنَا يَجۡحَدُوۡنَ ﴿۵۱﴾

51	इन्कार करते	हमारी आयतों से	और जैसे-थे	यह-इस	उन का दिन	मिलना	जैसे उन्हों ने भुलाया	हम उन्हें भुलादेंगे

और जन्नत वाले दोज़ख़ वालों को पुकारेंगे कि तहक़ीक़ हम ने पालिया जो हम से वादा किया था हमारे रब ने सच्चा, तुम से तुम्हारे रब ने जो वादा किया था क्या तुम ने भी पालिया सच्चा? वह कहेंगे हाँ! तो एक पुकारने वाला पुकारेगा उन के दरमियान कि (उन) ज़ालिमों पर अल्लाह की लानत। (44)

जो लोग अल्लाह के रास्ते से रोकते थे और उस में कजी तलाश करते थे, और वह आख़िरत के काफ़िर (मुन्किर) थे। (45)

और उन के दरमियान एक हिजाब (पर्दा) है, आराफ़ पर कुछ आदमी होंगे, वह हर एक को उस की पेशानी से पहचान लेंगे, और जन्नत वालों को पुकारेंगे कि सलाम हो तुम पर, वह (आराफ़ वाले) जन्नत में दाख़िल नहीं हुए, और वह उम्मीदवार हैं। (46)

और जब उन की निगाहें फिरेंगी दोज़ख़ वालों की तरफ़ तो कहेंगे ऐ हमारे रब! हमें ज़ालिमों के साथ न कर। (47)

और पुकारेंगे आराफ़ वाले कुछ आदमियों को कि उन्हें उन की पेशानी से पहचान लेंगे, वह कहेंगे तुम्हें कुछ फ़ाइदा न दिया तुम्हारे जत्थे ने और जिन पर तुम तकब्बुर करते थे। (48)

क्या अब यह वही लोग नहीं हैं कि तुम क़सम खाया करते थे कि अल्लाह उन्हें अपनी कोई रहमत न पहुँचाएगा, आज उन्हें से कहा गया कि तुम जन्नत में दाख़िल हो जाओ, न तुम पर कोई ख़ौफ़ है न तुम ग़मगीन होगे। (49)

और दोज़ख़ वाले पुकारेंगे जन्नत वालों को कि हम पर (थोड़ा) पानी बहाओ (पहुँचाओ) या उस में से (कुछ) जो अल्लाह ने तुम्हें दिया है, वह कहेंगे बेशक अल्लाह ने यह काफ़िरों पर हराम कर दिया है। (50)

जिन्हों ने अपने दीन को खेल कूद बना लिया और दुनिया की ज़िन्दगी ने उन्हें धोके में डाल दिया, पस आज हम उन्हें भुलादेंगे जैसे उन्हों ने (आज के) इस दिन का मिलना फ़रामोश कर दिया था, और जैसे हमारी आयतों से इन्कार करते थे। (51)

और हम उन के पास एक किताब लाए जिसे हम ने तफ़सील से बयान किया इल्म (की बुन्याद) पर ईमान लाने वाले लोगों के लिए हिदायत और रहमत। (52)

क्या वह यही इन्तिज़ार कर रहे हैं कि उस का कहा हुआ पूरा हो जाए, जिस दिन उस का कहा हुआ हो जाएगा, तो वह लोग जिन्हों ने उसे पहले भुला दिया था वह कहेंगे, बेशक हमारे रब के रसूल हक़ बात लाए थे, तो क्या हमारे लिए कोई सिफ़ारिश करने वाले हैं कि हमारी सिफ़ारिश करें, या हम (दुनिया) में लौटाए जाएं कि हम उस के ख़िलाफ़ अ़मल करें जो हम (पहले) करते थे, बेशक उन्हों ने अपनी जानों का (अपना) नुक़्सान किया, और उन से गुम हो गया जो वह झूट घड़ते थे। (53)

बेशक तुम्हारा रब अल्लाह है जिस ने आस्मानों और ज़मीन छः दिन में बनाए, और फिर क़रार फ़रमाया अ़र्श पर, रात को दिन पर ढांक देता है, उस के पीछे (दिन) दौड़ता हुआ आता है, और सूरज और चाँद और सितारे उस के हुक्म से मुसख़्ख़र हैं, याद रखो उसी के लिए है पैदा करना और हुक्म देना, अल्लाह बरकत वाला है सारे जहानों का रब। (54)

अपने रब को पुकारो गिड़ गिड़ा कर और आहिस्ता से, बेशक वह हद से गुज़रने वालों को दोस्त नहीं रखता। (55)

जब मुनाफ़िक़ और वह लोग जिन के दिलों में मरज़ था कहने लगे कि उन्हें (मुसलमानों को) उन के दीन ने ख़ब्त में मुब्तला कर रखा है, और जो अल्लाह पर भरोसा करे तो बेशक अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (49)

और अगर तू देखे जब फ़रिश्ते काफ़िरों की जान निकालते हैं, मारते (जाते) हैं उन के चहरों और उन की पीठों पर और (कहते जाते हैं) दोज़ख़ का अ़ज़ाब चखो। (50)

यह उस का बदला है जो तुम्हारे हाथों ने (आमाल) आगे भेजे हैं और यह कि अल्लाह बन्दों पर ज़ुल्म करने वाला नहीं। (51)

जैसा कि फ़िरऔन वालों का और उन से पहले लोगों का दस्तूर था, उन्हों ने अल्लाह की आयतों का इन्कार किया, और अल्लाह ने उन्हें उन के गुनाहों पर पकड़ा, बेशक अल्लाह कुव्वत वाला सख़्त अ़ज़ाब देने वाला है। (52)

وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَلَا تَنَازَعُوْا فَتَفْشَلُوْا وَتَذْهَبَ

और जाती रहेगी	पस बुज़दिल हो जाओगे	और आपस में झगड़ा न करो	और उस का रसूल	अल्लाह	और इताअ़त करो

رِيْحُكُمْ وَاصْبِرُوْا ؕ اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ ۚ ﴿٤٦﴾ وَلَا تَكُوْنُوْا

और न हो जाना	46	सब्र करने वाले	साथ	बेशक अल्लाह	और सब्र करो	तुम्हारी हवा

كَالَّذِيْنَ خَرَجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ بَطَرًا وَّرِئَآءَ النَّاسِ

लोग	और दिखावा	इतराते	अपने घर	से	निकले	उन की तरह जो

وَيَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا يَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ﴿٤٧﴾

47	अहाता किए हुए	वह करते हैं	से-जो	और अल्लाह	अल्लाह का रास्ता	से	और रोकते

وَاِذْ زَيَّنَ لَهُمُ الشَّيْطٰنُ اَعْمَالَهُمْ وَقَالَ لَا غَالِبَ لَكُمُ

तुम्हारे लिए (तुम पर)	कोई ग़ालिब नहीं	और कहा	उन के काम	शैतान	उन के लिए	ख़ुशनुमा कर दिया	और जब

الْيَوْمَ مِنَ النَّاسِ وَاِنِّيْ جَارٌ لَّكُمْ ۚ فَلَمَّا تَرَآءَتِ الْفِئَتٰنِ

दोनों लशकर	आमने सामने हुए	फिर जब	तुम्हारा	रफ़ीक़	और बेशक मैं	लोग	से	आज

نَكَصَ عَلٰى عَقِبَيْهِ وَقَالَ اِنِّيْ بَرِيْٓءٌ مِّنْكُمْ اِنِّيْٓ اَرٰى مَا لَا

नहीं	जो	देखता हूँ	मैं बेशक	तुम से	जुदा, ला तअ़ल्लुक़	बेशक मैं	और बोला	अपनी एड़ियां	पर	उलटा फिर गया

تَرَوْنَ اِنِّيْٓ اَخَافُ اللّٰهَ ؕ وَاللّٰهُ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٤٨﴾ ع اِذْ يَقُوْلُ ع ٦ ٢

कहने लगे	जब	48	अ़ज़ाब	सख़्त	और अल्लाह	अल्लाह से डरता हूँ	मैं बेशक	तुम देखते

الْمُنٰفِقُوْنَ وَالَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ غَرَّ هٰٓؤُلَآءِ دِيْنُهُمْ ؕ

उन का दीन	उन्हें	धोका दे दिया	मरज़	उन के दिलों में	और वह जो कि	मुनाफ़िक़ (जमा)

وَمَنْ يَّتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ فَاِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٤٩﴾

49	हिक्मत वाला	ग़ालिब	तो बेशक अल्लाह	अल्लाह पर	भरोसा करे	और जो

وَلَوْ تَرٰٓى اِذْ يَتَوَفَّى الَّذِيْنَ كَفَرُوا الْمَلٰٓئِكَةُ يَضْرِبُوْنَ

मारते हैं	फ़रिश्ते	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	जान निकालते हैं	जब	तू देखे	और अगर

وُجُوْهَهُمْ وَاَدْبَارَهُمْ ۚ وَذُوْقُوْا عَذَابَ الْحَرِيْقِ ﴿٥٠﴾ ذٰلِكَ

यह	50	भड़कता हुआ (दोज़ख़)	अ़ज़ाब	और चखो	और उन की पीठ (जमा)	उन के चहरे

بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْكُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ لَيْسَ بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ﴿٥١﴾ ۙ

51	बन्दों पर	ज़ुल्म करने वाला	नहीं	और यह कि अल्लाह	तुम्हारे हाथ	आगे भेजे	बदला जो

كَدَاْبِ اٰلِ فِرْعَوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ

अल्लाह की आयतों का	उन्हों ने इन्कार किया	उन से पहले	और जो लोग	फ़िरऔन वाले	जैसा कि दस्तूर

فَاَخَذَهُمُ اللّٰهُ بِذُنُوْبِهِمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٥٢﴾

52	अ़ज़ाब	सख़्त	कुव्वत वाला	बेशक अल्लाह	उनके गुनाहों पर	तो अल्लाह ने उन्हें पकड़ा

ذٰلِكَ بِاَنَّ اللّٰهَ لَمْ يَكُ مُغَيِّرًا نِّعْمَةً اَنْعَمَهَا عَلٰى قَوْمٍ حَتّٰى

जब तक	किसी क़ौम को	उसे दी	कोई नेमत	बदलने वाला	नहीं है	इस लिए कि अल्लाह	यह

يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ ۙ وَاَنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٥٣﴾ ۙ كَدَاْبِ

जैसा कि दस्तूर	53	जानने वाला	सुनने वाला	और यह कि अल्लाह	उन के दिलों में	जो	वह बदलें

اٰلِ فِرْعَوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمْ فَاَهْلَكْنٰهُمْ

तो हम ने उन्हें हलाक कर दिया	अपना रब	आयतों को	उन्हों ने झुटलाया	उन से पहले	और वह लोग जो	फ़िरऔन वाले

بِذُنُوْبِهِمْ وَاَغْرَقْنَآ اٰلَ فِرْعَوْنَ ۚ وَكُلٌّ كَانُوْا ظٰلِمِيْنَ ﴿٥٤﴾

54	ज़ालिम	थे	और सब	फ़िरऔन वाले	और हम ने ग़र्क़ कर दिया	उन के गुनाहों के सबब

اِنَّ شَرَّ الدَّوَآبِّ عِنْدَ اللّٰهِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَهُمْ لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٥٥﴾ ۖ

55	ईमान नहीं लाते	सो वह	कुफ़्र किया	वह जिन्हों ने	अल्लाह के नज़दीक	जानवर (जमा)	बदतरीन	बेशक

اَلَّذِيْنَ عٰهَدْتَّ مِنْهُمْ ثُمَّ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَهُمْ فِيْ كُلِّ مَرَّةٍ

हर बार	में	अपना मुआहदा	तोड़ देते हैं	फिर	उन से	तुम ने मुआहदा किया	वह लोग जो

وَّهُمْ لَا يَتَّقُوْنَ ﴿٥٦﴾ فَاِمَّا تَثْقَفَنَّهُمْ فِي الْحَرْبِ فَشَرِّدْ بِهِمْ

उन के ज़रीए	तो भगा दो	जंग में	तुम उन्हें पाओ	पस अगर	56	डरते नहीं	और वह

مَّنْ خَلْفَهُمْ لَعَلَّهُمْ يَذَّكَّرُوْنَ ﴿٥٧﴾ وَاِمَّا تَخَافَنَّ مِنْ قَوْمٍ

किसी क़ौम	से	तुम्हें ख़ौफ़ हो	और अगर	57	इब्रत पकड़ें	अजब नहीं कि वह	उन के पीछे	जो

ع١٠ ٣

خِيَانَةً فَانْۢبِذْ اِلَيْهِمْ عَلٰى سَوَآءٍ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْخَآئِنِيْنَ ﴿٥٨﴾

58	दग़ाबाज़ (जमा)	पसन्द नहीं करता	बेशक अल्लाह	बराबरी	पर	उन की तरफ़	तो फेंक दो	ख़ियानत (दग़ाबाज़ी)

وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا سَبَقُوْا ؕ اِنَّهُمْ لَا يُعْجِزُوْنَ ﴿٥٩﴾

59	वह आजिज़ न कर सकेंगे	बेशक वह	बाज़ी ले गए	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और हरगिज़ ख़याल न करें

وَاَعِدُّوْا لَهُمْ مَّا اسْتَطَعْتُمْ مِّنْ قُوَّةٍ وَّمِنْ رِّبَاطِ الْخَيْلِ

पले हुए घोड़े	और से	कुव्वत	से	तुम से हो सके	जो	उन के लिए	और तैयार रखो

تُرْهِبُوْنَ بِهٖ عَدُوَّ اللّٰهِ وَعَدُوَّكُمْ وَاٰخَرِيْنَ مِنْ دُوْنِهِمْ ۚ

उन के सिवा	से	और दूसरे	और तुम्हारे (अपने) दुश्मन	अल्लाह के दुश्मन	उस से	धाक बिठाओ

لَا تَعْلَمُوْنَهُمْ ۚ اَللّٰهُ يَعْلَمُهُمْ ؕ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ شَيْءٍ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

अल्लाह का रास्ता	में	कुछ	तुम ख़र्च करोगे	और जो	अल्लाह जानता है उन्हें	तुम उन्हें नहीं जानते

يُوَفَّ اِلَيْكُمْ وَاَنْتُمْ لَا تُظْلَمُوْنَ ﴿٦٠﴾ وَاِنْ جَنَحُوْا لِلسَّلْمِ

सुलह की तरफ़	वह झुकें	और अगर	60	तुम्हारा नुक़्सान न किया जाएगा	और तुम	तुम्हें	पूरा पूरा दिया जाएगा

فَاجْنَحْ لَهَا وَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٦١﴾

61	जानने वाला	सुनने वाला	वह	बेशक	अल्लाह पर	और भरोसा रखो	उस की तरफ़	तो सुलह कर लो

यह इस लिए है कि अल्लाह (कभी) उस नेमत को बदलने वाला नहीं जो उस ने किसी क़ौम को दी जब तक वह (न) बदल डालें जो उन के दिलों में है (अपना अक़ीदा ओ अहवाल) और यह कि अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (53)

जैसा कि दस्तूर था फ़िरऔन वालों का और उन लोगों का जो उन से पहले थे, उन्हों ने अपने रब की आयतों को झुटलाया तो हम ने उन्हें उन के गुनाहों के सबब हलाक कर दिया और फ़िरऔन वालों को ग़र्क़ कर दिया, और वह सब ज़ालिम थे। (54)

बेशक अल्लाह के नज़दीक सब जानवरों से बदतर वह लोग हैं जिन्हों ने कुफ़्र किया, सो वह ईमान नहीं लाते। (55)

वह लोग जिन से तुम ने मुआहदा किया, फिर वह अपना मुआहदा तोड़ देते हैं हर बार, और वह डरते नहीं। (56)

पस अगर तुम उन्हें जंग में पाओ तो (उन्हें ऐसी सज़ा दो कि) उन के ज़रीए भगा दो उन को जो उन के पीछे हैं, अजब नहीं कि वह इब्रत पकड़ें। (57)

अगर तुम्हें किसी क़ौम से दग़ा बाज़ी का डर हो तो (उन का मुआहदा) फेंक दो उन की तरफ़ बराबरी पर (बराबरी का जवाब दो), बेशक अल्लाह दग़ाबाज़ों को पसन्द नहीं करता। (58)

और काफ़िर हरगिज़ ख़याल न करें कि वह बाज़ी ले गए, बेशक वह आजिज़ न कर सकेंगे। (59)

और उन के (मुक़ाबले के) लिए तैयार रखो कुव्वत जो तुम से हो सके और पले हुए घोड़े, उस से धाक बिठाओ अल्लाह के दुश्मनों और अपने दुश्मनों पर, और दूसरों पर उन के सिवा जिन्हें तुम नहीं जानते, अल्लाह उन्हें जानता है, और तुम जो कुछ अल्लाह के रास्ते में ख़र्च करोगे तुम्हें पूरा पूरा दिया जाएगा और तुम्हारा नुक़्सान न किया जाएगा। (60)

और अगर वह सुलह की तरफ़ झुकें तो (तुम भी) उस (सुलह) की तरफ़ झुको, और अल्लाह पर भरोसा रखो, बेशक वह सुनने वाला जानने वाला है। (61)

وَاِنْ يُّرِيْدُوْٓا اَنْ يَّخْدَعُوْكَ فَاِنَّ حَسْبَكَ اللّٰهُ ؕ هُوَ الَّذِيْٓ

जिस ने	वह	तुम्हारे लिए काफ़ी है अल्लाह	तो बेशक	तुम्हें धोका दें	कि	वह चाहें	और अगर

اَيَّدَكَ بِنَصْرِهٖ وَبِالْمُؤْمِنِيْنَ ۙ﴿٦٢﴾ وَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ ؕ لَوْ اَنْفَقْتَ

तुम ख़र्च करते	अगर	उन के दिल	दरमियान (में)	और उल्फ़त डाल दी	62	और मुसलमानों से	अपनी मदद से	तुम्हें ज़ोर दिया

مَا فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا مَّآ اَلَّفْتَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ ۙ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ

अल्लाह	और लेकिन	उन के दिल	में	उल्फ़त डाल सकते	न	सब कुछ	ज़मीन	में	जो

اَلَّفَ بَيْنَهُمْ ؕ اِنَّهٗ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٣﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ حَسْبُكَ اللّٰهُ

अल्लाह	काफ़ी है तुम्हें	नबी (स)	ऐ	63	हिक्मत वाला	ग़ालिब	बेशक वह	उन के दरमियान	उल्फ़त डाल दी

وَمَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٦٤﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ حَرِّضِ الْمُؤْمِنِيْنَ ٨ ع ٦ ٤

मोमिन (जमा)	तरग़ीब दो	नबी (स)	ऐ	64	मोमिन (जमा)	से	तुम्हारे पैरू हैं	और जो

عَلَى الْقِتَالِ ؕ اِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ عِشْرُوْنَ صٰبِرُوْنَ يَغْلِبُوْا

ग़ालिब आएंगे	सब्र वाले	बीस (20)	तुम में से	हों	अगर	क़िताल (जिहाद)	पर

مِائَتَيْنِ ۚ وَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ مِّائَةٌ يَّغْلِبُوْٓا اَلْفًا مِّنَ

से	एक हज़ार (1000)	वह ग़ालिब आएंगे	एक सो (100)	तुम में से	हों	और अगर	दो सो (200)

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَفْقَهُوْنَ ﴿٦٥﴾ اَلْـٰٔنَ خَفَّفَ اللّٰهُ عَنْكُمْ

तुम से	अल्लाह ने तख़फ़ीफ़ कर दी	अब	65	समझ नहीं रखते	लोग	इस लिए कि वह	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

وَعَلِمَ اَنَّ فِيْكُمْ ضَعْفًا ؕ فَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ مِّائَةٌ صَابِرَةٌ يَّغْلِبُوْا

वह ग़ालिब आएंगे	सब्र वाले	एक सो (100)	तुम में से	पस अगर हों	कमज़ोरी	तुम में	कि	और मालूम कर लिया

مِائَتَيْنِ ۚ وَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ اَلْفٌ يَّغْلِبُوْٓا اَلْفَيْنِ بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह के हुक्म से	दो हज़ार (2000)	वह ग़ालिब रहेंगे	एक हज़ार (1000)	तुम में से	हों	और अगर	दो सो (200)

وَاللّٰهُ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ ﴿٦٦﴾ مَا كَانَ لِنَبِيٍّ اَنْ يَّكُوْنَ لَهٗٓ اَسْرٰى حَتّٰى

जब तक	क़ैदी	उस के	हों	कि	किसी नबी के लिए	नहीं है	66	सब्र वाले	साथ	और अल्लाह

يُثْخِنَ فِي الْاَرْضِ ؕ تُرِيْدُوْنَ عَرَضَ الدُّنْيَا ۖۗ وَاللّٰهُ يُرِيْدُ

चाहता है	और अल्लाह	दुनिया	माल	तुम चाहते हो	ज़मीन	में	ख़ूनरेज़ी कर ले

الْاٰخِرَةَ ؕ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٧﴾ لَوْلَا كِتٰبٌ مِّنَ اللّٰهِ سَبَقَ

पहले ही	अल्लाह से	लिखा हुआ	अगर न	67	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और अल्लाह	आख़िरत

لَمَسَّكُمْ فِيْمَآ اَخَذْتُمْ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ﴿٦٨﴾ فَكُلُوْا مِمَّا غَنِمْتُمْ

तुम्हें ग़नीमत में मिला	उस से जो	पस खाओ	68	बड़ा	अ़ज़ाब	तुम ने लिया	उस में जो	तुम्हें पहुँचता

حَلٰلًا طَيِّبًا ۖ وَّاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٦٩﴾ ٩ ع ٥ ٥

69	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला	बेशक अल्लाह	और अल्लाह से डरो	पाक	हलाल

और अगर वह तुम्हें धोका देना चाहें तो बेशक तुम्हारे लिए अल्लाह काफ़ी है, वह जिस ने तुम्हें अपनी मदद से और मुसलमानों से ज़ोर दिया। (62)

और उल्फ़त डाल दी उन के दिलों में, अगर तुम सब कुछ ख़र्च कर देते जो ज़मीन में है उन के दिलों में उल्फ़त न डाल सकते थे लेकिन अल्लाह ने उन के दरमियान उल्फ़त डाल दी, बेशक वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (63)

ऐ नबी (स)! अल्लाह काफ़ी है तुम्हें और तुम्हारे पैरू मोमिनों के लिए। (64)

ऐ नबी (स)! मोमिनों को जिहाद पर तरग़ीब दो, अगर तुम में से बीस (20) सब्र वाले (साबित क़दम) होंगे तो वह दो सो (200) पर ग़ालिब आएंगे, और अगर तुम में से एक सो (100) हों तो वह एक हज़ार (1000) काफ़िरों पर ग़ालिब आएंगे, इस लिए कि वह लोग (काफ़िर) समझ नहीं रखते। (65)

अब अल्लाह ने तुम से तख़फ़ीफ़ कर दी, और मालूम कर लिया कि तुम में कमज़ोरी है, पस अगर तुम में से एक सो (100) सब्र वाले हों तो वह दो सो (200) पर ग़ालिब आएंगे, अगर तुम में से एक हज़ार (1000) हों तो वह अल्लाह के हुक्म से दो हज़ार (2000) पर ग़ालिब रहेंगे और अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। (66)

किसी नबी के लिए (लाइक़) नहीं कि उस के (क़ब्ज़े में) क़ैदी हूँ जब तक वह ज़मीन में दुश्मनों को अच्छी तरह कुचल न दे, तुम दुनिया का माल चाहते हो, और अल्लाह आख़िरत चाहता है, और अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (67)

अगर अल्लाह (की तरफ़) से पहले ही लिखा हुआ न होता तो उस (फ़िदया) के लेने की वजह से तुम्हें पहुँचता बड़ा अ़ज़ाब। (68)

पस उस में से खाओ जो तुम्हें ग़नीमत में हलाल पाक मिला, और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (69)

يٰۤاَيُّهَا النَّبِيُّ قُلْ لِّمَنْ فِيْۤ اَيْدِيْكُمْ مِّنَ الْاَسْرٰۤى ۙ اِنْ يَّعْلَمِ اللّٰهُ فِيْ

में	मालूम कर लेगा अल्लाह	अगर	क़ैदी	से	तुम्हारे हाथ	में	उन से जो	कह दें	नबी	ऐ

قُلُوْبِكُمْ خَيْرًا يُّؤْتِكُمْ خَيْرًا مِّمَّاۤ اُخِذَ مِنْكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ

बख़्शने वाला	और अल्लाह	तुम्हें	और बख़्शदेगा	तुम से	लिया गया	उस से जो	तुम्हें देगा बेहतर	कोई भलाई	तुम्हारे दिल

رَّحِيْمٌ ﴿٧٠﴾ وَاِنْ يُّرِيْدُوْا خِيَانَتَكَ فَقَدْ خَانُوا اللّٰهَ مِنْ قَبْلُ

इस से क़ब्ल	तो उन्हों ने ख़ियानत की अल्लाह से	आप (स) से ख़ियानत का	वह इरादा करेंगे	और अगर	70	निहायत मेहरबान

فَاَمْكَنَ مِنْهُمْ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿٧١﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَهَاجَرُوْا

और उन्हों ने हिज्रत की	ईमान लाए	जो लोग	बेशक	71	हिक्मत वाला	जानने वाला	और अल्लाह	उन से (उन्हें)	तो क़ब्ज़े में दे दिया

وَجٰهَدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَالَّذِيْنَ اٰوَوْا

ठिकाना दिया	और वह लोग जो	अल्लाह का रास्ता	में	और अपनी जानें	अपने मालों से	और जिहाद किया

وَّنَصَرُوْۤا اُولٰٓئِكَ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ؕ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

ईमान लाए	और वह लोग जो	बाज़ (दूसरे)	रफ़ीक़	उन के बाज़	वही लोग	और मदद की

وَلَمْ يُهَاجِرُوْا مَا لَكُمْ مِّنْ وَّلَايَتِهِمْ مِّنْ شَيْءٍ حَتّٰى يُهَاجِرُوْا ۚ

वह हिज्रत करें	यहां तक कि	कुछ शै (सरोकार)	उन की रफ़ाक़त	से	तुम्हें नहीं	और उन्हों ने हिज्रत न की

وَاِنِ اسْتَنْصَرُوْكُمْ فِي الدِّيْنِ فَعَلَيْكُمُ النَّصْرُ اِلَّا عَلٰى قَوْمٍ

वह क़ौम	पर (ख़िलाफ़)	मगर	मदद	तो तुम पर (लाज़िम है)	दीन में	वह तुम से मदद मांगें	और अगर

بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهُمْ مِّيْثَاقٌ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿٧٢﴾ وَالَّذِيْنَ

और वह लोग	72	देखने वाला	तुम करते हो	जो	और अल्लाह	मुआहदा	और उन के दरमियान	तुम्हारे दरमियान

كَفَرُوْا بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ؕ اِلَّا تَفْعَلُوْهُ تَكُنْ فِتْنَةٌ فِي الْاَرْضِ

ज़मीन में	फ़ित्ना	होगा	अगर तुम ऐसा न करोगे	बाज़ (दूसरे)	रफ़ीक़	उन के बाज़	जिन्हों ने कुफ़्र किया

وَفَسَادٌ كَبِيْرٌ ﴿٧٣﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا فِيْ

में	और जिहाद किया उन्हों ने	और उन्हों ने हिज्रत की	ईमान लाए	और वह लोग जो	73	बड़ा	और फ़साद

سَبِيْلِ اللّٰهِ وَالَّذِيْنَ اٰوَوْا وَّنَصَرُوْۤا اُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ

मोमिन (जमा)	वह	वही लोग	और मदद की	ठिकाना दिया	और वह लोग जो	अल्लाह का रास्ता

حَقًّا ؕ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّرِزْقٌ كَرِيْمٌ ﴿٧٤﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْۢ بَعْدُ

उस के बाद	ईमान लाए	और वह लोग जो	74	इज़्ज़त	और रोज़ी	बख़्शिश	उन के लिए	सच्चे

وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا مَعَكُمْ فَاُولٰٓئِكَ مِنْكُمْ ؕ وَاُولُوا الْاَرْحَامِ

और क़राबतदार	तुम में से	पस वही लोग	तुम्हारे साथ	और उन्हों ने जिहाद किया	और उन्हों ने हिज्रत की

ع ١٠ ٦ بَعْضُهُمْ اَوْلٰى بِبَعْضٍ فِيْ كِتٰبِ اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿٧٥﴾

75	जानने वाला	हर चीज़	बेशक अल्लाह	अल्लाह का हुक्म	में (रू से)	बाज़ (दूसरे) के	क़रीब (ज़ियादा हक़ दार)	उन के बाज़

ऐ नबी (स)! आप (स) के हाथ (क़ब्ज़े) में जो क़ैदी हैं, उन से कह दें कि अगर अल्लाह तुम्हारे दिलों में कोई भलाई मालूम कर लेगा तो तुम्हें उस से बेहतर देगा जो तुम से लिया गया और वह तुम्हें बख़्श देगा, और अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेहरबान है। **(70)**

और अगर आप (स) से ख़ियानत का इरादा करेंगे तो उन्हों ने उस से क़ब्ल अल्लाह से ख़ियानत की तो अल्लाह ने उन्हें (तुम्हारे) क़ब्ज़े में दे दिया, और अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। **(71)**

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और अपने मालों और जानों से अल्लाह की राह में जिहाद किया, और जिन लोगों ने ठिकाना दिया और मदद की वही लोग एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत न की, तुम्हें नहीं है कुछ सरोकार उन की रफ़ाक़त से, यहां तक कि वह हिज्रत करें, और अगर वह तुम से दीन में मदद मांगें तो तुम पर मदद लाज़िम है, मगर उस क़ौम के ख़िलाफ़ नहीं जिस के और तुम्हारे दरमियान मुआहदा हो, और जो तुम करते हो अल्लाह उसे देखने वाला है। **(72)**

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया वह एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, अगर तुम ऐसा न करोगे तो फ़ित्ना होगा ज़मीन में और बड़ा फ़साद (होगा)। **(73)**

और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और जिहाद किया अल्लाह के रास्ते में, और जिन लोगों ने ठिकाना दिया और मदद की वही लोग सच्चे मोमिन हैं, उन के लिए बख़्शिश और इज़्ज़त की रोज़ी है। **(74)**

और जो लोग उस के बाद ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और तुम्हारे साथ (मिल कर) जिहाद किया पस वही तुम में से हैं, और क़राबतदार (आपस में) एक दूसरे के ज़ियादा हक़ दार हैं अल्लाह के हुक्म से, बेशक अल्लाह हर चीज़ का जानने वाला है। **(75)**

अल्लाह और उस के रसूल (स) (की तरफ़) से क़तअ़ तअ़ल्लुक़ है उन मुश्रिकों से जिन्हों ने तुम से अ़हद किया हुआ था। (1)

पस (मुश्रिको) ज़मीन में चार महीने चल फिर लो, और जान लो कि तुम अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले नहीं, और यह कि अल्लाह काफ़िरों को रुस्वा करने वाला है। (2)

और अल्लाह और उस के रसूल (की तरफ़) से हज-ए-अक्बर के दिन लोगों के लिए एलान है कि अल्लाह और उस के रसूल का मुश्रिकों से क़तअ़ तअ़ल्लुक़ है, पस अगर तुम तौबा कर लो तो यह तुम्हारे लिए बेहतर है, और अगर तुम ने मुँह फेर लिया तो जान लो कि तुम अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले नहीं, और आगाह कर दो उन लोगों को जिन्हों ने कुफ़्र किया अ़ज़ाब दर्दनाक से। (3)

सिवाए उन मुश्रिक लोगों के जिन से तुम ने अ़हद किया था, फिर उन्हों ने तुम से (अ़हद में) कुछ भी कमी न की और न उन्हों ने तुम्हारे ख़िलाफ़ किसी की मदद की, तो उन से उन का अ़हद उन की (मुक़र्ररा) मुद्दत तक पूरा करो, बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (4)

फिर जब हुर्मत वाले महीने गुज़र जाएं तो मुश्रिकों को क़त्ल करो जहां तुम उन्हें पाओ, और उन्हें पकड़ो और उन्हें घेर लो, और उन के लिए हर घात में बैठो, फिर अगर वह तौबा कर लें और नमाज़ क़ाइम करें और ज़कात अदा करें तो उन का रास्ता छोड़ दो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेहरबान है। (5)

और अगर मुश्रिकीन हि से कोई आप (स) से पनाह मांगे तो उसे पनाह दे दें यहां तक कि वह सुन ले अल्लाह का कलाम, फिर उसे उस की अम्न की जगह पहुँचा दें, यह इस लिए है कि वह इल्म नहीं रखते (नादान हैं)। (6)

آيَاتُهَا ١٢٩ ❀ سُوْرَةُ التَّوْبَةِ (٩) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٦

रुकूआ़त 16 | (9) सूरतुत तौबा | आयात 129

بَرَآءَةٌ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖٓ اِلَى الَّذِيْنَ عٰهَدْتُّمْ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۝١

1	मुश्रिकीन	से	तुम से अ़हद किया	वह लोग जिन्हों ने	तरफ़	और उस का रसूल (स)	अल्लाह	से	एलान-ए-बरात

فَسِيْحُوْا فِى الْاَرْضِ اَرْبَعَةَ اَشْهُرٍ وَّاعْلَمُوْٓا اَنَّكُمْ غَيْرُ مُعْجِزِى اللّٰهِ ۙ

अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले	नहीं	कि तुम	और जान लो	महीने	चार	ज़मीन में	पस चल फिर लो

وَاَنَّ اللّٰهَ مُخْزِى الْكٰفِرِيْنَ ۝٢ وَاَذَانٌ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖٓ اِلَى

तरफ़ (लिए)	और उस का रसूल	अल्लाह से	और एलान	2	काफ़िर (जमा)	रुस्वा करने वाला	और यह कि अल्लाह

النَّاسِ يَوْمَ الْحَجِّ الْاَكْبَرِ اَنَّ اللّٰهَ بَرِيْٓءٌ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۙ۬

मुश्रिक (जमा)	से	क़तअ़ तअ़ल्लुक़	कि अल्लाह	हज-ए-अक्बर	दिन	लोग

وَرَسُوْلُهٗ ؕ فَاِنْ تُبْتُمْ فَهُوَ خَيْرٌ لَّكُمْ ۚ وَاِنْ تَوَلَّيْتُمْ فَاعْلَمُوْٓا اَنَّكُمْ

कि तुम	तो जान लो	तुम ने मुँह फेर लिया	और अगर	तुम्हारे लिए बेहतर	तो यह	तुम तौबा करो	पस अगर	और उस का रसूल

غَيْرُ مُعْجِزِى اللّٰهِ ؕ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ۝٣ ۙ اِلَّا

सिवाए	3	दर्दनाक	अ़ज़ाब से	उन्हों ने कुफ़्र किया	वह लोग जो	और ख़ुशख़बरी दो (आगाह कर दो)	अल्लाह	आ़जिज़ करने वाले	न

الَّذِيْنَ عٰهَدْتُّمْ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ ثُمَّ لَمْ يَنْقُصُوْكُمْ شَيْـًٔا وَّلَمْ

और न	कुछ भी	उन्हों ने तुम से कमी न की	फिर	मुश्रिक (जमा)	से	तुम ने अ़हद किया था	वह लोग जो

يُظَاهِرُوْا عَلَيْكُمْ اَحَدًا فَاَتِمُّوْٓا اِلَيْهِمْ عَهْدَهُمْ اِلٰى مُدَّتِهِمْ ؕ

उन की मुद्दत	तक	उन का अ़हद	उन से	तो पूरा करो	किसी की	तुम्हारे ख़िलाफ़	उन्हों ने मदद की

اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَّقِيْنَ ۝٤ فَاِذَا انْسَلَخَ الْاَشْهُرُ الْحُرُمُ فَاقْتُلُوا

तो क़त्ल करो	हुर्मत वाले	महीने	गुज़र जाएं	फिर जब	4	परहेज़गार (जमा)	दोस्त रखता है	बेशक अल्लाह

الْمُشْرِكِيْنَ حَيْثُ وَجَدْتُّمُوْهُمْ وَخُذُوْهُمْ وَاحْصُرُوْهُمْ

और उन्हें घेर लो	और उन्हें पकड़ो	तुम उन्हें पाओ	जहां	मुश्रिक (जमा)

وَاقْعُدُوْا لَهُمْ كُلَّ مَرْصَدٍ ۚ فَاِنْ تَابُوْا وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ

नमाज़	और क़ाइम करें	वह तौबा कर लें	फिर अगर	हर घात	उन के लिए	और बैठो

وَاٰتَوُا الزَّكٰوةَ فَخَلُّوْا سَبِيْلَهُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝٥ وَاِنْ

और अगर	5	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला	बेशक अल्लाह	उन का रास्ता	तो छोड़ दो	और ज़कात अदा करें

اَحَدٌ مِّنَ الْمُشْرِكِيْنَ اسْتَجَارَكَ فَاَجِرْهُ حَتّٰى يَسْمَعَ كَلٰمَ اللّٰهِ

अल्लाह का कलाम	वह सुन ले	यहां तक कि	तो उसे पनाह दे दो	आप से पनाह मांगे	मुश्रिकीन	से	कोई

ثُمَّ اَبْلِغْهُ مَاْمَنَهٗ ؕ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَعْلَمُوْنَ ۝٦ ع ١ ٦

6	इल्म नहीं रखते	लोग	इस लिए कि वह	यह	उस की अम्न की जगह	उसे पहुँचा दें	फिर

كَيْفَ يَكُوْنُ لِلْمُشْرِكِيْنَ عَهْدٌ عِنْدَ اللّٰهِ وَعِنْدَ رَسُوْلِهٖٓ

क्यों कर	हो	मुश्रिकों के लिए	अ़हद	अल्लाह के पास	और उस के रसूल के पास

اِلَّا الَّذِيْنَ عٰهَدْتُّمْ عِنْدَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ فَمَا اسْتَقَامُوْا

सिवाए	वह लोग जो	तुम ने अ़हद किया	पास	मस्जिदे हराम	सो जब तक	वह क़ाइम रहें

لَكُمْ فَاسْتَقِيْمُوْا لَهُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَّقِيْنَ ۝٧ كَيْفَ وَاِنْ

तुम्हारे लिए	तो तुम क़ाइम रहो	उन के लिए	बेशक अल्लाह	दोस्त रखता है	परहेज़गार (जमा)	7	कैसे	और अगर

يَّظْهَرُوْا عَلَيْكُمْ لَا يَرْقُبُوْا فِيْكُمْ اِلًّا وَّلَا ذِمَّةً ؕ يُرْضُوْنَكُمْ

वह ग़ालिब आजाएं	तुम पर	न लिहाज़ करें	तुम्हारी	क़राबत	और न अ़हद	वह तुम्हें राज़ी कर देते हैं

بِاَفْوَاهِهِمْ وَتَاْبٰى قُلُوْبُهُمْ ۚ وَاَكْثَرُهُمْ فٰسِقُوْنَ ۝٨ ۚ

अपने मुहँ (जमा) से	लेकिन नहीं मानते	उन के दिल	और उन के अक्सर	नाफ़रमान	8

اِشْتَرَوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ ثَمَنًا قَلِيْلًا فَصَدُّوْا عَنْ سَبِيْلِهٖ ؕ

उन्हों ने ख़रीद ली	अल्लाह की आयात से	क़ीमत	थोड़ी	फिर उन्हों ने रोका	से	उस का रास्ता

اِنَّهُمْ سَآءَ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝٩ لَا يَرْقُبُوْنَ فِيْ مُؤْمِنٍ اِلًّا

बेशक वह	बुरा	जो	वह करते हैं	9	लिहाज़ नहीं करते	(बारे) में	किसी मोमिन	क़राबत

وَّلَا ذِمَّةً ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُعْتَدُوْنَ ۝١٠ فَاِنْ تَابُوْا وَاَقَامُوا

और न	अ़हद	और वही लोग	वह	हद से बढ़ने वाले	10	फिर अगर वह	तौबा कर लें	और क़ाइम करें

الصَّلٰوةَ وَاٰتَوُا الزَّكٰوةَ فَاِخْوَانُكُمْ فِي الدِّيْنِ ؕ وَنُفَصِّلُ

नमाज़	और अदा करें ज़कात	तो तुम्हारे भाई	में	दीन	और खोल कर बयान करते हैं

الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّعْلَمُوْنَ ۝١١ وَاِنْ نَّكَثُوْٓا اَيْمَانَهُمْ

आयात	लोगों के लिए	इल्म रखते हैं	11	और अगर	वह तोड़ दें	अपनी क़स्में

مِّنْۢ بَعْدِ عَهْدِهِمْ وَطَعَنُوْا فِيْ دِيْنِكُمْ فَقَاتِلُوْٓا

के बाद से	अपना अ़हद	और ऐब निकालें	में	तुम्हारा दीन	तो जंग करो

اَئِمَّةَ الْكُفْرِ ۙ اِنَّهُمْ لَآ اَيْمَانَ لَهُمْ لَعَلَّهُمْ

कुफ़्र के सरदार	बेशक वह	नहीं क़स्म	उन की	शायद वह

يَنْتَهُوْنَ ۝١٢ اَلَا تُقَاتِلُوْنَ قَوْمًا نَّكَثُوْٓا اَيْمَانَهُمْ

बाज़ आजाएं	12	क्या तुम न लड़ोगे?	ऐसी क़ौम	उन्हों ने तोड़ डाला	अपना अ़हद

وَهَمُّوْا بِاِخْرَاجِ الرَّسُوْلِ وَهُمْ بَدَءُوْكُمْ اَوَّلَ مَرَّةٍ ؕ

और इरादा किया	निकालने का	रसूल (स)	और वह	तुम से पहल की	पहली बार

اَتَخْشَوْنَهُمْ ۚ فَاللّٰهُ اَحَقُّ اَنْ تَخْشَوْهُ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝١٣

क्या तुम उन से डरते हो?	तो अल्लाह	ज़ियादा हक़दार	कि	तुम उस से डरो	अगर तुम हो	ईमान वाले	13

क्यों कर हो मुश्रिकों के लिए अल्लाह के पास और उस के रसूल (स) के पास कोई अ़हद सिवाए उन लोगों के जिन से तुम ने अ़हद किया मस्जिदे हराम (ख़ाने कअ़बा) के पास, सो जब तक वह तुम्हारे लिए (अ़हद पर) क़ाइम रहें तुम (भी) उन के लिए क़ाइम रहो, बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (7)

कैसे (सुलह हो जब हाल यह है कि) अगर वह तुम पर ग़ालिब आजाएं तो न लिहाज़ करें तुम्हारी क़राबत का और न अ़हद का, वह तुम्हें अपने मुहँ से (महेज़ ज़बानी) राज़ी कर देते हैं, लेकिन उन के दिल नहीं मानते, और उन में अक्सर नाफ़रमान हैं। (8)

उन्हों ने अल्लाह की आयात से थोड़ी क़ीमत ख़रीद ली, फिर उन्हों ने उस के रास्ते से रोका, बेशक बुरा है जो वह करते हैं। (9)

वह किसी मोमिन के बारे में न क़राबत का लिहाज़ करते हैं न अ़हद का, और वही लोग हैं हद से बढ़ने वाले। (10)

फिर अगर वह तौबा कर लें और नमाज़ क़ाइम करें और ज़कात अदा करें तो तुम्हारे भाई हैं दीन में, और हम आयात खोल कर बयान करते हैं उन लोगों के लिए जो इल्म रखते हैं। (11)

और अगर वह अपनी क़स्में तोड़ दें अपने अ़हद के बाद और तुम्हारे दीन में ऐब निकालें, तो कुफ़्र के सरदारों से जंग करो, बेशक उन की क़स्में कुछ नहीं, शायद वह (ताक़त के ज़ोर ही से) बाज़ आजाएं। (12)

क्या तुम ऐसी क़ौम से न लड़ोगे? जिन्हों ने अपना अ़हद तोड़ डाला और उन्हों ने रसूल (स) को निकालने (जिला वतन करने) का इरादा किया और उन्हों ने तुम से पहल की, क्या तुम उन से डरते हो? तो अल्लाह ज़ियादा हक़ रखता है कि तुम उस से डरो अगर तुम ईमान वाले हो। (13)

तुम उन से लड़ो (ताकि) अल्लाह उन्हें अ़ज़ाब दे तुम्हारे हाथों से और उन्हें रुस्वा करे और तुम्हें उन पर ग़ालिब करे, और दिल ठन्डे करे मोमिन लोगों के, **(14)**

और उन के दिलों से गुस्सा दूर करे, और अल्लाह जिस की चाहे तौबा कुबूल करता है, और अल्लाह इल्म वाला हिक्मत वाला है। **(15)**

क्या तुम गुमान करते हो कि तुम छोड़ दिए जाओगे? (जबकि) अल्लाह ने अभी उन को मालूम नहीं किया तुम में से जिन्हों ने जिहाद किया, और उन्हों ने नहीं बनाया अल्लाह के सिवा और उस के रसूल (स) और मोमिनों (के सिवा) राज़दार। और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। **(16)**

मुश्रिकों का (काम) नहीं कि वह आबाद करें अल्लाह की मस्जिदें (जबकि) अपने ऊपर कुफ़्र को तसलीम करते हों, वही लोग हैं जिन के अ़मल अकारत गए, और वह हमेशा जहन्नम में रहेंगे। **(17)**

अल्लाह की मस्जिदें सिर्फ़ वही आबाद करता है जो अल्लाह और यौमे आख़िरत पर ईमान लाया, और उस ने नमाज़ क़ाइम की और ज़कात अदा की और अल्लाह के सिवा किसी से न डरा, सो उम्मीद है कि वही लोग हिदायत पाने वालों में से हों। **(18)**

क्या तुम ने हाजियों को पानी पिलाना और मस्जिद हराम (ख़ाना कअ़बा) की मुजावरी करने को ठहराया है उस के मानिंद जो अल्लाह पर और यौमे आख़िरत पर ईमान लाया और उस ने अल्लाह की राह में जिहाद किया, वह बराबर नहीं हैं अल्लाह के नज़दीक, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। **(19)**

जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और अल्लाह की राह में अपने मालों और अपनी जानों से जिहाद किया (उन के) दरजे अल्लाह के हां बहुत बड़े हैं, और वही लोग मुराद को पहुँचने वाले हैं। **(20)**

قَاتِلُوْهُمْ يُعَذِّبْهُمُ اللّٰهُ بِاَيْدِيْكُمْ وَيُخْزِهِمْ وَيَنْصُرْكُمْ عَلَيْهِمْ

तुम उन से लड़ो	उन्हें अ़ज़ाब दे अल्लाह	तुम्हारे हाथों से	और उन्हें रुस्वा करे	और तुम्हें ग़ालिब करे	उन पर

وَيَشْفِ صُدُوْرَ قَوْمٍ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٤﴾ وَيُذْهِبْ غَيْظَ قُلُوْبِهِمْ ؕ

और शिफ़ा बख़्शे (ठन्डे करे)	सीने (दिल)	लोग	मोमिनीन	14	और दूर कर दे	गुस्सा	उन के दिल (जमा)

وَيَتُوْبُ اللّٰهُ عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿١٥﴾ اَمْ حَسِبْتُمْ اَنْ

और अल्लाह तौबा कुबूल करता है	पर	जिसे चाहे	और अल्लाह	इल्म वाला	हिक्मत वाला	15	क्या तुम समझते हो	कि

تُتْرَكُوْا وَلَمَّا يَعْلَمِ اللّٰهُ الَّذِيْنَ جٰهَدُوْا مِنْكُمْ وَلَمْ يَتَّخِذُوْا

तुम छोड़ दिए जाओगे	और अभी नहीं	मालूम किया अल्लाह	वह लोग जो	उन्हों ने जिहाद किया	तुम में से	और उन्हों ने नहीं बनाया

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلَا رَسُوْلِهٖ وَلَا الْمُؤْمِنِيْنَ وَلِيْجَةً ؕ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ

सिवा	अल्लाह	और न उस का रसूल (स)	और न मोमिनीन	राज़दार	और अल्लाह	बाख़बर

بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٦﴾ مَا كَانَ لِلْمُشْرِكِيْنَ اَنْ يَّعْمُرُوْا مَسٰجِدَ اللّٰهِ ع ١٠ ٢ ٨

उस से जो तुम करते हो	16	नहीं है	मुश्रिकों के लिए	कि	वह आबाद करें	अल्लाह की मस्जिदें

شٰهِدِيْنَ عَلٰۤى اَنْفُسِهِمْ بِالْكُفْرِ ؕ اُولٰٓئِكَ حَبِطَتْ اَعْمَالُهُمْ ۚۖ

तसलीम करते हों	पर	अपनी जानें (अपने ऊपर)	कुफ़्र को	वही लोग	अकारत गए	उन के आमाल

وَفِى النَّارِ هُمْ خٰلِدُوْنَ ﴿١٧﴾ اِنَّمَا يَعْمُرُ مَسٰجِدَ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ

और जहन्नम में	वह	हमेशा रहेंगे	17	सिर्फ़	वह आबाद करता है	अल्लाह की मस्जिदें	जो	ईमान लाया	अल्लाह पर

وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَاَقَامَ الصَّلٰوةَ وَاٰتَى الزَّكٰوةَ وَلَمْ يَخْشَ اِلَّا اللّٰهَ قف

और आख़िरत का दिन	और उस ने नमाज़ क़ाइम की	और ज़कात अदा की	और वह न डरा	सिवाए	अल्लाह

فَعَسٰۤى اُولٰٓئِكَ اَنْ يَّكُوْنُوْا مِنَ الْمُهْتَدِيْنَ ﴿١٨﴾ اَجَعَلْتُمْ سِقَايَةَ

सो उम्मीद है	वही लोग	कि	हों	से	हिदायत पाने वाले	18	क्या तुम ने बनाया (ठहराया)	पानी पिलाना

الْحَآجِّ وَعِمَارَةَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ كَمَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ

हाजी (जमा)	और आबाद करना	मस्जिदे हराम	उस के मानिंद	ईमान लाया	अल्लाह पर	और यौमे आख़िरत

وَجٰهَدَ فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ لَا يَسْتَوٗنَ عِنْدَ اللّٰهِ ؕ

और उस ने जिहाद किया	में	अल्लाह की राह	वह बराबर नहीं	अल्लाह के नज़दीक

وَاللّٰهُ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٩﴾ اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وقف لازم

और अल्लाह	हिदायत नहीं देता	लोग	ज़ालिम (जमा)	19	जो लोग	ईमान लाए

وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ ۙ

और उन्हों ने हिज्रत की	और जिहाद किया	में	अल्लाह का रास्ता	अपने मालों से	और अपनी जानें

اَعْظَمُ دَرَجَةً عِنْدَ اللّٰهِ ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفَآئِزُوْنَ ﴿٢٠﴾

बहुत बड़े	दरजे	अल्लाह के हां	और वही लोग	वह	मुराद को पहुँचने वाले	20

يُبَشِّرُهُمْ رَبُّهُمْ بِرَحْمَةٍ مِّنْهُ وَرِضْوَانٍ وَّجَنّٰتٍ لَّهُمْ فِيْهَا

उन में	उन के लिए	और बाग़ात	और खुशनूदी	अपनी तरफ़ से	रहमत की	उन का रब	उन्हें खुशख़बरी देता है

نَعِيْمٌ مُّقِيْمٌ ﴿٢١﴾ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ۭ اِنَّ اللّٰهَ عِنْدَهٗٓ

उस के हां	बेशक अल्लाह	हमेशा	उस में	हमेशा रहेंगे	21	दाइमी	नेमत

اَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿٢٢﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوْٓا اٰبَآءَكُمْ

अपने बाप दादा	तुम न बनाओ	वह लोग जो ईमान लाए (ईमान वाले)	ऐ	22	अज़ीम	अजर

وَاِخْوَانَكُمْ اَوْلِيَآءَ اِنِ اسْتَحَبُّوا الْكُفْرَ عَلَى الْاِيْمَانِ ۭ وَمَنْ

और जो	ईमान पर (ईमान के मुक़ाबिल)	कुफ़्र	अगर वह पसन्द करें	रफ़ीक़	और अपने भाई

يَّتَوَلَّهُمْ مِّنْكُمْ فَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٢٣﴾ قُلْ اِنْ كَانَ

हां	अगर	कहे दें	23	ज़ालिम (जमा)	वह	तो वही लोग	तुम में से	दोस्ती करेगा उन से

اٰبَاۗؤُكُمْ وَاَبْنَاۗؤُكُمْ وَاِخْوَانُكُمْ وَاَزْوَاجُكُمْ وَعَشِيْرَتُكُمْ

और तुम्हारे कुंबे	और तुम्हारी बीवियां	और तुम्हारे भाई	और तुम्हारे बेटे	तुम्हारे बाप दादा

وَاَمْوَالُۨ اقْتَرَفْتُمُوْهَا وَتِجَارَةٌ تَخْشَوْنَ كَسَادَهَا

उस का नुक़्सान	तुम डरते हो	और तिजारत	जो तुम ने कमाए	और माल

وَمَسٰكِنُ تَرْضَوْنَهَآ اَحَبَّ اِلَيْكُمْ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ

और उस का रसूल	अल्लाह से	तुम्हारे लिए (तुम्हें)	ज़ियादा प्यारे	जो तुम पसन्द करते हो	और घर

وَجِهَادٍ فِيْ سَبِيْلِهٖ فَتَرَبَّصُوْا حَتّٰى يَاْتِيَ اللّٰهُ بِاَمْرِهٖ ۭ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	उस का हुक्म	ले आए अल्लाह	यहां तक कि	इन्तिज़ार करो	उस की राह में	और जिहाद

ع ٣/٨ ٩ لَا يَهْدِي الْقَوْمَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٢٤﴾ لَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ فِيْ

में	अल्लाह ने तुम्हारी मदद की	अलबत्ता	24	नाफ़रमान	लोग	हिदायत नहीं देता

مَوَاطِنَ كَثِيْرَةٍ ۙ وَّيَوْمَ حُنَيْنٍ ۙ اِذْ اَعْجَبَتْكُمْ كَثْرَتُكُمْ

अपनी कस्रत	तुम खुश हुए (इतरा गए)	जब	और हुनैन के दिन	बहुत से	मैदान (जमा)

فَلَمْ تُغْنِ عَنْكُمْ شَيْـــًٔا وَّضَاقَتْ عَلَيْكُمُ الْاَرْضُ بِمَا رَحُبَتْ

फ़राख़ी के बावजूद	ज़मीन	तुम पर	और तंग हो गई	कुछ	तुम्हें	तो न फ़ाइदा दिया

ثُمَّ وَلَّيْتُمْ مُّدْبِرِيْنَ ﴿٢٥﴾ ثُمَّ اَنْزَلَ اللّٰهُ سَكِيْنَتَهٗ

अपनी तस्कीन	अल्लाह ने नाज़िल की	फिर	25	पीठ दे कर	तुम फिर गए	फिर

عَلٰي رَسُوْلِهٖ وَعَلَي الْمُؤْمِنِيْنَ وَاَنْزَلَ جُنُوْدًا لَّمْ تَرَوْهَا ۚ

वह तुम ने न देखे	लशकर	और उतारे उस ने	मोमिनीन	और पर	अपने रसूल (स)	पर

وَعَذَّبَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ۭ وَذٰلِكَ جَزَاۗءُ الْكٰفِرِيْنَ ﴿٢٦﴾

26	काफ़िर (जमा)	सज़ा	और यही	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और अज़ाब दिया

उन का रब उन्हें अपनी तरफ़ से रहमत और खुशनूदी और बाग़ात की खुशख़बरी देता है, उन में उन के लिए दाइमी नेमत है। (21)

वह उस में हमेशा हमेशा रहेंगे, बेशक अल्लाह के (हां) अजरे अज़ीम है। (22)

ऐ ईमान वालो! अपने बाप दादा को और अपने भाइयों को रफ़ीक़ न बनाओ अगर वह लोग ईमान के ख़िलाफ कुफ़्र को पसन्द करें, और तुम में से जो उन से दोस्ती करेगा तो वही लोग ज़ालिम हैं। (23)

कह दें, अगर तुम्हारे बाप दादा, तुम्हारे बेटे, और तुम्हारे भाई, और तुम्हारी बीवियां, और तुम्हारे कुंबे, और माल जो तुम ने कमाए, और तिजारत जिस के नुक़्सान से तुम डरते हो, और घर जिन को तुम पसन्द करते हो, तुम्हें अल्लाह से और उस के रसूल से और उस की राह में जिहाद से ज़ियादा प्यारे हों तो इन्तिज़ार करो यहां तक कि अल्लाह का हुक्म आजाए, और अल्लाह नाफ़रमान लोगों को हिदायत नहीं देता। (24)

अलबत्ता अल्लाह ने तुम्हारी मदद की बहुत से मैदानों में, और हुनैन के दिन, जब तुम अपनी कस्रत पर इतरागए तो उस (कस्रत) ने तुम्हें कुछ फ़ाइदा न दिया, और तुम पर ज़मीन फ़राख़ी के बावजूद तंग हो गई, फिर तुम पीठ दे कर फिरगए। (25)

फिर अल्लाह ने अपने रसूल (स) पर और मोमिनों पर अपनी तस्कीन नाज़िल की, और उस ने लशकर उतारे जो तुम ने न देखे और काफ़िरों को अज़ाब दिया, और यही सज़ा है काफ़िरों की। (26)

ثُمَّ يَتُوْبُ اللّٰهُ مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	जिस की चाहे	पर	इस	बाद	तौबा कुबूल करेगा अल्लाह	फिर

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٢٧﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِنَّمَا الْمُشْرِكُوْنَ

मुश्रिक (जमा)	इस के सिवा नहीं	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ	27	निहायत मेह्रबान	बख़्शने वाला

نَجَسٌ فَلَا يَقْرَبُوا الْمَسْجِدَ الْحَرَامَ بَعْدَ عَامِهِمْ هٰذَا ۚ

इस	साल	बाद	मस्जिदे हराम	लिहाज़ा वह क़रीब न जाएं	पलीद

وَاِنْ خِفْتُمْ عَيْلَةً فَسَوْفَ يُغْنِيْكُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖۤ اِنْ شَآءَ ؕ

अगर वह चाहे	अपना फ़ज़्ल	से	तुम्हें ग़नी कर देगा अल्लाह	तो जल्द	मोहताजी	तुम्हें डर हो	और अगर

اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿٢٨﴾ قَاتِلُوا الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ

अल्लाह पर	ईमान नहीं लाए	वह लोग जो	तुम लड़ो	28	हिक्मत वाला	जानने वाला	बेशक अल्लाह

وَلَا بِالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَلَا يُحَرِّمُوْنَ مَا حَرَّمَ اللّٰهُ

जो हराम ठहराया अल्लाह ने	और न हराम जानते हैं	यौमे आख़िरत पर	और न

وَرَسُوْلُهٗ وَلَا يَدِيْنُوْنَ دِيْنَ الْحَقِّ مِنَ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	से	दीने हक़	और न कुबूल करते हैं	और उस का रसूल (स)

اُوْتُوا الْكِتٰبَ حَتّٰى يُعْطُوا الْجِزْيَةَ عَنْ يَّدٍ وَّهُمْ

और वह	हाथ	से	जिज़्या	दें	यहां तक	किताब दिए गए (अहले किताब)

صٰغِرُوْنَ ﴿٢٩﴾ ع وَقَالَتِ الْيَهُوْدُ عُزَيْرُ اۨبْنُ اللّٰهِ وَقَالَتِ ع ٥ ١٠

और कहा	अल्लाह का बेटा	ऊज़ैर	यहूद	और कहा	29	ज़लील हो कर

النَّصٰرَى الْمَسِيْحُ ابْنُ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكَ قَوْلُهُمْ بِاَفْوَاهِهِمْ ۚ

उन के मुँह की	उन की बातें	यह	अल्लाह का बेटा	मसीह (अ)	नसारा

يُضَاهِـُٔوْنَ قَوْلَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَبْلُ ؕ

पहले	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	बात	वह रीस करते हैं

قَاتَلَهُمُ اللّٰهُ ۚ اَنّٰى يُؤْفَكُوْنَ ﴿٣٠﴾ اِتَّخَذُوْۤا اَحْبَارَهُمْ

अपने एहबार (उलमा)	उन्हों ने बना लिया	30	बहके जाते हैं	कहां	हलाक करे उन्हें अल्लाह

وَرُهْبَانَهُمْ اَرْبَابًا مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَالْمَسِيْحَ

और मसीह (अ)	अल्लाह के सिवा	से	रब (जमा)	और अपने राहेब (दर्वेश)

ابْنَ مَرْيَمَ ۚ وَمَاۤ اُمِرُوْۤا اِلَّا لِيَعْبُدُوْۤا اِلٰهًا وَّاحِدًا ۚ

माबूदे वाहिद	यह कि वह इबादत करें	मगर	उन्हें हुक्म दिया गया	और नहीं	इब्ने मरयम

لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ؕ سُبْحٰنَهٗ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٣١﴾

31	वह शिर्क करते हैं	उस से जो	वह पाक है	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद

फिर उस के बाद अल्लाह जिस की चाहे तौबा कुबूल करेगा, और अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेह्रबान है। **(27)**

ऐ मोमिनों! इस के सिवा नहीं कि मुश्रिक पलीद हैं, लिहाज़ा वह क़रीब न जाएं उस साल के बाद मस्जिदे हराम (ख़ाने कअ़बा) के। और अगर तुम्हें मोहताजी का डर हो तो अल्लाह तुम्हें जल्द ग़नी कर देगा अपने फ़ज़्ल से अगर चाहे, बेशक अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। **(28)**

तुम उन लोगों से लड़ो जो ईमान नहीं लाए अल्लाह पर और न यौमे आख़िरत पर, और न हराम जानते हैं वह जो अल्लाह और उस के रसूल (स) ने हराम ठहराया है, और न दीने हक़ को कुबूल करते हैं उन लोगों में से जो अहले किताब हैं, यहां तक कि वह जिज़्या दें अपने हाथ से ज़लील हो कर। **(29)**

यहूद ने कहा ऊज़ैर (अ) अल्लाह का बेटा है और कहा नसारा ने मसीह (अ) अल्लाह का बेटा है, यह बातें है उन के मुँह की, वह रीस करते हैं पहले काफ़िरों की बात की। अल्लाह उन्हें हलाक करे, कहां बहके जा रहे हैं? **(30)**

उन्हों ने बना लिया अपने उल्मा और अपने दर्वेशों को रब अल्लाह के सिवा, और मसीह (अ) इब्ने मरयम को (भी), और उन्हें हुक्म नहीं दिया गया मगर यह कि वह माबूदे वाहिद की इबादत करें, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, वह उस से पाक है जो वह शिर्क करते हैं। **(31)**

يُرِيْدُوْنَ اَنْ يُّطْفِـُٔوْا نُوْرَ اللّٰهِ بِاَفْوَاهِهِمْ وَيَاْبَى اللّٰهُ

और न मानेगा अल्लाह	अपने मुँह से (जमा)	अल्लाह का नूर	वह बुझा दें	कि	वह चाहते हैं

اِلَّآ اَنْ يُّتِمَّ نُوْرَهٗ وَلَوْ كَرِهَ الْكٰفِرُوْنَ ﴿٣٢﴾ هُوَ

वह	32	काफ़िर (जमा)	पसन्द न करें	ख़ाह	अपना नूर	पूरा करे	यह कि	मगर

الَّذِيْٓ اَرْسَلَ رَسُوْلَهٗ بِالْهُدٰى وَدِيْنِ الْحَقِّ لِيُظْهِرَهٗ

ताकि उसे ग़ल्बा दे	और दीने हक़	हिदायत के साथ	अपना रसूल	भेजा	वह जिस ने

عَلَى الدِّيْنِ كُلِّهٖ ۙ وَلَوْ كَرِهَ الْمُشْرِكُوْنَ ﴿٣٣﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ

النصف

वह लोग जो	ऐ	33	मुशरिक (जमा)	पसन्द न करें	ख़ाह	तमाम पर	दीन	पर

اٰمَنُوْٓا اِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ الْاَحْبَارِ وَالرُّهْبَانِ لَيَاْكُلُوْنَ

खाते हैं	और राहेब (दर्वेश)	उल्मा	से	बहुत	बेशक	ईमान लाए

اَمْوَالَ النَّاسِ بِالْبَاطِلِ وَيَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۭ

अल्लाह का रास्ता	से	और रोकते हैं	नाहक़ तौर पर	लोग (जमा)	माल (जमा)

وَالَّذِيْنَ يَكْنِزُوْنَ الذَّهَبَ وَالْفِضَّةَ وَلَا يُنْفِقُوْنَهَا فِيْ

में	और वह उसे ख़र्च नहीं करते	और चाँदी	सोना	जमा कर के रखते हैं	और वह लोग जो

سَبِيْلِ اللّٰهِ ۙ فَبَشِّرْهُمْ بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ﴿٣٤﴾ يَّوْمَ يُحْمٰى عَلَيْهَا

उस पर	दहकाएंगे	जिस दिन	34	दर्दनाक	अज़ाब	सो उन्हें ख़ुशख़बरी दो	अल्लाह की राह

فِيْ نَارِ جَهَنَّمَ فَتُكْوٰى بِهَا جِبَاهُهُمْ وَجُنُوْبُهُمْ وَظُهُوْرُهُمْ ۭ

और उन की पीठ (जमा)	और उनके पहलू (जमा)	उन की पेशानी	उस से	फिर दाग़ा जाएगा	जहन्नम की आग	में

هٰذَا مَا كَنَزْتُمْ لِاَنْفُسِكُمْ فَذُوْقُوْا مَا كُنْتُمْ تَكْنِزُوْنَ ﴿٣٥﴾

35	जो तुम जमा कर के रखते थे	जो	पस मज़ा चखो	अपने लिए	तुम ने जमा कर के रखा	जो	यह है

اِنَّ عِدَّةَ الشُّهُوْرِ عِنْدَ اللّٰهِ اثْنَا عَشَرَ شَهْرًا فِيْ

में	महीने	बारह (12)	अल्लाह के नज़दीक	महीनें	तादाद	बेशक

كِتٰبِ اللّٰهِ يَوْمَ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ مِنْهَآ

उन से (उन में)	और ज़मीन	आस्मानों	उस ने पैदा किया	जिस दिन	अल्लाह का हुक्म

اَرْبَعَةٌ حُرُمٌ ۭ ذٰلِكَ الدِّيْنُ الْقَيِّمُ ڏ فَلَا تَظْلِمُوْا

फिर न ज़ुल्म करो	सीधा (दुरुस्त) दीन	यह	हुर्मत वाले	चार (4)

فِيْهِنَّ اَنْفُسَكُمْ ۣ وَقَاتِلُوا الْمُشْرِكِيْنَ كَاۗفَّةً كَمَا

जैसे	सब के सब	मुशरिकों	और लड़ो	अपने ऊपर	उन में

يُقَاتِلُوْنَكُمْ كَاۗفَّةً ۭ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ مَعَ الْمُتَّقِيْنَ ﴿٣٦﴾

36	परहेज़गार (जमा)	साथ	कि अल्लाह	और जान लो	सब के सब	वह तुम से लड़ते हैं

वह चाहते हैं कि अल्लाह के नूर को अपने मुँह (की फूंकों) से बुझा दें और अल्लाह न मानेगा मगर यह कि अपने नूर को पूरा करे, ख़ाह काफ़िर पसन्द न करें। (32)

वह जिस ने अपना रसूल (स) भेजा हिदायत के साथ और दीने हक़ के साथ ताकि उसे तमाम दीनों पर ग़ल्बा दे, ख़ाह मुशरिक पसन्द न करें। (33)

ऐ वह लोगो जो ईमान लाए हो (मोमिनों)! बेशक बहुत से उल्मा और दर्वेश लोगों के माल नाहक़ तौर पर खाते हैं और अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं, और वह लोग जो सोना चाँदी जमा कर के रखते हैं और उसे अल्लाह की राह में ख़र्च नहीं करते, सो उन्हें दर्दनाक अज़ाब की ख़ुशख़बरी दो (आगाह कर दो)। (34)

जिस दिन हम उसे दहकाएंगे जहन्नम की आग में, फिर उस से उन की पेशानियाँ और उन के पहलूओं और उन की पीठों को दाग़ा जाएगा कि यह है वह जो तुम ने अपने लिए जमा कर के रखा था, पस मज़ा चखो जो तुम जमा कर के रखते थे। (35)

बेशक महिनों की तादाद अल्लाह के नज़दीक अल्लाह की किताब में बारह महीने हैं जब से उस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया, उन में चार हुर्मत वाले (अदब के) महीने हैं, यही है दुरुस्त दीन, पस तुम उन में अपने ऊपर ज़ुल्म न करो, और तुम सब के सब मुशरिकों से लड़ो जैसे वह सब के सब तुम से लड़ते हैं, और जान लो कि अल्लाह परहेज़गारों के साथ है। (36)

यह जो महीने का हटा कर (आगे पीछे करना) कुफ़्र में इज़ाफ़ा है, इस से काफ़िर गुमराह होते हैं, वह उसे (उस महीने को) एक साल हलाल कर लेते हैं और दूसरे साल उसे हराम कर लेते हैं ताकि वह गिनती पूरी कर ले उस की जो अल्लाह ने हराम किए। सो वह हलाल करते हैं जो अल्लाह ने हराम किया है, उन के बुरे अ़मल उन्हें मुज़ैयन कर दिए गए हैं और अल्लाह काफ़िरों की क़ौम को हिदायत नहीं देता। **(37)**

ऐ मोमिनों! तुम्हें क्या हो गया है कि जब तुम्हें कहा जाता है कि अल्लाह की राह में कूच करो तो तुम गिरे जाते हो ज़मीन पर, क्या तुम ने आख़िरत के मुक़ाबले में दुनिया की ज़िन्दगी को पसन्द कर लिया? सो (कुछ भी) नहीं है दुनिया की ज़िन्दगी का सामान आख़िरत के मुक़ाबले में मगर थोड़ा। **(38)**

अगर तुम (राहे ख़ुदा) में न निकलोगे तो (अल्लाह) तुम्हें अ़ज़ाब देगा दर्दनाक, और तुम्हारे सिवा कोई और क़ौम बदले में ले आएगा, और तुम उस का कुछ भी न बिगाड़ सकोगे, और अल्लाह हर चीज़ पर क़ुदरत रखने वाला है। **(39)**

अगर तुम उस (नबी पाक (स) की मदद न करोगे तो अलबत्ता अल्लाह ने मदद की है जब काफ़िरों ने उन्हें निकाला था, वह दूसरे थे दोनों में, जब वह दोनों ग़ारे (सूर) में थे, जब वह अपने साथी (अबू बक्र सिद्दीक़) से कहते थे, घबराओ नहीं, यक़ीनन अल्लाह हमारे साथ है, तो उस ने उन पर तस्कीन नाज़िल की और ऐसे लशकरों से उन की मदद की जो तुम ने नहीं देखे और काफ़िरों की बात पस्त कर दी, और अल्लाह का कलिमा (बोल) बाला है, और अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला है। **(40)**

तुम निकलो हलके हो या भारी, और अपने मालों से जिहाद करो और अपनी जानों से अल्लाह की राह में, यह तुम्हारे लिए बेहतर है अगर तुम जानते हो। **(41)**

اِنَّمَا النَّسِیْٓءُ زِیَادَةٌ فِی الْكُفْرِ یُضَلُّ بِهِ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا

वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	इस से	गुमराह होते हैं	कुफ़्र में	इज़ाफ़ा	महीने का हटा देना	यह जो

یُحِلُّوْنَهٗ عَامًا وَّیُحَرِّمُوْنَهٗ عَامًا لِّیُوَاطِـُٔوْا عِدَّةَ مَا حَرَّمَ

हराम किया	जो	गिनती	ताकि वह पूरी कर लें	एक साल	और उस को हराम कर लेते हैं	एक साल	वह उस को हलाल करते हैं

اللّٰهُ فَیُحِلُّوْا مَا حَرَّمَ اللّٰهُ ؕ زُیِّنَ لَهُمْ سُوْٓءُ اَعْمَالِهِمْ ؕ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	उन के आमाल	बुरे	उन्हें	मुज़ैयन करदिए गए	अल्लाह ने हराम किया	जो	तो वह हलाल करते हैं	अल्लाह

ع ٨ ١١ لَا یَهْدِی الْقَوْمَ الْكٰفِرِیْنَ ﴿۳۷﴾ یٰٓاَیُّهَا الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا مَا لَكُمْ

तुम्हें किया हुआ	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ	37	काफ़िर (जमा)	क़ौम	हिदायत नहीं देता

اِذَا قِیْلَ لَكُمُ انْفِرُوْا فِیْ سَبِیْلِ اللّٰهِ اثَّاقَلْتُمْ اِلَی الْاَرْضِ ؕ

ज़मीन	तरफ़ (पर)	तुम गिरे जाते हो	अल्लाह की राह	में	कूच करो	तुम्हें	कहा जाता है	जब

اَرَضِیْتُمْ بِالْحَیٰوةِ الدُّنْیَا مِنَ الْاٰخِرَةِ ۚ فَمَا مَتَاعُ الْحَیٰوةِ الدُّنْیَا

दुनिया	ज़िन्दगी	सामान	सो नहीं	आख़िरत	से (मुक़ाबला)	दुनिया	ज़िन्दगी को	क्या तुम ने पसन्द कर लिया

فِی الْاٰخِرَةِ اِلَّا قَلِیْلٌ ﴿۳۸﴾ اِلَّا تَنْفِرُوْا یُعَذِّبْكُمْ عَذَابًا اَلِیْمًا ۬ۙ

दर्दनाक	अ़ज़ाब	तुम्हें अ़ज़ाब देगा	अगर न निकलोगे	38	थोड़ा	मगर	आख़िरत	में

وَّیَسْتَبْدِلْ قَوْمًا غَیْرَكُمْ وَلَا تَضُرُّوْهُ شَیْـًٔا ؕ وَاللّٰهُ عَلٰی

पर	और अल्लाह	कुछ भी	और न बिगाड़ सकोगे उस का	तुम्हारे सिवा	और क़ौम	और बदले में ले आएगा

كُلِّ شَیْءٍ قَدِیْرٌ ﴿۳۹﴾ اِلَّا تَنْصُرُوْهُ فَقَدْ نَصَرَهُ اللّٰهُ اِذْ اَخْرَجَهُ

उस को निकाला	जब	तो अलबत्ता अल्लाह ने उस की मदद की है	अगर तुम मदद न करोगे उस की	39	क़ुदरत रखने वाला	हर चीज़

الَّذِیْنَ كَفَرُوْا ثَانِیَ اثْنَیْنِ اِذْ هُمَا فِی الْغَارِ اِذْ یَقُوْلُ

वह कहते थे	जब	ग़ार	में	जब वह दोनों	दो में	दूसरा	जो काफ़िर हुए (काफ़िर)	वह लोग

لِصَاحِبِهٖ لَا تَحْزَنْ اِنَّ اللّٰهَ مَعَنَا ۚ فَاَنْزَلَ اللّٰهُ سَكِیْنَتَهٗ

अपनी तस्कीन	तो अल्लाह ने नाज़िल की	हमारे साथ	यक़ीनन अल्लाह	घबराओ नहीं	अपने साथी से

عَلَیْهِ وَاَیَّدَهٗ بِجُنُوْدٍ لَّمْ تَرَوْهَا وَجَعَلَ كَلِمَةَ الَّذِیْنَ كَفَرُوا

उन्हों ने कुफ़्र किया	वह लोग जो	बात	और कर दी	जो तुम ने नहीं देखे	ऐसे लशकरों से	और उस की मदद की	उस पर

السُّفْلٰی ؕ وَكَلِمَةُ اللّٰهِ هِیَ الْعُلْیَا ؕ وَاللّٰهُ عَزِیْزٌ حَكِیْمٌ ﴿۴۰﴾

40	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और अल्लाह	बाला	वह	और अल्लाह का कलिमा (बोल)	पस्त (नीची)

اِنْفِرُوْا خِفَافًا وَّثِقَالًا وَّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ

और अपनी जानों	अपने मालों से	और जिहाद करो	और भारी	हलका-हलके	तुम निकलो

فِیْ سَبِیْلِ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكُمْ خَیْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ﴿۴۱﴾

41	जानते हो	तुम हो	अगर	तुम्हारे लिए	बेहतर	यह तुम्हारे लिए	अल्लाह की राह	में

لَوْ كَانَ عَرَضًا قَرِيْبًا وَّسَفَرًا قَاصِدًا لَّاتَّبَعُوْكَ

तो आप (स) के पीछे हो लेते	आसान	और सफ़र	क़रीब	माल (ग़नीमत)	होता	अगर

وَلٰكِنْ بَعُدَتْ عَلَيْهِمُ الشُّقَّةُ ؕ وَسَيَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ

अल्लाह की	और अब क़स्में खाएंगे	रास्ता	उन पर	दूर नज़र आया	और लेकिन

لَوِ اسْتَطَعْنَا لَخَرَجْنَا مَعَكُمْ ۚ يُهْلِكُوْنَ اَنْفُسَهُمْ ۚ

अपने आप	वह हलाक कर रहे हैं	तुम्हारे साथ	हम ज़रूर निकलते	अगर हम से हो सकता

ع ٥ ٦ ١٢ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ اِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ﴿٤٢﴾ عَفَا اللّٰهُ عَنْكَ ۚ لِمَ

क्यों	तुम्हें	माफ़ करे अल्लाह	42	यक़ीनन झूटे हैं	कि वह	जानता है	और अल्लाह

اَذِنْتَ لَهُمْ حَتّٰى يَتَبَيَّنَ لَكَ الَّذِيْنَ صَدَقُوْا وَتَعْلَمَ

और आप जान लेते	सच्चे	वह लोग जो	आप पर	ज़ाहिर हो जाए	यहां तक कि	उन्हें	तुम ने इजाज़त दी

الْكٰذِبِيْنَ ﴿٤٣﴾ لَا يَسْتَاْذِنُكَ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ

अल्लाह पर	जो ईमान रखते हैं	वह लोग	नहीं मांगते आप से रुख़सत	43	झूटे

وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ اَنْ يُّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ ؕ

और अपनी जान (जमा)	अपने मालों से	वह जिहाद करें	कि	और यौमे आख़िरत पर

وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالْمُتَّقِيْنَ ﴿٤٤﴾ اِنَّمَا يَسْتَاْذِنُكَ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	आप से रुख़सत मांगते हैं	वही सिर्फ़	44	मुत्तक़ियों को	खूब जानता है	और अल्लाह

لَا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَارْتَابَتْ قُلُوْبُهُمْ

उन के दिल	और शक में पड़े हैं	और यौमे आख़िरत	अल्लाह पर	ईमान नहीं रखते

فَهُمْ فِيْ رَيْبِهِمْ يَتَرَدَّدُوْنَ ﴿٤٥﴾ وَلَوْ اَرَادُوا الْخُرُوْجَ

निकलने का	वह इरादा करते	और अगर	45	भटक रहे हैं	अपने शक	में	सो वह

لَاَعَدُّوْا لَهٗ عُدَّةً وَّلٰكِنْ كَرِهَ اللّٰهُ انْۢبِعَاثَهُمْ

उन का उठना	अल्लाह ने नापसन्द किया	और लेकिन	कुछ सामान	उस के लिए	ज़रूर तैयार करते

فَثَبَّطَهُمْ وَقِيْلَ اقْعُدُوْا مَعَ الْقٰعِدِيْنَ ﴿٤٦﴾

46	बैठने वाले	साथ	बैठ जाओ	और कहा गया	सो उन को रोक दिया

لَوْ خَرَجُوْا فِيْكُمْ مَّا زَادُوْكُمْ اِلَّا خَبَالًا

ख़राबी	मगर (सिवाए)	तुम्हें बढ़ाते	न	तुम में	वह निकलते	अगर

وَّلَاَوْضَعُوْا خِلٰلَكُمْ يَبْغُوْنَكُمُ الْفِتْنَةَ ۚ

बिगाड़	तुम्हारे लिए चाहते हैं	तुम्हारे दरमियान	और दौड़े फिरते

وَفِيْكُمْ سَمّٰعُوْنَ لَهُمْ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالظّٰلِمِيْنَ ﴿٤٧﴾

47	ज़ालिमों को	खूब जानता है	और अल्लाह	उन के	सुनने वाले	और तुम में

अगर माले ग़नीमत क़रीब और सफ़र आसान होता तो वह आप (स) के पीछे हो लेते, लेकिन दूर नज़र आया उन्हें रास्ता, और अब अल्लाह की क़स्में खाएंगे कि अगर हम से हो सकता तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ निकलते, वह अपने आप को हलाक कर रहें हैं, और अल्लाह जानता है कि वह यक़ीनन झूटे हैं। (42)

अल्लाह तुम्हें माफ़ करे, आप (स) ने (उस से पेशतर) उन्हें क्यों इजाज़त दे दी, यहां तक कि आप पर ज़ाहिर हो जाते वह लोग जो सच्चे हैं और आप (स) जान लेते झूटों को। (43)

आप (स) से वह लोग रुख़सत नहीं मांगते जो अल्लाह पर और यौमे आख़िरत पर ईमान रखते हैं कि वह जिहाद करें अपने मालों से अपनी जानों से, और अल्लाह मुत्तक़ियों (डरने वाले, परहेज़गारों) को खूब जानता है। (44)

आप (स) से सिर्फ़ वह लोग रुख़सत मांगते हैं जो अल्लाह पर और यौमे आख़िरत पर ईमान नहीं रखते, और उन के दिल शक में पड़े हैं, सो वह अपने शक में भटक रहे हैं। (45)

और अगर वह निकलने का इरादा करते तो उस के लिए ज़रूर तैयार करते कुछ सामान, लेकिन अल्लाह ने उन का उठना नापसन्द किया, सो उन को रोक दिया और कह दिया गया (माज़ूर) बैठने वालों के साथ बैठ जाओ। (46)

और अगर वह तुम में (तुम्हारे साथ) निकलते तो तुम्हारे लिए ख़राबी के सिवा कुछ न बढ़ाते, और तुम्हारे दरमियान दौड़े फिरते, चाहते हुए तुम्हारे लिए बिगाड़, और तुम में उन की बातें सुनने वाले मौजूद हैं, और अल्लाह ज़ालिमों को खूब जानता है। (47)

لَقَدِ ابْتَغَوُا الْفِتْنَةَ مِنْ قَبْلُ وَقَلَّبُوْا لَكَ الْاُمُوْرَ

तद्बीरें	तुम्हारे लिए	उन्हों ने उलट पलट कीं	इस से क़ब्ल	बिगाड़	अलबत्ता चाहा था उन्हों ने

حَتّٰى جَآءَ الْحَقُّ وَظَهَرَ اَمْرُ اللّٰهِ وَهُمْ كٰرِهُوْنَ ﴿٤٨﴾

48	पसन्द न करने वाले	और वह	अम्रे इलाही	और ग़ालिब आगया	हक़	आगया	यहां तक कि

وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّقُوْلُ ائْذَنْ لِّيْ وَلَا تَفْتِنِّيْ ؕ اَلَا فِي

में	याद रखो	और न डाले मुझे आज़माइश में	मुझे	इजाज़त दें	कहता है	जो कोई	और उन में से

الْفِتْنَةِ سَقَطُوْا ؕ وَاِنَّ جَهَنَّمَ لَمُحِيْطَةٌۢ بِالْكٰفِرِيْنَ ﴿٤٩﴾

49	काफ़िरों को	घेरे हुए	जहन्नम	और बेशक	वह पड़ चुके हैं	आज़माइश

اِنْ تُصِبْكَ حَسَنَةٌ تَسُؤْهُمْ ۚ وَاِنْ تُصِبْكَ مُصِيْبَةٌ

कोई मुसीबत	तुम्हें पहुँचे	और अगर	उन्हें बुरी लगे	कोई भलाई	तुम्हें पहुँचे	अगर

يَّقُوْلُوْا قَدْ اَخَذْنَآ اَمْرَنَا مِنْ قَبْلُ وَيَتَوَلَّوْا وَّهُمْ

और वह	और वह लौट जाते हैं	इस से पहले	अपना काम	हम ने पकड़ लिया (संभाल लिया) था	तो वह कहें

فَرِحُوْنَ ﴿٥٠﴾ قُلْ لَّنْ يُّصِيْبَنَآ اِلَّا مَا كَتَبَ اللّٰهُ لَنَا ۚ

हमारे लिए	अल्लाह ने लिख दिया	जो	मगर	हरगिज़ न पहुँचेगा हमें	आप कह दें	50	वह खुशियां मनाते

هُوَ مَوْلٰىنَا ۚ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿٥١﴾

51	मोमिन (जमा)	भरोसा करना चाहिए	और अल्लाह पर	हमारा मौला	वही

قُلْ هَلْ تَرَبَّصُوْنَ بِنَآ اِلَّآ اِحْدَى الْحُسْنَيَيْنِ ؕ

दो ख़ूबियों	एक का	मगर	हम पर	क्या तुम इन्तिज़ार करते हो	आप (स) कह दें

وَنَحْنُ نَتَرَبَّصُ بِكُمْ اَنْ يُّصِيْبَكُمُ اللّٰهُ بِعَذَابٍ مِّنْ عِنْدِهٖٓ

उस के पास	से	कोई अ़ज़ाब	अल्लाह	तुम्हें पहुँचे	कि	तुम्हारे लिए	और हम इन्तिज़ार करते हैं

اَوْ بِاَيْدِيْنَا ۖ فَتَرَبَّصُوْٓا اِنَّا مَعَكُمْ مُّتَرَبِّصُوْنَ ﴿٥٢﴾

52	इन्तिज़ार करने वाले	तुम्हारे साथ	हम	सो तुम इन्तिज़ार करो	हमारे हाथों से	या

قُلْ اَنْفِقُوْا طَوْعًا اَوْ كَرْهًا لَّنْ يُّتَقَبَّلَ مِنْكُمْ ؕ اِنَّكُمْ كُنْتُمْ

तुम हो	बेशक तुम	तुम से	हरगिज़ न कुबूल किया जाएगा	नाखुशी से	या	खुशी से	तुम ख़र्च करो	आप (स) कह दें

قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ﴿٥٣﴾ وَمَا مَنَعَهُمْ اَنْ تُقْبَلَ مِنْهُمْ نَفَقٰتُهُمْ اِلَّآ

मगर	उन का ख़र्च	उन से	कुबूल किया जाए	कि	उन के लिए रुकावट बना	और न	53	फ़ासिक़ (जमा)	क़ौम

اَنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاللّٰهِ وَبِرَسُوْلِهٖ وَلَا يَاْتُوْنَ الصَّلٰوةَ

नमाज़	और वह नहीं आते	और उस के रसूल के	अल्लाह के	मुन्किर हुए	यह कि वह

اِلَّا وَهُمْ كُسَالٰى وَلَا يُنْفِقُوْنَ اِلَّا وَهُمْ كٰرِهُوْنَ ﴿٥٤﴾

54	नाखुशी से	और वह	मगर	और वह ख़र्च नहीं करते	सुस्त	और वह	मगर

अलबत्ता उन्हों ने चाहा था इस से क़ब्ल भी बिगाड़, और उन्हों ने तुम्हारे लिए तद्बीरें उलट पलट कीं यहां तक कि हक़ आगया, और ग़ालिब आगया अम्रे इलाही और वह पसन्द न करने वाले (ना खुश) रहे। (48)

और उन में से कोई कहता है मुझे इजाज़त दें और मुझे आज़माइश में न डालें, याद रखो वह आज़माइश में पड़ चुके हैं, और बेशक जहन्नम काफ़िरों को घेरे हुए है। (49)

अगर तुम्हें पहुँचे कोई भलाई तो उन्हें बुरी लगे, और तुम्हें कोई मुसीबत पहुँचे तो वह कहें: हम ने अपना काम पहले ही संभाल लिया था और वह खुशियां मनाते लौट जाते हैं। (50)

आप (स) कह दें हमें हरगिज़ न पहुँचेगा मगर (वही) जो अल्लाह ने हमारे लिए लिख दिया है, वही हमारा मौला है। और मोमिनों को अल्लाह पर ही भरोसा करना चाहिए। (51)

आप (स) कह दें: किया तुम दो ख़ूबियों में से हम पर एक का इन्तिज़ार करते हो, और हम तुम्हारे लिए इन्तिज़ार कर रहे हैं कि तुम्हें पहुँचे अल्लाह के पास से कोई अ़ज़ाब या हमारे हाथों से, सो तुम इन्तिज़ार करो, हम (भी) तुम्हारे साथ मुन्तज़िर हैं। (52)

आप (स) कह दें: तुम खुशी से ख़र्च करो या नाखुशी से, हरगिज़ तुम से कुबूल न किया जाएगा, बेशक तुम हो क़ौमे-फ़ासिक़ीन (नाफ़रमानों की क़ौम)। (53)

और उन के ख़र्च कुबूल न होने की कोई वजह इस के सिवा नहीं कि उन्हों ने अल्लाह और रसूल से कुफ़्र किया है, और वह नमाज़ को नहीं आते मगर सुस्ती से और वह ख़र्च नहीं करते मगर नाखुशी से। (54)

فَلَا تُعْجِبْكَ اَمْوَالُهُمْ وَلَآ اَوْلَادُهُمْ ۭ اِنَّمَا يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُعَذِّبَهُمْ

कि अ़ज़ाब दे उन्हें	चाहता है अल्लाह	यही	उन की औलाद	और न	उन के माल	सो तुम्हें तअ़ज्जुब न हो

بِهَا فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَتَزْهَقَ اَنْفُسُهُمْ وَهُمْ كٰفِرُوْنَ ﴿٥٥﴾

55	काफ़िर हों	और वह	उन की जानें	और निकलें	दुनिया की ज़िन्दगी	में	उस से

وَيَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ اِنَّهُمْ لَمِنْكُمْ ۭ وَمَا هُمْ مِّنْكُمْ وَلٰكِنَّهُمْ قَوْمٌ

लोग	और लेकिन वह	तुम में से	वह	हालांकि नहीं	अलबत्ता तुम में से	बेशक वह	अल्लाह की	और क़स्में खाते हैं

يَّفْرَقُوْنَ ﴿٥٦﴾ لَوْ يَجِدُوْنَ مَلْجَاً اَوْ مَغٰرٰتٍ اَوْ مُدَّخَلًا

घुसने की जगह	या	ग़ार (जमा)	या	पनाह की जगह	वह पाएं	अगर	56	डरते हैं

لَّوَلَّوْا اِلَيْهِ وَهُمْ يَجْمَحُوْنَ ﴿٥٧﴾ وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّلْمِزُكَ

तअ़न करते हैं आप पर	जो (बाज़)	और उन में से	57	रस्सियां तुड़ाते हैं	और वह	उस की तरफ़	तो वह फिर जाएं

فِي الصَّدَقٰتِ ۚ فَاِنْ اُعْطُوْا مِنْهَا رَضُوْا وَاِنْ لَّمْ يُعْطَوْا

उन्हें न दिया जाए	और अगर	वह राज़ी हो जाएं	उस से	उन्हें दे दिया जाए	सो अगर	सदक़ात	में

مِنْهَآ اِذَا هُمْ يَسْخَطُوْنَ ﴿٥٨﴾ وَلَوْ اَنَّهُمْ رَضُوْا مَآ اٰتٰىهُمُ اللّٰهُ

अल्लाह	उन्हें दिया	जो	राज़ी हो जाते	अगर वह	क्या अच्छा होता	58	नाराज़ हो जाते हैं	वह	उसी वक़्त	उस से

وَرَسُوْلُهٗ ۙ وَقَالُوْا حَسْبُنَا اللّٰهُ سَيُؤْتِيْنَا اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ

अपना फ़ज़्ल	से	अल्लाह	अब हमें देगा	हमें काफ़ी है अल्लाह	और वह कहते	और उस का रसूल

ع ١٧/١٣ وَرَسُوْلُهٗٓ ۙ اِنَّآ اِلَى اللّٰهِ رٰغِبُوْنَ ﴿٥٩﴾ اِنَّمَا الصَّدَقٰتُ لِلْفُقَرَاۗءِ

मुफ़लिस (जमा)	ज़कात	सिर्फ़	59	रग़बत रखते हैं	अल्लाह की तरफ़	बेशक हम	और उस का रसूल

وَالْمَسٰكِيْنِ وَالْعٰمِلِيْنَ عَلَيْهَا وَالْمُؤَلَّفَةِ قُلُوْبُهُمْ وَفِي

और में	उन के दिल	और उल्फ़त दी जाए	उस पर	और काम करने वाले	मिस्कीन (जमा) मोहताज

الرِّقَابِ وَالْغٰرِمِيْنَ وَفِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۭ فَرِيْضَةً

फ़रीज़ा (ठहराया हुआ)	और मुसाफ़िर	अल्लाह की राह	और में	तावान भरने वाले, क़र्ज़दार	गर्दनों (के छुड़ाने)

مِّنَ اللّٰهِ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٠﴾ وَمِنْهُمُ الَّذِيْنَ يُؤْذُوْنَ

ईज़ा देते (सताते) हैं	जो लोग	और उन में से	60	हिक्मत वाला	इल्म वाला	और अल्लाह	अल्लाह	से

النَّبِيَّ وَيَقُوْلُوْنَ هُوَ اُذُنٌ ۭ قُلْ اُذُنُ خَيْرٍ لَّكُمْ يُؤْمِنُ

वह ईमान लाते हैं	भलाई तुम्हारे लिए	कान	आप कह दें	कान	वह (यह)	और कहते हैं	नबी

وَرَفَعْنَا بَعْضَهُمْ فَوْقَ بَعْضٍ دَرَجٰتٍ لِّيَتَّخِذَ بَعْضُهُمْ بَعْضًا

उन में से बाज़ (एक) दूसरे को	ताकि बनाए	दरजे	बाज़ (दूसरे) पर	उन में से बाज़ (एक)	और हम ने बुलन्द किए

سُخْرِيًّا ۭ وَرَحْمَتُ رَبِّكَ خَيْرٌ مِّمَّا يَجْمَعُوْنَ ﴿٣٢﴾ وَلَوْلَا

और अगर (यह) न होता	32	वह जमा करते हैं	उस से जो	बेहतर	और तुम्हारे रब की रहमत	ख़िदमतगार

اَنْ يَّكُوْنَ النَّاسُ اُمَّةً وَّاحِدَةً لَّجَعَلْنَا لِمَنْ يَّكْفُرُ بِالرَّحْمٰنِ

रहमान (अल्लाह) का	उनके लिए जो कुफ़्र करते हैं	तो हम बनाते	एक उम्मत (तरीक़ा)	तमाम लोग	कि हो जाएंगे

لِبُيُوْتِهِمْ سُقُفًا مِّنْ فِضَّةٍ وَّمَعَارِجَ عَلَيْهَا يَظْهَرُوْنَ ﴿٣٣﴾ وَلِبُيُوْتِهِمْ

उन के घरों के लिए	33	वह चढ़ते	जिन पर	और सीढ़ियां	चाँदी से-की	छत	उनके घरों के लिए

اَبْوَابًا وَّسُرُرًا عَلَيْهَا يَتَّكِـُٔوْنَ ﴿٣٤﴾ وَزُخْرُفًا ۭ وَاِنْ كُلُّ ذٰلِكَ لَمَّا

मगर	यह सब	और नहीं	और आराइश करते	34	वह तकिया लगाते	जिन पर	और तख़्त	दरवाज़े

مَتَاعُ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۭ وَالْاٰخِرَةُ عِنْدَ رَبِّكَ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿٣٥﴾ ع ٣ ١٠ ٩

35	परहेज़गारों के लिए	तुम्हारे रब के नज़दीक	और आख़िरत	दुनिया की ज़िन्दगी	पूंजी

नबी (स) ने कहाः क्या (उस सूरत में भी) अगरचे मैं बेहतर राह बतलाने वाला (दीने हक़ लाया) हूँ उस से जिस पर तुम ने अपने बाप दादा को पाया? वह बोलेः बेशक हम उस का इन्कार करने वाले हैं जिस के साथ तुम भेजे गए हो। **(24)** तो हम ने उन से बदला लिया, सो देखो कि झुटलाने वालों का कैसा अन्जाम हुआ? **(25)** और (याद करो) जब इब्राहीम (अ) ने अपने बाप दादा और अपनी क़ौम को कहाः बेशक मैं उस से बेज़ार हूँ जिस की तुम परस्तिश करते हो, **(26)** मगर (हाँ) जिस ने मुझे पैदा किया, तो बेशक वह जल्द मुझे हिदायत देगा। **(27)** और उस (इब्राहीम अ) ने उस को किया अपनी नस्ल में बाक़ी रहने वाली बात, ताकि वह रुजूअ करते रहें। **(28)** बल्कि मैं ने उन्हें और उन के बाप दादा को सामाने ज़ीस्त दिया, यहां तक कि उन के पास क़ुरआन आ गया, और साफ़ साफ़ बयान करने वाला रसूल। **(29)** और जब उन के पास हक़ आया तो वह कहने लगे कि यह जादू है, और बेशक हम इस का इन्कार करने वाले हैं। **(30)** और वह बोले कि यह क़ुरआन क्यों न नाज़िल किया गया दो बस्तियों (मक्का या ताइफ़) के किसी बड़े आदमी पर? **(31)** क्या वह तुम्हारे रब की रहमत तक़सीम करते हैं, और हम ने उन के दरमियान उन की रोज़ी दुनिया की ज़िन्दगी में तक़सीम की है, और हम ने उन में से एक के दरजे दूसरे पर बुलन्द किए हैं ताकि उन में से एक दूसरे को ख़िदमतगार बनाए, और तुम्हारे रब की रहमत उस से बेहतर है जो वह जमा करते हैं। **(32)** और अगर (एहतिमाल) न होता कि तमाम लोग एक तरीक़े पर हो जाएंगे तो हम बनाते उन के लिए जो कुफ़्र करते हैं अल्लाह का। उन के घरों के लिए चाँदी की छत और सीढ़ियां जिन पर वह चढ़ते हैं **(33)** और उन के घरों के दरवाज़े और तख़्त जिन पर वह तकिया लगाते हैं। **(34)** और (ख़ूब) आराइश करते, और यह सब (कुछ) नहीं मगर दुनिया की ज़िन्दगी की पूंजी है, और तुम्हारे रब के नज़्दीक आख़िरत परहेज़गारों के लिए है। **(35)**

وَمَنْ يَّعْشُ عَنْ ذِكْرِ الرَّحْمٰنِ نُقَيِّضْ لَهٗ شَيْطٰنًا فَهُوَ لَهٗ قَرِيْنٌ ﴿٣٦﴾

36	साथी	उस का	तो वह	एक शैतान	हम मुक़र्रर (मुसल्लत) कर देते हैं उस के लिए	रहमान (अल्लाह) की याद	से	ग़फ़लत करे	और जो

وَاِنَّهُمْ لَيَصُدُّوْنَهُمْ عَنِ السَّبِيْلِ وَيَحْسَبُوْنَ اَنَّهُمْ مُّهْتَدُوْنَ ﴿٣٧﴾

37	हिदायत याफ़्ता	कि वह	और वह गुमान करते हैं	रास्ते से	अलबत्ता वह रोकते हैं उन्हें	और बेशक वह

حَتّٰۤى اِذَا جَآءَنَا قَالَ يٰلَيْتَ بَيْنِىْ وَبَيْنَكَ بُعْدَ الْمَشْرِقَيْنِ

मश्रिक़ ओ मग़्रिब	दूरी	और तेरे दरमियान	मेरे दरमियान	ऐ काश	वह कहेगा	वह आएंगे हमारे पास	जब	यहां तक कि

فَبِئْسَ الْقَرِيْنُ ﴿٣٨﴾ وَلَنْ يَّنْفَعَكُمُ الْيَوْمَ اِذْ ظَّلَمْتُمْ اَنَّكُمْ فِى الْعَذَابِ

अ़ज़ाब में	यह कि तुम	जब जुल्म कर चुके तुम ने	आज	और हरगिज़ नफ़ा न देगा तुम्हें	38	साथी	तू बुरा

مُشْتَرِكُوْنَ ﴿٣٩﴾ اَفَاَنْتَ تُسْمِعُ الصُّمَّ اَوْ تَهْدِى الْعُمْىَ وَمَنْ كَانَ

और जो हो	अँधों	या राह दिखाएंगे	बहरों	सुनाएंगे	तो क्या आप (स)	39	मुशतरिक हो

فِىْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿٤٠﴾ فَاِمَّا نَذْهَبَنَّ بِكَ فَاِنَّا مِنْهُمْ مُّنْتَقِمُوْنَ ﴿٤١﴾ ۙ

41	इन्तिक़ाम लेने वाले	उन से	तो बेशक हम	आप (स) को	ले जाएं	फिर अगर	40	सरीह गुमराही	में

اَوْ نُرِيَنَّكَ الَّذِىْ وَعَدْنٰهُمْ فَاِنَّا عَلَيْهِمْ مُّقْتَدِرُوْنَ ﴿٤٢﴾ فَاسْتَمْسِكْ

पस आप (स) मज़बूती से थाम लें	42	क़ुदरत रखने वाले (क़ादिर) हैं	उन पर	तो बेशक हम	हम ने वादा किया उन से	वह जो	या हम दिखादें तुम्हें

بِالَّذِىْۤ اُوْحِىَ اِلَيْكَ ۚ اِنَّكَ عَلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ﴿٤٣﴾ وَاِنَّهٗ لَذِكْرٌ

नसीहत (नामा)	और बेशक यह	43	सीधा	रास्ता	पर	बेशक आप (स)	आप (स) की तरफ़	वहि किया गया	वह जो

لَّكَ وَلِقَوْمِكَ ۚ وَسَوْفَ تُسْـَٔلُوْنَ ﴿٤٤﴾ وَسْـَٔلْ مَنْ اَرْسَلْنَا

हम ने भेजे	जो	और पूछ लें	44	तुम से पूछा जाएगा	और अ़नक़रीब	और आप (स) की क़ौम के लिए	आप (स) के लिए

مِنْ قَبْلِكَ مِنْ رُّسُلِنَاۤ ۙ اَجَعَلْنَا مِنْ دُوْنِ الرَّحْمٰنِ اٰلِهَةً

कोई माबूद	रहमान (अल्लाह) के सिवा	से	क्या हम ने मुक़र्रर किए	हमारे रसूलों में से	आप (स) से पहले

ع ١٠ / ١٠
يُّعْبَدُوْنَ ﴿٤٥﴾ ع وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى بِاٰيٰتِنَاۤ اِلٰى فِرْعَوْنَ وَمَلَا۟ئِهٖ

और उस के सरदार	फ़िरऔन	तरफ़	अपनी निशानियों के साथ	मूसा (अ)	और तहक़ीक़ हम ने भेजा	45	उन की इबादत के लिए

فَقَالَ اِنِّىْ رَسُوْلُ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٤٦﴾ فَلَمَّا جَآءَهُمْ بِاٰيٰتِنَاۤ اِذَا هُمْ

वह	नागहां	हमारी निशानियों के साथ	वह आया	फिर जब	46	तमाम जहानों का परवरदिगार	बेशक मैं रसूल	तो उस ने कहा

مِّنْهَا يَضْحَكُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَمَا نُرِيْهِمْ مِّنْ اٰيَةٍ اِلَّا هِىَ اَكْبَرُ مِنْ اُخْتِهَا ز

उस की बहन (दूसरी निशानी)	से	बड़ी	मगर वह	कोई निशानी	और हम उन्हें दिखाते थे	47	उस से (उन निशानियों पर) हँसने लगे

وَاَخَذْنٰهُمْ بِالْعَذَابِ لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ﴿٤٨﴾ وَقَالُوْا يٰۤاَيُّهَ

ऐ	और उन्हों ने कहा	48	वह रुजूअ़ करें	ताकि वह	अ़ज़ाब में	और हम ने गिरफ़्तार किया उन्हें

السّٰحِرُ ادْعُ لَنَا رَبَّكَ بِمَا عَهِدَ عِنْدَكَ ۚ اِنَّنَا لَمُهْتَدُوْنَ ﴿٤٩﴾

49	अलबत्ता हिदायत पाने वाले	बेशक हम	तेरे पास	उस अ़हद के सबब जो	अपना रब	हमारे लिए	दुआ कर	जादूगर

और जो कोई अल्लाह की याद से ग़फ़लत करे, हम मुसल्लत कर देते हैं उस के लिए एक शैतान, तो वह उस का साथी हो जाता है। (36) और बेशक वह उन्हें (अल्लाह के) रास्ते से रोकते हैं, और वह गुमान करते हैं कि वह हिदायत याफ़्ता हैं। (37) यहां तक कि जब वह हमारे पास आएंगे तो वह (अपने शैतान साथी से) कहेगा: ऐ काश मेरे और तेरे दरमियान मश्रिक़ ओ मग़्रिब की दूरी होती, तू बुरा साथी निकला। (38) और जब कि तुम ज़ुल्म कर चुके तो आज तुम्हें यह हरगिज़ नफ़ा न देगा कि तुम अ़ज़ाब में मुशतरिक हो। (39) तो क्या आप (स) बहरों को सुनाएंगे या अँधों को राह दिखाएंगे? और उस को जो सरीह गुमराही में हो। (40) फिर अगर हम आप (स) को (दुनिया से) ले जाएं तो बेशक हम (फिर भी) उन से इन्तिक़ाम लेने वाले हैं। (41) या हम आप (स) को दिखा दें वह जो हम ने उन से वादा किया है तो बेशक हम उन पर क़ादिर हैं। (42) पस आप (स) वह मज़बूती से थाम लें जो आप (स) की तरफ़ वहि किया गया है, बेशक आप (स) सीधे रास्ते पर हैं। (43) और बेशक यह (क़ुरआन) एक नसीहत नामा है आप (स) के लिए और आप (स) की क़ौम के लिए। और अ़नक़रीब तुम से पूछा जाएगा। (44) आप (स) हमारे उन रसूलों से पूछ लें जो हम ने आप से पहले भेजे: क्या हम ने अल्लाह के सिवा कोई माबूद मुक़र्रर किए थे जिन की इबादत की जाए। (45) और तहक़ीक़ हम ने मूसा (अ) को अपनी निशानियों के साथ भेजा फ़िरऔन और उस के सरदारों की तरफ़, तो उस ने कहा: बेशक मैं तमाम जहानों के परवरदिगार का रसूल हूँ। (46) फिर जब वह हमारी निशानियों के साथ उन के पास आया तो नागहां वह उन निशानियों पर हँसने लगे। (47) और हम उन्हें कोई निशानी नहीं दिखाते थे, मगर वह पहली निशानी से बड़ी होती, हम ने उन्हें अ़ज़ाब में गिरफ़्तार किया ताकि वह (हक़ की तरफ़) रुजूअ़ करें। (48) और उन्हों ने कहा: ऐ जादूगर! हमारे लिए अपने रब से दुआ कर उस अ़हद के सबब जो तेरे पास है, बेशक हम हिदायत पाने वाले हैं (हिदायत पा लेंगे)। (49)

फिर जब हम ने उन से अ़ज़ाब हटा दिया तो नागहां वह अ़हद तोड़ गए। (50)
और फ़िरऔ़न ने अपनी क़ौम में पुकारा (मनादी की), उस ने कहा: ऐ मेरी क़ौम! क्या मिस्र की बादशाहत मेरी नहीं? और यह नहरें जारी हैं मेरे (महलात के) नीचे से, तो क्या तुम नहीं देखते? (51)
बल्कि मैं उस से बेहतर हूँ जो कम क़द्र है, और वह मालूम नहीं होता साफ़ गुफ़्तगू करता। (52)
तो उस पर सोने के कंगन क्यों न डाले गए? या उस के साथ फ़रिश्ते (क्यों न) आए परा बान्ध कर। (53)
पस उस ने अपनी क़ौम को बेअ़क़्ल कर दिया, तो उन्हों ने उस की इताअ़त की, बेशक वह नाफ़रमान लोग थे। (54)
फिर जब उन्हों ने हमें गुस्सा दिलाया तो हम ने उन से इन्तिक़ाम लिया और उन सब को ग़र्क़ कर दिया। (55)
तो हम ने उन्हें गए गुज़रे कर दिया, और बाद में आने वालों के लिए एक दास्तान। (56)
और जब ईसा (अ) इब्ने मरयम की मिसाल बयान की गई तो यकायक तुम्हारी क़ौम उस से ख़ुशी के मारे चिल्लाने लगी। (57)
वह बोले: क्या हमारे माबूद बेहतर हैं या वह (ईसा इब्ने मरयम)? वह उस को तुम्हारे सामने सिर्फ़ झगड़ने के लिए बयान करते हैं, बल्कि वह तो हैं ही झगड़ालू। (58)
ईसा (अ) सिर्फ़ एक बन्दे हैं, हम ने इन्आ़म किया उन पर और हम ने उन्हें बनी इस्राईल के लिए एक मिसाल बनाया। (59)
और अगर हम चाहते तो तुम में से फ़रिश्ते पैदा करते ज़मीन में, वह तुम्हारे जांनशीन होते। (60)
और बेशक वह क़ियामत की एक निशानी है, तो तुम हरगिज़ उस में शक न करो, और मेरी पैरवी करो, यह सीधा रास्ता है। (61)
और शैतान तुम्हें रोक न दे, बेशक वह तुम्हारे लिए खुला दुश्मन है। (62)
और जब ईसा (अ) आए खुली निशानियों के साथ, तो उन्हों ने कहा: तहक़ीक़ मैं तुम्हारे पास हिक्मत के साथ आया हूँ, और इस लिए कि मैं तुम्हारे लिए वह बाज़ बातें बयान कर दूँ जिन में तुम इख़्तिलाफ़ करते हो, सो तुम अल्लाह से डरो और मेरी इताअ़त करो। (63)

فَلَمَّا كَشَفْنَا عَنْهُمُ الْعَذَابَ اِذَا هُمْ يَنْكُثُوْنَ ۝٥٠ وَنَادٰى فِرْعَوْنُ

फ़िरऔ़न	और पुकारा	50	अ़हद तोड़ गए	नागहां वह	अ़ज़ाब	उन से	हम ने खोला (हटा दिया)	फिर जब

فِيْ قَوْمِهٖ قَالَ يٰقَوْمِ اَلَيْسَ لِيْ مُلْكُ مِصْرَ وَهٰذِهِ الْاَنْهٰرُ

नहरें	और यह	मिस्र की बादशाहत	क्या नहीं मेरे लिए	उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम	अपनी क़ौम	में

تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِيْ ۚ اَفَلَا تُبْصِرُوْنَ ۝٥١ اَمْ اَنَا خَيْرٌ مِّنْ هٰذَا الَّذِيْ هُوَ

वह	वह जो	उस से	बेहतर	क्या- बल्कि मैं	51	देखते तुम	तो क्या नहीं	मेरे नीचे से	जारी हैं

مَهِيْنٌ ۙ وَّلَا يَكَادُ يُبِيْنُ ۝٥٢ فَلَوْلَآ اُلْقِيَ عَلَيْهِ اَسْوِرَةٌ مِّنْ ذَهَبٍ

सोने के	कंगन	उस पर	डाले गए	तो क्यों न	52	साफ़ गुफ़्तगू करता	और वह मालूम नहीं होता	कम क़द्र

اَوْ جَآءَ مَعَهُ الْمَلٰٓئِكَةُ مُقْتَرِنِيْنَ ۝٥٣ فَاسْتَخَفَّ قَوْمَهٗ فَاَطَاعُوْهُ ۭ

तो उन्हों ने उस की इताअ़त की	अपनी क़ौम	पस उस ने बेअ़क़्ल कर दिया	53	परा बान्ध कर	फ़रिश्ते	उस के साथ	या आए

اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ۝٥٤ فَلَمَّآ اٰسَفُوْنَا انْتَقَمْنَا مِنْهُمْ فَاَغْرَقْنٰهُمْ

पस हम ने ग़र्क़ कर दिया उन्हें	उन से	हम ने इन्तिक़ाम लिया	उन्हों ने गुस्सा दिलाया हमें	फिर जब	54	नाफ़रमान	लोग	थे	बेशक वह

اَجْمَعِيْنَ ۝٥٥ فَجَعَلْنٰهُمْ سَلَفًا وَّمَثَلًا لِّلْاٰخِرِيْنَ ۝٥٦ وَلَمَّا ضُرِبَ ع ١١ ١١

बयान की गई	और जब	56	बाद में आने वाले	पेश रौ (गए गुज़रे) और मिसाल (दास्तान)	तो हम ने कर दिया उन्हें	55	सब

ابْنُ مَرْيَمَ مَثَلًا اِذَا قَوْمُكَ مِنْهُ يَصِدُّوْنَ ۝٥٧ وَقَالُوْٓا ءَاٰلِهَتُنَا خَيْرٌ

बेहतर	क्या हमारे माबूद	और वह बोले	57	उस से (ख़ुशी से) चिल्लाने लगते हैं	यका यक तुम्हारी क़ौम	मिसाल	ईसा इब्ने मरयम

اَمْ هُوَ ۭ مَا ضَرَبُوْهُ لَكَ اِلَّا جَدَلًا ۭ بَلْ هُمْ قَوْمٌ خَصِمُوْنَ ۝٥٨ اِنْ هُوَ

नहीं वह (ईसा अ)	58	झगड़ालू	लोग	बल्कि वह	मगर (सिर्फ़) झगड़ने को	तुम्हारे लिए	नहीं वह बयान करते उस को	या वह

اِلَّا عَبْدٌ اَنْعَمْنَا عَلَيْهِ وَجَعَلْنٰهُ مَثَلًا لِّبَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ۝٥٩ وَلَوْ نَشَآءُ

और अगर हम चाहते	59	बनी इस्राईल के लिए	एक मिसाल	और हम ने बनाया उस को	उस पर	हम ने इन्आ़म क्या	एक बन्दा	सिर्फ़

لَجَعَلْنَا مِنْكُمْ مَّلٰٓئِكَةً فِي الْاَرْضِ يَخْلُفُوْنَ ۝٦٠ وَاِنَّهٗ لَعِلْمٌ

एक निशानी	और बेशक वह	60	वह (तुम्हारे) जांनशीन होते	ज़मीन में	फ़रिश्ते	तुम में से	अलबत्ता हम करते

لِّلسَّاعَةِ فَلَا تَمْتَرُنَّ بِهَا وَاتَّبِعُوْنِ ۭ هٰذَا صِرَاطٌ مُّسْتَقِيْمٌ ۝٦١

61	सीधा	रास्ता	यह	और मेरी पैरवी करो	उस में	तो हरगिज़ शक न करो तुम	क़ियामत की

وَلَا يَصُدَّنَّكُمُ الشَّيْطٰنُ ۚ اِنَّهٗ لَكُمْ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ۝٦٢ وَلَمَّا

और जब	62	दुश्मन खुला	तुम्हारे लिए	बेशक वह	शैतान	और रोक न दे तुम्हें

جَآءَ عِيْسٰى بِالْبَيِّنٰتِ قَالَ قَدْ جِئْتُكُمْ بِالْحِكْمَةِ وَلِاُبَيِّنَ

और इस लिए कि बयान कर दूँ	हिक्मत के साथ	तहक़ीक़ मैं आया हूँ तुम्हारे पास	उस ने कहा	खुली निशानियों के साथ	ईसा (अ)	आए

لَكُمْ بَعْضَ الَّذِيْ تَخْتَلِفُوْنَ فِيْهِ ۚ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ۝٦٣

63	और मेरी इताअ़त करो	सो डरो अल्लाह से	उस में	तुम इख़्तिलाफ़ करते हो	वह जो कि	बाज़	तुम्हारे लिए

إِنَّ اللّٰهَ هُوَ رَبِّىْ وَرَبُّكُمْ فَاعْبُدُوْهُ ۭ هٰذَا صِرَاطٌ مُّسْتَقِيْمٌ ﴿٦٤﴾

64	सीधा	रास्ता	यह	सो तुम उस की इबादत करो	और तुम्हारा रब	मेरा रब	वह	बेशक अल्लाह

فَاخْتَلَفَ الْاَحْزَابُ مِنْۢ بَيْنِهِمْ ۚ فَوَيْلٌ لِّلَّذِيْنَ ظَلَمُوْا

जिन्हों ने ज़ुल्म किया	उन लोगों के लिए	सो ख़राबी	आपस में	गिरोह (जमा)	फिर इख़्तिलाफ़ डाल लिया

مِنْ عَذَابِ يَوْمٍ اَلِيْمٍ ﴿٦٥﴾ هَلْ يَنْظُرُوْنَ اِلَّا السَّاعَةَ اَنْ تَاْتِيَهُمْ

वह उन पर आ जाए	कि	क़ियामत	सिर्फ़	वह इन्तिज़ार करते हैं	क्या	65	दिन दुख देने वाला	अ़ज़ाब से

بَغْتَةً وَّهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٦٦﴾ اَلْاَخِلَّاۗءُ يَوْمَىِٕذٍۢ بَعْضُهُمْ لِبَعْضٍ

बाज़ से (एक)	उन के बाज़ (दूसरे)	उस दिन	तमाम दोस्त	66	शऊर न रखते हूँ	और वह	अचानक

ع ٦/١١/١٢

عَدُوٌّ اِلَّا الْمُتَّقِيْنَ ﴿٦٧﴾ يٰعِبَادِ لَا خَوْفٌ عَلَيْكُمُ الْيَوْمَ وَلَآ اَنْتُمْ

और न तुम	आज	तुम पर	कोई ख़ौफ़ नहीं	ऐ मेरे बन्दो	67	परहेज़गारों	सिवा	दुश्मन

تَحْزَنُوْنَ ﴿٦٨﴾ اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاٰيٰتِنَا وَكَانُوْا مُسْلِمِيْنَ ﴿٦٩﴾ اُدْخُلُوا

तुम दाख़िल हो जाओ	69	मुसलिम (जमा)	और वह थे	हमारी आयात पर	जो ईमान लाए	68	ग़मगीन होंगे

الْجَنَّةَ اَنْتُمْ وَاَزْوَاجُكُمْ تُحْبَرُوْنَ ﴿٧٠﴾ يُطَافُ عَلَيْهِمْ بِصِحَافٍ

रिकाबियां	उन पर	लिए फिरेंगे	70	तुम ख़ुश बख़्त किए जाओगे	और तुम्हारी बीवियां	तुम	जन्नत

مِّنْ ذَهَبٍ وَّاَكْوَابٍ ۚ وَفِيْهَا مَا تَشْتَهِيْهِ الْاَنْفُسُ وَتَلَذُّ

और लज़्ज़त होगी	जी (जमा)	वह जो चाहेंगे	और उस में	और आबख़ोरे	सोने की

الْاَعْيُنُ ۚ وَاَنْتُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿٧١﴾ وَتِلْكَ الْجَنَّةُ الَّتِيْٓ اُوْرِثْتُمُوْهَا

तुम वारिस बनाए गए उस के	वह जिस	जन्नत	और यह	71	हमेशा रहोगे	उस में	और तुम	आँखों

بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٧٢﴾ لَكُمْ فِيْهَا فَاكِهَةٌ كَثِيْرَةٌ

बहुत	मेवे	उस में	तुम्हारे लिए	72	जो तुम करते थे	उस के बदले

مِّنْهَا تَاْكُلُوْنَ ﴿٧٣﴾ اِنَّ الْمُجْرِمِيْنَ فِيْ عَذَابِ جَهَنَّمَ خٰلِدُوْنَ ﴿٧٤﴾

74	हमेशा रहेंगे	अ़ज़ाबे जहन्नम	में	मुज्रिम (जमा)	बेशक	73	तुम खाते हो	उस से

لَا يُفَتَّرُ عَنْهُمْ وَهُمْ فِيْهِ مُبْلِسُوْنَ ﴿٧٥﴾ وَمَا ظَلَمْنٰهُمْ

और हम ने ज़ुल्म नहीं किया उन पर	75	नाउम्मीद पड़े रहेंगे	और वह उस में	उन से	हल्का न किया जाएगा

وَلٰكِنْ كَانُوْا هُمُ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٧٦﴾ وَنَادَوْا يٰمٰلِكُ لِيَقْضِ عَلَيْنَا

अच्छा हो कि मौत का फ़ैसला कर दे हम पर (हमारी)	ऐ मालिक	और वह पुकारेंगे	76	ज़ालिम (जमा)	वह	वह थे	और लेकिन (बल्कि)

رَبُّكَ ۭ قَالَ اِنَّكُمْ مّٰكِثُوْنَ ﴿٧٧﴾ لَقَدْ جِئْنٰكُمْ بِالْحَقِّ وَلٰكِنَّ

लेकिन	हक़ के साथ	तहक़ीक़ हम आए तुम्हारे पास	77	हमेशा रहने वाले	बेशक तुम	वह कहेगा	तेरा रब

اَكْثَرَكُمْ لِلْحَقِّ كٰرِهُوْنَ ﴿٧٨﴾ اَمْ اَبْرَمُوْٓا اَمْرًا فَاِنَّا مُبْرِمُوْنَ ﴿٧٩﴾

79	ठहराने वाले	तो बेशक हम	कोई बात	उन्हों ने ठहरा ली	क्या	78	नापसंद करने वाले	हक़ से-को	तुम में से अक्सर

बेशक अल्लाह ही मेरा रब और तुम्हारा रब है, सो तुम उस की इबादत करो, यह रास्ता है सीधा। (64)
फिर गिरोहों ने आपस में इख़्तिलाफ़ डाल लिया, सो उन लोगों के लिए ख़राबी है जिन्हों ने ज़ुल्म किया, अ़ज़ाब से दुख देने वाले दिन के। (65)
क्या वह सिर्फ़ क़ियामत का इन्तिज़ार करते हैं कि वह उन पर अचानक आ जाए और वह शऊर (ख़बर भी) न रखते हूँ। (66)
परहेज़गारों के सिवा उस दिन तमाम दोस्त एक दूसरे के दुश्मन होंगे। (67)
ऐ मेरे बन्दो! तुम पर कोई ख़ौफ़ नहीं आज के दिन और न तुम ग़मगीन होंगे। (68)
जो लोग हमारी आयात पर ईमान लाए और वह मुस्लिम (फ़रमांबरदार) थे। (69)
तुम दाख़िल हो जाओ तुम और तुम्हारी बीवियां जन्नत में, तुम ख़ुश बख़्त किए जाओगे। (70)
उन पर सोने की रिकाबियां और आबख़ोरे लिए फिरेंगे, और उस में (मौजूद होगा) जो (उन के) दिल चाहेंगे और आँखों की लज़्ज़त (होगी), और तुम उस में हमेशा रहोगे। (71)
और यह वह जन्नत है जिस के तुम वारिस बनाए गए हो उन (आमाल) के बदले जो तुम करते थे। (72)
तुम्हारे लिए उस में बहुत मेवे हैं, उन में से तुम खाओगे। (73)
बेशक मुज्रिम जहन्नम के अ़ज़ाब में हमेशा रहेंगे। (74)
उन से हल्का न किया जाएगा, और वह उस में नाउम्मीद पड़े रहेंगे। (75)
और हम ने उन पर ज़ुल्म नहीं किया, बल्कि वही ज़ालिम थे। (76)
और वह पुकारेंगे ए मालिक (दारोग़ाए जहन्नम)! अच्छा हो कि तेरा रब हमारी मौत का फ़ैसला करदे, वह कहेगाः बेशक तुम (इसी हाल में) हमेशा रहने वाले हो। (77)
तहक़ीक़ हम तुम्हारे पास हक़ के साथ आए, लेकिन तुम में से अक्सर हक़ को नापसंद करने वाले थे। (78)
क्या उन्हों ने कोई बात ठहरा ली है तो बेशक हम (भी) ठहराने वाले हैं। (79)

اَمْ يَحْسَبُوْنَ اَنَّا لَا نَسْمَعُ سِرَّهُمْ وَنَجْوٰىهُمْ ۭ بَلٰى وَرُسُلُنَا لَدَيْهِمْ

उन के पास	और हमारे फ़रिश्ते	हाँ	और उन की सरगोशियां	उन की पोशीदा बातें	हम नहीं सुनते	कि हम	क्या वह गुमान करते हैं

يَكْتُبُوْنَ ﴿٨٠﴾ قُلْ اِنْ كَانَ لِلرَّحْمٰنِ وَلَدٌ ۖ فَاَنَا اَوَّلُ الْعٰبِدِيْنَ ﴿٨١﴾

81	इबादत करने वाला	पहला	तो मैं	कोई बेटा	रहमान (अल्लाह का)	अगर होता	फ़रमा दें	80	लिखते हैं

سُبْحٰنَ رَبِّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ رَبِّ الْعَرْشِ عَمَّا يَصِفُوْنَ ﴿٨٢﴾

82	वह बयान करते हैं	उस से जो	अ़र्श का रब	और ज़मीन	आस्मानों का रब	पाक है

فَذَرْهُمْ يَخُوْضُوْا وَيَلْعَبُوْا حَتّٰى يُلٰقُوْا يَوْمَهُمُ الَّذِيْ يُوْعَدُوْنَ ﴿٨٣﴾

83	उन को वादा किया जाता है	वह जिस	उस दिन को	वह पा लें	यहां तक	और खेलें	वह बेहूदा बातें करें	पस छोड़ दें उन को

وَهُوَ الَّذِيْ فِي السَّمَاۗءِ اِلٰهٌ وَّفِي الْاَرْضِ اِلٰهٌ ۭ وَهُوَ الْحَكِيْمُ

हिक्मत वाला	और वही	माबूद	और ज़मीन में	माबूद	आस्मानों में	वह जो	और वही

الْعَلِيْمُ ﴿٨٤﴾ وَتَبٰرَكَ الَّذِيْ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا ۚ

और जो उन दोनों के दरमियान	और ज़मीन	आस्मानों	बादशाहत	उस के लिए	वह जो	और बड़ी बरकत वाला	84	इल्म वाला

وَعِنْدَهٗ عِلْمُ السَّاعَةِ ۚ وَاِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿٨٥﴾ وَلَا يَمْلِكُ الَّذِيْنَ

वह जिन को	और इख़्तियार नहीं रखते	85	तुम लौट कर जाओगे	और उस की तरफ़	क़ियामत का इल्म	और उस के पास

يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِهِ الشَّفَاعَةَ اِلَّا مَنْ شَهِدَ بِالْحَقِّ وَهُمْ

और वह	हक़ की	जिस ने गवाही दी	सिवाए	शफ़ाअ़त	उस के सिवा	वह पुकारते हैं

يَعْلَمُوْنَ ﴿٨٦﴾ وَلَىِٕنْ سَاَلْتَهُمْ مَّنْ خَلَقَهُمْ لَيَقُوْلُنَّ اللّٰهُ فَاَنّٰى

तो किधर	तो वह ज़रूर कहेंगे अल्लाह	पैदा किया उन्हें	किस	आप (स) उन से पूछें	और अगर	86	जानते हैं

يُؤْفَكُوْنَ ﴿٨٧﴾ وَقِيْلِهٖ يٰرَبِّ اِنَّ هٰٓؤُلَاۗءِ قَوْمٌ لَّا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٨٨﴾ وقف لازم

88	ईमान नहीं लाएंगे	लोग	यह	बेशक	ऐ मेरे रब	क़सम उस के कहने की	87	वह उलटे फिरे जाते हैं

فَاصْفَحْ عَنْهُمْ وَقُلْ سَلٰمٌ ۭ فَسَوْفَ يَعْلَمُوْنَ ﴿٨٩﴾ ع ٦/٢٢ ١٣

89	पस जल्द उन्हें मालूम हो जाएगा	सलाम	और कहें	उन से	तो आप (स) मुँह फेर लें

آيَاتُهَا ٥٩ ❀ سُوْرَةُ الدُّخَانِ (٤٤) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआत 3 | (44) सूरतुद दुख़ान धुवाँ | आयात 59

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

حٰمٓ ﴿١﴾ وَالْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ﴿٢﴾ اِنَّآ اَنْزَلْنٰهُ فِيْ لَيْلَةٍ مُّبٰرَكَةٍ عند المتقدمين ١٢

एक मुबारक रात	में	बेशक हम ने नाज़िल किया इसे	2	वाज़ेह	क़सम किताब	1	हा-मीम

اِنَّا كُنَّا مُنْذِرِيْنَ ﴿٣﴾ فِيْهَا يُفْرَقُ كُلُّ اَمْرٍ حَكِيْمٍ ﴿٤﴾

4	हिक्मत वाला	हर अम्र	फ़ैसल किया जाता है	उस में	3	डराने वाले	बेशक हम हैं

क्या वह गुमान करते हैं? कि हम नहीं सुनते उन की पोशीदा बातों और उन की सरगोशियों को, हाँ (क्यों नहीं) हमारे फ़रिश्ते उन के पास लिखते हैं। (80)

आप (स) फ़रमा दें: अगर अल्लाह का कोई बेटा होता तो मैं (उस का) पहला इबादत करने वाला होता। (81)

आस्मानों और ज़मीन का रब, अ़र्श का रब, उस से पाक है जो वह बयान करते हैं। (82)

पस आप (स) उन को छोड़ दें कि वह बेहूदा बातें करें और खेलें यहां तक कि वह उस दिन को पा लें जिस का उन से वादा किया जाता है। (83)

और वही जो आस्मानों में माबूद है और ज़मीन में माबूद है, और वही हिक्मत वाला, इल्म वाला है। (84)

और बड़ी बरकत वाला और जिस के लिए बादशाहत आस्मानों की और ज़मीन की, और जो कुछ उन दोनों के दरमियान है, और उस के पास है क़ियामत का इल्म, और उसी की तरफ़ तुम लौट कर जाओगे। (85)

और वह जिन को अल्लाह के सिवा पुकारते हैं, वह शफ़ाअ़त का इख़्तियार नहीं रखते, सिवाए उस के जिस ने गवाही दी हक़ की और वह जानते हैं। (86)

और अगर आप (स) उन से पूछें कि उन्हें किस ने पैदा किया? तो वह ज़रूर कहेंगे "अल्लाह ने" तो वह किधर उलटे फिरे जाते हैं? (87)

क़सम है (रसूल के यह) कहने की कि ऐ मेरे रब! यह लोग ईमान नहीं लाएंगे। (88)

तो आप (स) उन से मुँह फेर लें और सलाम कहें, पस जल्द वह (अन्जाम) जान लेंगे। (89)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

हा-मीम। (1)

क़सम है वाज़ेह किताब की। (2)

बेशक हम ने उसे एक मुबारक रात (लैलतल क़द्र) में नाज़िल किया, बेशक हम ही हैं डराने वाले। (3)

उस (रात) में फ़ैसल किया जाता है हर अम्र हिक्मत वाला। (4)

اَمۡرًا مِّنۡ عِنۡدِنَا ؕ اِنَّا كُنَّا مُرۡسِلِيۡنَ ۚ﴿۵﴾ رَحۡمَةً مِّنۡ رَّبِّكَ ؕ

तुम्हारा रब	से	रहमत	5	भेजने वाले	बेशक हम हैं	हमारे पास से	हुक्म हो कर

وقف لازم

اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيۡعُ الۡعَلِيۡمُ ۙ﴿۶﴾ رَبِّ السَّمٰوٰتِ وَالۡاَرۡضِ وَمَا بَيۡنَهُمَا ۘ

उन दोनों के दरमियान	और जो	और ज़मीन	रब है आस्मानों	6	जानने वाला	सुनने वाला	बेशक वही

اِنۡ كُنۡتُمۡ مُّوۡقِنِيۡنَ ﴿۷﴾ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ يُحۡىٖ وَيُمِيۡتُ ؕ رَبُّكُمۡ وَرَبُّ اٰبَآئِكُمُ

तुम्हारे बाप दादा	और रब	तुम्हारा रब	वह जान डालता है और जान निकालता है	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	7	यक़ीन करने वाले	अगर तुम हो

الۡاَوَّلِيۡنَ ﴿۸﴾ بَلۡ هُمۡ فِىۡ شَكٍّ يَّلۡعَبُوۡنَ ﴿۹﴾ فَارۡتَقِبۡ يَوۡمَ تَاۡتِى السَّمَآءُ

आस्मान लाए	उस दिन	तो तुम इन्तिज़ार करो	9	खेलते हैं	शक में	बल्कि वह	8	पहले

بِدُخَانٍ مُّبِيۡنٍ ۙ﴿۱۰﴾ يَّغۡشَى النَّاسَ ؕ هٰذَا عَذَابٌ اَلِيۡمٌ ﴿۱۱﴾ رَبَّنَا اكۡشِفۡ

खोल (दूर) कर दे	ऐ हमारे रब	11	अज़ाब दर्दनाक	यह	लोगों	वह ढांप लेगा	10	ज़ाहिर	धुआँ

عَنَّا الۡعَذَابَ اِنَّا مُؤۡمِنُوۡنَ ﴿۱۲﴾ اَنّٰى لَهُمُ الذِّكۡرٰى وَقَدۡ جَآءَهُمۡ

और तहक़ीक़ आ चुका उन के पास	नसीहत	उन को	कहां	12	ईमान ले आएंगे	बेशक हम	अज़ाब	हम से

وقف لازم

رَسُوۡلٌ مُّبِيۡنٌ ۙ﴿۱۳﴾ ثُمَّ تَوَلَّوۡا عَنۡهُ وَقَالُوۡا مُعَلَّمٌ مَّجۡنُوۡنٌ ۘ﴿۱۴﴾ اِنَّا

बेशक हम	14	दीवाना	सिखाया हुआ	और कहने लगे	उस से	वह फिर गए	फिर	13	रसूल खोल खोल कर बयान करने वाला

وقف لازم

كَاشِفُوا الۡعَذَابِ قَلِيۡلًا اِنَّكُمۡ عَآئِدُوۡنَ ۘ﴿۱۵﴾ يَوۡمَ نَبۡطِشُ الۡبَطۡشَةَ

पकड़	हम पकड़ेंगे	जिस दिन	15	तुम बेशक (पिछली) हालत पर लौट आने वाले हो	थोड़ा	अज़ाब	खोलने वाले

الۡكُبۡرٰى ۚ اِنَّا مُنۡتَقِمُوۡنَ ﴿۱۶﴾ وَلَقَدۡ فَتَنَّا قَبۡلَهُمۡ قَوۡمَ فِرۡعَوۡنَ وَجَآءَهُمۡ

और आया उन के पास	क़ौमे फ़िरऔन	इन से क़ब्ल	और हम आज़मा चुके हैं	16	इन्तिक़ाम लेने वाले	बेशक हम	बड़ी (सख़्त)

رَسُوۡلٌ كَرِيۡمٌ ۙ﴿۱۷﴾ اَنۡ اَدُّوۡۤا اِلَىَّ عِبَادَ اللّٰهِ ؕ اِنِّىۡ لَـكُمۡ رَسُوۡلٌ اَمِيۡنٌ ۙ﴿۱۸﴾

18	एक रसूल अमीन	तुम्हारे लिए	बेशक मैं	बन्दे अल्लाह के	मेरे	कि हवाले कर दो	17	करीम (आली क़द्र)	एक रसूल

وَّاَنۡ لَّا تَعۡلُوۡا عَلَى اللّٰهِ ۚ اِنِّىۡۤ اٰتِيۡكُمۡ بِسُلۡطٰنٍ مُّبِيۡنٍ ۚ﴿۱۹﴾ وَاِنِّىۡ

और बेशक मैं	19	वाज़ेह	दलील के साथ	आया हूँ तुम्हारे पास	बेशक मैं	अल्लाह पर (के मुक़ाबिल)	तुम सरकशी न करो	और यह कि

عُذۡتُ بِرَبِّىۡ وَرَبِّكُمۡ اَنۡ تَرۡجُمُوۡنِ ۚ﴿۲۰﴾ وَاِنۡ لَّمۡ تُؤۡمِنُوۡا لِىۡ فَاعۡتَزِلُوۡنِ ﴿۲۱﴾

21	तो एक किनारे हो जाओ मुझ से	मुझ पर	तुम ईमान नहीं लाते	और अगर	20	तुम मुझे संगसार कर दो	कि	और तुम्हारा रब	अपने रब की	पनाह चाहता हूँ

الثلثة

فَدَعَا رَبَّهٗۤ اَنَّ هٰٓؤُلَآءِ قَوۡمٌ مُّجۡرِمُوۡنَ ﴿۲۲﴾ فَاَسۡرِ بِعِبَادِىۡ لَيۡلًا

रात में	तो तू ले जा मेरे बन्दों को	22	मुजरिम लोग	यह	कि	तो उस ने दुआ की अपने रब से

اِنَّكُمۡ مُّتَّبَعُوۡنَ ۙ﴿۲۳﴾ وَاتۡرُكِ الۡبَحۡرَ رَهۡوًا ؕ اِنَّهُمۡ جُنۡدٌ مُّغۡرَقُوۡنَ ﴿۲۴﴾

24	डूबने वाले	एक लशकर	बेशक वह	ठहरा हुआ	दर्या	और छोड़ जाओ	23	पीछा किए जाओगे	बेशक तुम

كَمۡ تَرَكُوۡا مِنۡ جَنّٰتٍ وَّعُيُوۡنٍ ۙ﴿۲۵﴾ وَّزُرُوۡعٍ وَّمَقَامٍ كَرِيۡمٍ ۙ﴿۲۶﴾

26	और मकान नफ़ीस	और खेतियां	25	और चश्मे	बाग़ात	से	वह कितने (ही) छोड़ गए

हुक्म हो कर हमारे पास से। बेशक हम ही हैं (रसूल) भेजने वाले। (5) रहमत आप (स) के रब की तरफ़ से, बेशक वही है सुनने वाला जानने वाला। (6) रब है आस्मानों का और ज़मीन का और जो उन के दरमियान है, अगर तुम हो यक़ीन करने वाले। (7) उस के सिवा कोई माबूद नहीं, वही जान डालता है, वही जान निकालता है, और (वही) रब है तुम्हारा और तुम्हारे पहले बाप दादा का। (8) बल्कि वह शक में पड़े खेलते हैं। (9) तो तुम उस दिन का इन्तिज़ार करो कि आस्मान ज़ाहिर धुआँ लाएगा, (10) और ढांप लेगा (छा जाएगा) लोगों पर, यह है दर्दनाक अज़ाब। (11) (अब वह कहेंगे) ऐ हमारे रब! हम से अज़ाब दूर कर दे, बेशक हम ईमान ले आएंगे। (12) उन को नसीहत कहां याद आएगी? उन के पास तो खोल खोल कर बयान करने वाला रसूल आ चुका है। (13) फिर वह उस से फिर गए और कहने लगेः (यह तो) सिखाया हुआ दीवाना है। (14) बेशक हम थोड़ा अज़ाब खोलने वाले हैं (मगर) तुम बेशक फिर बाग़ियाना हालत पर लौट आने वाले हो। (15) जिस दिन हम सख़्त पकड़ पकड़ेंगे। बेशक हम इन्तिक़ाम लेने वाले हैं। (16) और हम उन से पहले क़ौमे फ़िरऔन को आज़मा चुके हैं, और उन के पास एक आली क़द्र रसूल आया। (17) कि अल्लाह के बन्दों को मेरे हवाले कर दो, बेशक मैं तुम्हारे लिए एक रसूल अमीन हूँ। (18) और यह कि तुम अल्लाह के मुक़ाबिल सरकशी न करो, बेशक मैं तुम्हारे पास वाज़ेह दलील के साथ आया हूँ। (19) और बेशक मैं पनाह लेता हूँ अपने रब की और तुम्हारे रब की (उस से) कि तुम मुझे संगसार कर दो। (20) और अगर तुम मुझ पर ईमान नहीं लाते तो मुझ से एक किनारे हो जाओ। (21) तो उस ने अपने रब से दुआ की कि यह मुजरिम लोग हैं। (22) (इरशादे इलाही हुआ) तो तुम मेरे बन्दों को ले जाओ रातों रात, बेशक तुम्हारा पीछा किया जाएगा। (23) और छोड़ जाओ दर्या ठहरा (खुला) हुआ, बेशक वह एक लशकर हैं डूबने वाले। (24) और वह छोड़ गए कितने ही बाग़ात, और चश्मे, (25) और खेतियां, और नफ़ीस मकान, (26)

وَّنَعْمَةٍ كَانُوْا فِيْهَا فٰكِهِيْنَ ﴿٢٧﴾ كَذٰلِكَ وَاَوْرَثْنٰهَا قَوْمًا اٰخَرِيْنَ ﴿٢٨﴾

28	दूसरे	क़ौम	और हम ने वारिस बनाया उन का	उसी तरह	27	मज़े उड़ाते	उस में	वह थे	और नेमतें

ع ٢٩ ١٤
فَمَا بَكَتْ عَلَيْهِمُ السَّمَآءُ وَالْاَرْضُ وَمَا كَانُوْا مُنْظَرِيْنَ ﴿٢٩﴾

29	ढील दिए गए	और न हुए वह	और ज़मीन	आस्मान	उन पर	सो न रोए

وَلَقَدْ نَجَّيْنَا بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ مِنَ الْعَذَابِ الْمُهِيْنِ ﴿٣٠﴾ مِنْ فِرْعَوْنَ

फ़िरऔन	से	30	अ़ज़ाब ज़िल्लत वाला	से	बनी इस्राईल	और तहक़ीक़ हम ने नजात दी

اِنَّهٗ كَانَ عَالِيًا مِّنَ الْمُسْرِفِيْنَ ﴿٣١﴾ وَلَقَدِ اخْتَرْنٰهُمْ عَلٰى عِلْمٍ

दानिस्ता	और अलबत्ता हम ने उन्हें पसंद किया	31	हद से बढ़ जाने वालों में से	सरकश	था	बेशक वह

عَلَى الْعٰلَمِيْنَ ﴿٣٢﴾ وَاٰتَيْنٰهُمْ مِّنَ الْاٰيٰتِ مَا فِيْهِ بَلٰٓؤٌا مُّبِيْنٌ ﴿٣٣﴾ اِنَّ هٰٓؤُلَآءِ

बेशक यह लोग	33	खुली	आज़माइश	वह जिन में	निशानियां	और हम ने उन्हें दीं	32	तमाम जहान वालों पर

لَيَقُوْلُوْنَ ﴿٣٤﴾ اِنْ هِيَ اِلَّا مَوْتَتُنَا الْاُوْلٰى وَمَا نَحْنُ بِمُنْشَرِيْنَ ﴿٣٥﴾

35	दोबारा उठाए जाने वाले	और हम नहीं	पहली (एक ही) बार	हमारा मरना	मगर-सिर्फ़	नहीं यह	34	अलबत्ता कहते हैं

فَاْتُوْا بِاٰبَآىِٕنَآ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٣٦﴾ اَهُمْ خَيْرٌ اَمْ قَوْمُ تُبَّعٍ

क़ौमे तुब्बअ़	या	बेहतर	क्या वह	36	सच्चे	अगर तुम हो	हमारे बाप दादा	तो ले आओ

وَّالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ اَهْلَكْنٰهُمْ اِنَّهُمْ كَانُوْا مُجْرِمِيْنَ ﴿٣٧﴾ وَمَا

और नहीं	37	मुज्रिम (जमा)	थे	बेशक वह	हम ने हलाक किया उन्हें	उन से क़ब्ल	और जो लोग

خَلَقْنَا السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا لٰعِبِيْنَ ﴿٣٨﴾ مَا خَلَقْنٰهُمَآ اِلَّا

मगर	हम ने नहीं पैदा किया उन्हें	38	खेलते हुए	और जो उन दोनों के दरमियान	और ज़मीन	आस्मानों	हम ने पैदा किया

بِالْحَقِّ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٣٩﴾ اِنَّ يَوْمَ الْفَصْلِ

फ़ैसले का दिन	बेशक	39	नहीं जानते	उन में से अक्सर	और लेकिन	हक़ के साथ (ठीक तौर पर)

مِيْقَاتُهُمْ اَجْمَعِيْنَ ﴿٤٠﴾ يَوْمَ لَا يُغْنِيْ مَوْلًى عَنْ مَّوْلًى شَيْـًٔا

कुछ	किसी साथी के	कोई साथी	न काम आएगा	जिस दिन	40	सब	उन सब का वक़्ते मुक़र्रर

ع ٢ ١٣ ١٥
وَّلَا هُمْ يُنْصَرُوْنَ ﴿٤١﴾ اِلَّا مَنْ رَّحِمَ اللّٰهُ اِنَّهٗ هُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿٤٢﴾

42	रहम करने वाला	वह ग़ालिब	बेशक वह	रहम किया अल्लाह ने	जिस	मगर	41	मदद किए जाएंगे	और न वह

معانقة ١٢ عند المتأخرين ١٢
اِنَّ شَجَرَتَ الزَّقُّوْمِ ﴿٤٣﴾ طَعَامُ الْاَثِيْمِ ﴿٤٤﴾ كَالْمُهْلِ يَغْلِيْ

खौलता है	पिघले हुए तांबे की तरह	44	खाना गुनाहगारों का	43	थोहर का दरख़्त	बेशक

فِي الْبُطُوْنِ ﴿٤٥﴾ كَغَلْيِ الْحَمِيْمِ ﴿٤٦﴾ خُذُوْهُ فَاعْتِلُوْهُ اِلٰى

तक	फिर खींचो उसे	तुम पकड़ लो उसे	46	गर्म पानी	जैसे खौलता हुआ	45	पेटों में

سَوَآءِ الْجَحِيْمِ ﴿٤٧﴾ ثُمَّ صُبُّوْا فَوْقَ رَاْسِهٖ مِنْ عَذَابِ الْحَمِيْمِ ﴿٤٨﴾

48	अ़ज़ाब खौलता हुआ पानी	से	उस का सर	पर-ऊपर	फिर डालो	47	बीचों बीच जहन्नम

और नेमतें, जिन में वह मज़े उड़ाते थे। (27) उसी तरह (हुआ उन का अन्जाम), और हम ने दूसरी क़ौम को उन का वारिस बनाया। (28) सो उन पर आस्मान और ज़मीन न रोए और वह न हुए ढील दिए गए (लोगों में)। (29) और तहक़ीक़ हम ने बनी इस्राईल को ज़िल्लत वाले अ़ज़ाब से नजात दी, (30) (यानी) फ़िरऔन से, बेशक वह हद से बढ़ जाने वालों में से सरकश था। (31) और अलबत्ता हम ने उन्हें तमाम जहान वालों पर दानिस्ता पसंद किया। (32) और हम ने उन्हें खुली निशानियां दीं, जिन में खुली आज़माइश थी। (33) बेशक यह लोग कहते हैं, (34) यह हमारा मरना तो सिर्फ़ एक ही बार है और हम दोबारा उठाए जाने वाले नहीं। (35) अगर तुम सच्चे हो तो हमारे बाप दादा को ले आओ। (36) क्या वह बेहतर हैं या तुब्बअ़ की क़ौम? और जो लोग उन से क़ब्ल थे? हम ने उन्हें हलाक किया, बेशक वह मुज्रिम लोग थे। (37) और हम ने आस्मानों और ज़मीन को और जो कुछ उन के दरमियान है खेलते हुए (अबस खेल कूद के लिए) नहीं पैदा किया। (38) हम ने उन्हें नहीं पैदा किया मगर हक़ के साथ, लेकिन उन में से अक्सर नहीं जानते। (39) बेशक फ़ैसले का दिन (रोज़े क़ियामत) उन सब का वक़्ते मुक़र्रर (मीआ़द) है। (40) जिस दिन काम न आएगा कोई साथी कुछ भी किसी साथी के, और न वह मदद किए जाएंगे। (41) मगर जिस पर अल्लाह ने रहम किया, बेशक वही है ग़ालिब रहम करने वाला। (42) बेशक थोहर का दरख़्त। (43) गुनाहगारों का खाना है। (44) (वह) पेटों में पिघले हुए तांबे की तरह खौलता रहेगा। (45) जैसे खौलता हुआ गर्म पानी। (46) उसे पकड़ लो, फिर उसे जहन्नम के बीचों बीच तक खींचो। (47) फिर उस के सर के ऊपर डालो खौलते हुए पानी के अ़ज़ाब से। (48)

ذُقْ ۚ اِنَّكَ اَنْتَ الْعَزِيْزُ الْكَرِيْمُ ﴿٤٩﴾ اِنَّ هٰذَا مَا كُنْتُمْ بِهٖ

चख	बेशक तू	तू	ज़ोर आवर	इज़्ज़त वाला	49	बेशक यह	जो तुम थे	उस में

تَمْتَرُوْنَ ﴿٥٠﴾ اِنَّ الْمُتَّقِيْنَ فِيْ مَقَامٍ اَمِيْنٍ ﴿٥١﴾ فِيْ جَنّٰتٍ وَّعُيُوْنٍ ﴿٥٢﴾

शक करते	50	बेशक मुत्तक़ीन (अल्लाह से डरने वाले)	में	अम्न का मुक़ाम	51	में	बाग़ात	और चश्मे	52

يَّلْبَسُوْنَ مِنْ سُنْدُسٍ وَّاِسْتَبْرَقٍ مُّتَقٰبِلِيْنَ ﴿٥٣﴾ كَذٰلِكَ ۣ وَزَوَّجْنٰهُمْ

पहने हुए	से - के	बारीक रेशम	और दबीज़ रेशम	एक दूसरे के आमने सामने	53	इसी तरह	और हम जोड़े बना देंगे उन के लिए

بِحُوْرٍ عِيْنٍ ﴿٥٤﴾ يَدْعُوْنَ فِيْهَا بِكُلِّ فَاكِهَةٍ اٰمِنِيْنَ ﴿٥٥﴾ لَا يَذُوْقُوْنَ

ख़ूबरू बड़ी बड़ी आँखों वालियां	54	वह मांगेंगे	उस में	हर क़िस्म का मेवा	इत्मीनान से	55	वह न चखेंगे

فِيْهَا الْمَوْتَ اِلَّا الْمَوْتَةَ الْاُوْلٰى ۚ وَوَقٰىهُمْ عَذَابَ الْجَحِيْمِ ﴿٥٦﴾

वहाँ	मौत	सिवाए	पहली मौत	और उस (अल्लाह) ने बचा लिया उन्हें	जहन्नम का अ़ज़ाब	56

فَضْلًا مِّنْ رَّبِّكَ ۭ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٥٧﴾ فَاِنَّمَا يَسَّرْنٰهُ

फ़ज़्ल से	से - के	तुम्हारा रब	यह	यही	कामयाबी बड़ी	57	इस के सिवा नहीं	हम ने इसे आसान कर दिया

ع ١٧/١٦ ٣ بِلِسَانِكَ لَعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُوْنَ ﴿٥٨﴾ فَارْتَقِبْ اِنَّهُمْ مُّرْتَقِبُوْنَ ﴿٥٩﴾

आप (स) की ज़बान में	ताकि वह	नसीहत पकड़ें	58	पस आप (स) इन्तिज़ार करें	बेशक वह	इन्तिज़ार में हैं	59

آيَاتُهَا ٣٧ ❀ سُوْرَةُ الْجَاثِيَةِ (٤٥) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٤

आयात 37	(45) सूरतुल जासिया गिरी हुई	रुकूआत 4

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

حٰمٓ ﴿١﴾ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ مِنَ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْحَكِيْمِ ﴿٢﴾ اِنَّ فِي السَّمٰوٰتِ

हा-मीम	1	नाज़िल की हुई किताब	अल्लाह (की तरफ़) से	ग़ालिब	हिक्मत वाला	2	बेशक	आस्मानों में

وَالْاَرْضِ لَاٰيٰتٍ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٣﴾ وَفِيْ خَلْقِكُمْ وَمَا يَبُثُّ مِنْ دَآبَّةٍ

और ज़मीन	अलबत्ता निशानियां	अहले ईमान के लिए	3	और तुम्हारी पैदाइश में	और जो	वह फैलाता है	जो जानवर

اٰيٰتٌ لِّقَوْمٍ يُّوْقِنُوْنَ ﴿٤﴾ وَاخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ

निशानियां	यक़ीन करने वाले लोगों के लिए	4	और तबदीली	रात	और दिन	औत जो	अल्लाह ने उतारा

مِنَ السَّمَآءِ مِنْ رِّزْقٍ فَاَحْيَا بِهِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا

आस्मान से	रिज़्क़	फिर ज़िन्दा किया	उस से	ज़मीन	उस के मरने (ख़ुश्क होने) के बाद

وَتَصْرِيْفِ الرِّيٰحِ اٰيٰتٌ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ﴿٥﴾ تِلْكَ اٰيٰتُ اللّٰهِ نَتْلُوْهَا

और गर्दिश	हवाएं	निशानियां	अ़क़्ल (सलीम) वालों के लिए	5	यह	अल्लाह के अहकाम	हम वह पढ़ते हैं

عَلَيْكَ بِالْحَقِّ ۚ فَبِاَيِّ حَدِيْثٍ بَعْدَ اللّٰهِ وَاٰيٰتِهٖ يُؤْمِنُوْنَ ﴿٦﴾

आप (स) पर	हक़ के साथ	पस किस	बात	अल्लाह के बाद	और उसकी आयात	वह ईमान लाएंगे	6

चख, बेशक ज़ोर आवर, इज़्ज़त वाला है तू। (49) बेशक यह है वह जिस में तुम शक करते थे। (50) बेशक मुत्तक़ी अम्न के मुक़ाम में होंगे। (51) बाग़ात और चश्मों में। (52) पहने हुए बारीक और दबीज़ रेशम के कपड़े एक दूसरे के आमने सामने (बैठे होंगे)। (53) उसी तरह हम ख़ूबरू बड़ी बड़ी आँखों वालियों से उन के जोड़े बना देंगे। (54) वह मांगेंगे उस में इत्मीनान से हर क़िस्म का मेवा। (55) वह पहली मौत के सिवा वहाँ (फिर) मौत का ज़ाइक़ा न चखेंगे, और अल्लाह ने उन्हें जहन्नम के अ़ज़ाब से बचा लिया। (56) तुम्हारे रब का फ़ज़्ल, यही है बड़ी कामयाबी। (57) बेशक हम ने इस (क़ुरआन) को आसान कर दिया है आप की ज़बान में ताकि वह नसीहत पकड़ें। (58) पस आप (स) इन्तिज़ार करें, बेशक वह भी मुन्तज़िर हैं। (59)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

हा-मीम। (1) यह नाज़िल की हुई किताब है, ग़ालिब हिक्मत वाले अल्लाह की तरफ़ से। (2) बेशक आस्मानों और ज़मीन में अलबत्ता अहले ईमान के लिए निशानियां हैं। (3) और तुम्हारी पैदाइश में और जो जानवर वह फैलाता है, उन में यक़ीन करने वाले लोगों के लिए निशानियां हैं। (4) और रात दिन की तबदीली में, और उस रिज़्क़ (बारिश) में जो अल्लाह ने आस्मान से उतारा, फिर उस से ज़िन्दा किया ज़मीन को उस के ख़ुश्क होने के बाद और हवाओं की गर्दिश में अ़क़्ले सलीम रखने वालों के लिए निशानियां हैं। (5) यह अल्लाह के अहकाम हैं जिन्हें हम आप (स) पर हक़ के साथ (ठीक ठीक) पढ़ते हैं, पस अल्लाह और उस की आयात के बाद वह किस बात पर ईमान लाएंगे? (6)

وَيۡلٌ لِّكُلِّ اَفَّاكٍ اَثِيۡمٍ ﴿۷﴾ يَّسۡمَعُ اٰيٰتِ اللّٰهِ تُتۡلٰى عَلَيۡهِ ثُمَّ يُصِرُّ مُسۡتَكۡبِرًا

तकब्बुर करता हुआ	फिर अड़ा रहता है	पढ़ी जाती हैं उस पर	अल्लाह की आयात	वह सुनता है	7	गुनाहगार	हर झूट बान्धने वाले के लिए	ख़राबी

كَاَنۡ لَّمۡ يَسۡمَعۡهَا ۚ فَبَشِّرۡهُ بِعَذَابٍ اَلِيۡمٍ ﴿۸﴾ وَاِذَا عَلِمَ مِنۡ اٰيٰتِنَا شَيۡـًٔا

किसी शै	हमारी आयात में से	और जब वह वाक़िफ़ हो	8	दर्दनाक	अ़ज़ाब की	पस उसे ख़ुशख़बरी दो	उस ने नहीं सुना उसे	गोया कि

اتَّخَذَهَا هُزُوًا ؕ اُولٰٓئِكَ لَهُمۡ عَذَابٌ مُّهِيۡنٌ ﴿۹﴾ ؕ مِنۡ وَّرَآئِهِمۡ جَهَنَّمُ ۚ

जहन्नम	उन की दूसरी तरफ़ (आगे)	9	अ़ज़ाब रुस्वा करने वाला	उन के लिए	यही लोग	हँसी मज़ाक़	वह उस को पकड़ता है

وَلَا يُغۡنِىۡ عَنۡهُمۡ مَّا كَسَبُوۡا شَيۡـًٔا وَّلَا مَا اتَّخَذُوۡا مِنۡ دُوۡنِ اللّٰهِ اَوۡلِيَآءَ ۚ

कारसाज़	अल्लाह के सिवा	और न जो उन्हों ने ठहराया	कुछ	जो उन्हों ने कमाया	और न काम आएगा उन के

وَلَهُمۡ عَذَابٌ عَظِيۡمٌ ﴿۱۰﴾ ؕ هٰذَا هُدًى ۚ وَالَّذِيۡنَ كَفَرُوۡا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمۡ لَهُمۡ

उन के लिए	अपना रब	आयात को	और जिन लोगों ने कुफ़्र किया (न माना)	यह (क़ुरआन) हिदायत	10	बड़ा	अ़ज़ाब	और उन के लिए

عَذَابٌ مِّنۡ رِّجۡزٍ اَلِيۡمٌ ﴿۱۱﴾ ع اَللّٰهُ الَّذِىۡ سَخَّرَ لَكُمُ الۡبَحۡرَ لِتَجۡرِىَ الۡفُلۡكُ ع ١١ ١٧

कश्तियां	ताकि चलें	दर्या	तुम्हारे लिए	मुसख़्ख़र किया	अल्लाह वह जिस	11	दर्दनाक अ़ज़ाब	से	एक अ़ज़ाब

فِيۡهِ بِاَمۡرِهٖ وَلِتَبۡتَغُوۡا مِنۡ فَضۡلِهٖ وَلَعَلَّكُمۡ تَشۡكُرُوۡنَ ﴿۱۲﴾ ج وَسَخَّرَ لَكُمۡ مَّا

जो	और उस ने मुसख़्ख़र किया तुम्हारे लिए	12	शुक्र करो	और ताकि तुम	उस के फ़ज़्ल से	और कि तुम तलाश करो	उस के हुक्म से	उस में

فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى الۡاَرۡضِ جَمِيۡعًا مِّنۡهُ ؕ اِنَّ فِىۡ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ

निशानियां	उस में	बेशक	अपने हुक्म से	सब	ज़मीन में	और जो	आस्मानों में

لِّقَوۡمٍ يَّتَفَكَّرُوۡنَ ﴿۱۳﴾ قُلۡ لِّلَّذِيۡنَ اٰمَنُوۡا يَغۡفِرُوۡا لِلَّذِيۡنَ لَا يَرۡجُوۡنَ

उम्मीद नहीं रखते	उन लोगों से जो	दरगुज़र करें	ईमान लाए	उन लोगों को जो	फ़रमा दें	13	ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं	उन लोगों के लिए

اَيَّامَ اللّٰهِ لِيَجۡزِىَ قَوۡمًا ۢ بِمَا كَانُوۡا يَكۡسِبُوۡنَ ﴿۱۴﴾ مَنۡ عَمِلَ صَالِحًا

अ़मल किया नेक	जिस	14	वह कमाते थे (आमाल)	उस का जो	उन लोगों को	ताकि वह बदला दे	अल्लाह के अय्याम

فَلِنَفۡسِهٖ ۚ وَمَنۡ اَسَآءَ فَعَلَيۡهَا ۫ ثُمَّ اِلٰى رَبِّكُمۡ تُرۡجَعُوۡنَ ﴿۱۵﴾ وَلَقَدۡ اٰتَيۡنَا

और तहक़ीक़ हम ने दी	15	तुम लौटाए जाओगे	तुम अपने रब की तरफ़	फिर	तो उस पर	बुरा किया	और जिस	तो अपनी ज़ात के लिए

بَنِىۡۤ اِسۡرَآءِيۡلَ الۡكِتٰبَ وَالۡحُكۡمَ وَالنُّبُوَّةَ وَرَزَقۡنٰهُمۡ مِّنَ الطَّيِّبٰتِ

पाकीज़ा चीज़ें	और हम ने अ़ता कीं उन्हें	और नबूव्वत	और हुक्म	किताब	बनी इस्राईल

وَفَضَّلۡنٰهُمۡ عَلَى الۡعٰلَمِيۡنَ ﴿۱۶﴾ ج وَاٰتَيۡنٰهُمۡ بَيِّنٰتٍ مِّنَ الۡاَمۡرِ ۚ فَمَا اخۡتَلَفُوۡۤا

तो उन्हों ने इख़्तिलाफ़ किया	अम्र से (दीन के बारे में)	वाज़ेह निशानियां	और हम ने उन्हें दीं	16	जहान वालों पर	और हम ने फ़ज़ीलत दी उन्हें

اِلَّا مِنۡۢ بَعۡدِ مَا جَآءَهُمُ الۡعِلۡمُ ۙ بَغۡيًا ۢ بَيۡنَهُمۡ ؕ اِنَّ رَبَّكَ

बेशक तुम्हारा रब	आपस की	ज़िद से	इल्म	जब आ गया उन के पास	उस के बाद	मगर

يَقۡضِىۡ بَيۡنَهُمۡ يَوۡمَ الۡقِيٰمَةِ فِيۡمَا كَانُوۡا فِيۡهِ يَخۡتَلِفُوۡنَ ﴿۱۷﴾

17	इख़्तिलाफ़ करते	उस में	वह थे	उस में	क़ियामत के दिन	उन के दरमियान	फ़ैसला करेगा

ख़राबी है हर झूट बान्धने वाले गुनाहगार के लिए। **(7)** वह अल्लाह की आयात को सुनता है जो उस पर पढ़ी जाती हैं, फिर तकब्बुर करता हुआ अड़ा रहता है गोया कि उस ने सुना ही नहीं, पस उसे दर्दनाक अ़ज़ाब की ख़ुशख़बरी दो। **(8)** और जब वह हमारी आयात के किसी शै से वाक़िफ़ होता है तो वह उस को पकड़ता (बनाता है) हँसी मज़ाक़, यही लोग हैं जिन के लिए रुस्वा करने वाला अ़ज़ाब है। **(9)** उन के आगे जहन्नम है, और उन के कुछ काम न आएंगे जो उन्हों ने कमाया और वह न जिन को उन्हों ने अल्लाह के सिवा कारसाज़ ठहराया, और उन के लिए बड़ा अ़ज़ाब है। **(10)** यह (क़ुरआन सरासर) हिदायत है, और जिन लोगों ने कुफ़्र किया अपने रब की आयात का, उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब में से एक बड़ा अ़ज़ाब होगा। **(11)** अल्लाह वह है जिस ने तुम्हारे लिए दर्या को मुसख़्ख़र किया ताकि चलें उस में उस के हुक्म से कश्तियां, और ताकि उस के फ़ज़्ल से (रोज़ी) तलाश करो और ताकि तुम शुक्र करो। **(12)** और उस ने तुम्हारे लिए अपने हुक्म से मुसख़्ख़र किया सब जो आस्मानों में और ज़मीन में हैं, बेशक उस में ग़ौर ओ फ़िक्र करने वाले लोगों के लिए निशानियां हैं। **(13)** आप (स) उन लोगों को फ़रमा दें जो ईमान लाए कि वह उन लोगों से दरगुज़र करें जो अल्लाह के अय्याम (जज़ाए आमाल) की उम्मीद नहीं रखते ताकि अल्लाह उन लोगों को बदला दे उन के आमाल का। **(14)** जिस ने नेक अ़मल किया अपनी ज़ात के लिए (किया) और जिस ने बुरा किया तो (उस का वबाल) उसी पर (होगा), फिर तुम अपने रब की तरफ़ लौटाए जाओगे। **(15)** और तहक़ीक़ हम ने बनी इस्राईल को किताब (तौरेत) और हकूमत और नुबूव्वत दी और हम ने उन्हें पाकीज़ा चीज़ें अ़ता कीं, और हम ने उन्हें जहान वालों पर फ़ज़ीलत दी। **(16)** और हम ने उन्हें दीन के बारे में वाज़ेह निशानियां दीं तो उन्हों ने इख़्तिलाफ़ न किया मगर उस के बाद कि जब उन के पास इल्म आ गया आपस की ज़िद की वजह से, बेशक तुम्हारा रब उन के दरमियान फ़ैसला फ़रमाएगा क़ियामत के दिन जिस में वह इख़्तिलाफ़ करते थे। **(17)**

ثُمَّ جَعَلْنٰكَ عَلٰى شَرِيْعَةٍ مِّنَ الْاَمْرِ فَاتَّبِعْهَا وَلَا تَتَّبِعْ اَهْوَآءَ

ख़्वाहिशात	और न पैरवी करें	तो आप (स) उस की पैरवी करें	दीन से-के	शरीअ़त (ख़ास तरीक़ा) पर	हम ने कर दिया आप को	फिर

الَّذِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿١٨﴾ اِنَّهُمْ لَنْ يُّغْنُوْا عَنْكَ مِنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ؕ

कुछ	अल्लाह से (के सामने)	आप (स) के	हरगिज़ काम न आएंगे	बेशक वह	18	इल्म नहीं रखते	उन लोगों की जो

وَاِنَّ الظّٰلِمِيْنَ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ۚ وَاللّٰهُ وَلِيُّ الْمُتَّقِيْنَ ﴿١٩﴾

19	परहेज़गारों	रफ़ीक़	और अल्लाह	बाज़ (दूसरे)	रफ़ीक़ (जमा)	उन में से बाज़ (एक)	ज़ालिम (जमा)	और बेशक

هٰذَا بَصَآئِرُ لِلنَّاسِ وَهُدًى وَّرَحْمَةٌ لِّقَوْمٍ يُّوْقِنُوْنَ ﴿٢٠﴾

20	यक़ीन रखने वाले लोगों के लिए	और रहमत	और हिदायत	लोगों के लिए	दानाई की बातें	यह

اَمْ حَسِبَ الَّذِيْنَ اجْتَرَحُوا السَّيِّاٰتِ اَنْ نَّجْعَلَهُمْ كَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

ईमान लाए	उन लोगों की तरह जो	कि हम कर देंगे उन्हें	बुराइयां	कमाईं (कीं)	वह जिन्हों ने	क्या गुमान करते हैं

ع ١٠ ٢ ١٨ وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ ۙ سَوَآءً مَّحْيَاهُمْ وَمَمَاتُهُمْ ؕ سَآءَ مَا يَحْكُمُوْنَ ﴿٢١﴾ ع

21	जो वह हुक्म लगाते हैं	बुरा	और उन का मरना	उन का जीना	बराबर	और उन्हों ने अ़मल किए अच्छे

وَخَلَقَ اللّٰهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ بِالْحَقِّ وَلِتُجْزٰى كُلُّ نَفْسٍۭ بِمَا كَسَبَتْ

उस का जो उस ने कमाया (आमाल)	हर शख़्स	और ताकि बदला दिया जाए	हक़ (हिक्मत) के साथ	और ज़मीन	आस्मानों	और पैदा किया अल्लाह ने

وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ﴿٢٢﴾ اَفَرَءَيْتَ مَنِ اتَّخَذَ اِلٰهَهٗ هَوٰىهُ وَاَضَلَّهُ اللّٰهُ

और गुमराह कर दिया उसे अल्लाह	अपनी ख़्वाहिश	अपना माबूद	बना लिया	जो-जिस	क्या तुम ने देखा	22	ज़ुल्म न किए जाएंगे	और वह

عَلٰى عِلْمٍ وَّخَتَمَ عَلٰى سَمْعِهٖ وَقَلْبِهٖ وَجَعَلَ عَلٰى بَصَرِهٖ غِشٰوَةً ؕ فَمَنْ

तो कौन	पर्दा	उस की आँख पर	और कर दिया (डाल दिया)	और उस का दिल	उस के कान	और उस ने मुहर लगा दी	इल्म पर (के बावजूद)

يَّهْدِيْهِ مِنْۢ بَعْدِ اللّٰهِ ؕ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ﴿٢٣﴾ وَقَالُوْا مَا هِيَ اِلَّا حَيَاتُنَا

हमारी ज़िन्दगी	सिर्फ़	नहीं यह	और उन्हों ने कहा	23	तो क्या तुम ग़ौर नहीं करते?	अल्लाह के बाद	उसे हिदायत देगा

الدُّنْيَا نَمُوْتُ وَنَحْيَا وَمَا يُهْلِكُنَآ اِلَّا الدَّهْرُ ۚ وَمَا لَهُمْ بِذٰلِكَ

उस का	उन्हें	और नहीं	ज़माना	मगर-सिर्फ़	और नहीं हलाक करता हमें	और हम जीते हैं	हम मरते हैं	दुनिया

مِنْ عِلْمٍ ۚ اِنْ هُمْ اِلَّا يَظُنُّوْنَ ﴿٢٤﴾ وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ اٰيٰتُنَا بَيِّنٰتٍ

वाज़ेह	हमारी आयात	पढ़ी जाती हैं उन पर	और जब	24	अटकल दौड़ाते हैं	मगर-सिर्फ़	वह	नहीं	से-कोई इल्म

مَّا كَانَ حُجَّتَهُمْ اِلَّآ اَنْ قَالُوا ائْتُوْا بِاٰبَآئِنَآ اِنْ كُنْتُمْ

अगर तुम हो	हमारे बाप दादा को	तुम ले आओ	वह कहते हैं	सिवा यह कि	उन की हुज्जत	नहीं होती

صٰدِقِيْنَ ﴿٢٥﴾ قُلِ اللّٰهُ يُحْيِيْكُمْ ثُمَّ يُمِيْتُكُمْ ثُمَّ يَجْمَعُكُمْ اِلٰى

तरफ़	वह फिर तुम्हें जमा करेगा	वह फिर तुम्हें मौत देगा	अल्लाह तुम्हें ज़िन्दगी देता है	फ़रमा दें	25	सच्चे

ع ٥ ٣ ١٩ يَوْمِ الْقِيٰمَةِ لَا رَيْبَ فِيْهِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٢٦﴾ ع

26	जानते नहीं	अक्सर लोग	और लेकिन	उस में	कोई शक नहीं	क़ियामत का दिन

फिर हम ने आप (स) को दीन के एक ख़ास तरीक़े पर कर दिया तो आप (स) उस की पैरवी करें, और जो लोग इल्म नहीं रखते उन की ख़्वाहिशात की पैरवी न करें। (18) बेशक वह अल्लाह के सामने आप के काम न आएंगे कुछ भी और बेशक ज़ालिम एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, और अल्लाह परहेज़गारों का रफ़ीक़ है। (19) यह लोगों के लिए दानाई की बातें हैं, और हिदायत ओ रहमत यक़ीन रखने वाले लोगों के लिए। (20) क्या वह लोग यह गुमान करते हैं जिन्हों ने बुराइयां कीं कि हम उन्हें उन लोगों की तरह कर देंगे जो ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए ताकि बराबर (हो जाए) उन का जीना और मरना, बुरा है जो वह हुक्म लगाते हैं। (21) और अल्लाह ने आस्मानों को और ज़मीन को पैदा किया हिक्मत के साथ और ताकि हर शख़्स को उस के आमाल का बदला दिया जाए और उन पर ज़ुल्म न किया जाएगा। (22) क्या तुम ने उस शख़्स को देखा जिस ने बना लिया अपनी ख़्वाहिशों को अपना माबूद, और अल्लाह ने इल्म के बावजूद उसे गुमराह कर दिया, और मुहर लगा दी उस के कान और उस के दिल पर, और डाल दिया उस की आँख पर पर्दा, तो कौन अल्लाह के बाद उसे हिदायत देगा, तो क्या तुम ग़ौर नहीं करते? (23) और उन्हों ने कहा कि यह (ज़िन्दगी और कुछ) नहीं सिर्फ़ हमारी दुनिया की ज़िन्दगी है, हम मरते हैं और हम जीते हैं, और हमें सिर्फ़ ज़माना हलाक कर देता है, और उन्हें उस का कोई इल्म नहीं, वह सिर्फ़ अटकल दौड़ाते हैं। (24) और जब उन पर हमारी वाज़ेह आयात पढ़ी जाती हैं तो उन की हुज्जत (दलील) नहीं होती इस के सिवा कि वह कहते हैं: हमारे बाप दादा को ले आओ अगर तुम सच्चे हो। (25) आप फ़रमा दें: अल्लाह (ही) तुम्हें ज़िन्दगी देता है (वही) फिर तुम्हें मौत देगा फिर (वही) तुम्हें क़ियामत के दिन जमा करेगा, जिस में कोई शक नहीं, लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं। (26)

और अल्लाह (ही) के लिए है बादशाहत आस्मानों की और ज़मीन की, और जिस दिन क़ियामत क़ाइम (बपा) होगी उस दिन बातिल परस्त ख़सारा पाएंगे। (27)
और तुम हर उम्मत को घुटनों के बल गिरी हुई देखोगे, हर उम्मत अपने नामाए आमाल की तरफ़ पुकारी जाएगी, आज तुम्हें बदला दिया जाएगा उस का जो तुम करते थे। (28)
यह हमारी तहरीर है जो तुम्हारे बारे में हक़ के साथ बोलती है, बेशक हम लिखाते थे जो तुम करते थे। (29)
पस जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने नेक अ़मल किए तो उन्हें उन का रब अपनी रहमत में दाख़िल करेगा, यही है खुली कामयाबी। (30)
और वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (उन्हें कहा जाएगा) सो क्या तुम पर मेरी आयात न पढ़ी जाती थीं? तो तुम ने तकब्बुर किया और तुम मुज्रिम लोग थे। (31)
और जब (तुम से) कहा जाता था कि बेशक अल्लाह का वादा सच है और क़ियामत में कोई शक नहीं, तो तुम ने कहाः हम नहीं जानते कि क़ियामत क्या है! हम तो बस एक गुमान सा रखते हैं, और हम नहीं हैं यक़ीन करने वाले। (32)
और उन पर उन के आमाल की बुराइयां खुल गईं और उन्हें उस (अ़ज़ाब ने) घेर लिया जिस का वह मज़ाक़ उड़ाते थे। (33)
और कहा जाएगाः हम ने तुम्हें भुला दिया है जैसे तुम ने इस दिन के मिलने को भुला दिया था, और तुम्हारा ठिकाना जहन्नम है, और तुम्हारा कोई मददगार नहीं। (34)
यह इस लिए है कि तुम ने बना लिया था अल्लाह की आयात को एक मज़ाक़, और तुम्हें दुनिया की ज़िन्दगी ने फ़रेब दे रखा था, सो वह आज उस से न निकाले जाएंगे और न उन्हें (अल्लाह की) रज़ा मन्दी हासिल करने का मौक़ा दिया जाएगा। (35)
पस तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं जो रब है आस्मानों का और रब है ज़मीन का, और रब है तमाम जहानों का। (36)
और उसी के लिए है किबरियाई (बड़ाई) आस्मानों में और ज़मीन में, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (37)

وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَيَوْمَ تَقُوْمُ السَّاعَةُ يَوْمَئِذٍ يَّخْسَرُ

ख़सारा पाएंगे	उस दिन	क़ियामत	क़ाइम होगी	और जिस दिन	और ज़मीन	आस्मानों	और अल्लाह के लिए बादशाहत

الْمُبْطِلُوْنَ ﴿٢٧﴾ وَتَرٰى كُلَّ اُمَّةٍ جَاثِيَةً ۫ كُلُّ اُمَّةٍ تُدْعٰۤى اِلٰى كِتٰبِهَا ؕ

अपनी किताब (नामाए आमाल) की तरफ़	पुकारी जाएगी	उम्मत	हर	घुटनों के बल गिरी हुई	हर उम्मत	और तुम देखोगे	27	बातिल परस्त

اَلْيَوْمَ تُجْزَوْنَ مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٢٨﴾ هٰذَا كِتٰبُنَا يَنْطِقُ عَلَيْكُمْ

तुम पर (तुम्हारे बारे में)	बोलती है	यह हमारी किताब (तहरीर)	28	तुम करते थे	जो	तुम्हें बदला दिया जाएगा	आज

بِالْحَقِّ ؕ اِنَّا كُنَّا نَسْتَنْسِخُ مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٢٩﴾ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

ईमान लाए	पस जो	29	तुम करते थे	जो	लिखाते थे	बेशक हम	हक़ के साथ

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَيُدْخِلُهُمْ رَبُّهُمْ فِىْ رَحْمَتِهٖ ؕ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ

कामयाबी	वह (यही)	यह	अपनी रहमत में	उन का रब	तो वह दाख़िल करेगा उन्हें	और उन्हों ने अ़मल किए नेक

الْمُبِيْنُ ﴿٣٠﴾ وَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ۫ اَفَلَمْ تَكُنْ اٰيٰتِىْ تُتْلٰى عَلَيْكُمْ

तुम पर	पढ़ी जाती	मेरी आयात	सो क्या न थीं	कुफ़्र किया	और वह लोग जिन्हों ने	30	खुली

فَاسْتَكْبَرْتُمْ وَكُنْتُمْ قَوْمًا مُّجْرِمِيْنَ ﴿٣١﴾ وَاِذَا قِيْلَ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ

अल्लाह का वादा	कहा जाता था बेशक	और जब	31	मुज्रिम (जमा)	लोग	और तुम थे	तो तुम ने तकब्बुर किया

حَقٌّ وَّالسَّاعَةُ لَا رَيْبَ فِيْهَا قُلْتُمْ مَّا نَدْرِىْ مَا السَّاعَةُ ۙ

क्या है क़ियामत	हम नहीं जानते	तुम ने कहा	उस में	कोई शक नहीं	और क़ियामत	सच

اِنْ نَّظُنُّ اِلَّا ظَنًّا وَّمَا نَحْنُ بِمُسْتَيْقِنِيْنَ ﴿٣٢﴾ وَبَدَا لَهُمْ سَيِّاٰتُ

बुराइयां	उन पर	और खुल गईं	32	यक़ीन करने वाले	हम	और नहीं	अटकल जैसा	मगर-सिर्फ़	नहीं हम गुमान करते

مَا عَمِلُوْا وَحَاقَ بِهِمْ مَّا كَانُوْا بِهٖ يَسْتَهْزِءُوْنَ ﴿٣٣﴾ وَقِيْلَ الْيَوْمَ

आज	और कहा जाएगा	33	वह मज़ाक़ उड़ाते	उस का	जिस का वह थे	उन्हें	और घेर लिया	जो उन्हों ने किया (आमाल)

نَنْسٰىكُمْ كَمَا نَسِيْتُمْ لِقَآءَ يَوْمِكُمْ هٰذَا وَمَاْوٰىكُمُ النَّارُ وَمَا لَكُمْ

और नहीं तुम्हारे लिए	जहन्नम	और तुम्हारा ठिकाना	इस	अपना दिन	मिलना	तुम ने भुला दिया	जैसे	हम ने भुला दिया तुम्हें

مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿٣٤﴾ ذٰلِكُمْ بِاَنَّكُمُ اتَّخَذْتُمْ اٰيٰتِ اللّٰهِ هُزُوًا وَّغَرَّتْكُمُ

और फ़रेब दिया तुम्हें	एक मज़ाक़	अल्लाह की आयात	तुम ने बना लिया	इस लिए कि तुम	यह	34	कोई मददगार (जमा)

الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا ۚ فَالْيَوْمَ لَا يُخْرَجُوْنَ مِنْهَا وَلَا هُمْ يُسْتَعْتَبُوْنَ ﴿٣٥﴾

35	रज़ा मन्दी हासिल करने का मौक़ा दिया जाएगा	और न उन्हें	उस से	वह न निकाले जाएंगे	सो आज	दुनिया की ज़िन्दगी

فَلِلّٰهِ الْحَمْدُ رَبِّ السَّمٰوٰتِ وَرَبِّ الْاَرْضِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٣٦﴾

36	तमाम जहानों का रब	और ज़मीन का रब	आस्मानों का रब	पस अल्लाह के लिए तमाम तारीफ़ें

وَلَهُ الْكِبْرِيَآءُ فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۪ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٣٧﴾ ع ٤ ١١ ٢٠

37	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और वह	और ज़मीन	आस्मानों में	किबरियाई	और उस के लिए

آيَاتُهَا ٣٥ ❀ (٤٦) سُوْرَةُ الْاَحْقَافِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٤

रुकूआत 4	(46) सूरतुल अह्क़ाफ़ रेगिस्तान	आयात 35

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

حٰمٓ ﴿١﴾ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ مِنَ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْحَكِيْمِ ﴿٢﴾

2	हिक्मत वाला	ग़ालिब	अल्लाह से	किताब	नाज़िल करना	1	हा-मीम

مَا خَلَقْنَا السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَاۤ اِلَّا بِالْحَقِّ

हक़ के साथ	मगर	और जो उन दोनों के दरमियान	और ज़मीन	आस्मानों	नहीं पैदा किया हम ने

وَاَجَلٍ مُّسَمًّى ؕ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا عَمَّاۤ اُنْذِرُوْا مُعْرِضُوْنَ ﴿٣﴾ قُلْ اَرَءَيْتُمْ

भला तुम देखो	फ़रमा दें	3	रूगर्दानी करने वाले	वह डराए जाते हैं	जिस से	और जिन लोगों ने कुफ़्र किया	और एक मीआ़द मुक़र्ररा

مَّا تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَرُوْنِيْ مَاذَا خَلَقُوْا مِنَ الْاَرْضِ

ज़मीन से	उन्हों ने पैदा किया	क्या	दिखाओ मुझे तुम	अल्लाह के सिवा	जिन को तुम पुकारते हो

اَمْ لَهُمْ شِرْكٌ فِى السَّمٰوٰتِ ؕ اِيْتُوْنِيْ بِكِتٰبٍ مِّنْ قَبْلِ هٰذَاۤ اَوْ

या	इस	से पहले	कोई किताब	ले आओ मेरे पास	आस्मानों में	कुछ साझा	उन के लिए	या

اَثٰرَةٍ مِّنْ عِلْمٍ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٤﴾ وَمَنْ اَضَلُّ مِمَّنْ يَّدْعُوْا

उस से जो वह पुकारता है	बड़ा गुमराह	और कौन	4	सच्चे	तुम हो	अगर	इल्म से-की	आसार

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ مَنْ لَّا يَسْتَجِيْبُ لَهٗۤ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ وَهُمْ عَنْ

से	और वह	क़ियामत का दिन	तक	उस को	जवाब न देगा	जो	अल्लाह के सिवा

دُعَآئِهِمْ غٰفِلُوْنَ ﴿٥﴾ وَاِذَا حُشِرَ النَّاسُ كَانُوْا لَهُمْ اَعْدَآءً

दुश्मन	उन के	वह होंगे	जमा किए जाएंगे लोग	और जब	5	बेख़बर हैं	उन का पुकारना

وَّكَانُوْا بِعِبَادَتِهِمْ كٰفِرِيْنَ ﴿٦﴾ وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ اٰيٰتُنَا بَيِّنٰتٍ

वाज़ेह	हमारी आयात	पढ़ी जाती हैं उन पर	और जब	6	मुन्किर (जमा)	उन की इबादत से	और वह होंगे

قَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لِلْحَقِّ لَمَّا جَآءَهُمْ ۙ هٰذَا سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ؕ ﴿٧﴾

7	खुला	यह जादू	उन के पास आ गया वह	जब	हक़ का	जिन लोगों ने इन्कार किया	कहते हैं वह

اَمْ يَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ؕ قُلْ اِنِ افْتَرَيْتُهٗ فَلَا تَمْلِكُوْنَ

तो तुम इख़्तियार नहीं रखते	मैं ने ख़ुद बना लिया है इसे	अगर	फ़रमा दें	उस ने ख़ुद बना लिया है इसे	वह कहते हैं	क्या

لِيْ مِنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ؕ هُوَ اَعْلَمُ بِمَا تُفِيْضُوْنَ فِيْهِ ؕ كَفٰى بِهٖ

वह काफ़ी है इस का	इस में	तुम बातें बनाते हो	वह जो	वह ख़ूब जानता है	कुछ भी	अल्लाह से	मेरे लिए

شَهِيْدًاۢ بَيْنِيْ وَبَيْنَكُمْ ؕ وَهُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ﴿٨﴾

8	रहम करने वाला	बख़्शने वाला	और वह	और तुम्हारे दरमियान	मेरे दरमियान	गवाह

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

हा-मीम। (1)

किताब का नाज़िल करना ग़ालिब, हिक्मत वाले अल्लाह (की तरफ़) से है। (2)

हम ने नहीं पैदा किया है आस्मानों और ज़मीन को और जो उन दोनों के दरमियान है मगर हक़ के साथ और एक मुक़र्ररा मीआ़द (के लिए) और जिन लोगों ने कुफ़्र किया जिस से वह डराए जाते हैं (उस से) रूगर्दानी करने वाले हैं। (3)

आप (स) फ़रमा दें भला तुम देखो (सोचो) तो जिन्हें तुम अल्लाह के सिवा पुकारते हो मुझे दिखाओ कि उन्हों ने ज़मीन से क्या पैदा किया? या उन के लिए आस्मानों में कुछ साझा है? ले आओ मेरे पास इस से पहले की कोई किताब या कोई इल्मी आसार (निशानात) अगर तुम सच्चे हो। (4)

और उस से बड़ा गुमराह कौन है? जो अल्लाह के सिवा उस को पुकारता है जो उसे जवाब न देगा क़ियामत के दिन तक, और वह उन के पुकारने से (भी) बेख़बर हैं। (5)

और जब लोग (मैदाने हश्र) में जमा किए जाएंगे वह उन के दुश्मन होंगे और वह उन की इबादत के मुन्किर होंगे। (6)

और जब उन पर हमारी वाज़ेह आयात पढ़ी जाती हैं तो वह कहते हैं जिन्हों ने इन्कार किया हक़ के बारे में जब कि वह उन के पास आ गया: यह खुला जादू है। (7)

क्या वह कहते हैं कि उस ने इसे ख़ुद बना लिया है, आप (स) फ़रमा दें: अगर मैं ने इसे ख़ुद बना लिया है तो तुम मुझे अल्लाह से (बचाने का) कुछ भी इख़्तियार नहीं रखते, वह ख़ूब जानता है जो तुम इस (के बारे) में बातें बनाते हो, वह काफ़ी है इस का गवाह मेरे और तुम्हारे दरमियान, और वह है बख़्शने वाला, रहम करने वाला। (8)

قُلْ مَا كُنْتُ بِدْعًا مِّنَ الرُّسُلِ وَمَآ اَدْرِىْ مَا يُفْعَلُ بِىْ وَلَا بِكُمْ ؕ

और न तुम्हारे साथ	मेरे साथ	क्या किया जाएगा	और नहीं जानता मैं	रसूलों में से	नया	नहीं हूँ मैं	फ़रमा दें

هُوَ الْأَوَّلُ وَالْآخِرُ وَالظَّٰهِرُ وَالْبَاطِنُ ۖ وَهُوَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ﴿٣﴾

3	ख़ूब जानने वाला	हर शै को	और वह	और बातिन	और ज़ाहिर	और आख़िर	अव्वल	वही

बेशक यह क़ुरआन है गिरामी क़द्र। (77) यह एक पोशीदा किताब (लौहे महफ़ूज़) में है। (78) उसे हाथ नहीं लगाते सिवाए पाक लोग। (79) तमाम जहानों के रब (की तरफ़) से उतारा हुआ। (80) पस क्या तुम इस बात को यूँ ही टालने वाले? (81) और तुम बनाते हो झुठलाने को अपना वज़ीफ़ा। (82) फिर क्यों नहीं जब (किसी की जान) पहुँचती है हलक़ को, (83) और उस वक़्त तुम तकते हो। (84) और हम तुम से भी ज़ियादा उस के क़रीब (होते हैं) लेकिन तुम नहीं देखते। (85) अगर तुम ख़ुद मुख़्तार हो तो क्यों नहीं? (86) तुम उसे (निकलती जान को) लौटा लेते अगर तुम सच्चे हो। (87) पस जो (मरने वाला) अगर मुक़र्रब लोगों में से हो। (88) तो (उस के लिए) राहत और ख़ुशबूदार फूल और नेमतों के बाग़ हैं। (89) और अलबत्ता अगर वह दाएं हाथ वालों में से हो। (90) पस तेरे लिए सलामती कि तू दाएं हाथ वालों से है। (91) और अगर गुमराह, झुठलाने वालों में से हो। (92) तो (उस की) मेहमानी खौलता हुआ पानी है, (93) और दोज़ख़ में झोंका जाना। (94) बेशक यह अलबत्ता यक़ीनी बात है। (95) पस आप (स) पाकीज़गी बयान करें अपने अज़मत वाले रब के नाम की। (96)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

पाकीज़गी से याद करता है अल्लाह को जो (भी) आस्मानों और ज़मीन में है, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (1) उसी के लिए बादशाहत आस्मानों की और ज़मीन की, वही ज़िन्दगी देता है और वही मौत देता है, और वह हर शै पर क़ुदरत रखने वाला। (2) वही अव्वल और (वही) आख़िर, और ज़ाहिर और बातिन, और वह हर शै को ख़ूब जानने वाला। (3)

هُوَ الَّذِىْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِىْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى

फिर उस ने क़रार पकड़ा	दिन	छः (6)	में	और ज़मीन	आस्मानों	पैदा किया	जिस ने	वही

عَلَى الْعَرْشِ ؕ يَعْلَمُ مَا يَلِجُ فِى الْاَرْضِ وَمَا يَخْرُجُ مِنْهَا وَمَا يَنْزِلُ

और जो उतरता है	उस से	और जो निकलता है	ज़मीन	में	जो दाख़िल होता है	वह जानता है	अ़र्श पर

مِنَ السَّمَآءِ وَمَا يَعْرُجُ فِيْهَا ؕ وَهُوَ مَعَكُمْ اَيْنَ مَا كُنْتُمْ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا

उसे जो	और अल्लाह	तुम हो	जहां कहीं	तुम्हारे साथ	और वह	उस में	और जो चढ़ता है	आस्मानों से

تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿٤﴾ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَاِلَى اللّٰهِ تُرْجَعُ

लौटना	और अल्लाह की तरफ़	और ज़मीन	बादशाहत आस्मानों	उसी के लिए	4	देखने वाला	तुम करते हो

الْاُمُوْرُ ﴿٥﴾ يُوْلِجُ الَّيْلَ فِى النَّهَارِ وَيُوْلِجُ النَّهَارَ فِى الَّيْلِ ؕ وَهُوَ

और वह	रात में	दिन	और दाख़िल करता है	दिन में	रात	वह दाख़िल करता है	5	तमाम काम

عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٦﴾ اٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَاَنْفِقُوْا مِمَّا

उस से जो	और ख़र्च करो	और उस के रसूल	अल्लाह पर	तुम ईमान लाओ	6	दिलों की बात को	जानने वाला

جَعَلَكُمْ مُّسْتَخْلَفِيْنَ فِيْهِ ؕ فَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَاَنْفَقُوْا

और उन्हों ने ख़र्च किया	तुम में से	वह ईमान लाए	पस जो लोग	उस में	जांनशीन	उस ने तुम्हें बनाया

لَهُمْ اَجْرٌ كَبِيْرٌ ﴿٧﴾ وَمَا لَكُمْ لَا تُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ ۚ وَالرَّسُوْلُ يَدْعُوْكُمْ

वह तुम्हें बुलाते हैं	और रसूल	अल्लाह पर	तुम ईमान नहीं लाते	और क्या (हो गया है) तुम्हें	7	बड़ा अजर	उन के लिए

لِتُؤْمِنُوْا بِرَبِّكُمْ وَقَدْ اَخَذَ مِيْثَاقَكُمْ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٨﴾

8	ईमान वाले	अगर तुम हो	तुम से अ़हद	और यक़ीनन वह ले चुका है	अपने रब पर	कि तुम ईमान लाओ

هُوَ الَّذِىْ يُنَزِّلُ عَلٰى عَبْدِهٖۤ اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ لِّيُخْرِجَكُمْ مِّنَ

से	ताकि वह तुम्हें निकाले	वाज़ेह आयात	अपना बन्दा	पर	नाज़िल फ़रमाता है	वही है जो

الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ؕ وَاِنَّ اللّٰهَ بِكُمْ لَرَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ ﴿٩﴾

9	निहायत मेहरबान	शफ़क़त करने वाला	तुम पर	और बेशक अल्लाह	रोशनी की तरफ़	अन्धेरों से

وَمَا لَكُمْ اَلَّا تُنْفِقُوْا فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَلِلّٰهِ مِيْرَاثُ السَّمٰوٰتِ

आस्मानों	और अल्लाह के लिए मीरास	अल्लाह का रास्ता	में	तुम ख़र्च नहीं करते	और क्या (हो गया है) तुम्हें

وَالْاَرْضِ ؕ لَا يَسْتَوِىْ مِنْكُمْ مَّنْ اَنْفَقَ مِنْ قَبْلِ الْفَتْحِ وَقٰتَلَ ؕ

और क़िताल किया	फ़तह	पहले	जिस ने ख़र्च किया	तुम में से	बराबर नहीं	और ज़मीन

اُولٰٓئِكَ اَعْظَمُ دَرَجَةً مِّنَ الَّذِيْنَ اَنْفَقُوْا مِنْۢ بَعْدُ وَقٰتَلُوْا ؕ

और उन्हों ने क़िताल किया	बाद में	जिन्हों ने ख़र्च किया	से	दरजे	बड़े	यह लोग

١ ع ١٠ ١٧ وَكُلًّا وَّعَدَ اللّٰهُ الْحُسْنٰى ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿١٠﴾

10	बाख़बर	उस से जो तुम करते हो	और अल्लाह	अच्छा	वादा किया अल्लाह ने	और हर एक

वही जिस ने पैदा किया आस्मानों
को और ज़मीन को छः दिन में,
फिर उस ने अ़र्श पर क़रार
पकड़ा, वह जानता है जो ज़मीन
में दाख़िल होता है और जो उस से
निकलता है, और जो आस्मानों से
उतरता है और जो उस में चढ़ता
है, और वह तुम्हारे साथ है जहां
कहीं (भी) तुम हो, और जो तुम
करते हो अल्लाह है उसे देखने
वाला। (4)
उसी के लिए है आस्मानों और
ज़मीन की बादशाहत, और अल्लाह
की तरफ़ है तमाम कामों का
लौटना। (5)
वह रात को दिन में दाख़िल करता
है और दिन को रात में दाख़िल
करता है, और वह है ख़ूब जानने
वाला दिलों की बात (तक) को। (6)
तुम अल्लाह और उस के रसूल (स)
पर ईमान लाओ और उस (माल)
में से ख़र्च करो जिस में उस ने
तुम्हें जांनशीन बनाया है, पस तुम
में से जो लोग ईमान लाए और
उन्हों ने ख़र्च किया, उन के लिए
बड़ा अजर है। (7)
और तुम्हें क्या हो गया? कि तुम
ईमान नहीं लाते अल्लाह और उस
के रसूल (स) पर, जबकि वह तुम्हें
बुलाते हैं कि तुम अपने रब पर
ईमान ले आओ, और वह यक़ीनन
तुम से अ़हद ले चुका है अगर तुम
ईमान वाले हो। (8)
वही है जो अपने बन्दे पर वाज़ेह
आयात नाज़िल फ़रमाता है, ताकि
वह तुम्हें निकाले अन्धेरों से रोशनी
की तरफ़, और बेशक अल्लाह तुम
पर शफ़क़त करने वाला मेह्रबान
है। (9)
और तुम्हें क्या हो गया? कि
तुम ख़र्च नहीं करते अल्लाह के
रास्ते में, और अल्लाह के लिए है
आस्मानों और ज़मीन की मीरास
(बाक़ी रह जाने वाला सब), तुम
में से बराबर नहीं वह जिस ने ख़र्च
किया और क़िताल किया फ़त्हे
(मक्का) से पहले, यह लोग दरजे
में (उन) से बड़े हैं जिन्हों ने बाद
में ख़र्च किया और उन्हों ने क़िताल
किया, और अल्लाह ने हर एक से
अच्छा वादा किया है और जो तुम
करते हो अल्लाह उस से बाख़बर
है। (10)

مَنْ ذَا الَّذِىْ يُقْرِضُ اللّٰهَ قَرْضًا حَسَنًا فَيُضٰعِفَهٗ لَهٗ وَلَهٗٓ

और उस के लिए	उस को	पस बढ़ादे वह उस को दोगुना	क़र्ज़ हसना	क़र्ज़ दे अल्लाह को	कौन है जो

اَجْرٌ كَرِيْمٌ ﴿۱۱﴾ يَوْمَ تَرَى الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ يَسْعٰى نُوْرُهُمْ

उन का नूर	दौड़ता होगा	और मोमिन औरतों	मोमिन मर्दों	तुम देखोगे	जिस दिन	11	अजर बड़ा उम्दा

بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَبِاَيْمَانِهِمْ بُشْرٰىكُمُ الْيَوْمَ جَنّٰتٌ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا

उन के नीचे	बहती हैं	बाग़ात	आज	ख़ुशख़बरी तुम्हें	और उन के दाएं	उन के सामने

الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۭ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿۱۲﴾ يَوْمَ يَقُوْلُ

जिस दिन कहेंगे	12	कामयाबी बड़ी	वह-यह	यह	उस में	वह हमेशा रहेंगे	नहरें

الْمُنٰفِقُوْنَ وَالْمُنٰفِقٰتُ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوا انْظُرُوْنَا نَقْتَبِسْ مِنْ

से	हम हासिल कर लें	हमारी तरफ़ निगाह करो	वह ईमान लाए	उन लोगों को जो	और मुनाफ़िक़ औरतें	मुनाफ़िक़ मर्द (जमा)

نُّوْرِكُمْ ۚ قِيْلَ ارْجِعُوْا وَرَاۗءَكُمْ فَالْتَمِسُوْا نُوْرًا ۭ فَضُرِبَ بَيْنَهُمْ

उन के दरमियान	फिर मारी (खड़ी कर दी) जाएगी	नूर	फिर तुम तलाश करो	अपने पीछे	लौट जाओ तुम	कहा जाएगा	तुम्हारा नूर

بِسُوْرٍ لَّهٗ بَابٌ ۭ بَاطِنُهٗ فِيْهِ الرَّحْمَةُ وَظَاهِرُهٗ مِنْ قِبَلِهِ الْعَذَابُ ﴿۱۳﴾ۭ

13	अ़ज़ाब	उस की तरफ़ से	और उस के बाहर	रहमत	उस में	उस के अन्दर	एक दरवाज़ा	उस का	एक दीवार

يُنَادُوْنَهُمْ اَلَمْ نَكُنْ مَّعَكُمْ ۭ قَالُوْا بَلٰى وَلٰكِنَّكُمْ فَتَنْتُمْ اَنْفُسَكُمْ

अपनी जानों को	तुम ने फ़ित्ने में डाला	और लेकिन तुम	हाँ	वह कहेंगे	तुम्हारे साथ	क्या हम न थे	वह उन्हें पुकारेंगे

وَتَرَبَّصْتُمْ وَارْتَبْتُمْ وَغَرَّتْكُمُ الْاَمَانِيُّ حَتّٰى جَاۗءَ اَمْرُ اللّٰهِ

अल्लाह का हुक्म	आ गया	यहां तक कि	तुम्हारी झूटी आर्ज़ूएं	और तुम्हें धोके में डाला	और तुम शक करते थे	और तुम इन्तिज़ार करते

وَغَرَّكُمْ بِاللّٰهِ الْغَرُوْرُ ﴿۱۴﴾ فَالْيَوْمَ لَا يُؤْخَذُ مِنْكُمْ فِدْيَةٌ وَّلَا مِنَ

से	और न	कोई फ़िदया	तुम से	न लिया जाएगा	सो आज	14	धोका देने वाला	अल्लाह के बारे में	और तुम्हें धोके में डाला

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ۭ مَاْوٰىكُمُ النَّارُ ۭ هِىَ مَوْلٰىكُمْ ۭ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿۱۵﴾

15	लौटने की जगह	और बुरी	तुम्हारी मौला	यह	जहन्नम	ठिकाना तुम्हारा	कुफ़्र किया	वह लोग जिन्हों ने

اَلَمْ يَاْنِ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَنْ تَخْشَعَ قُلُوْبُهُمْ لِذِكْرِ اللّٰهِ وَمَا نَزَلَ

और जो नाज़िल हुआ	अल्लाह की याद के लिए	उन के दिल	झुक जाएं	कि	उन लोगों के लिए जो ईमान लाए (मोमिन)	क्या नज़्दीक (वक़्त) नहीं आया

مِنَ الْحَقِّ ۙ وَلَا يَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلُ فَطَالَ

तो दराज़ हो गई	इस से क़ब्ल	जिन्हें किताब दी गई	उन लोगों की तरह	और वह न हो जाएं	हक़	से

عَلَيْهِمُ الْاَمَدُ فَقَسَتْ قُلُوْبُهُمْ ۭ وَكَثِيْرٌ مِّنْهُمْ فٰسِقُوْنَ ﴿۱۶﴾ اِعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ

कि अल्लाह	तुम जान लो	16	फ़ासिक़ (नाफ़रमान)	उन में से	और कसीर	उन के दिल	फिर सख़्त हो गए	मुद्दत	उन पर

يُحْيِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا ۭ قَدْ بَيَّنَّا لَكُمُ الْاٰيٰتِ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿۱۷﴾

17	समझो	ताकि तुम	निशानियां	तुम्हारे लिए	तहक़ीक़ हम ने बयान कर दी	उस के मरने के बाद	ज़मीन	ज़िन्दा करता है

कौन है जो अल्लाह को क़र्ज़ दे? क़र्ज़ हसना (अच्छा क़र्ज़), पस वह उस को दोगुना बढ़ादे और उस के लिए बड़ा उम्दा अजर है। (11)
जिस दिन तुम मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों को देखोगे कि उन का नूर उन के सामने और उन के दाएं दौड़ता होगा, तुम्हें आज ख़ुशख़बरी है बाग़ात की जिन के नीचे बहती हैं नहरें, वह उन में हमेशा रहेंगे, यह बड़ी कामयाबी है। (12)
जिस दिन कहेंगे मुनाफ़िक़ मर्द और मुनाफ़िक़ औरतें उन लोगों को जो ईमान लाए, हमारी तरफ़ निगाह करो, हम तुम्हारे नूर से (कुछ) हासिल कर लें, कहा जाएगाः अपने पीछे लौट जाओ, पस (वहां) नूर तलाश करो। फिर उन के दरमियान एक दीवार खड़ी कर दी जाएगी, उस का एक दरवाज़ा होगा, उस के अन्दर रहमत और उस के बाहर की तरफ़ अ़ज़ाब होगा। (13)
वह (मुनाफ़िक़) उन (मुसलमानों) को पुकारेंगेः क्या हम तुम्हारे साथ न थे? वह कहेंगेः हाँ (क्यों नहीं!) लेकिन तुम ने अपनी जानों को फ़ित्ने में डाला, और तुम इन्तिज़ार करते और शक करते थे और तुम्हें तुम्हारी झूटी आर्ज़ूओं ने धोके में डाला यहां तक कि अल्लाह का हुक्म आ गया और अल्लाह के बारे में तुम्हें धोका देने वाले (शैतान) ने धोके में डाला। (14)
सो आज न तुम से कोई फ़िदया लिया जाएगा और न उन लोगों से जिन्हों ने कुफ़्र किया, तुम्हारा ठिकाना जहन्नम है, यह तुम्हारी ख़बर गीरी करने वाली और बुरी लौटने की जगह है। (15)
क्या मोमिनों के लिए अभी वक़्त नहीं आया? कि उन के दिल अल्लाह की याद के लिए झुक जाएं और (उस के लिए) जो हक़ तआ़ला की तरफ़ से नाज़िल हुआ है, और वह उन लोगों की तरह न हो जाएं जिन्हें इस से क़ब्ल किताब दी गई, फिर एक लम्बी मुद्दत उन पर गुज़र गई तो उन के दिल सख़्त हो गए, और उन में से अक्सर नाफ़रमान हैं। (16)
(ख़ूब) जान लो कि अल्लाह ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा करता है। तहक़ीक़ हम ने तुम्हारे लिए निशानियां बयान कर दी हैं ताकि तुम समझो। (17)

اِنَّ الْمُصَّدِّقِيْنَ وَالْمُصَّدِّقٰتِ وَاَقْرَضُوا اللّٰهَ قَرْضًا حَسَنًا يُّضٰعَفُ لَهُمْ

बेशक	ख़ैरात करने वाले मर्द	और ख़ैरात करने वाली औरतें	और जिन्हों ने क़र्ज़ दिया अल्लाह को	क़र्ज़	हसना (अच्छा)	वह दो चन्द कर दिया जाएगा उन के लिए

وَلَهُمْ اَجْرٌ كَرِيْمٌ ﴿١٨﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖٓ اُولٰٓئِكَ هُمُ

और उन के लिए	अजर	बड़ा उम्दा	18	और जो लोग	ईमान लाए	अल्लाह पर	और उस के रसूल (जमा)	यही लोग	वही

الصِّدِّيْقُوْنَ ۖ وَالشُّهَدَآءُ عِنْدَ رَبِّهِمْ ۭ لَهُمْ اَجْرُهُمْ وَنُوْرُهُمْ ۭ

सिद्दीक़ (जमा)	और शहीद (जमा)	नज़्दीक अपने रब के	उन के लिए	उन का अजर	और उन का नूर

ع ٢ ٩ ١٨ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَكَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَآ اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ الْجَحِيْمِ ﴿١٩﴾ اِعْلَمُوْٓا اَنَّمَا

और जिन्हों ने कुफ़्र किया	और झुटलाया	हमारी आयतों को	यही लोग	दोज़ख़ वाले	19	तुम जान लो	इस के सिवा नहीं

الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا لَعِبٌ وَّلَهْوٌ وَّزِيْنَةٌ وَّتَفَاخُرٌۢ بَيْنَكُمْ وَتَكَاثُرٌ

दुनिया की ज़िन्दगी	खेल	और कूद	और ज़ीनत	और फ़ख़्र करना	बाहम	और कस्रत की ख़्वाहिश

فِي الْاَمْوَالِ وَالْاَوْلَادِ ۭ كَمَثَلِ غَيْثٍ اَعْجَبَ الْكُفَّارَ نَبَاتُهٗ ثُمَّ يَهِيْجُ

मालों में	और औलाद	बारिश की तरह	भली लगी	काश्तकार	उस की पैदावार	फिर वह ज़ोर पकड़ती है

فَتَرٰىهُ مُصْفَرًّا ثُمَّ يَكُوْنُ حُطٰمًا ۭ وَفِي الْاٰخِرَةِ عَذَابٌ شَدِيْدٌ ۙ وَّمَغْفِرَةٌ

सो तू उस को देखता है	ज़र्द	फिर	वह हो जाती है	चूरा चूरा	और आख़िरत में	सख़्त अज़ाब	और मग़्फ़िरत

مِّنَ اللّٰهِ وَرِضْوَانٌ ۭ وَمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَآ اِلَّا مَتَاعُ الْغُرُوْرِ ﴿٢٠﴾

अल्लाह की तरफ़ से	और रज़ा मन्दी	और नहीं	दुनिया की ज़िन्दगी	मगर- सिर्फ़	धोके का सामान	20

سَابِقُوْٓا اِلٰى مَغْفِرَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَجَنَّةٍ عَرْضُهَا كَعَرْضِ السَّمَآءِ

तुम दौड़ो	तरफ़	मग़्फ़िरत	अपने रब की तरफ़ से	और जन्नत	उस की चौड़ाई (वुस्अत)	जैसी चौड़ाई (वुस्अत)	आस्मान

وَالْاَرْضِ ۙ اُعِدَّتْ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖ ۭ ذٰلِكَ فَضْلُ اللّٰهِ

और ज़मीन	वह तैयार की गई	उन लोगों के लिए जो	ईमान लाए	अल्लाह पर	और उस के रसूलों	यह	अल्लाह का फ़ज़्ल

يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَآءُ ۭ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ﴿٢١﴾ مَآ اَصَابَ مِنْ مُّصِيْبَةٍ

वह उस को देता है	जिसे वह चाहे	और अल्लाह	फ़ज़्ल वाला	बड़े	21	नहीं पहुँचती	कोई मुसीबत

فِي الْاَرْضِ وَلَا فِيْٓ اَنْفُسِكُمْ اِلَّا فِيْ كِتٰبٍ مِّنْ قَبْلِ اَنْ نَّبْرَاَهَا ۭ اِنَّ

ज़मीन में	और न	तुम्हारी जानों में	मगर	किताब में	उस से क़ब्ल	कि हम पैदा करें उस को	बेशक

ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرٌ ﴿٢٢﴾ لِّكَيْلَا تَاْسَوْا عَلٰى مَا فَاتَكُمْ وَلَا تَفْرَحُوْا

यह	अल्लाह पर	आसान	22	ताकि तुम ग़म न खाओ	पर	जो तुम से जाती रहे	और न तुम ख़ुश हो

بِمَآ اٰتٰىكُمْ ۭ وَاللّٰهُ لَا يُحِبُّ كُلَّ مُخْتَالٍ فَخُوْرِ ﴿٢٣﴾ الَّذِيْنَ يَبْخَلُوْنَ

उस पर जो उस ने तुम्हें दिया	और अल्लाह	पसंद नहीं करता	हर एक (किसी)	इतराने वाले	फ़ख़्र करने वाले	23	जो लोग	बुख़्ल करते हैं

وَيَاْمُرُوْنَ النَّاسَ بِالْبُخْلِ ۭ وَمَنْ يَّتَوَلَّ فَاِنَّ اللّٰهَ هُوَ الْغَنِيُّ الْحَمِيْدُ ﴿٢٤﴾

और हुक्म (तरग़ीब) देते हैं	लोग	बुख़्ल का	और जो	मुँह फेर ले	तो बेशक अल्लाह	वह बेनियाज़	सज़ावारे हम्द	24

बेशक ख़ैरात करने वाले मर्द और ख़ैरात करने वाली औरतें, और जिन्हों ने अल्लाह को क़र्ज़ हसना (अच्छा क़र्ज़) दिया, वह उन के लिए दो चन्द कर दिया जाएगा, और उन के लिए बड़ा उम्दा अजर है। (18)

और जो लोग अल्लाह और उस के रसूलों पर ईमान लाए, यही लोग हैं अपने रब के नज़्दीक सिद्दीक़ (सच्चे) और शहीद, उन के लिए उन का अजर है और उन का नूर, और जिन्हों ने कुफ़्र किया और हमारी आयतों को झुटलाया, यही लोग दोज़ख़ वाले हैं। (19)

तुम (ख़ूब) जान लो, इस के सिवा नहीं कि दुनिया की ज़िन्दगी (महज़) खेल कूद है, और एक ज़ीनत और बाहम फ़ख़्र (ख़ुद सताई) करना और कस्रत की ख़्वाहिश करना मालों में और औलाद में, बारिश की तरह कि काश्तकार को उस की पैदावार भली लगी, फिर वह ज़ोर पकड़ती है, पस तू उस को देखता है ज़र्द, फिर वह चूरा चूरा हो जाती है, और आख़िरत में सख़्त अज़ाब भी है और मग़्फ़िरत भी है अल्लाह की तरफ़ से और रज़ा मन्दी, और दुनिया की ज़िन्दगी धोके के सामान के सिवा कुछ भी नहीं। (20)

तुम दौड़ो मग़्फ़िरत की तरफ़ अपने रब की, और उस जन्नत की तरफ़ जिस की वुस्अत आस्मानों और ज़मीन की वुस्अत जैसी (बराबर) है, उन लोगों के लिए तैयार की गई है जो ईमान लाए अल्लाह और उस के रसूलों पर, यह अल्लाह का फ़ज़्ल है, वह उस को देता है जिसे वह चाहता है, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (21)

कोई मुसीबत नहीं पहुँचती ज़मीन में और न तुम्हारी जानों में मगर किताब में (दर्ज) है, इस से पहले कि हम उस को पैदा करें, बेशक यह अल्लाह पर आसान है। (22)

ताकि तुम उस पर ग़म न खाओ जो तुम से जाती रहे और न ख़ुश हो जाओ उस पर जो उस ने तुम्हें दिया, और अल्लाह किसी इतराने वाले, फ़ख़्र करने वाले को पसंद नहीं करता। (23)

जो लोग बुख़्ल करते हैं और तरग़ीब देते हैं लोगों को बुख़्ल की, और जो मुँह फेर ले तो बेशक अल्लाह बेनियाज़, सज़ावारे हम्द (सतोदा सिफ़ात) है। (24)

لَقَدْ اَرْسَلْنَا رُسُلَنَا بِالْبَيِّنٰتِ وَاَنْزَلْنَا مَعَهُمُ الْكِتٰبَ

तहक़ीक़ हम ने भेजा	अपने रसूलों	वाज़ेह दलाइल के साथ	और हम ने उतारी	उन के साथ	किताब

وَالْمِيْزَانَ لِيَقُوْمَ النَّاسُ بِالْقِسْطِ ۚ وَاَنْزَلْنَا الْحَدِيْدَ فِيْهِ

और मीज़ाने (अ़दल)	ताकि क़ाइम रहें	लोग	इंसाफ़ पर	और हम ने उतारा	लोहा	उस में

بَاْسٌ شَدِيْدٌ وَّمَنَافِعُ لِلنَّاسِ وَلِيَعْلَمَ اللّٰهُ مَنْ يَّنْصُرُهٗ

लड़ाई (ख़तरा) सख़्त	और फ़ायदा	लोगों के लिए	और ताकि मालूम कर ले अल्लाह	कौन	मदद करता है उस की

وَرُسُلَهٗ بِالْغَيْبِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ عَزِيْزٌ ﴿٢٥﴾ ع وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا نُوْحًا ع ٣ ١٩

और उस के रसूल	बिन देखे	बेशक अल्लाह	क़वी	ग़ालिब	25	और तहक़ीक़ हम ने भेजा	नूह (अ)

وَّاِبْرٰهِيْمَ وَجَعَلْنَا فِيْ ذُرِّيَّتِهِمَا النُّبُوَّةَ وَالْكِتٰبَ فَمِنْهُمْ مُّهْتَدٍ ۚ

और इब्राहीम (अ)	और हम ने रखी	उन की औलाद में	नुबुव्वत	और किताब	सो उन में से कुछ	हिदायत याफ़्ता

وَكَثِيْرٌ مِّنْهُمْ فٰسِقُوْنَ ﴿٢٦﴾ ثُمَّ قَفَّيْنَا عَلٰۤى اٰثَارِهِمْ بِرُسُلِنَا وَقَفَّيْنَا

और अक्सर	उन में से	नाफ़रमान	26	फिर	हम उन के पीछे लाए	उन के क़दमों के निशानात पर	अपने रसूल	और हम उन के पीछे लाए

بِعِيْسَى ابْنِ مَرْيَمَ وَاٰتَيْنٰهُ الْاِنْجِيْلَ ۙ وَجَعَلْنَا فِيْ قُلُوْبِ الَّذِيْنَ

ईसा (अ)	इब्ने मरयम (अ)	और हम ने उसे दी	इंजील	और हम ने डाल दी	दिलों में	वह लोग जिन्हों ने

اتَّبَعُوْهُ رَاْفَةً وَّرَحْمَةً ؕ وَرَهْبَانِيَّةَ ِۨابْتَدَعُوْهَا مَا كَتَبْنٰهَا

उस की पैरवी की	नर्मी	और रहमत	और तरके दुनिया	जो उन्हों ने खुद निकाली	हम ने वाजिब नहीं की

عَلَيْهِمْ اِلَّا ابْتِغَآءَ رِضْوَانِ اللّٰهِ فَمَا رَعَوْهَا حَقَّ رِعَايَتِهَا ۚ

उन पर	मगर	चाहना	अल्लाह की रज़ा	तो न	उस को निबाहा	उस को निबाहने का हक़

فَاٰتَيْنَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْهُمْ اَجْرَهُمْ ۚ وَكَثِيْرٌ مِّنْهُمْ فٰسِقُوْنَ ﴿٢٧﴾

तो हम ने दिया	उन लोगों के लिए जो ईमान लाए	उन में से	उन का अजर	और अक्सर	उन में से	नाफ़रमान	27

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَاٰمِنُوْا بِرَسُوْلِهٖ يُؤْتِكُمْ

ऐ	जो लोग ईमान लाए	डरो अल्लाह से तुम	और ईमान लाओ	उस के रसूलों पर	वह तुम्हें अ़ता करेगा

كِفْلَيْنِ مِنْ رَّحْمَتِهٖ وَيَجْعَلْ لَّكُمْ نُوْرًا تَمْشُوْنَ بِهٖ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ؕ

दो हिस्से	से	अपनी रहमत	और कर देगा	तुम्हारे लिए	ऐसा नूर	तुम चलोगे	उस के साथ	और वह बख़्शदेगा	तुम्हें

وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٢٨﴾ لِّئَلَّا يَعْلَمَ اَهْلُ الْكِتٰبِ اَلَّا يَقْدِرُوْنَ

और अल्लाह	बख़्शने वाला	मेहरबान	28	ताकि जान लें	अहले किताब	कि वह कुदरत नहीं रखते

عَلٰى شَيْءٍ مِّنْ فَضْلِ اللّٰهِ وَاَنَّ الْفَضْلَ بِيَدِ اللّٰهِ يُؤْتِيْهِ

किसी शै पर	से	अल्लाह का फ़ज़्ल	और यह कि	फ़ज़्ल	अल्लाह के हाथ में	वह देता है उसे

مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ﴿٢٩﴾ ع ٤ ٢٠

जिस को वह चाहता है	और अल्लाह	फ़ज़्ल वाला	बड़ा	29

तहक़ीक़ हम ने अपने रसूलों को भेजा वाज़ेह दलाइल के साथ और हम ने उन के साथ उतारी किताब और मीज़ाने अ़दल ताकि लोग इंसाफ़ पर क़ाइम रहें, और हम ने लोहा उतारा, उस में सख़्त ख़तरा (बला की सख़्ती) है और लोगों के लिए कई फ़ायदे हैं, और ताकि अल्लाह मालूम कर ले कि कौन उस की मदद करता है और उस के रसूलों की, बिन देखे, बेशक अल्लाह क़वी, ग़ालिब है। **(25)** और तहक़ीक़ हम ने नूह (अ) और इब्राहीम (अ) को भेजा और हम ने उन की औलाद में नुबुव्वत और किताब रखी। सो उन में से कुछ हिदायत याफ़्ता हैं, और उन में से अक्सर नाफ़रमान हैं। **(26)** फिर हम ने उन के क़दमों के निशानात पर (उन के पीछे) अपने रसूल लाए, और उन के पीछे हम ईसा (अ) इब्ने मरयम (अ) को लाए और हम ने उसे इंजील दी, और जिन लोगों ने उस की पैरवी की उन के दिलों में नर्मी और मुहब्बत डाल दी। और तरके दुनिया (जिस की रस्म) ख़ुद उन्हों ने निकाली हम ने उन पर वाजिब न की थी, मगर (उन्हों ने) अल्लाह की रज़ा चाहने के लिए (इख़्तियार की) तो उस को न निबाहा (जैसे) उस के निबाहने का हक़ था, तो उन में से जो लोग ईमान लाए हम ने उन्हें उन का अजर दिया, और अक्सर उन में से नाफ़रमान हैं। **(27)** ऐ ईमान वालो! तुम अल्लाह से डरो और उस के रसूलों पर ईमान लाओ, वह अपनी रहमत से (सवाब के) दो हिस्से अ़ता करेगा और तुम्हारे लिए एसा नूर कर देगा कि तुम उस के साथ चलोगे और वह बख़्श देगा तुम्हें, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। **(28)** ताकि अहले किताब जान लें कि वह अल्लाह के फ़ज़्ल में से किसी शै पर क़ुदरत नहीं रखते, और यह कि फ़ज़्ल अल्लाह के हाथ में है, वह उसे देता है जिस को वह चाहे और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। **(29)**

الجزء ٢٨

آيَاتُهَا ٢٢ ❀ سُوْرَةُ الْمُجَادَلَةِ (٥٨) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआत 3 | (58) सूरतुल मुजादिला — इख़्तिलाफ़ करने वाली | आयात 22

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

قَدْ سَمِعَ اللّٰهُ قَوْلَ الَّتِىْ تُجَادِلُكَ فِىْ زَوْجِهَا

अपने ख़ावन्द के बारे में	आप (स) से बहस करती थी	वह औरत जो	बात	सुन ली अल्लाह ने	यक़ीनन

وَتَشْتَكِىْٓ اِلَى اللّٰهِ ۖ وَاللّٰهُ يَسْمَعُ تَحَاوُرَكُمَا ۭ اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌۢ بَصِيْرٌ ①

1	देखने वाला	सुनने वाला	बेशक अल्लाह	तुम दोनों की गुफ़्तगू	सुनता था	और अल्लाह	अल्लाह	के पास	और शिकायत करती थी

اَلَّذِيْنَ يُظٰهِرُوْنَ مِنْكُمْ مِّنْ نِّسَاۗىِٕهِمْ مَّا هُنَّ اُمَّهٰتِهِمْ ۭ اِنْ اُمَّهٰتُهُمْ

उन की माँएं	नहीं	उन की माँएं	वह नहीं	अपनी बीवियों से	तुम में से	ज़िहार करते हैं	जो लोग

اِلَّا الّٰٓـِٔيْ وَلَدْنَهُمْ ۭ وَاِنَّهُمْ لَيَقُوْلُوْنَ مُنْكَرًا مِّنَ الْقَوْلِ وَزُوْرًا ۭ

और झूट	बात से	नामाकूल	अलबत्ता कहते हैं	और बेशक वह	जिन्हों ने जना है उन्हें	सिर्फ़ वह औरतें

وَاِنَّ اللّٰهَ لَعَفُوٌّ غَفُوْرٌ ② وَالَّذِيْنَ يُظٰهِرُوْنَ مِنْ نِّسَاۗىِٕهِمْ ثُمَّ

फिर	अपनी बीवियों से	ज़िहार करते हैं	और जो लोग	2	बख़्शने वाला	अलबत्ता माफ़ करने वाला	और बेशक अल्लाह

يَعُوْدُوْنَ لِمَا قَالُوْا فَتَحْرِيْرُ رَقَبَةٍ مِّنْ قَبْلِ اَنْ يَّتَمَاۗسَّا ۭ ذٰلِكُمْ

यह	कि एक दूसरे को हाथ लगाएं	इस से क़ब्ल	एक गुलाम	तो आज़ाद करना लाज़िम है	उस से जो उन्हों ने कहा (क़ौल)	वह रुजूअ करलें

تُوْعَظُوْنَ بِهٖ ۭ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ③ فَمَنْ لَّمْ يَجِدْ فَصِيَامُ

तो रोज़े	न पाए	तो जो कोई	3	बाख़बर	उस से जो तुम करते हो	और अल्लाह	उस से - की	तुम्हें नसीहत की जाती है

شَهْرَيْنِ مُتَتَابِعَيْنِ مِنْ قَبْلِ اَنْ يَّتَمَاۗسَّا ۚ فَمَنْ لَّمْ يَسْتَطِعْ فَاِطْعَامُ

तो खाना खिलाए	उसे मक़्दूर न हो	फिर - जिस	कि वह एक दूसरे को हाथ लगाएं	इस से क़ब्ल	लगातार	दो महीने

سِتِّيْنَ مِسْكِيْنًا ۭ ذٰلِكَ لِتُؤْمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ ۭ وَتِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ ۭ

अल्लाह की हदें	और यह	और उस का रसूल	अल्लाह पर	यह इस लिए कि तुम ईमान रखो	मसाकीन को	साठ (60)

وَلِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ④ اِنَّ الَّذِيْنَ يُحَاۗدُّوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ

अल्लाह और उस का रसूल	वह मुख़ालिफ़त करते हैं	जो लोग	बेशक	4	दर्दनाक अज़ाब	और न मानने वालों के लिए

كُبِتُوْا كَمَا كُبِتَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ وَقَدْ اَنْزَلْنَآ اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ ۭ

वाज़ेह आयतें	और यक़ीनन हम ने नाज़िल कीं	उन से पहले	वह लोग जो	जैसे ज़लील किए गए	वह ज़लील किए जाएंगे

وَلِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ⑤ يَوْمَ يَبْعَثُهُمُ اللّٰهُ جَمِيْعًا فَيُنَبِّئُهُمْ

तो वह उन्हें आगाह करेगा	सब	उन्हें उठाएगा अल्लाह	जिस दिन	5	ज़िल्लत का	अज़ाब	और काफ़िरों के लिए

ع ١ بِمَا عَمِلُوْا ۭ اَحْصٰىهُ اللّٰهُ وَنَسُوْهُ ۭ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدٌ ⑥

6	निगरान	हर शै पर	और अल्लाह	और वह उसे भूल गए थे	उसे गिन रखा था अल्लाह ने	वह जो उन्हों ने किया

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

यक़ीनन अल्लाह ने उस औरत (ख़ौलह) की बात सुन ली जो आप (स) से अपने शौहर के बारे में बहस करती थी और अल्लाह के पास शिकायत करती थी, और अल्लाह तुम दोनों की गुफ़्तगू सुनता था। बेशक अल्लाह सुनने वाला, देखने वाला है। (1) तुम में से जो लोग अपनी बीवियों से ज़िहार करते हैं (उन्हें माँ कह देते हैं) तो वह उन की माँएं नहीं (हो जातीं), उन की माँएं वही हैं जिन्हों ने उन्हें जना है, और बेशक वह एक नामाक़ूल बात और झूट कहते हैं, और बेशक अल्लाह माफ़ करने वाला, बख़्शने वाला है। (2) और जो लोग अपनी बीवियों से ज़िहार करते हैं (उन्हें माँ कह देते हैं) फिर वह अपने क़ौल से रुजूअ कर लें तो (उन पर) लाज़िम है आज़ाद करना एक गुलाम, इस से क़ब्ल कि वह एक दूसरे को हाथ लगाएं (बाहम इख़्तिलात करें), यह है जिस की तुम्हें नसीहत की जाती है, और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (3) जो कोई (गुलाम) न पाए तो वह लगातार दो महीने रोज़े (रखे) इस से क़ब्ल कि वह एक दूसरे को हाथ लगाएं (इख़्तिलात करें), फिर जिस को (उस का भी) मक़्दूर न हो तो साठ (60) मिस्कीनों को खाना खिलाए, यह इस लिए है कि तुम अल्लाह और उस के रसूल (स) पर ईमान रखो, और यह अल्लाह की (मुक़र्रर कर्दा) हदें हैं, और न मानने वालों के लिए दर्दनाक अज़ाब है। (4) बेशक जो लोग अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त करते हैं वह ज़लील किए जाएंगे जैसे ज़लील किए गए वह लोग जो उन से पहले थे, और यक़ीनन हम ने वाज़ेह आयतें नाज़िल की हैं, और काफ़िरों के लिए ज़िल्लत का अज़ाब है। (5) जिस दिन (जिला) उठाएगा अल्लाह उन सब को, तो जो कुछ उन्हों ने किया वह उन्हें आगाह करेगा, उसे अल्लाह ने गिन (महफ़ूज़) रखा था और वह उसे भूल गए थे, और अल्लाह हर शै पर निगरान है। (6)

क्या आप (स) ने नहीं देखा कि अल्लाह जानता है जो आस्मानों में है और जो ज़मीन में है। तीन लोगों में कोई सरगोशी नहीं होती मगर वह उन में चौथा होता है और न पाँच (की सरगोशी) मगर वह उन में छटा होता है, और ख़ाह उस से कम हों या ज़ियादा मगर जहां कहीं वह हों वह (अल्लाह) उन के साथ होता है, फिर वह उन्हें बतला देगा क़ियामत के दिन जो कुछ उन्हों ने किया, बेशक अल्लाह हर शै का जानने वाला है। (7)

क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा जिन्हें सरगोशी से मना किया गया (मगर) वह फिर वही करते हैं जिस से उन्हें मना किया गया और वह गुनाह और सरकशी की और रसूल (स) की नाफ़रमानी (के बारे में) बाहम सरगोशी करते हैं, और जब वह आप (स) के पास आते हैं तो आप (स) को सलाम दुआ देते हैं उस लफ़्ज़ से जिस से अल्लाह ने आप को दुआ नहीं दी, और वह अपने दिलों में कहते हैं कि अल्लाह हमें उस की क्यों सज़ा नहीं देता जो हम कहते हैं। उन के लिए काफ़ी है जहन्नम, वह उस में डाले जाएंगे, सो (यह कैसा) बुरा ठिकाना है! (8)

ऐ ईमान वालो! जब तुम बाहम सरगोशी करो तो गुनाह और सरकशी की और रसूल (स) की नाफ़रमानी (के बारे में) सरगोशी न करो, और (बल्कि) नेकी और परहेज़गारी की सरगोशी करो, और अल्लाह से डरो जिस के पास तुम जमा किए जाओगे। (9)

इस के सिवा नहीं कि सरगोशी शैतान (की तरफ़) से है, ताकि वह उन लोगों को ग़मगीन कर दे जो ईमान लाए, और वह अल्लाह के हुक्म के बग़ैर उन का कुछ नहीं बिगाड़ सकता, और मोमिनों को अल्लाह पर (ही) भरोसा करना चाहिए। (10)

ऐ मोमिनों! जब तुम्हें कहा जाए कि तुम मजलिसों में खुल कर बैठो तो तुम खुल कर बैठ जाया करो, अल्लाह तुम्हें कुशादगी बख़्शेगा, और जब कहा जाए कि तुम उठ खड़े हो तो उठ जाया करो, तुम में से जो लोग ईमान लाए और जिन लोगों को इल्म अ़ता किया गया अल्लाह बुलन्द कर देगा उन के दरजे, और तुम जो करते हो अल्लाह उस से बाख़बर है। (11)

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ؕ مَا يَكُوْنُ مِنْ

कोई	नहीं होती	ज़मीन में	और जो	आस्मानों में	जो	वह जानता है	कि अल्लाह	क्या आप ने नहीं देखा

نَّجْوٰى ثَلٰثَةٍ اِلَّا هُوَ رَابِعُهُمْ وَلَا خَمْسَةٍ اِلَّا هُوَ سَادِسُهُمْ وَلَاۤ اَدْنٰى

और न (ख़ाह) कम	उन में छटा	मगर वह	पाँच की	और न	उन में चौथा	मगर वह	तीन लोगों में	सरगोशी

مِنْ ذٰلِكَ وَلَاۤ اَكْثَرَ اِلَّا هُوَ مَعَهُمْ اَيْنَ مَا كَانُوْا ۚ ثُمَّ يُنَبِّئُهُمْ بِمَا عَمِلُوْا

जो कुछ उन्हों ने किया	वह उन्हें बतला देगा	फिर	वह हों	जहां कहीं	उन के साथ	मगर वह	और न ज़ियादा	उस	से

يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿۷﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ نُهُوْا

वह जिन्हें मना किया गया	तरफ़- को	क्या तुम ने नहीं देखा	7	जानने वाला	तमाम-हर शै का	बेशक अल्लाह	क़ियामत के दिन

عَنِ النَّجْوٰى ثُمَّ يَعُوْدُوْنَ لِمَا نُهُوْا عَنْهُ وَيَتَنٰجَوْنَ بِالْاِثْمِ وَالْعُدْوَانِ

और सरकशी	गुनाह से- की	वह बाहम सरगोशी करते हैं	उस से	जिस से मना किया गया उन्हें	वह (वही) करते हैं	फिर	सरगोशी से

وَمَعْصِيَتِ الرَّسُوْلِ ۫ وَاِذَا جَآءُوْكَ حَيَّوْكَ بِمَا لَمْ يُحَيِّكَ بِهِ اللّٰهُ ۙ

उस (लफ़्ज़) से अल्लाह ने	आप को दुआ नहीं दी	जिस से	आप को सलाम दुआ देते हैं	वह आते है आप (स) के पास	और जब	रसूल	और नाफ़रमानी

وَيَقُوْلُوْنَ فِيْۤ اَنْفُسِهِمْ لَوْلَا يُعَذِّبُنَا اللّٰهُ بِمَا نَقُوْلُ ؕ حَسْبُهُمْ جَهَنَّمُ ۚ

जहन्नम	उन के लिए काफ़ी है	उस की जो हम कहते हैं	हमें अ़ज़ाब देता अल्लाह	क्यों नहीं	अपने दिलों में	वह कहते है

يَصْلَوْنَهَا ۚ فَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿۸﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِذَا تَنَاجَيْتُمْ

तुम बाहम सरगोशी करो	जब	ईमान वालो	ऐ	8	ठिकाना	सो बुरा	वह डाले जाएंगे उस में

فَلَا تَتَنَاجَوْا بِالْاِثْمِ وَالْعُدْوَانِ وَمَعْصِيَتِ الرَّسُوْلِ وَتَنَاجَوْا

और सरगोशी करो	रसूल (स)	और नाफ़रमानी	और सरकशी	गुनाह की	तो सरगोशी न करो

بِالْبِرِّ وَالتَّقْوٰى ؕ وَاتَّقُوا اللّٰهَ الَّذِيْۤ اِلَيْهِ تُحْشَرُوْنَ ﴿۹﴾ اِنَّمَا النَّجْوٰى

सरगोशी	इस के सिवा नहीं	9	तुम जमा किए जाओगे	उस की तरफ़-पास	वह जो	और अल्लाह से डरो	और परहेज़गारी	नेकी की

مِنَ الشَّيْطٰنِ لِيَحْزُنَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَلَيْسَ بِضَآرِّهِمْ شَيْـًٔا اِلَّا

बग़ैर	कुछ	वह उन का बिगाड़ सकता	और नहीं	ईमान लाए	उन लोगों को जो	ताकि वह ग़मगीन करे	शैतान से

بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿۱۰﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا

मोमिनों!	ऐ	10	मोमिन (जमा)	तो भरोसा करना चाहिए	और अल्लाह पर	अल्लाह के हुक्म के

اِذَا قِيْلَ لَكُمْ تَفَسَّحُوْا فِي الْمَجٰلِسِ فَافْسَحُوْا يَفْسَحِ اللّٰهُ

कुशादगी बख़्शेगा अल्लाह	तो तुम खुल कर बैठ जाया करो	मजलिसों में	तुम खुल कर बैठो	तुम्हें	जब कहा जाए

لَكُمْ ۚ وَاِذَا قِيْلَ انْشُزُوْا فَانْشُزُوْا يَرْفَعِ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

जो लोग ईमान लाए	बुलन्द कर देगा अल्लाह	तो उठ जाया करो	तुम उठ खड़े हो	और जब कहा जाए	तुम्हें

مِنْكُمْ ۙ وَالَّذِيْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ دَرَجٰتٍ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿۱۱﴾

11	बाख़बर	तुम करते हो	उस से	और अल्लाह	दरजे	इल्म अ़ता किया गया	और जिन लोगों को	तुम में से

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا نَاجَيْتُمُ الرَّسُوْلَ فَقَدِّمُوْا بَيْنَ يَدَيْ

पहले	तो तुम दे दो	रसूल (स)	तुम कान में बात करो	जब	मोमिनो	ऐ

نَجْوٰىكُمْ صَدَقَةً ؕ ذٰلِكَ خَيْرٌ لَّكُمْ وَاَطْهَرُ ؕ فَاِنْ لَّمْ تَجِدُوْا فَاِنَّ اللّٰهَ

तो बेशक अल्लाह	तुम न पाओ	फिर अगर	और ज़ियादा पाकीज़ा	बेहतर तुम्हारे लिए	यह	कुछ सदक़ा	अपनी सरगोशी

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿۱۲﴾ ءَاَشْفَقْتُمْ اَنْ تُقَدِّمُوْا بَيْنَ يَدَيْ نَجْوٰىكُمْ

अपनी सरगोशी	पहले	कि तुम दे दो	क्या तुम डर गए	12	रहम करने वाला	बख़्शने वाला

صَدَقٰتٍ ؕ فَاِذْ لَمْ تَفْعَلُوْا وَتَابَ اللّٰهُ عَلَيْكُمْ فَاَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ

नमाज़	तो क़ाइम करो तुम	तुम पर	और दरगुज़र फ़रमाया अल्लाह ने	तुम न कर सके	सो जब	सदक़ात

ع ٢/٢ وَاٰتُوا الزَّكٰوةَ وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ؕ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿۱۳﴾ ع

13	उस से जो तुम करते हो	बाख़बर	और अल्लाह	अल्लाह और उसका रसूल (स)	और तुम इताअत करो	और अदा करो ज़कात

اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ تَوَلَّوْا قَوْمًا غَضِبَ اللّٰهُ عَلَيْهِمْ ؕ مَا هُمْ مِّنْكُمْ وَلَا

और न	तुम में से	न वह	उन पर	अल्लाह ने ग़ज़ब किया	उन लोगों से	जो लोग दोस्ती करते हैं	तरफ़-को	क्या तुम ने नहीं देखा

مِنْهُمْ ۙ وَيَحْلِفُوْنَ عَلَى الْكَذِبِ وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ﴿۱۴﴾ ج اَعَدَّ اللّٰهُ لَهُمْ عَذَابًا

अज़ाब	उनके लिए	तैयार किया अल्लाह ने	14	जानते हैं	हालांकि वह	झूट पर	और वह क़सम खा जाते हैं	उन में से

شَدِيْدًا ؕ اِنَّهُمْ سَآءَ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿۱۵﴾ اِتَّخَذُوْٓا اَيْمَانَهُمْ جُنَّةً

ढाल	अपनी क़समें	उन्हों ने बना लिया	15	वह करते थे	जो कुछ	बुरा	बेशक वह	सख़्त

فَصَدُّوْا عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ فَلَهُمْ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿۱۶﴾ لَنْ تُغْنِيَ عَنْهُمْ

उन से-को	हरगिज़ न बचा सकेंगे	16	ज़िल्लत का	अज़ाब	तो उन के लिए	अल्लाह का रास्ता	से	पस उन्हों ने रोक दिया

اَمْوَالُهُمْ وَلَآ اَوْلَادُهُمْ مِّنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ؕ اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ؕ

दोज़ख़ वाले - जहन्नमी	यही लोग	कुछ-ज़रा	अल्लाह से	उन की औलाद	और न	उन के माल

هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿۱۷﴾ يَوْمَ يَبْعَثُهُمُ اللّٰهُ جَمِيْعًا فَيَحْلِفُوْنَ لَهٗ

उस के लिए	तो वह क़समें खाएंगे	सब	उन्हें उठाएगा अल्लाह	जिस दिन	17	हमेशा रहेंगे	उस में	वह

كَمَا يَحْلِفُوْنَ لَكُمْ وَيَحْسَبُوْنَ اَنَّهُمْ عَلٰى شَيْءٍ ؕ اَلَآ اِنَّهُمْ هُمُ

वही	बेशक वह	याद रखो	किसी शै पर	कि वह	और वह गुमान करते हैं	तुम्हारे लिए-सामने	वह क़समें खाते हैं	जैसे

الْكٰذِبُوْنَ ﴿۱۸﴾ اِسْتَحْوَذَ عَلَيْهِمُ الشَّيْطٰنُ فَاَنْسٰهُمْ ذِكْرَ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह की याद	तो उस ने उन्हें भुलादी	शैतान	उन पर	ग़ालिब आ गया	18	झूटे

اُولٰٓئِكَ حِزْبُ الشَّيْطٰنِ ؕ اَلَآ اِنَّ حِزْبَ الشَّيْطٰنِ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿۱۹﴾

19	घाटा पाने वाले	वही	शैतान का गिरोह	बेशक	याद रखो	शैतान का गिरोह	यही लोग

اِنَّ الَّذِيْنَ يُحَآدُّوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗٓ اُولٰٓئِكَ فِى الْاَذَلِّيْنَ ﴿۲۰﴾

20	ज़लील तरीन लोग	में	यही लोग	और उस के रसूल की	मुख़ालिफ़त करते हैं अल्लाह की	जो लोग	बेशक

ऐ मोमिनो! जब तुम रसूल (स) से कान में (निजी) बात करो तो तुम अपनी सरगोशी से पहले कुछ सदक़ा दो, यह तुम्हारे लिए बेहतर और ज़ियादा पाकीज़ा है, फिर अगर तुम (मक़्दूर) न पाओ तो बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, रहम करने वाला है। (12) क्या तुम उस से डर गए कि अपनी सरगोशी से पहले सदक़ा दो, सो जब तुम न कर सके और अल्लाह ने तुम पर दरगुज़र फ़रमाया तो तुम नमाज़ क़ाइम करो और ज़कात अदा करो और अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त करो, और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (13) क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा? जो उन लोगों से दोस्ती करते हैं जिन पर अल्लाह ने ग़ज़ब किया, वह न तुम में से हैं और न उन में से हैं, और वह जान बूझ कर झूट पर क़सम खा जाते हैं। (14) अल्लाह ने उन के लिए सख़्त अ़ज़ाब तैयार किया है, बेशक वह बुरे काम करते थे। (15) उन्हों ने अपनी क़समों को ढाल बना लिया, पस उन्हों ने (लोगों को) अल्लाह के रास्ते से रोका तो उन के लिए ज़िल्लत का अ़ज़ाब है। (16) उन्हें उन के माल और न उन की औलाद अल्लाह से हरगिज़ ज़रा भी न बचा सकेंगे। यही लोग जहन्नमी हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। (17) जिस दिन अल्लाह उन सब को (दोबारा) उठाएगा तो उस के लिए (उस के हुज़ूर) क़समें खाएंगे जैसे वह तुम्हारे सामने क़समें खाते हैं, और वह गुमान करते हैं कि वह किसी शै (भली राह) पर हैं, याद रखो! बेशक वही झूटे हैं। (18) ग़ालिब आगया है उन पर शैतान, तो उस ने उन्हें अल्लाह की याद भुला दी, यही लोग शैतान की गिरोह हैं, ख़ूब याद रखो, बेशक शैतान के गिरोह ही घाटा पाने वाले हैं। (19) बेशक जो लोग अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त करते हैं, यही लोग ज़लील तरीन लोगों में से हैं। (20)

كَتَبَ اللّٰهُ لَاَغْلِبَنَّ اَنَا وَرُسُلِيْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ عَزِيْزٌ ﴿٢١﴾ لَا تَجِدُ قَوْمًا

क़ौम (लोग)	तुम न पाओगे	21	ग़ालिब	क़वी	बेशक अल्लाह	और मेरे रसूल	मैं	मैं ज़रूर ग़ालिब आऊँगा	लिख दिया (फ़ैसला कर दिया) अल्लाह

يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ يُوَاۗدُّوْنَ مَنْ حَاۗدَّ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ

और उस के रसूल की	मुख़ालिफ़त की अल्लाह की	जो-जिस	और दोस्ती रखते हों	और आख़िरत का दिन	अल्लाह पर	वह ईमान रखते हैं

وَلَوْ كَانُوْٓا اٰبَاۗءَهُمْ اَوْ اَبْنَاۗءَهُمْ اَوْ اِخْوَانَهُمْ اَوْ عَشِيْرَتَهُمْ ۭ اُولٰۗىِٕكَ

यही लोग	उन का घराना	या	उन के भाई	या	उन के बेटे	या	उन के बाप दादा	वह हों	ख़्वाह

كَتَبَ فِيْ قُلُوْبِهِمُ الْاِيْمَانَ وَاَيَّدَهُمْ بِرُوْحٍ مِّنْهُ ۭ وَيُدْخِلُهُمْ جَنّٰتٍ

बाग़ात	और वह दाख़िल करेगा उन्हें	अपने से	रूह (अपने ग़ैबी फ़ैज़ से)	और उन की मदद की	ईमान	लिख दिया (सबत कर दिया) उन के दिलों में

تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۭ رَضِيَ اللّٰهُ عَنْهُمْ وَرَضُوْا

और वह राज़ी	उन से	राज़ी हुआ अल्लाह	उन में	हमेशा रहेंगे	नहरें	उन के नीचे	बहती हैं

عَنْهُ ۭ اُولٰۗىِٕكَ حِزْبُ اللّٰهِ ۭ اَلَآ اِنَّ حِزْبَ اللّٰهِ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٢٢﴾ ع ٣ / ٣

22	कामयाब होने वाले	वही	अल्लाह का गिरोह	खूब याद रखो कि बेशक	अल्लाह का गिरोह	यही लोग	उस से

آيَاتُهَا ٢٤ ❀ سُوْرَةُ الْحَشْرِ (٥٩) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआत 3 — (59) सूरतुल हश्र, जमा करना या होना — आयात 24

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

سَبَّحَ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿١﴾

1	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और वह	ज़मीन में	और जो	आस्मानों में	जो	पाकीज़गी बयान करता है अल्लाह की

هُوَ الَّذِيْٓ اَخْرَجَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ مِنْ دِيَارِهِمْ (وقف النبی ﷺ)

उन के घरों	से	अहले किताब	से-के	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	निकाला	वही है जिस ने

لِاَوَّلِ الْحَشْرِ ڼ مَا ظَنَنْتُمْ اَنْ يَّخْرُجُوْا وَظَنُّوْٓا اَنَّهُمْ مَّانِعَتُهُمْ حُصُوْنُهُمْ

उन के क़िले	उन्हें बचा लेंगे	कि वह	और वह ख़याल करते थे	कि वह निकलेंगे	तुम्हें गुमान न था	पहले इज्तिमाए (लशकर) पर

مِّنَ اللّٰهِ فَاَتٰىهُمُ اللّٰهُ مِنْ حَيْثُ لَمْ يَحْتَسِبُوْا وَقَذَفَ

और उस ने डाला	उन्हें गुमान न था	जहां से	तो उन पर आया अल्लाह	अल्लाह से

فِيْ قُلُوْبِهِمُ الرُّعْبَ يُخْرِبُوْنَ بُيُوْتَهُمْ بِاَيْدِيْهِمْ وَاَيْدِي الْمُؤْمِنِيْنَ ۤ

मोमिनों	और हाथों	अपने हाथों से	अपने घर	वह बरबाद करने लगे	रोब	उन के दिलों में

فَاعْتَبِرُوْا يٰٓاُولِي الْاَبْصَارِ ﴿٢﴾ وَلَوْلَآ اَنْ كَتَبَ اللّٰهُ عَلَيْهِمُ

उन पर	अल्लाह ने लिख रखा होता	यह कि	और अगर न	2	ऐ आँखों वालो	तो तुम इब्रत पकड़ो

الْجَلَاۗءَ لَعَذَّبَهُمْ فِي الدُّنْيَا ۭ وَلَهُمْ فِي الْاٰخِرَةِ عَذَابُ النَّارِ ﴿٣﴾

3	जहन्नम का अ़ज़ाब	आख़िरत में	और उन के लिए	दुनिया में	तो वह उन्हें अ़ज़ाब देता	जिला वतन होना

फ़ैसला कर दिया अल्लाह ने कि मैं और मेरे रसूल (स) ज़रूर ग़ालिब आएंगे, बेशक अल्लाह क़वी (तवाना) ग़ालिब है। (21)

तुम न पाओगे उन लोगों को जो ईमान रखते हैं अल्लाह पर और आख़िरत के दिन पर कि वह उन से दोस्ती रखते हों जिन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त की, ख़ाह वह उन के बाप दादा हों या उन के बेटे हों, या उन के भाई हों या उन के कुंबे वाले हों, यही लोग हैं जिन के दिलों में अल्लाह ने ईमान सबत कर दिया और उन की मदद की अपने ग़ैबी फ़ैज़ से, और वह उन्हें (उन) बाग़ात में दाख़िल करेगा जिन के नीचे नहरें बहती हैं, वह उन में हमेशा रहेंगे, राज़ी हुआ अल्लाह उन से, और वह उस से राज़ी, यही लोग हैं अल्लाह का गिरोह, खूब याद रखो! अल्लाह के गिरोह वाले ही (दो जहान में) कामयाब होने वाले हैं। (22)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

अल्लाह की पाकीज़गी बयान करता है जो भी आस्मानों में और जो भी ज़मीन में है, और वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (1)

वही है जिस ने निकाला अहले किताब के काफ़िरों को उन के घरों से पहले ही इज्तिमाए लशकर पर, तुम्हें गुमान (भी) न था कि वह निकलेंगे और वह ख़याल करते थे कि उन के क़िले उन्हें अल्लाह से बचा लेंगे, तो उन पर अल्लाह का ग़ज़ब (ऐसी जगह से आया) जिस का उन्हें गुमान (भी) न था, और अल्लाह ने उन के दिलों में रोब डाला, और वह अपने हाथों से और मोमिनों के हाथों से अपने घर बरबाद करने लगे, तो ऐ (बसीरत की) आँखों वालो इब्रत पकड़ो। (2)

और अगर अल्लाह ने उन पर जिला वतन होना लिख रखा न होता तो वह उन्हें दुनिया में अ़ज़ाब देता, और उन के लिए आख़िरत में जहन्नम का अ़ज़ाब है। (3)

ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ شَآقُّوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۚ وَمَنْ يُّشَآقِّ اللّٰهَ فَاِنَّ اللّٰهَ

तो बेशक अल्लाह	मुख़ालिफ़त करे अल्लाह की	और जो	और उस का रसूल (स)	उन्हों ने मुख़ालिफ़त की अल्लाह की	इस लिए कि वह	यह

شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٤﴾ مَا قَطَعْتُمْ مِّنْ لِّيْنَةٍ اَوْ تَرَكْتُمُوْهَا قَآئِمَةً

खड़ा	तुम ने उस को छोड़ दिया	या	दरख़्त के तने	से	जो तुम ने काट डाले	4	सज़ा देने वाला	सख़्त

عَلٰٓى اُصُوْلِهَا فَبِاِذْنِ اللّٰهِ وَلِيُخْزِيَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٥﴾ وَمَآ اَفَآءَ اللّٰهُ

दिलवाया अल्लाह ने	और जो	5	नाफ़रमानों	और ताकि वह रुस्वा करे	तो अल्लाह के हुक्म से	उस की जड़ों पर

عَلٰى رَسُوْلِهٖ مِنْهُمْ فَمَآ اَوْجَفْتُمْ عَلَيْهِ مِنْ خَيْلٍ وَّلَا رِكَابٍ وَّلٰكِنَّ اللّٰهَ

और लेकिन (बल्कि) अल्लाह	ऊंट	और न	घोड़े	उन पर	तुम ने दौड़ाए थे	तो न	उन से	अपने रसूल (स) को

يُسَلِّطُ رُسُلَهٗ عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ ۭ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٦﴾

6	कुदरत रखता है	हर शै	पर	और अल्लाह	जिस पर वह चाहता है	पर	अपने रसूलों	मुसल्लत फ़रमा देता है

مَآ اَفَآءَ اللّٰهُ عَلٰى رَسُوْلِهٖ مِنْ اَهْلِ الْقُرٰى فَلِلّٰهِ وَلِلرَّسُوْلِ

तो अल्लाह के लिए और रसूल (स) के लिए	बस्तियों वाले	से	अपने रसूल (स) को	जो दिलवादे अल्लाह

وَلِذِي الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۙ كَيْ

ताकि	और मुसाफ़िरों	और मिस्कीनों	और यतीमों	और क़राबतदारों के लिए

لَا يَكُوْنَ دُوْلَةًۢ بَيْنَ الْاَغْنِيَآءِ مِنْكُمْ ۭ وَمَآ اٰتٰىكُمُ الرَّسُوْلُ فَخُذُوْهُ ۤ

तो वह ले लो	रसूल (स)	तुम्हें अ़ता फ़रमाए	और जो	तुम में से - तुम्हारे	मालदारों	दरमियान	हाथों हाथ लेना (गर्दिश)	न रहे

وقف لازم

وَمَا نَهٰىكُمْ عَنْهُ فَانْتَهُوْا ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ۭ اِنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٧﴾

7	सख़्त सज़ा देने वाला	बेशक अल्लाह	और तुम डरो अल्लाह से	तो तुम बाज़ रहो	उस से	तुम्हें मना करे	और जिस

لِلْفُقَرَآءِ الْمُهٰجِرِيْنَ الَّذِيْنَ اُخْرِجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ وَاَمْوَالِهِمْ

और अपने मालों	अपने घरों से	वह जो निकाले गए	मुहाजिरों	मोहताजों के लिए

يَبْتَغُوْنَ فَضْلًا مِّنَ اللّٰهِ وَرِضْوَانًا وَّيَنْصُرُوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۭ

और उस का रसूल	और वह मदद करते हैं अल्लाह की	और रज़ा	अल्लाह का - से	फ़ज़्ल	वह चाहते हैं

اُولٰٓئِكَ هُمُ الصّٰدِقُوْنَ ﴿٨﴾ۚ وَالَّذِيْنَ تَبَوَّؤُ الدَّارَ وَالْاِيْمَانَ

और ईमान	इस घर	मुक़ीम रहे	और जो लोग	8	सच्चे	वह	और यही लोग

مِنْ قَبْلِهِمْ يُحِبُّوْنَ مَنْ هَاجَرَ اِلَيْهِمْ وَلَا يَجِدُوْنَ فِيْ صُدُوْرِهِمْ

अपने सीनों (दिलों)	में	और वह नहीं पाते	उन की तरफ़	हिज्रत की	जिस	वह मुहब्बत करते हैं	उन से क़ब्ल

حَاجَةً مِّمَّآ اُوْتُوْا وَيُؤْثِرُوْنَ عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ وَلَوْ كَانَ بِهِمْ

उन्हें	और ख़ाह हो	अपनी जानों	पर	और वह तरजीह देते हैं	दिया गया उन्हें	उस की	कोई हाजत

خَصَاصَةٌ ۭ۫ وَمَنْ يُّوْقَ شُحَّ نَفْسِهٖ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٩﴾ۚ

9	फ़लाह पाने वाले	वह	तो यही लोग	अपनी ज़ात	बुख़्ल	बचाया	और जो - जिस	तंगी

यह इस लिए कि उन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त की, और जो अल्लाह की मुख़ालिफ़त करे तो बेशक अल्लाह (उस को) सख़्त सज़ा देने वाला है। (4)

जो तुम ने दरख़्तों के तने काट डाले या उन्हें उन की जड़ों पर खड़ा छोड़ दिया तो (यह) अल्लाह के हुक्म से था और ताकि वह नाफ़रमानों को रुस्वा कर दे। (5)

और अल्लाह ने अपने रसूल (स) को उन (बनू नज़ीर) से जो (माल) दिलवाया तो न तुम ने उन पर घोड़े दौड़ाए थे और न ऊंट, बल्कि अल्लाह अपने रसूलों को जिस पर चाहता है मुसल्लत फ़रमा देता है, और अल्लाह हर शै पर कुदरत रखता है। (6)

अल्लाह ने बस्तियों वालों से जो (माल) अपने रसूल (स) को दिलवाए तो वह अल्लाह के लिए है और रसूल (स) के लिए और (रसूल स के) क़राबतदारों के लिए, और यतीमो और मिस्कीनों और मुसाफ़िरों के लिए ताकि (दौलत) न रहे तुम्हारे मालदारों के दरमियान (ही) गर्दिश करती, और तुम्हें रसूल (स) जो अ़ता फ़रमाएं वह ले लो, और वह तुम्हें जिस से मना करें उस से तुम बाज़ रहो, और तुम अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह सख़्त सज़ा देने वाला है। (7)

मोहताज मुहाजिरों के लिए (ख़ास तौर पर) जो निकाले गए अपने घरों से और अपने मालों से (महरूम किए गए) वह अल्लाह का फ़ज़्ल और (उस की) रज़ा चाहते हैं और वह मदद करते है अल्लाह और उस के रसूल (स) की, यही लोग सच्चे हैं। (8)

और जो लोग (अन्सार) ईमान ला कर इस घर (दारुलहिज्रत मदीना) में उन से क़ब्ल मुक़ीम हैं वह (उन से) मुहब्बत करते हैं जिन्हों ने उनकी तरफ़ हिज्रत की, और जो उन्हें (मुहाजिरीन को) दिया गया अपने दिलों में उस की कोई हाजत नहीं पाते। और वह उन्हें तरजीह देते हैं अपनी जानों पर ख़ाह (ख़ुद) उन्हें तंगी (ज़रूरत) हो, और जिस ने अपनी ज़ात को बुख़्ल से बचाया तो यही लोग फ़लाह पाने वाले हैं। (9)

और जो लोग उन के बाद आए, वह कहते हैं: ऐ हमारे रब! हमें और हमारे भाइयों को बख़्श दे वह जिन्हों ने ईमान लाने में हम से सबक़त की और हमारे दिलों में कोई कीना न होने दे उन लोगों के लिए जो ईमान लाए, ऐ हमारे रब! बेशक तू शफ़क़त करने वाला, रहम करने वाला। (10)
क्या आप (स) ने मुनाफ़िक़ों को नहीं देखा? वह अपने भाइयों को कहते हैं जो काफ़िर हुए अहले किताब में से: अलबत्ता अगर तुम निकाले (जिला वतन किए) गए तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ निकल जाएंगे और तुम्हारे बारे में कभी हम किसी का कहा नहीं मानेंगे और अगर तुम से लड़ाई हुई तो हम ज़रूर तुम्हारी मदद करेंगे, और अल्लाह गवाही देता है कि बेशक वह झूटे हैं। (11)
और अगर वह जिला वतन किए गए तो यह न निकलेंगे उन के साथ, और अगर उन से लड़ाई हुई तो यह उन की मदद न करेंगे और अगर मदद करेंगे (भी) तो वह यक़ीनन पीठ फेरेंगे (भाग जाएंगे), फिर (कहीं भी) वह मदद न किए जाएंगे। (12)
यक़ीनन उन के दिलों में अल्लाह से बढ़ कर तुम्हारा डर है, यह इस लिए कि वह ऐसे लोग हैं जो समझते नहीं। (13)
वह इकट्ठे हो कर तुम से न लड़ेंगे मगर बस्तियों में क़िला बन्द हो कर या दीवारों (फ़सील) के पीछे से, आपस में उन की लड़ाई बहुत सख़्त है, तुम उन्हें इकट्ठे गुमान करते हो हालांकि उन के दिल अलग अलग हैं, यह इस लिए है कि वह ऐसे लोग हैं जो अ़क़्ल नहीं रखते। (14)
इन का हाल उन लोगों जैसा है जो क़रीबी ज़माने में इन से क़ब्ल हुए, उन्हों ने अपने काम का वबाल चख लिया और उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब है। (15)
शैतान के हाल जैसा, जब उस ने इन्सान से कहा कि तू कुफ़्र इख़्तियार कर, फिर जब उस ने कुफ़्र किया तो उस ने कहा: बेशक मैं तुझ से लातअ़ल्लुक़ हूँ, तहक़ीक़ मैं तमाम जहानों के रब अल्लाह से डरता हूँ। (16)

وَالَّذِيْنَ جَآءُوْ مِنْۢ بَعْدِهِمْ يَقُوْلُوْنَ رَبَّنَا اغْفِرْ لَنَا وَلِاِخْوَانِنَا

और हमारे भाइयों को	हमें बख़्शदे	ऐ हमारे रब	वह कहते हैं	उन के बाद	वह आए	और जो लोग

الَّذِيْنَ سَبَقُوْنَا بِالْاِيْمَانِ وَلَا تَجْعَلْ فِيْ قُلُوْبِنَا غِلًّا لِّلَّذِيْنَ

उन लोगों के लिए जो	कोई कीना	हमारे दिलों में	और न होने दे	ईमान में	हम से सबक़त की	वह जिन्हों ने

اٰمَنُوْا رَبَّنَآ اِنَّكَ رَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٠﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ نَافَقُوْا الربع ع ١ ١٠ ٢

वह लोग जिन्हों ने निफ़ाक़ किया (मुनाफ़िक़)	तरफ़ - को	क्या आप ने नहीं देखा	10	रहम करने वाला	शफ़क़त करने वाला	बेशक तू	ऐ हमारे रब	वह ईमान लाए

يَقُوْلُوْنَ لِاِخْوَانِهِمُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ لَئِنْ

अलबत्ता अगर	अहले किताब	से	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	अपने भाइयों को	वह कहते हैं

اُخْرِجْتُمْ لَنَخْرُجَنَّ مَعَكُمْ وَلَا نُطِيْعُ فِيْكُمْ اَحَدًا اَبَدًا ۙ وَّاِنْ

और अगर	कभी	किसी का	तुम्हारे बारे में	और हम न मानेंगे	तुम्हारे साथ	तो हम ज़रूर निकल जाएंगे	तुम निकाले गए

قُوْتِلْتُمْ لَنَنْصُرَنَّكُمْ ؕ وَاللّٰهُ يَشْهَدُ اِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ﴿١١﴾ لَئِنْ اُخْرِجُوْا

वह जिला वतन किए गए	अगर	11	अलबत्ता झूटे हैं	बेशक वह	गवाही देता है	और अल्लाह	तो हम ज़रूर तुम्हारी मदद करेंगे	तुम से लड़ाई हुई

لَا يَخْرُجُوْنَ مَعَهُمْ ۚ وَلَئِنْ قُوْتِلُوْا لَا يَنْصُرُوْنَهُمْ ۚ وَلَئِنْ نَّصَرُوْهُمْ

वह उन की मदद करेंगे	और अगर	वह उन की मदद न करेंगे	उन से लड़ाई हुई	और अगर	उन के साथ	वह न निकलेंगे

لَيُوَلُّنَّ الْاَدْبَارَ ۟ ثُمَّ لَا يُنْصَرُوْنَ ﴿١٢﴾ لَاَنْتُمْ اَشَدُّ رَهْبَةً

डर	बहुत ज़ियादा	यक़ीनन तुम-तुम्हारा	12	वह मदद न किए जाएंगे	फिर	पीठ (जमा)	तो वह यक़ीनन फेरेंगे

فِيْ صُدُوْرِهِمْ مِّنَ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَفْقَهُوْنَ ﴿١٣﴾

13	कि वह समझते नहीं	ऐसे लोग	इस लिए कि वह	यह	अल्लाह से	उन के सीनों (दिलों) में

لَا يُقَاتِلُوْنَكُمْ جَمِيْعًا اِلَّا فِيْ قُرًى مُّحَصَّنَةٍ اَوْ مِنْ وَّرَآءِ

पीछे से	या	क़िला बन्द	बस्तियों में	मगर	इकटठे सब मिल कर	वह तुम से न लड़ेंगे

جُدُرٍ ؕ بَاْسُهُمْ بَيْنَهُمْ شَدِيْدٌ ؕ تَحْسَبُهُمْ جَمِيْعًا وَّقُلُوْبُهُمْ

हालांकि उन के दिल	तुम गुमान करते हो उन्हें इकटठे	बहुत सख़्त	उन के आपस में	उन की लड़ाई	दीवारें

شَتّٰى ؕ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَعْقِلُوْنَ ﴿١٤﴾ كَمَثَلِ الَّذِيْنَ

जो लोग	हाल जैसा	14	वह अ़क़्ल नहीं रखते	ऐसे लोग	इस लिए कि वह	यह	अलग अलग

مِنْ قَبْلِهِمْ قَرِيْبًا ذَاقُوْا وَبَالَ اَمْرِهِمْ ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ

अ़ज़ाब	और उन के लिए	अपने काम	वबाल	उन्हों ने चख लिया	क़रीबी ज़माना	इन से क़ब्ल

اَلِيْمٌ ﴿١٥﴾ كَمَثَلِ الشَّيْطٰنِ اِذْ قَالَ لِلْاِنْسَانِ اكْفُرْ ۚ فَلَمَّا كَفَرَ

तो जब उस ने कुफ़्र किया	तू कुफ़्र इख़्तियार कर	इन्सान से	उस ने कहा	जब	शैतान	हाल जैसा	15	दर्दनाक

قَالَ اِنِّيْ بَرِيْٓءٌ مِّنْكَ اِنِّيْٓ اَخَافُ اللّٰهَ رَبَّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٦﴾

16	तमाम जहानों	रब	अल्लाह	तहक़ीक़ मैं डरता हूँ	तुझ से	लातअ़ल्लुक़	बेशक मैं	उस ने कहा

فَكَانَ عَاقِبَتَهُمَآ اَنَّهُمَا فِى النَّارِ خَالِدَيْنِ فِيْهَا ؕ وَذٰلِكَ

और यह	उस में	वह हमेशा रहेंगे	आग में	बेशक वह दोनों	उन दोनों का अन्जाम	पस हुआ

ع ۲ ۵ جَزٰٓؤُا الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٧﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَلْتَنْظُرْ

और चाहिए कि देखे	तुम अल्लाह से डरो	ईमान वालो	ऐ	17	ज़ालिमों	जज़ा-सज़ा

نَفْسٌ مَّا قَدَّمَتْ لِغَدٍ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ

बाख़बर	बेशक अल्लाह	और तुम डरो अल्लाह से	कल के लिए	क्या उस ने आगे भेजा	हर शख़्स

بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٨﴾ وَلَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ نَسُوا اللّٰهَ فَاَنْسٰهُمْ

तो (अल्लाह ने) भुला दिया उन्हें	जिन्हों ने अल्लाह को भुला दिया	उन लोगों की तरह	और न हो जाओ तुम	18	उस से जो तुम करते हो

اَنْفُسَهُمْ ؕ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ﴿١٩﴾ لَا يَسْتَوِىْٓ اَصْحٰبُ النَّارِ

दोज़ख़ वाले	बराबर नहीं	19	नाफ़रमान (जमा)	वह	यही लोग	ख़ुद उन्हें

وَاَصْحٰبُ الْجَنَّةِ ؕ اَصْحٰبُ الْجَنَّةِ هُمُ الْفَآئِزُوْنَ ﴿٢٠﴾

20	मुराद को पहुँचने वाले	वही हैं	जन्नत वाले	और जन्नत वाले

لَوْ اَنْزَلْنَا هٰذَا الْقُرْاٰنَ عَلٰى جَبَلٍ لَّرَاَيْتَهٗ خَاشِعًا

दबा हुआ	तो तुम देखते उस को	पहाड़ पर	क़ुरआन	यह	अगर हम नाज़िल करते

مُّتَصَدِّعًا مِّنْ خَشْيَةِ اللّٰهِ ؕ وَتِلْكَ الْاَمْثَالُ نَضْرِبُهَا

हम बयान करते हैं	मिसालें	और यह	अल्लाह का ख़ौफ़	से	टुकड़े टुकड़े हुआ

لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَفَكَّرُوْنَ ﴿٢١﴾ هُوَ اللّٰهُ الَّذِىْ لَآ اِلٰهَ

नहीं कोई माबूद	वह जिस	वह अल्लाह	21	ग़ौर ओ फ़िक्र करें	ताकि वह	लोगों के लिए

اِلَّا هُوَ ۚ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ ۚ هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ﴿٢٢﴾

22	रह्म करने वाला	वह बड़ा मेहरबान	और आशकारा	जानने वाला पोशीदा का	उस के सिवा

هُوَ اللّٰهُ الَّذِىْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْمَلِكُ الْقُدُّوْسُ السَّلٰمُ

सलामती वाला	निहायत पाक	बादशाह	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	वह जिस	वह अल्लाह

الْمُؤْمِنُ الْمُهَيْمِنُ الْعَزِيْزُ الْجَبَّارُ الْمُتَكَبِّرُ ؕ سُبْحٰنَ اللّٰهِ

पाक है अल्लाह	बड़ाई वाला	जब्बार	ग़ालिब	निगहबान	अम्न देने वाला

عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٢٣﴾ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ الْبَارِئُ

ईजाद करने वाला	ख़ालिक़	वह अल्लाह	23	वह शरीक करते हैं	उस से जो

الْمُصَوِّرُ لَهُ الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ؕ يُسَبِّحُ لَهٗ

उस की	पाकीज़गी बयान करता है	अच्छे	नाम (जमा)	उस के लिए	सूरतें बनाने वाला

ع ۳ ۶ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٢٤﴾

24	हिक्मत वाला	ज़बरदस्त	और वह	और ज़मीन	आस्मानों में	जो

पस दोनों का अन्जाम (यह है) कि वह दोनों आग में होंगे, वह हमेशा उस में रहेंगे, और यह सज़ा है ज़ालिमों की। (17)

ऐ ईमान वालो! तुम अल्लाह से डरो और चाहिए कि देखे (सोचे) हर शख़्स कि उस ने कल के लिए क्या आगे भेजा है! और तुम अल्लाह से डरो, बेशक जो तुम करते हो अल्लाह उस से बाख़बर है। (18)

और तुम न हो जाओ उन लोगों की तरह जिन्हों ने अल्लाह को भुला दिया तो अल्लाह ने (ऐसा कर दिया) कि उन्हों ने ख़ुद अपने आप को भुला दिया, यही नाफ़रमान लोग हैं। (19)

बराबर नहीं दोज़ख़ वाले और जन्नत वाले, जन्नत वाले ही मुराद को पहुँचने वाले हैं। (20)

अगर हम नाज़िल करते यह क़ुरआन किसी पहाड़ पर तो तुम उस को अल्लाह के ख़ौफ़ से दबा (झुका) फटा पड़ता देखते, और यह मिसालें हम लोगों के लिए बयान करते हैं ताकि वह ग़ौर ओ फ़िक्र करें। (21)

वह अल्लाह है जिस के सिवा कोई माबूद नहीं, जानने वाला पोशीदा का और आशकारा का, वह बड़ा मेहरबान, रह्म करने वाला है। (22)

वह अल्लाह है जिस के सिवा कोई माबूद नहीं (वह हक़ीक़ी) बादशाह है, (हर ऐब से) निहायत पाक है। सलामती, अम्न देने वाला, निगहबान, ग़ालिब, ज़बरदस्त, बड़ाई वाला, अल्लाह पाक है उस से जो वह शरीक करते हैं। (23)

वह अल्लाह है - ख़ालिक़, इजाद करने वाला, सूरतें बनाने वाला, उस के लिए अच्छे नाम हैं, उस की पाकीज़गी बयान करता है जो आस्मानों और ज़मीन में है, और वह ज़बरदस्त हिक्मत वाला है। (24)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

ऐ ईमान वालो! तुम मेरे और अपने दुश्मनों को दोस्त न बनाओ, तुम उन की तरफ़ दोस्ती का पैग़ाम भेजते हो जब कि तुम्हारे पास जो हक़ आया है वह उस के मुन्किर हो चुके हैं, वह रसूल (स) को और तुम्हें भी जिला वतन करते हैं (महज़ इस लिए) कि तुम अल्लाह अपने रब पर ईमान लाते हौ, अगर तुम निकलते हो मेरे रास्ते में जिहाद के लिए और मेरी रज़ा चाहने के लिए (तो ऐसा मत करो), तुम उन की तरफ़ छुपा कर भेजते हो दोस्ती (का पैग़ाम), और मैं खूब जानता हूँ वह जो तुम छुपाते हो और जो तुम ज़ाहिर करते हो, और तुम में से जो कोई यह करेगा तो (जान लो) कि तहक़ीक़ वह सीधे रास्ते से भटक गया। **(1)**

نَبَاتًا ﴿١٧﴾ ثُمَّ يُعِيْدُكُمْ فِيْهَا وَيُخْرِجُكُمْ اِخْرَاجًا ﴿١٨﴾

18	निकालना (दोबारा)	और फिर तुम्हें निकालेगा	उस में	वह लौटाएगा तुम्हें	फिर	17	सब्ज़े की तरह

कि तुम अल्लाह की इबादत करो और उस से डरो और मेरी इताअ़त करो, (3)
वह बख़्शदेगा तुम्हें तुम्हारे गुनाह और (मौत के) वक़्ते मुक़र्ररा तक तुम्हें मोहलत देगा। बेशक अल्लाह का मुक़र्रर कर्दा वक़्त जब आजाएगा तो वह टलेगा नहीं, काश तुम जानते। (4)
उस ने कहा कि ऐ मेरे रब! बेशक मैं ने बुलाया अपनी क़ौम को रात और दिन। (5)
तो उन में ज़ियादा न किया मेरा बुलाना सिवाए भागने के। (6)
और बेशक जब भी मैं ने उन्हें बुलाया ताकि तू उन्हें बख़्शदे, उन्हों ने अपनी उंगलियां अपने कानो में दे लीं और उन्हों ने अपने ऊपर कपड़े लपेट लिए और वह अड़ गए और उन्हों ने बड़ा तकब्बुर किया। (7)
फिर बेशक मैं ने उन्हें बा आवाज़े बुलन्द बुलाया। (8)
फिर बेशक मैं ने उन्हें अ़लानिया (भी) समझाया और उन्हें छुपा कर पोशीदा (भी) समझाया। (9)
पस मैं ने कहा कि तुम अपने रब से बख़्शिश मांगो, बेशक वह बड़ा बख़्शने वाला है। (10)
वह आस्मान से तुम पर मुसलसल बारिश भेजेगा। (11)
और तुम्हें मालों और बेटों से मदद देगा और बनाएगा तुम्हारे लिए बाग़ात और वह बनाएगा तुम्हारे लिए नहरें। (12)
तुम्हें क्या हुआ है कि तुम अल्लाह के लिए वक़ार (अ़ज़्मत) का एतिक़ाद नहीं रखते? (13)
और यक़ीनन उस ने पैदा किया तुम्हें तरह तरह से। (14)
क्या तुम नहीं देखते कि कैसे अल्लाह ने सात आस्मान ऊपर तले बनाए? (15)
और उस ने उन में चाँद को एक नूर बनाया और उस ने सूरज को चिराग़ (के मानिंद रोशन) बनाया। (16)
और अल्लाह ने तुम्हें ज़मीन से सब्ज़े की तरह उगाया (पैदा किया)। (17)
फिर वह तुम्हें उस में लौटाएगा और तुम्हें दोबारा (उस से) निकालेगा। (18)

وَاللّٰهُ جَعَلَ لَكُمُ الْاَرْضَ بِسَاطًا ﴿١٩﴾ لِّتَسْلُكُوْا مِنْهَا سُبُلًا

रास्ते	उस के	ताकि तुम चलो	19	फ़र्श	ज़मीन	तुम्हारे लिए	उस ने बनाया	और अल्लाह

فِجَاجًا ﴿٢٠﴾ قَالَ نُوْحٌ رَّبِّ اِنَّهُمْ عَصَوْنِيْ وَاتَّبَعُوْا مَنْ ع ١/٢٠ ٩

जो-जिस	और उन्हों ने पैरवी की	मेरी नाफ़रमानी की	बेशक उन्हों ने	ऐ मेरे रब	नूह (अ)	कहा	20	कुशादा

لَّمْ يَزِدْهُ مَالُهٗ وَوَلَدُهٗٓ اِلَّا خَسَارًا ﴿٢١﴾ وَمَكَرُوْا مَكْرًا كُبَّارًا ﴿٢٢﴾

22	बड़ी बड़ी	चालें	और उन्हों ने चालें चलीं	21	सिवा ख़सारा	और उस की औलाद	उस का माल	नहीं ज़ियादा किया

وَقَالُوْا لَا تَذَرُنَّ اٰلِهَتَكُمْ وَلَا تَذَرُنَّ وَدًّا وَّلَا سُوَاعًا ۙ

और न सुवाअ़	वद	और हरगिज़ न छोड़ना	अपने माबूद	तुम हरगिज़ न छोड़ना	और उन्हों ने कहा

وَّلَا يَغُوْثَ وَيَعُوْقَ وَنَسْرًا ﴿٢٣﴾ وَقَدْ اَضَلُّوْا كَثِيْرًا ۚ وَلَا تَزِدِ

और न ज़ियादा कर	बहुत	और तहक़ीक़ उन्हों ने गुमराह किया	23	और नस्र	और यऊ़क़	और न यग़ूस

الظّٰلِمِيْنَ اِلَّا ضَلٰلًا ﴿٢٤﴾ مِمَّا خَطِيْٓـٰٔتِهِمْ اُغْرِقُوْا فَاُدْخِلُوْا

फिर वह दाख़िल किए गए	वह ग़र्क़ किए गए	अपनी ख़ताएं	ब सबब	24	गुमराही के सिवा	ज़ालिमों

نَارًا ۙ فَلَمْ يَجِدُوْا لَهُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَنْصَارًا ﴿٢٥﴾ وَقَالَ

और कहा	25	कोई मददगार	अल्लाह के सिवा	अपने लिए	उन्हों ने पाया	तो न	आग

نُوْحٌ رَّبِّ لَا تَذَرْ عَلَى الْاَرْضِ مِنَ الْكٰفِرِيْنَ دَيَّارًا ﴿٢٦﴾

26	कोई बसने वाला	काफ़िरों में से	ज़मीन पर	तू न छोड़	ऐ मेरे रब	नूह (अ)

اِنَّكَ اِنْ تَذَرْهُمْ يُضِلُّوْا عِبَادَكَ وَلَا يَلِدُوْٓا اِلَّا فَاجِرًا

बदकार	सिवाए	और न जनेंगे	तेरे बन्दे	वह गुमराह करेंगे	उन्हें छोड़ दिया	अगर	बेशक तू

كَفَّارًا ﴿٢٧﴾ رَبِّ اغْفِرْ لِيْ وَلِوَالِدَيَّ وَلِمَنْ دَخَلَ

दाख़िल हुआ	और उसे जो	और मेरे माँ बाप को	मुझे बख़्शदे	ऐ मेरे रब	27	नाशुक्रे

بَيْتِيَ مُؤْمِنًا وَّلِلْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ ۭ وَلَا تَزِدِ الظّٰلِمِيْنَ

ज़ालिमों	और न बढ़ा	और मोमिन औरतों	और मोमिन मर्दों को	ईमान ला कर	मेरे घर

اِلَّا تَبَارًا ﴿٢٨﴾ النصف ع ٢/٨ ١٠

28	हलाकत के सिवा

آيَاتُهَا ٢٨ ❀ سُوْرَةُ الْجِنِّ (٧٢) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2 (72) सूरतुल जिन्न आयात 28

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

قُلْ اُوْحِيَ اِلَيَّ اَنَّهُ اسْتَمَعَ نَفَرٌ مِّنَ الْجِنِّ فَقَالُوْٓا اِنَّا سَمِعْنَا قُرْاٰنًا عَجَبًا ﴿١﴾

1	एक अ़जीब	कुरआन	बेशक हम ने सुना	तो उन्हों ने कहा	एक जमाअ़त जिन्नात की	कि इसे सुना	मेरी तरफ़	आप कह दें कि मुझे वहि की गई

और अल्लाह ने तुम्हारे लिए ज़मीन को फ़र्श बनाया। (19) ताकि तुम चलो फिरो उस के कुशादा रास्तों में। (20) नूह (अ) ने कहा कि ऐ मेरे रब! बेशक उन्हों ने मेरी नाफ़रमानी की और (उस की) पैरवी की जिस को उस के माल ने ज़ियादा नहीं किया और न उस की औलाद ने ख़सारे के सिवा। (21) और उन्हों ने बड़ी बड़ी चालें चलीं। (22) और उन्हों ने कहा कि तुम हरगिज़ न छोड़ना अपने माबूदाने (बातिल) को और हरगिज़ न छोड़ना वद्द और न सुवाअ़ और न यग़ूस और यऊ़क़ और नस्र (बुतों) को। (23) और उन्हों ने गुमराह किया बहुतों को, और ज़ालिमों को न ज़ियादा कर गुमराही के सिवा। (24) अपनी ख़ताओं के सबब वह ग़र्क़ किए गए, फिर वह आग में दाख़िल किए गए तो उन्हों ने अपने लिए अल्लाह के सिवा न पाया कोई मददगार। (25) और नूह (अ) ने कहा कि ऐ मेरे रब! तू न छोड़ ज़मीन पर काफ़िरों में से कोई बसने वाला। (26) बेशक अगर तू ने उन्हें छोड़ दिया तो वह तेरे बन्दों को गुमराह करेंगे और न जनेंगे बदकार नाशुक्र (औलाद) के सिवा। (27) ऐ मेरे रब! मुझे बख़्शदे और मेरे माँ बाप को और उसे जो दाख़िल हुआ मेरे घर में ईमान ला कर, और मोमिन मर्दों और मोमिन औ़रतों को, और ज़ालिमों को हलाकत के सिवा न बढ़ा। (28)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

आप (स) फ़रमा दें: मुझे वहि की गई है कि जिन्नात की एक जमाअ़त ने उसे (कुरआन को) सुना तो उन्हों ने कहा कि बेशक हम ने एक अ़जीब कुरआन सुना है। (1)

يَّهۡدِىۡۤ اِلَى الرُّشۡدِ فَاٰمَنَّا بِهٖ ؕ وَلَنۡ نُّشۡرِكَ بِرَبِّنَاۤ اَحَدًا ۙ‏ ﴿٢﴾

2	किसी को	और हम हरगिज़ शरीक न ठहराएंगे अपने रब के साथ	उस पर	तो हम ईमान लाए	हिदायत की तरफ़	वह रहनुमाई करता है

وَّاَنَّهٗ تَعٰلٰى جَدُّ رَبِّنَا مَا اتَّخَذَ صَاحِبَةً وَّلَا وَلَدًا ۙ‏ ﴿٣﴾

3	और न औलाद	बीवी	उस ने नहीं बनाया	हमारा रब	शान	बड़ी बुलंद	और यह कि

وَّاَنَّهٗ كَانَ يَقُوۡلُ سَفِيۡهُنَا عَلَى اللّٰهِ شَطَطًا ۙ‏ ﴿٤﴾ وَّاَنَّا ظَنَنَّاۤ

और यह कि हम ने गुमान किया	4	ख़िलाफ़े हक़ बातें	अल्लाह पर	हम में से बेवकूफ़	कहते थे	और यह कि

اَنۡ لَّنۡ تَقُوۡلَ الۡاِنۡسُ وَالۡجِنُّ عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا ۙ‏ ﴿٥﴾ وَّاَنَّهٗ كَانَ

थे	और यह कि	5	झूट	अल्लाह पर	और जिन्न	इन्सान	हरगिज़ न कहेंगे	कि

رِجَالٌ مِّنَ الۡاِنۡسِ يَعُوۡذُوۡنَ بِرِجَالٍ مِّنَ الۡجِنِّ فَزَادُوۡهُمۡ

तो उन्हों ने (जिन्नात का) बढ़ा दिया	जिन्नात से	लोगों से	पनाह लेते (थे)	इन्सानों में से	कुछ आदमी

رَهَقًا ۙ‏ ﴿٦﴾ وَّاَنَّهُمۡ ظَنُّوۡا كَمَا ظَنَنۡتُمۡ اَنۡ لَّنۡ يَّبۡعَثَ اللّٰهُ اَحَدًا ۙ‏ ﴿٧﴾

7	किसी को	रसूल बना कर भेजेगा अल्लाह	कि हरगिज़ न	जैसे तुम ने गुमान किया था	उन्हों ने गुमान किया	और यह कि वह	6	तकब्बुर

وَّاَنَّا لَمَسۡنَا السَّمَآءَ فَوَجَدۡنٰهَا مُلِئَتۡ حَرَسًا شَدِيۡدًا

सख़्त	पहरेदार	भरा हुआ	तो हम ने उसे पाया	आस्मान	और यह कि हम ने छुआ (टटोला)

وَّشُهُبًا ۙ‏ ﴿٨﴾ وَّاَنَّا كُنَّا نَقۡعُدُ مِنۡهَا مَقَاعِدَ لِلسَّمۡعِ ؕ فَمَنۡ

पस जो	सुनने के लिए	ठिकाने	उस के	हम बैठा करते थे	और यह कि	8	और शोले

يَّسۡتَمِعِ الۡاٰنَ يَجِدۡ لَهٗ شِهَابًا رَّصَدًا ۙ‏ ﴿٩﴾ وَّاَنَّا لَا نَدۡرِىۡۤ

नहीं जानते	और यह कि हम	9	घात लगाया हुआ	शोला	वह पाता है अपने लिए	अब	सुनता है

اَشَرٌّ اُرِيۡدَ بِمَنۡ فِى الۡاَرۡضِ اَمۡ اَرَادَ بِهِمۡ رَبُّهُمۡ

उन का रब	उन से	या इरादा फ़रमाया है	जो ज़मीन में	उन के साथ	इरादा किया गया	आया बुराई

رَشَدًا ۙ‏ ﴿١٠﴾ وَّاَنَّا مِنَّا الصّٰلِحُوۡنَ وَمِنَّا دُوۡنَ ذٰلِكَ ؕ كُنَّا

हम थे	उस के अ़लावा	और हम में से	नेकोकार (जमा)	हम में से	और यह कि	10	हिदायत

طَرَآئِقَ قِدَدًا ۙ‏ ﴿١١﴾ وَّاَنَّا ظَنَنَّاۤ اَنۡ لَّنۡ نُّعۡجِزَ اللّٰهَ فِى الۡاَرۡضِ

ज़मीन में	हरा सकेंगे अल्लाह को	कि हम हरगिज़ न	हम समझते थे	और यह कि	11	मुख़्तलिफ़	राहें

وَّلَنۡ نُّعۡجِزَهٗ هَرَبًا ۙ‏ ﴿١٢﴾ وَّاَنَّا لَمَّا سَمِعۡنَا الۡهُدٰۤى اٰمَنَّا بِهٖ ؕ

हम ईमान ले आए उस पर	हिदायत	जब हम ने सुनी	और यह कि	12	भाग कर	और हम उस को हरगिज़ न हरा सकेंगे

فَمَنۡ يُّؤۡمِنۡۢ بِرَبِّهٖ فَلَا يَخَافُ بَخۡسًا وَّلَا رَهَقًا ۙ‏ ﴿١٣﴾ وَّاَنَّا مِنَّا

हम में से	और यह कि	13	और न किसी ज़ुल्म	किसी नुक़्सान	तो उसे ख़ौफ़ न होगा	अपने रब पर ईमान लाए	सो जो

الۡمُسۡلِمُوۡنَ وَمِنَّا الۡقٰسِطُوۡنَ ؕ فَمَنۡ اَسۡلَمَ فَاُولٰٓئِكَ تَحَرَّوۡا رَشَدًا‏ ﴿١٤﴾

14	भलाई	उन्हों ने क़स्द किया	तो वही हैं	पस जो इसलाम लाया	गुनाहगार	और हम में से	मुसलमान (जमा)

वह रहनुमाई करता है हिदायत की तरफ़, तो हम उस पर ईमान ले आए, और हम अपने रब के साथ हरगिज़ किसी को शरीक न ठहराएंगे। (2)
और यह कि हमारे रब की शान बड़ी बुलंद है। उस ने नहीं बनाया किसी को अपनी बीवी और न औलाद। (3)
और यह कि हम में से बेवकूफ़ कहते थे अल्लाह पर ख़िलाफ़े हक़ बातें। (4)
और यह कि हम ने गुमान किया कि हरगिज़ इन्सान और जिन्न अल्लाह पर (अल्लाह की शान में) झूट न कहेंगे। (5)
और यह कि इन्सानों में से कुछ आदमी जिन्नात के लोगों से पनाह लेते थे और उन्हों ने जिन्नात का तकब्बुर और बढ़ा दिया। (6)
और उन्हों ने गुमान किया जैसे तुम ने गुमान किया था कि हरगिज़ अल्लाह किसी को रसूल बना कर न भेजेगा। (7)
और यह कि हम ने टटोला आस्मानों को तो हम ने उसे सख़्त पहरेदारों और शोलों से भरा हुआ पाया। (8)
और यह कि हम उस के ठिकानों में सुनने के लिए बैठा करते थे। पस अब जो सुनता है (सुनना चाहता है) वह (वहां) अपने लिए घात लगाया हुआ शोला पाता है। (9)
और यह कि हम नहीं जानते कि जो ज़मीन में हैं आया उन के साथ बुराई का इरादा किया गया है या उन से (अल्लाह ने) हिदायत का इरादा फ़रमाया है। (10)
और यह कि हम में से (कुछ) नेकोकार हैं और हम में से (कुछ) उस के अ़लावा हैं, हम मुख़्तलिफ़ राहों पर हैं। (11)
और यह कि हम समझते हैं कि हम अल्लाह को हरगिज़ न हरा सकेंगे ज़मीन में और न हरगिज़ हम उस को भाग कर हरा सकेंगे। (12)
और यह कि हम ने हिदायत सुनी तो हम उस पर ईमान ले आए, सो जो अपने रब पर ईमान लाए तो उसे न किसी नुक़्सान का ख़ौफ़ होगा और न किसी ज़ुल्म का। (13)
और यह कि हम में से (कुछ) मुसलमान (फ़रमांबरदार) हैं और हम में से (कुछ) गुनाहगार हैं। पस जो इसलाम लाया तो वही हैं जिन्हों ने भलाई का क़स्द किया। (14)

और रहे गुनाहगार तो वह जहन्नम का ईंधन हुए। (15)
और (मुझे वहि की गई है) कि अगर वह क़ाइम रहते हैं सीधे रास्ते पर तो हम उन्हें वाफ़िर पानी पिलाते। (16)
ताकि हम उन्हें उस में आज़माएं, और जो अपने रब की याद से मुंह मोड़ेगा वह उसे सख़्त अज़ाब में दाख़िल करेगा। (17)
और यह कि मस्जिदें अल्लाह के लिए हैं तो तुम अल्लाह के साथ किसी की बन्दगी न करो। (18)
और यह कि जब खड़ा हुआ अल्लाह का बन्दा कि वह उस (अल्लाह) की इबादत करे तो क़रीब था कि वह उस पर हल्क़ा दर हल्क़ा हो जाएं। (19)
आप (स) फ़रमा दें कि मैं सिर्फ़ अपने रब की इबादत करता हूँ और मैं शरीक नहीं करता किसी को उस के साथ। (20)
आप (स) फ़रमा दें कि बेशक मैं तुम्हारे लिए इख़्तियार नहीं रखता किसी ज़र्र का और न किसी भलाई का। (21)
आप (स) फ़रमा दें कि बेशक मुझे हरगिज़ पनाह न देगा अल्लाह से कोई भी, और मैं उस के सिवा कोई जाए पनाह न पाऊँगा। (22)
मगर (मेरा काम है) अल्लाह की तरफ़ से उस का कहा और पैग़ाम पहुँचाना और जो नाफ़रमानी करेगा अल्लाह की और उस के रसूल (स) की तो बेशक उस के लिए जहन्नम की आग है, ऐसे लोग उस में हमेशा हमेशा रहेंगे। (23)
यहां तक कि जब वह देखेंगे जो उन्हें वादा दिया जाता है तो वह जान लेंगे कि किस का मददगार कमज़ोर तरीन है और तादाद में कम तर है। (24)
आप (स) फ़रमा दें: मैं नहीं जानता कि आया क़रीब है जो तुम्हें वादा दिया जाता है या उस के लिए मेरा रब कोई मुद्दत (दराज़) मुक़र्रर कर देगा। (25)
(वह) ग़ैब का जानने वाला है, अपने ग़ैब पर किसी को मुत्तला नहीं करता, (26)
सिवाए (उस के) जिसे वह पसंद करता है रसूलों में से, फिर बेशक उस के आगे और उस के पीछे मुहाफ़िज़ फ़रिश्ते चलाता है, (27)

وَاَمَّا الْقٰسِطُوْنَ فَكَانُوْا لِجَهَنَّمَ حَطَبًا ﴿١٥﴾ وَّاَنْ لَّوِ اسْتَقَامُوْا

वह क़ाइम रहते	और यह कि अगर	15	ईंधन	जहन्नम का	तो वह हुए	गुनाहगार (जमा)	और रहे

عَلَى الطَّرِيْقَةِ لَاَسْقَيْنٰهُمْ مَّآءً غَدَقًا ﴿١٦﴾ لِّنَفْتِنَهُمْ فِيْهِ

उस में	ताकि हम उन्हें आज़माएं	16	वाफ़िर	पानी	तो अलबत्ता हम उन्हें पिलाते	(सीधे) रास्ते पर

وَمَنْ يُّعْرِضْ عَنْ ذِكْرِ رَبِّهٖ يَسْلُكْهُ عَذَابًا صَعَدًا ﴿١٧﴾

17	सख़्त	अज़ाब	वह उसे दाख़िल करेगा	अपने रब की याद	से	रूगर्दानी करेगा	और जो

وَّاَنَّ الْمَسٰجِدَ لِلّٰهِ فَلَا تَدْعُوْا مَعَ اللّٰهِ اَحَدًا ﴿١٨﴾ وَّاَنَّهٗ

और यह कि	18	किसी की	अल्लाह के साथ	तो तुम न पुकारो (बन्दगी न करो)	मस्जिदें अल्लाह के लिए	और यह कि

لَمَّا قَامَ عَبْدُ اللّٰهِ يَدْعُوْهُ كَادُوْا يَكُوْنُوْنَ عَلَيْهِ لِبَدًا ﴿١٩﴾ ع ١٩ ١١

19	हल्क़ा दर हल्क़ा	उस पर	वह हो जाएं	क़रीब था	कि वह उस की इबादत करे	अल्लाह का बन्दा	जब खड़ा हुआ

قُلْ اِنَّمَآ اَدْعُوْا رَبِّيْ وَلَآ اُشْرِكُ بِهٖٓ اَحَدًا ﴿٢٠﴾ قُلْ اِنِّيْ لَآ اَمْلِكُ

इख़्तियार नहीं रखता	बेशक मैं	फ़रमा दें	20	उस के साथ किसी को	और मैं शरीक नहीं करता	सिर्फ़ मैं अपने रब की इबादत करता हूँ	फ़रमा दें इस के सिवा नहीं

لَكُمْ ضَرًّا وَّلَا رَشَدًا ﴿٢١﴾ قُلْ اِنِّيْ لَنْ يُّجِيْرَنِيْ مِنَ اللّٰهِ

अल्लाह से	मुझे हरगिज़ पनाह न देगा	बेशक मुझे	फ़रमा दें	21	और न किसी भलाई	किसी ज़र्र	तुम्हारे लिए

اَحَدٌ ۙ وَّلَنْ اَجِدَ مِنْ دُوْنِهٖ مُلْتَحَدًا ﴿٢٢﴾ اِلَّا بَلٰغًا

मगर (पैग़ाम) पहुँचाना	22	कोई जाए पनाह	उस के सिवा	और मैं हरगिज़ न पाऊँगा	कोई

مِّنَ اللّٰهِ وَرِسٰلٰتِهٖ ۭ وَمَنْ يَّعْصِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ فَاِنَّ لَهٗ

तो बेशक उस के लिए	और उस के रसूल की	नाफ़रमानी करे अल्लाह की	और जो	और उस के पैग़ामात	अल्लाह की तरफ़ से

نَارَ جَهَنَّمَ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ﴿٢٣﴾ حَتّٰٓى اِذَا رَاَوْا

जब वह देखेंगे	यहां तक कि	23	हमेशा हमेशा	उस में	हमेशा रहेंगे	जहन्नम की आग

مَا يُوْعَدُوْنَ فَسَيَعْلَمُوْنَ مَنْ اَضْعَفُ نَاصِرًا وَّاَقَلُّ عَدَدًا ﴿٢٤﴾

24	तादाद में	और कम तर	मददगार	कमज़ोर तरीन	किस	तो वह अनक़रीब जान लेंगे	जो उन्हें वादा दिया जाता है

قُلْ اِنْ اَدْرِيْٓ اَقَرِيْبٌ مَّا تُوْعَدُوْنَ اَمْ يَجْعَلُ

या कर देगा	जो तुम्हें वादा दिया जाता है	आया क़रीब है	मैं जानता	नहीं	फ़रमा दें

لَهٗ رَبِّيْٓ اَمَدًا ﴿٢٥﴾ عٰلِمُ الْغَيْبِ فَلَا يُظْهِرُ عَلٰى غَيْبِهٖٓ

अपने ग़ैब पर	वह ज़ाहिर नहीं करता	ग़ैब का जानने वाला	25	मुद्दत	मेरा रब	उस के लिए

اَحَدًا ﴿٢٦﴾ اِلَّا مَنِ ارْتَضٰى مِنْ رَّسُوْلٍ فَاِنَّهٗ

तो बेशक वह	रसूलों में से	वह पसंद करता है	जिस को	सिवाए	26	किसी को

يَسْلُكُ مِنْ بَيْنِ يَدَيْهِ وَمِنْ خَلْفِهٖ رَصَدًا ﴿٢٧﴾

27	मुहाफ़िज़ (फ़रिश्ते)	और उस के पीछे से	उस के आगे से	चलाता है

لِّيَعْلَمَ اَنْ قَدْ اَبْلَغُوْا رِسٰلٰتِ رَبِّهِمْ وَاَحَاطَ بِمَا لَدَيْهِمْ

ता कि वह मालूम कर ले	कि	उन्हों ने तहक़ीक़ पहुँचा दिए	पैग़ामात	अपने रब के	और उस ने अहाता किया हुआ है	जो उन के पास

ع ٢٩ ١٢ وَاَحْصٰى كُلَّ شَيْءٍ عَدَدًا ﴿٢٨﴾

और उस ने शुमार कर रखी है	हर शै	गिनती में	28

آيَاتُهَا ٢٠ ❀ سُوْرَةُ الْمُزَّمِّلِ (٧٣) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

आयात 20 — (73) सूरतुल मुज़्ज़म्मिल — कपड़ों में लिपटने वाले — रुकूआत 2

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يٰۤاَيُّهَا الْمُزَّمِّلُ ﴿١﴾ قُمِ الَّيْلَ اِلَّا قَلِيْلًا ﴿٢﴾ نِّصْفَهٗۤ اَوِ انْقُصْ

ऐ कपड़ों में लिपटने वाले (मुहम्मद (स))	1	रात में क़ियाम करें	मगर	थोड़ा	2	उस का निस्फ़	या	कम कर लें

مِنْهُ قَلِيْلًا ﴿٣﴾ اَوْ زِدْ عَلَيْهِ وَرَتِّلِ الْقُرْاٰنَ تَرْتِيْلًا ﴿٤﴾

उस में से	थोड़ा	3	या ज़ियादा कर लें	उस पर-से	और ठहर ठहर कर पढ़ें	क़ुरआन	तरतील के साथ	4

اِنَّا سَنُلْقِيْ عَلَيْكَ قَوْلًا ثَقِيْلًا ﴿٥﴾ اِنَّ نَاشِئَةَ الَّيْلِ

बेशक हम अनक़रीब डाल देंगे	आप (स)	एक भारी कलाम	5	बेशक	उठना	रात

هِيَ اَشَدُّ وَطْاً وَّاَقْوَمُ قِيْلًا ﴿٦﴾ اِنَّ لَكَ فِي النَّهَارِ سَبْحًا

यह सख़्त (नफ़्स को) रोन्दने वाला	और ज़ियादा दुरुस्त	बात/ तिलावत	6	बेशक आप (स) के लिए	दिन में	शुग़्ल

طَوِيْلًا ﴿٧﴾ وَاذْكُرِ اسْمَ رَبِّكَ وَتَبَتَّلْ اِلَيْهِ تَبْتِيْلًا ﴿٨﴾

तवील	7	और आप (स) याद करें	अपने रब का नाम	और छूट जाएं	उस की तरफ़	(सब से) छूट कर	8

رَبُّ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ فَاتَّخِذْهُ وَكِيْلًا ﴿٩﴾

रब मशरिक़ का	और मग़रिब	नहीं कोई माबूद	उस के सिवा	पस पकड़ लो (बना लो) उस को	कारसाज़	9

وَاصْبِرْ عَلٰى مَا يَقُوْلُوْنَ وَاهْجُرْهُمْ هَجْرًا جَمِيْلًا ﴿١٠﴾

और आप (स) सब्र करें	पर	जो वह कहते हैं	और उन्हें छोड़ दें	किनारा कश हो कर	अच्छी तरह	10

وَذَرْنِيْ وَالْمُكَذِّبِيْنَ اُولِي النَّعْمَةِ وَمَهِّلْهُمْ قَلِيْلًا ﴿١١﴾ اِنَّ

और मुझे छोड़ दो	और झुटलाने वालों	ख़ुशहाल लोगों	और उन को मोहलत दें	थोड़ी	11	बेशक

لَدَيْنَاۤ اَنْكَالًا وَّجَحِيْمًا ﴿١٢﴾ وَّطَعَامًا ذَا غُصَّةٍ وَّعَذَابًا اَلِيْمًا ﴿١٣﴾ يَوْمَ

हमारे हां	अज़ाब	और दहकती आग	12	और खाना	गले में अटक जाने वाला	और अज़ाब	दर्दनाक	13	जिस दिन

تَرْجُفُ الْاَرْضُ وَالْجِبَالُ وَكَانَتِ الْجِبَالُ كَثِيْبًا مَّهِيْلًا ﴿١٤﴾ اِنَّاۤ اَرْسَلْنَاۤ

कांपेगी	ज़मीन	और पहाड़	और हो जाएंगे	पहाड़	रेत के तोदे	रेज़ा रेज़ा	14	बेशक हम ने भेजा

اِلَيْكُمْ رَسُوْلًا ۙ شَاهِدًا عَلَيْكُمْ كَمَاۤ اَرْسَلْنَاۤ اِلٰى فِرْعَوْنَ رَسُوْلًا ﴿١٥﴾

तुम्हारी तरफ़	एक रसूल	गवाही देने वाला	तुम पर	जैसे हम ने भेजा	फ़िरऔन की तरफ़	एक रसूल	15

ता कि वह मालूम कर ले कि उन्हों ने पहुँचा दिए हैं अपने रब के पैग़ामात और उस ने अहाता किया हुआ है जो कुछ उन के पास है और हर चीज़ को गिनती में शुमार कर रखा है। (28)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

ऐ मुज़्ज़म्मिल (कपड़ों में लिपटने वाले मुहम्मद (स))! (1)
रात में क़ियाम करें मगर थोड़ा। (2)
उस (रात) का निस्फ़ हिस्सा या उस में से थोड़ा कम कर लें। (3)
या (कुछ) ज़ियादा कर लें उस से, और क़ुरआन तरतील के साथ ठहर ठहर कर पढ़ें। (4)
बेशक हम आप (स) पर अनक़रीब एक भारी कलाम (क़ुरआने करीम) डालेंगे (नाज़िल करेंगे)। (5)
बेशक रात का उठना नफ़्स को रोन्दने वाला है और (क़ुरआन) पढ़ने के लिए ज़ियादा दुरुस्त है। (6)
बेशक आप (स) के लिए दिन में बहुत काम हैं। (7)
और आप (स) अपने रब के नाम का ज़िक्र करें और सब से कट कर (अलग हो कर) उस के हो जाएं। (8)
(वह) मश्‌रिक़ ओ मग़्‌रिब का रब है। उस के सिवा कोई माबूद नहीं, पस आप (स) उस को कारसाज़ बनालें। (9)
और आप (स) सब्र करें उस पर जो वह कहते हैं और अच्छी तरह किनारा कश हो कर आप (स) उन्हें छोड़ दें। (10)
और मुझे और झुटलाने वाले ख़ुशहाल लोगों को छोड़ दें (समझ लेने दें) और उन को थोड़ी मोहलत दे दें। (11)
बेशक हमारे हां अज़ाब है और दहकती आग। (12)
और खाना है गले में अटक जाने वाला और अज़ाब है दर्दनाक। (13)
जिस दिन ज़मीन और पहाड़ कांपेंगे और पहाड़ रेज़ा रेज़ा (हो कर) रेत के तोदे हो जाएंगे। (14)
बेशक हम ने भेजा तुम्हारी तरफ़ एक रसूल (मुहम्मद स) गवाही देने वाला तुम पर जैसे हम ने भेजा था फ़िरऔन की तरफ़ एक रसूल (मूसा अ)। (15)

فَعَصٰى فِرْعَوْنُ الرَّسُوْلَ فَاَخَذْنٰهُ اَخْذًا وَّبِيْلًا ﴿١٦﴾

16	बड़े वबाल	पकड़	तो हम ने उसे पकड़ लिया	रसूल	फ़िरऔन	पस कहा न माना

فَكَيْفَ تَتَّقُوْنَ اِنْ كَفَرْتُمْ يَوْمًا يَّجْعَلُ الْوِلْدَانَ

बच्चों को	कर देगा	उस दिन	अगर तुम ने कुफ़्र किया	तुम बचोगे	तो कैसे

شِيْبَا ﴿١٧﴾ لا وقف ۨالسَّمَآءُ مُنْفَطِرٌۢ بِهٖ ؕ كَانَ وَعْدُهٗ مَفْعُوْلًا ﴿١٨﴾

18	पूरा हो कर रहने वाला	उस का वादा	है	उस से	फट जाएगा	आस्मान	17	बूढ़ा

اِنَّ هٰذِهٖ تَذْكِرَةٌ ۚ فَمَنْ شَآءَ اتَّخَذَ اِلٰى رَبِّهٖ سَبِيْلًا ﴿١٩﴾ ع ١٩ ١٣

19	राह	अपने रब की तरफ़	इख़्तियार कर ले	चाहे	तो जो	नसीहत	बेशक यह

اِنَّ رَبَّكَ يَعْلَمُ اَنَّكَ تَقُوْمُ اَدْنٰى مِنْ ثُلُثَيِ الَّيْلِ

दो तिहाई (2/3) रात के	क़रीब	क़ियाम करते हैं	कि आप (स)	वह जानता है	बेशक आप (स) का रब

وَنِصْفَهٗ وَثُلُثَهٗ وَطَآئِفَةٌ مِّنَ الَّذِيْنَ مَعَكَ ؕ وَاللّٰهُ

और अल्लाह	जो आप (स) के साथ	से	और एक जमाअत	और उस का तिहाई (1/3)	और आधी (1/2) रात

يُقَدِّرُ الَّيْلَ وَالنَّهَارَ ؕ عَلِمَ اَنْ لَّنْ تُحْصُوْهُ فَتَابَ عَلَيْكُمْ

तो उस ने तुम पर इनायत की	कि तुम हरगिज़ (वक़्त का) शुमार न कर सकोगे	उस ने जाना	रात और दिन	अन्दाज़ा फ़रमाता है

فَاقْرَءُوْا مَا تَيَسَّرَ مِنَ الْقُرْاٰنِ ؕ عَلِمَ اَنْ سَيَكُوْنُ

कि अलबत्ता होंगे	उस ने जाना	कुरआन से	जिस क़द्र आसानी से हो सके	तो तुम पढ़ा करो

مِنْكُمْ مَّرْضٰى ۙ وَاٰخَرُوْنَ يَضْرِبُوْنَ فِى الْاَرْضِ

ज़मीन में	वह सफ़र करेंगे	और दूसरे	बीमार	तुम में से कोई

يَبْتَغُوْنَ مِنْ فَضْلِ اللّٰهِ ۙ وَاٰخَرُوْنَ يُقَاتِلُوْنَ فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۖ

अल्लाह की राह में	वह जिहाद करेंगे	और कई दूसरे	अल्लाह का फ़ज़्ल (रोज़ी)	से	तलाश करते हुए

فَاقْرَءُوْا مَا تَيَسَّرَ مِنْهُ ۙ وَاَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ

नमाज़	और क़ाइम करो	उस से	जिस क़द्र आसानी से हो सके	पस पढ़ लिया करो

وَاٰتُوا الزَّكٰوةَ وَاَقْرِضُوا اللّٰهَ قَرْضًا حَسَنًا ؕ وَمَا تُقَدِّمُوْا

तुम आगे भेजोगे	और जो	क़र्ज़ हस्ना (इख़्लास से)	और अल्लाह को क़र्ज़ दो	और अदा करते रहो ज़कात

لِاَنْفُسِكُمْ مِّنْ خَيْرٍ تَجِدُوْهُ عِنْدَ اللّٰهِ هُوَ خَيْرًا

वह बेहतर	अल्लाह के हां	तुम उसे पाओगे	कोई नेकी	अपने लिए

وَّاَعْظَمَ اَجْرًا ؕ وَاسْتَغْفِرُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ

बख़्शने वाला	बेशक अल्लाह	और तुम बख़्शिश मांगो अल्लाह से	अजर में	और अज़ीम तर

رَّحِيْمٌ ﴿٢٠﴾ ع ٢ ١ ١٤

20	निहायत रहम करने वाला

पस फ़िरऔन ने रसूल का कहा न माना तो हम ने उसे (फ़िरऔन को) बड़े वबाल की पकड़ में पकड़ लिया। (16)
अगर तुम ने कुफ़्र किया तो उस दिन कैसे बचोगे? जो बच्चों को बूढ़ा कर देगा। (17)
उस से आस्मान फट जाएगा, उस का वादा पूरा हो कर रहने वाला है। (18)
बेशक यह (कुरआन) नसीहत है, जो कोई चाहे इख़्तियार कर ले (इस के ज़रीए) अपने रब की तरफ़ राह। (19)
बेशक आप (स) का रब जानता है कि आप (स) (कभी) दो तिहाई रात के क़रीब क़ियाम करते हैं और (कभी) आधी रात और (कभी) उस का तिहाई हिस्सा और जो आप (स) के साथी हैं उन में से एक जमाअत (भी), और अल्लाह रात और दिन का अन्दाज़ा फ़रमाता है, उस ने जाना कि तुम हरगिज़ निबाह न कर सकोगे तो उस ने तुम पर इनायत फ़रमाई, पस तुम कुरआन में जिस क़द्र आसानी से हो सके पढ़ लिया करो, उस ने जाना कि अलबत्ता तुम में से कोई बीमार होंगे और दूसरे रोज़ी तलाश करते हुए ज़मीन में सफ़र करेंगे और कई दूसरे अल्लाह की राह में जिहाद करेंगे, पस उस में से जिस क़द्र आसानी से हो सके तुम पढ़ लिया करो और तुम नमाज़ क़ाइम करो और ज़कात अदा करते रहो और अल्लाह को इख़्लास से क़र्ज़ हस्ना दो, और कोई नेकी जो तुम अपने लिए आगे भेजोगे उसे अल्लाह के हां बेहतर और अजर में अज़ीम तर पाओगे, और तुम अल्लाह से बख़्शिश मांगो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत रहम करने वाला है। (20)

آيَاتُهَا ٥٦ ❀ (٧٤) سُوْرَةُ الْمُدَّثِّرِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2	(74) सूरतुल मुद्दस्सिर कपड़े में लिपटे हुए	आयात 56

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يٰٓاَيُّهَا الْمُدَّثِّرُ ۙ ١ قُمْ فَاَنْذِرْ ۙ ٢ وَرَبَّكَ فَكَبِّرْ ۙ ٣ وَثِيَابَكَ

और अपने कपड़े	3	और अपने रब की बड़ाई बयान करो	2	फिर डराओ	खड़े हो जाओ	1	ऐ कपड़े में लिपटे हुए (मुहम्मद (स))

فَطَهِّرْ ۙ ٤ وَالرُّجْزَ فَاهْجُرْ ۙ ٥ وَلَا تَمْنُنْ تَسْتَكْثِرُ ۙ ٦

6	ज़ियादा लेने (की ग़रज़ से)	और एहसान न रखो	5	सो दूर रहो	और पलीदी	4	सो पाक करो

وَلِرَبِّكَ فَاصْبِرْ ۭ ٧ فَاِذَا نُقِرَ فِي النَّاقُوْرِ ۙ ٨ فَذٰلِكَ يَوْمَىِٕذٍ

उस दिन	तो वह	8	सूर में	फिर जब फूंका जाएगा	7	सब्र करो	और अपने रब के लिए

يَّوْمٌ عَسِيْرٌ ۙ ٩ عَلَى الْكٰفِرِيْنَ غَيْرُ يَسِيْرٍ ١٠ ذَرْنِيْ وَمَنْ

और जिसे	मुझे छोड़ दो	10	न आसान	काफ़िरों पर	9	बड़ा दुश्वार	दिन

خَلَقْتُ وَحِيْدًا ۙ ١١ وَّجَعَلْتُ لَهٗ مَالًا مَّمْدُوْدًا ۙ ١٢ وَّبَنِيْنَ

और बेटे	12	बहुत सारा माल	उसे	और मैं ने दिया	11	अकेला	मैं ने पैदा किया

شُهُوْدًا ۙ ١٣ وَّمَهَّدْتُّ لَهٗ تَمْهِيْدًا ۙ ١٤ ثُمَّ يَطْمَعُ

वह तमअ़ करता है	फिर	14	खूब हमवार	उस के लिए	और हमवार किया	13	सामने हाज़िर रहने वाले

اَنْ اَزِيْدَ ۙ ١٥ كَلَّا ۭ اِنَّهٗ كَانَ لِاٰيٰتِنَا عَنِيْدًا ۭ ١٦ سَاُرْهِقُهٗ

अब उस से चढ़वाऊँगा	16	इनाद रखने वाला (मुख़ालिफ़)	हमारी आयात का	बेशक वह है	हरगिज़ नहीं	15	कि (और) ज़ियादा दूँ

صَعُوْدًا ۭ ١٧ اِنَّهٗ فَكَّرَ وَقَدَّرَ ۙ ١٨ فَقُتِلَ كَيْفَ قَدَّرَ ۙ ١٩

19	उस ने अन्दाज़ा किया	कैसा	सो वह मारा जाए	18	और उस ने अन्दाज़ा किया	बेशक उस ने सोचा	17	बड़ी चढ़ाई

ثُمَّ قُتِلَ كَيْفَ قَدَّرَ ۙ ٢٠ ثُمَّ نَظَرَ ۙ ٢١ ثُمَّ عَبَسَ وَبَسَرَ ۙ ٢٢

22	और मुँह बिगाड़ लिया	फिर उस ने तेवरी चढ़ाई	21	फिर उस ने देखा	20	कैसा उस ने अन्दाज़ा किया	फिर वह मारा जाए

ثُمَّ اَدْبَرَ وَاسْتَكْبَرَ ۙ ٢٣ فَقَالَ اِنْ هٰذَآ اِلَّا سِحْرٌ

मगर (सिर्फ़) जादू	नहीं यह	तो उस ने कहा	23	और उस ने तकब्बुर किया	फिर उस ने पीठ फेर ली

يُّؤْثَرُ ۙ ٢٤ اِنْ هٰذَآ اِلَّا قَوْلُ الْبَشَرِ ۭ ٢٥ سَاُصْلِيْهِ

अ़नक़रीब उसे डाल दूँगा	25	आदमी का कलाम	मगर (सिर्फ़)	नहीं यह	24	अगलों से नक़्ल किया जाता है

سَقَرَ ٢٦ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا سَقَرُ ۭ ٢٧ لَا تُبْقِيْ

वह न बाक़ी रखेगी	27	सक़र क्या है	और तुम क्या समझे?	26	सक़र (जहन्नम)

وَلَا تَذَرُ ۚ ٢٨ لَوَّاحَةٌ لِّلْبَشَرِ ۚ ٢٩ عَلَيْهَا تِسْعَةَ عَشَرَ ۭ ٣٠

30	उस पर हैं उन्नीस (19) दारोग़ा	29	आदमी को	झुलस देने वाली	28	और न छोड़ेगी

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
ऐ कपड़ों में लिपटे हुए (मुहम्मद (स))! (1)
खड़े हो जाओ, फिर डराओ, (2)
और अपने रब की बड़ाई बयान करो, (3)
और अपने कपड़े पाक रखो, (4)
और पलीदी से दूर रहो। (5)
और ज़ियादा लेने की ग़र्ज़ से एहसान न रखो, (6)
और अपने रब की (रज़ा जूई) के लिए सब्र करो। (7)
फिर जब सूर फूंका जाएगा। (8)
तो वह दिन बड़ा दुश्वार दिन होगा। (9)
काफ़िरों पर आसान न होगा। (10)
मुझे और उसे छोड़ दो जिसे मैं ने अकेला पैदा किया। (11)
और मैं ने उसे दिया बहुत सारा माल, (12)
और सामने हाज़िर रहने वाले बेटे, (13)
और हमवार किया उस के लिए (सरदार बनने का रास्ता) खूब हमवार, (14)
फिर वह लालच करता है कि और ज़ियादा दूँ। (15)
हरगिज़ नहीं, बेशक वह हमारी आयात का मुख़ालिफ़ है। (16)
अब उसे कठिन चढ़ाई चढ़वाऊँगा। (17)
बेशक उस ने सोचा और कुछ बात बनाने की कोशिश की, (18)
सो वह मारा जाए कि कैसी बात बनाने की कोशिश की, (19)
फिर वह मारा जाए कि कैसी बात बनाने की कोशिश की। (20)
फिर उस ने देखा, (21)
फिर उस ने तेवरी चढ़ाई और मुँह बिगाड़ लिया, (22)
फिर उस ने पीठ फेर ली और उस ने तकब्बुर किया। (23)
पस उस ने कहाः यह तो सिर्फ़ एक जादू है (जो) अगलों से चला आता है, (24)
यह तो सिर्फ़ एक आदमी का कलाम है। (25)
अ़नक़रीब मैं उसे सक़र में डाल दूँगा। (26)
और तुम क्या जानो कि सक़र क्या है? (27)
(वह है आग) न बाक़ी रखेगी और न छोड़ेगी, (28)
आदमी को झुलस देने वाली है, (29)
उस पर उन्नीस (19) दारोग़ा (मुक़र्रर) हैं। (30)

और हम ने दोज़ख़ के दारोग़े सिर्फ़ फ़रिश्ते बनाए हैं, और हम ने उन की तादाद सिर्फ़ एक फ़ित्ना बनाया उन लोगों के लिए जो काफ़िर हुए ताकि अहले किताब यक़ीन कर लें और ईमान ज़ियादा हो उन का जो ईमान लाए और वह लोग शक न करें जिन्हें किताब दी गई (अहले किताब) और मोमिन, और ताकि वह लोग जिन के दिलों में रोग है और काफ़िर कहें कि क्या इरादा किया है अल्लाह ने इस मिसाल (बात) से? इसी तरह अल्लाह जिसे चाहता है गुमराह करता है और वह जिसे चाहता है हिदायत देता है, (कोई) नहीं जानता तेरे रब के लशकरों को ख़ुद उस के सिवा, और यह नहीं मगर आदमी के लिए नसीहत। (31)

नहीं नहीं! क़सम है चाँद की, (32)

और रात की जब वह पीठ फेरे। (33)

और सुबह की जब वह रोशन हो। (34)

बेशक वह (दोज़ख़) बड़ी चीज़ों में एक है, (35)

लोगों को डराने वाली। (36)

तुम में से जो कोई चाहे आगे बढ़े या वह पीछे रहे। (37)

हर शख़्स अपने आमाल के बदले गिरवी है। (38)

मगर दाहिनी हाथ वाले (नेक लोग)। (39)

बाग़ात में (होंगे), वह पूछेंगे। (40)

गुनाहगारों से, (41)

तुम्हें जहन्नम में क्या चीज़ ले गई? (42)

वह कहेंगे कि हम नमाज़ पढ़ने वालों में से न थे। (43)

और हम मोहताजों को खाना न खिलाते थे। (44)

और हम बेहूदा बातों में लगे रहने वालों के साथ बेहूदा बातों में धंस्ते रहते थे, (45)

और हम रोज़े जज़ा ओ सज़ा को झुटलाते थे। (46)

यहां तक कि हमें मौत आ गई। (47)

सो उन्हें सिफ़ारिश करने वालों की सिफ़ारिश ने नफ़ा न दिया। (48)

तो उन्हें क्या हुआ कि वह नसीहत से मुँह फेरते हैं? (49)

وَمَا جَعَلْنَآ اَصْحٰبَ النَّارِ اِلَّا مَلٰٓئِكَةً ۪ وَّمَا جَعَلْنَا عِدَّتَهُمْ

उन की तादाद	और हम ने नहीं रखी	फ़रिश्ते	मगर (सिर्फ़)	दोज़ख़ के दारोग़े	और हम ने नहीं बनाए

اِلَّا فِتْنَةً لِّلَّذِيْنَ كَفَرُوْا ۙ لِيَسْتَيْقِنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ

किताब दी गई (अहले किताब)	वह लोग जिन्हें	ताकि वह यक़ीन कर लें	काफ़िर हुए	उन लोगों के लिए जो	मगर (सिर्फ़) आज़माइश

وَيَزْدَادَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِيْمَانًا وَّلَا يَرْتَابَ الَّذِيْنَ

वह लोग जिन्हें	और शक न करें	ईमान	जो लोग ईमान लाए	और ज़ियादा हो

اُوْتُوا الْكِتٰبَ وَالْمُؤْمِنُوْنَ ۙ وَلِيَقُوْلَ الَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ

रोग	जिन के दिलों में	वह लोग	और ताकि वह कहें	और मोमिन (जमा)	किताब दी गई

وَّالْكٰفِرُوْنَ مَاذَآ اَرَادَ اللّٰهُ بِهٰذَا مَثَلًا ۭ كَذٰلِكَ يُضِلُّ اللّٰهُ

अल्लाह गुमराह करता है	इसी तरह	मिसाल	इस	इरादा किया अल्लाह ने	क्या	और काफ़िर (जमा)

مَنْ يَّشَآءُ وَيَهْدِيْ مَنْ يَّشَآءُ ۭ وَمَا يَعْلَمُ جُنُوْدَ

लशकरों	और नहीं जानता	जिसे वह चाहता है	और हिदायत देता है	जिसे वह चाहता है

رَبِّكَ اِلَّا هُوَ ۭ وَمَا هِيَ اِلَّا ذِكْرٰى لِلْبَشَرِ ﴿٣١﴾ كَلَّا وَالْقَمَرِ ﴿٣٢﴾ ع ٣١ / ١٥

32	क़सम है चाँद की	नहीं नहीं	31	आदमी के लिए	मगर नसीहत	और नहीं यह	सिवाए वह (ख़ुद)	तेरे रब के

وَالَّيْلِ اِذْ اَدْبَرَ ﴿٣٣﴾ وَالصُّبْحِ اِذَآ اَسْفَرَ ﴿٣٤﴾ اِنَّهَا لَاِحْدَى

एक है	बेशक यह	34	जब वह रोशन हो	और सुबह	33	जब वह पीठ फेरे	और रात

الْكُبَرِ ﴿٣٥﴾ نَذِيْرًا لِّلْبَشَرِ ﴿٣٦﴾ لِمَنْ شَآءَ مِنْكُمْ اَنْ يَّتَقَدَّمَ

कि वह आगे बढ़े	तुम में से	और जो कोई चाहे	36	लोगों को	डराने वाली	35	बड़ी (आफ़त)

اَوْ يَتَاَخَّرَ ﴿٣٧﴾ كُلُّ نَفْسٍۭ بِمَا كَسَبَتْ رَهِيْنَةٌ ﴿٣٨﴾ اِلَّآ

मगर	38	गिरवी	उस ने कमाया (आमाल)	उस के बदले जो	हर शख़्स	37	या पीछे रहे

اَصْحٰبَ الْيَمِيْنِ ﴿٣٩﴾ فِيْ جَنّٰتٍ ڜ يَتَسَآءَلُوْنَ ﴿٤٠﴾ عَنِ الْمُجْرِمِيْنَ ﴿٤١﴾ ع ١٦ / عدد المتقدمين ١٢

41	गुनाहगारों	से	40	वह पूछेंगे	बाग़ात में	39	दाहिनी तरफ़ वाले

مَا سَلَكَكُمْ فِيْ سَقَرَ ﴿٤٢﴾ قَالُوْا لَمْ نَكُ مِنَ الْمُصَلِّيْنَ ﴿٤٣﴾

43	नमाज़ पढ़ने वाले	से	हम न थे	वह कहेंगे	42	जहन्नम में	क्या (चीज़) तुम्हें ले गई

وَلَمْ نَكُ نُطْعِمُ الْمِسْكِيْنَ ﴿٤٤﴾ وَكُنَّا نَخُوْضُ مَعَ الْخَآئِضِيْنَ ﴿٤٥﴾

45	बेहूदा बातों के साथ लगे रहने वाले	और हम धंस्ते रहते थे (बेहूदा बातों में)	44	मोहताजों	हम खाना खिलाते	और न थे हम

وَكُنَّا نُكَذِّبُ بِيَوْمِ الدِّيْنِ ﴿٤٦﴾ حَتّٰٓى اَتٰىنَا الْيَقِيْنُ ﴿٤٧﴾ فَمَا تَنْفَعُهُمْ

और उन्हें नफ़ा न दिया	47	मौत	हमें आ गई	यहां तक कि	46	रोज़े जज़ा ओ सज़ा को	और हम झुटलाते थे

شَفَاعَةُ الشّٰفِعِيْنَ ﴿٤٨﴾ فَمَا لَهُمْ عَنِ التَّذْكِرَةِ مُعْرِضِيْنَ ﴿٤٩﴾

49	मुँह फेरते हैं	नसीहत	से	तो उन्हें क्या हुआ	48	सिफ़ारिश करने वाले	सिफ़ारिश

كَاَنَّهُمْ حُمُرٌ مُّسْتَنْفِرَةٌ ۙ﴿۵۰﴾ فَرَّتْ مِنْ قَسْوَرَةٍ ؕ﴿۵۱﴾ بَلْ يُرِيْدُ

चाहता है	बल्कि	51	शेर से	भागे जाते हैं	50	भागे हुए	गधे	गोया कि वह

كُلُّ امْرِئٍ مِّنْهُمْ اَنْ يُّؤْتٰى صُحُفًا مُّنَشَّرَةً ۙ﴿۵۲﴾ كَلَّا ؕ بَلْ

बल्कि	हरगिज़ नहीं	52	खुले हुए	सहीफ़े	कि वह दिए जाएं	उन में से	हर आदमी

لَّا يَخَافُوْنَ الْاٰخِرَةَ ؕ﴿۵۳﴾ كَلَّاۤ اِنَّهٗ تَذْكِرَةٌ ۚ﴿۵۴﴾ فَمَنْ شَآءَ

सो जो चाहे	54	नसीहत	बेशक यह	हरगिज़ नहीं	53	आख़िरत	वह नहीं डरते

ذَكَرَهٗ ؕ﴿۵۵﴾ وَمَا يَذْكُرُوْنَ اِلَّاۤ اَنْ يَّشَآءَ اللّٰهُ ؕ هُوَ

वही	अल्लाह चाहे	मगर यह कि	और वह याद न रखेंगे	55	इसे याद रखे

اَهْلُ التَّقْوٰى وَاَهْلُ الْمَغْفِرَةِ ۧ﴿۵۶﴾

	56	और मग़्फ़िरत करने के लाइक़	डरने के लाइक़	

ع ٢ / ٢٥ / ١٦ القيٰمة

آيَاتُهَا ٤٠ ❀ سُوْرَةُ الْقِيٰمَةِ (٧٥) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकुआत 2	(75) सूरतुल क़ियामह क़ियामत	आयात 40

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

لَاۤ اُقْسِمُ بِيَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۙ﴿۱﴾ وَلَاۤ اُقْسِمُ بِالنَّفْسِ اللَّوَّامَةِ ﴿۲﴾

2	मलामत करने वाला (ज़मीर)	नफ़्स की	और नहीं, मैं क़सम खाता हूँ	1	क़ियामत के दिन की	नहीं, मैं क़सम खाता हूँ

اَيَحْسَبُ الْاِنْسَانُ اَلَّنْ نَّجْمَعَ عِظَامَهٗ ؕ﴿۳﴾ بَلٰى قٰدِرِيْنَ

क्यों नहीं, हम क़ादिर हैं	3	उस की हड्डियां	कि हम जमा न कर सकेंगे	इन्सान	क्या गुमान करता है

عَلٰۤى اَنْ نُّسَوِّيَ بَنَانَهٗ ﴿۴﴾ بَلْ يُرِيْدُ الْاِنْسَانُ لِيَفْجُرَ

कि गुनाह करता रहे	इन्सान	बल्कि चाहता है	4	उस के पोर पोर	कि हम दुरुस्त करें	पर

اَمَامَهٗ ۚ﴿۵﴾ يَسْـَٔلُ اَيَّانَ يَوْمُ الْقِيٰمَةِ ؕ﴿۶﴾ فَاِذَا

पस जब	6	रोज़े क़ियामत	कब?	और पूछता है	5	अपने आगे को भी

بَرِقَ الْبَصَرُ ۙ﴿۷﴾ وَخَسَفَ الْقَمَرُ ۙ﴿۸﴾ وَجُمِعَ الشَّمْسُ وَالْقَمَرُ ۙ﴿۹﴾

9	सूरज और चाँद	और जमा कर दिए जाएंगे	8	चाँद	और गरहन लग जाएगा	7	चुंधिया जाएंगी आँखें

يَقُوْلُ الْاِنْسَانُ يَوْمَئِذٍ اَيْنَ الْمَفَرُّ ۚ﴿۱۰﴾ كَلَّا لَا وَزَرَ ؕ﴿۱۱﴾

11	नहीं कोई बचाओ	हरगिज़ नहीं	10	कहां भागने की जगह	आज के दिन	इन्सान	कहेगा

اِلٰى رَبِّكَ يَوْمَئِذِ ٍالْمُسْتَقَرُّ ؕ﴿۱۲﴾ يُنَبَّؤُا الْاِنْسَانُ يَوْمَئِذٍۢ

आज के दिन	इन्सान	वह जतला दिया जाएगा	12	ठिकाना	आज के दिन	तेरे रब की तरफ़

بِمَا قَدَّمَ وَاَخَّرَ ؕ﴿۱۳﴾ بَلِ الْاِنْسَانُ عَلٰى نَفْسِهٖ بَصِيْرَةٌ ۙ﴿۱۴﴾

14	बाख़बर	अपनी जान (हालत) पर	बल्कि इन्सान	13	और उस ने पीछे छोड़ा	वह जो उस ने आगे भेजा

गोया कि वह जंगली गधे हैं, (50) भागे जाते हैं शेर से। (51) बल्कि उन में से हर आदमी चाहता है कि उसे दिए जाएं सहीफ़े खुले हुए। (52) हरगिज़ नहीं, बल्कि वह आख़िरत से नहीं डरते। (53) हरगिज़ नहीं, बेशक यह नसीहत है। (54) सो जो चाहे इसे याद रखे। (55) और वह याद न रखेंगे मगर यह कि अल्लाह चाहे, वही है डरने के लाइक़ और मग़्फ़िरत करने के लाइक़। (56)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

मैं क़ियामत के दिन की क़सम खाता हूँ। (1) और अपने ऊपर मलामत करने वाले नफ़्स की क़सम खाता हूँ। (2) क्या इन्सान गुमान करता है कि हम हरगिज़ जमा न कर सकेंगे उस की हड्डियां। (3) क्यों नहीं? कि हम इस पर क़ादिर हैं कि उस के पोर पोर दुरुस्त कर दें। (4) बल्कि इन्सान चाहता है कि आगे भी गुनाह करता रहे। (5) वह पूछता है कि रोज़े क़ियामत कब होगा? (6) पस जब आँखें चुंधिया जाएंगी, (7) और चाँद को गरहन लग जाएगा, (8) और सूरज और चाँद जमा कर दिए जाएंगे। (9) इन्सान कहेगा कि कहां है आज के दिन भागने की जगह? (10) हरगिज़ नहीं, कोई बचाओ की जगह नहीं। (11) आज के दिन तेरे रब की तरफ़ ठिकाना है। (12) जतला दिया जाएगा इन्सान आज के दिन जो उस ने आगे भेजा और जो उस ने पीछे छोड़ा। (13) बल्कि इन्सान अपनी जान पर बाख़बर है। (14)

وَلَوْ اَلْقٰى مَعَاذِيْرَهٗ ﴿١٥﴾ لَا تُحَرِّكْ بِهٖ لِسَانَكَ لِتَعْجَلَ بِهٖ ﴿١٦﴾

16	कि जल्द (याद कर लें) उस को	अपनी ज़बान को	आप (स) हरकत न दें इस (क़ुरआन) के साथ	15	अपने उज़्र	अगरचे ला डाले

اِنَّ عَلَيْنَا جَمْعَهٗ وَقُرْاٰنَهٗ ﴿١٧﴾ فَاِذَا قَرَاْنٰهُ فَاتَّبِعْ

तो आप (स) पैरवी करें	पस जब हम उसे पढ़ें	17	और उस का पढ़ाना	उस का जमा करना	बेशक हम पर (हमारे ज़िम्मे)

قُرْاٰنَهٗ ﴿١٨﴾ ثُمَّ اِنَّ عَلَيْنَا بَيَانَهٗ ﴿١٩﴾ كَلَّا بَلْ تُحِبُّوْنَ

तुम मुहब्बत रखते हो	हरगिज़ नहीं बल्कि	19	उस का बयान	फिर बेशक हम पर (हमारे ज़िम्मे)	18	उस के पढ़ने को

الْعَاجِلَةَ ﴿٢٠﴾ وَتَذَرُوْنَ الْاٰخِرَةَ ﴿٢١﴾ وُجُوْهٌ يَّوْمَىِٕذٍ نَّاضِرَةٌ ﴿٢٢﴾

22	ताज़ा (बारौनक़)	उस दिन	बहुत से चेहरे	21	आख़िरत	और तुम छोड़ देते हो	20	जल्दी हासिल होने वाली चीज़

اِلٰى رَبِّهَا نَاظِرَةٌ ﴿٢٣﴾ وَوُجُوْهٌ يَّوْمَىِٕذٍ بَاسِرَةٌ ﴿٢٤﴾ تَظُنُّ

ख़याल करते होंगे	24	बिगड़े हुए	उस दिन	और बहुत से चेहरे	23	देखते	अपने रब की तरफ़

اَنْ يُّفْعَلَ بِهَا فَاقِرَةٌ ﴿٢٥﴾ كَلَّآ اِذَا بَلَغَتِ التَّرَاقِيَ ﴿٢٦﴾

26	हंसुली तक	पहुँच जाए	हाँ हाँ जब	25	कमर तोड़ने वाला	उन से किया जाएगा	कि

وَقِيْلَ مَنْ ۜ رَاقٍ ﴿٢٧﴾ وَّظَنَّ اَنَّهُ الْفِرَاقُ ﴿٢٨﴾ وَالْتَفَّتِ

और लिपट जाए	28	जुदाई	और वह गुमान करे कि यह	27	कौन झाड़ फूंक करने वाला	और कहा जाए

السَّاقُ بِالسَّاقِ ﴿٢٩﴾ اِلٰى رَبِّكَ يَوْمَىِٕذِ الْمَسَاقُ ﴿٣٠﴾ ع ٣٠ ١٧ ١

30	चलना	उस दिन	अपने रब की तरफ़	29	दूसरी पिंडली से	एक पिंडली

فَلَا صَدَّقَ وَلَا صَلّٰى ﴿٣١﴾ وَلٰكِنْ كَذَّبَ وَتَوَلّٰى ﴿٣٢﴾

32	और मुँह मोड़ा	झुटलाया	और लेकिन (बल्कि)	31	और न उस ने नमाज़ पढ़ी	न उस ने तस्दीक़ की

ثُمَّ ذَهَبَ اِلٰٓى اَهْلِهٖ يَتَمَطّٰى ﴿٣٣﴾ اَوْلٰى لَكَ فَاَوْلٰى ﴿٣٤﴾

34	पस अफ़सोस	अफ़सोस तुझ पर	33	अकड़ता	अपने घर वालों की तरफ़	फिर चला गया वह

ثُمَّ اَوْلٰى لَكَ فَاَوْلٰى ﴿٣٥﴾ اَيَحْسَبُ الْاِنْسَانُ اَنْ يُّتْرَكَ

कि वह छोड़ दिया जाएगा	इन्सान	क्या वह गुमान करता है?	35	फिर अफ़सोस	अफ़सोस तुझ पर	फिर

سُدًى ﴿٣٦﴾ اَلَمْ يَكُ نُطْفَةً مِّنْ مَّنِيٍّ يُّمْنٰى ﴿٣٧﴾

37	टपकाया गया	मनी	से-का	नुत्फ़ा	क्या न था?	36	मुहमिल (यूं ही)

ثُمَّ كَانَ عَلَقَةً فَخَلَقَ فَسَوّٰى ﴿٣٨﴾ فَجَعَلَ مِنْهُ الزَّوْجَيْنِ

दो जोड़े (क़िस्में)	उस से	फिर बनाए	38	फिर उसे दुरुस्त कर दिया	फिर उस ने पैदा किया	जमा हुआ खून	फिर वह हुआ

الذَّكَرَ وَالْاُنْثٰى ﴿٣٩﴾ اَلَيْسَ ذٰلِكَ بِقٰدِرٍ عَلٰٓى

पर	क़ादिर	वह	क्या नहीं	39	मर्द और औरत

اَنْ يُّحْيِۦَ الْمَوْتٰى ﴿٤٠﴾ ع ١٠ ١٨ ٢

	40	मुर्दे (जमा)	कि वह ज़िन्दा करे	

अगरचे अपने उज़्र (हीले) ला डाले (पेश करे)। **(15)**
आप (स) क़ुरआन के साथ अपनी ज़बान को हरकत न दें कि उस को जल्द याद कर लें। **(16)**
बेशक उस का जमा करना और उस का पढ़ाना हमारे ज़िम्मे है। **(17)**
पस जब हम उसे (फ़रिश्ते की ज़बानी) पढ़ें तो आप (स) ध्यान से सुनें उस के पढ़ने को। **(18)**
फिर बेशक उस का बयान करना हमारे ज़िम्मे है। **(19)**
हरगिज़ नहीं, बल्कि (ऐ काफ़िरो!) तुम दुनिया से मुहब्बत रखते हो, **(20)**
और आख़िरत को छोड़ देते हो। **(21)**
उस दिन बहुत से चेहरे बारौनक़ होंगे, **(22)**
अपने रब की तरफ़ देखते होंगे। **(23)**
और बहुत से चेहरे उस दिन बिगड़े हुए होंगे, **(24)**
वह ख़याल करते होंगे कि उन से कमर तोड़ने वाला (मामला) किया जाएगा। **(25)**
हाँ हाँ, जब (जान) हंसुली तक पहुँच जाए। **(26)**
और कहा जाए कि कौन है झाड़ फूंक करने वाला? **(27)**
और वह गुमान करे कि यह जुदाई की घड़ी है। **(28)**
और एक पिंडली दूसरी पिंडली से लिपट जाए (पाऊँ में हरकत न रहे)। **(29)**
उस दिन (तुझे) अपने रब की तरफ़ चलना है। **(30)**
न उस ने (अल्लाह-रसूल की) तस्दीक़ की और न उस ने नमाज़ पढ़ी। **(31)**
बल्कि उस ने झुटलाया और मुँह मोड़ा। **(32)**
फिर वह अपने घर वालों की तरफ़ अकड़ता हुआ चला गया। **(33)**
अफ़्सोस है तुझ पर अफ़्सोस। **(34)**
फिर अफ़्सोस है तुझ पर फिर अफ़्सोस। **(35)**
क्या इन्सान गुमान करता है कि वह यूंही छोड़ दिया जाएगा। **(36)**
क्या वह मनी का एक नुत्फ़ा (क़तरा) न था जो (रहमे मादर में) टपकाया गया, **(37)**
फिर वह जमा हुआ खून हुआ, फिर उस ने उसे पैदा किया, फिर उसे दुरुस्त (अनदाम) किया, **(38)**
फिर उस से मर्द और औरत की दो क़िस्में बनाईं। **(39)**
क्या वह इस पर क़ादिर नहीं कि मुर्दों को ज़िन्दा करे? **(40)**

آيَاتُهَا ٣١ ❀ سُوْرَةُ الدَّهْرِ (٧٦) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2	(76) सूरतुद दहर ज़माना	आयात 31

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

هَلْ اَتٰى عَلَى الْاِنْسَانِ حِيْنٌ مِّنَ الدَّهْرِ لَمْ يَكُنْ شَيْـًٔا مَّذْكُوْرًا ﴿١﴾

1	क़ाबिले ज़िक्र	न था कुछ	ज़माना से (में)	एक वक़्त	इन्सान पर	यक़ीनन आया (गुज़रा)

اِنَّا خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ مِنْ نُّطْفَةٍ اَمْشَاجٍ ۖ نَّبْتَلِيْهِ فَجَعَلْنٰهُ

तो हम ने उसे बनाया	हम उसे आज़माएं	मख़लूत	नुत्फ़े से	इन्सान	बेशक हम ने पैदा किया

سَمِيْعًا بَصِيْرًا ﴿٢﴾ اِنَّا هَدَيْنٰهُ السَّبِيْلَ اِمَّا شَاكِرًا وَّاِمَّا

और ख़्वाह	ख़्वाह शुक्र करने वाला	राह	बेशक हम ने उसे दिखाई	2	सुनता देखता

كَفُوْرًا ﴿٣﴾ اِنَّآ اَعْتَدْنَا لِلْكٰفِرِيْنَ سَلٰسِلَا۟ وَاَغْلٰلًا وَّسَعِيْرًا ﴿٤﴾

4	और दहकती आग	और तौक़	ज़न्जीरें	काफ़िरों के लिए	बेशक हम ने तैयार किया	3	नाशुक्रा

اِنَّ الْاَبْرَارَ يَشْرَبُوْنَ مِنْ كَاْسٍ كَانَ مِزَاجُهَا كَافُوْرًا ﴿٥﴾

5	काफ़ूर की	उस में मिलावट होगी	प्याले से	पिएंगे	नेक बन्दे	बेशक

عَيْنًا يَّشْرَبُ بِهَا عِبَادُ اللّٰهِ يُفَجِّرُوْنَهَا تَفْجِيْرًا ﴿٦﴾ يُوْفُوْنَ

वह पूरी करते हैं	6	नालियां	उस से जारी करते हैं	अल्लाह के बन्दे	उस से पीते हैं	एक चश्मा

بِالنَّذْرِ وَيَخَافُوْنَ يَوْمًا كَانَ شَرُّهٗ مُسْتَطِيْرًا ﴿٧﴾ وَيُطْعِمُوْنَ

और वह खिलाते हैं	7	फैली हुई	उस की बुराई	होगी	उस दिन से	और वह डरते हैं	अपनी (नज़्रें)

الطَّعَامَ عَلٰى حُبِّهٖ مِسْكِيْنًا وَّيَتِيْمًا وَّاَسِيْرًا ﴿٨﴾ اِنَّمَا نُطْعِمُكُمْ

हम तुम्हें खिलाते हैं	इस के सिवा नहीं	8	और क़ैदी	और यतीम	मिस्कीन	उस की मुहब्बत पर	खाना

لِوَجْهِ اللّٰهِ لَا نُرِيْدُ مِنْكُمْ جَزَآءً وَّلَا شُكُوْرًا ﴿٩﴾ اِنَّا نَخَافُ

बेशक हम डरते हैं	9	और न शुक्रिया	कोई जज़ा	तुम से	हम नहीं चाहते	रज़ाए इलाही के लिए

مِنْ رَّبِّنَا يَوْمًا عَبُوْسًا قَمْطَرِيْرًا ﴿١٠﴾ فَوَقٰهُمُ اللّٰهُ شَرَّ ذٰلِكَ الْيَوْمِ

उस दिन	बुराई	पस उन्हें बचा लिया अल्लाह ने	10	निहायत सख़्त	मुँह बिगाड़ने वाला	दिन	अपने रब से

وَلَقّٰهُمْ نَضْرَةً وَّسُرُوْرًا ﴿١١﴾ وَجَزٰهُمْ بِمَا صَبَرُوْا جَنَّةً وَّحَرِيْرًا ﴿١٢﴾

12	और रेशमी लिबास	जन्नत	उन के सब्र पर	और उन्हें बदला दिया	11	और खुश दिली	ताज़गी	और उन्हें अ़ता की

مُّتَّكِـِٔيْنَ فِيْهَا عَلَى الْاَرَآئِكِ ۚ لَا يَرَوْنَ فِيْهَا شَمْسًا وَّلَا زَمْهَرِيْرًا ﴿١٣﴾

13	और न सर्दी	धूप	उस में	वह न देखेंगे	तख़्तों पर	उस में	तकिया लगाए होंगे

وَدَانِيَةً عَلَيْهِمْ ظِلٰلُهَا وَذُلِّلَتْ قُطُوْفُهَا تَذْلِيْلًا ﴿١٤﴾

14	झुका कर	उस के गुच्छे	और नज़्दीक कर दिए गए होंगे	उन के साए	उन पर	और नज़्दीक हो रहे होंगे

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
यक़ीनन इन्सान पर ज़माने में एक ऐसा वक़्त गुज़रा है कि वह कुछ (भी) क़ाबिले ज़िक्र न था। (1)
बेशक हम ने इन्सान को पैदा किया मख़लूत नुत्फ़े से (कि) हम उसे आज़माएं तो हम ने उसे सुनता देखता बनाया। (2)
बेशक हम ने उसे राह दिखाई (अब वह) ख़्वाह शुक्र करने वाला बने ख़्वाह नाशुक्रा। (3)
बेशक हम ने काफ़िरों (नाशुक्रों) के लिए ज़न्जीरें और तौक़ और दहकती आग तैयार कर रखी है। (4)
बेशक पिएंगे नेक बन्दे प्याले से (वह मशरूब) जिस में काफ़ूर की मिलावट होगी। (5)
एक चश्मा जिस से अल्लाह के बन्दे पीते हैं, उस से नालियां जारी करते हैं। (6)
वह पूरी करते हैं अपनी नज़्रें और वह उस दिन से डरते हैं जिस की बुराई फैली (आम) होगी। (7)
और वह उस की मुहब्बत पर खाना खिलाते हैं मोहताज को, और यतीम और क़ैदी को। (8)
(और कहते हैं) इस के सिवा नहीं कि हम तुम्हें रज़ाए इलाही के लिए खिलाते हैं। हम तुम से न जज़ा चाहते हैं और न शुक्रिया। (9)
बेशक हम डरते हैं अपने रब की तरफ़ से एक दिन जो मुँह बिगाड़ने वाला निहायत सख़्त है। (10)
पस अल्लाह ने उन्हें उस दिन की बुराई से बचा लिया
और उन्हें ताज़गी अ़ता की और खुश दिली। (11)
और उन्हें बदला दिया उन के सब्र पर जन्नत और रेशमी लिबास। (12)
उस में तख़्तों पर तकिया लगाए हुए होंगे, वह न देखेंगे उस में धूप (की तेज़ी) न सर्दी (की शिद्दत)। (13)
उन पर उस के साए नज़्दीक हो रहे होंगे और उस के गुच्छे झुका कर नज़्दीक कर दिए गए होंगे। (14)

وَيُطَافُ عَلَيْهِمْ بِاٰنِيَةٍ مِّنْ فِضَّةٍ وَّاَكْوَابٍ كَانَتْ قَوَارِيْرَا۠ ﴿١٥﴾

और दौर होगा	उन पर	बरतनों का	चाँदी के	और प्याले	होंगे	शीशे के	15

قَوَارِيْرَا۠ مِنْ فِضَّةٍ قَدَّرُوْهَا تَقْدِيْرًا ﴿١٦﴾ وَيُسْقَوْنَ فِيْهَا كَاْسًا

शीशे	चाँदी के	उन्हों ने उन का अन्दाज़ा किया होगा	मुनासिब अन्दाज़ा	16	और उन्हें पिलाया जाएगा	उस में	ऐसा जाम

كَانَ مِزَاجُهَا زَنْجَبِيْلًا ﴿١٧﴾ عَيْنًا فِيْهَا تُسَمّٰى سَلْسَبِيْلًا ﴿١٨﴾ وَيَطُوْفُ

होगी	उस की मिलावट	अदरक	17	एक चश्मा उस में	नाम होगा जिस का	सल्सबील	18	और गर्दिश करेंगे

عَلَيْهِمْ وِلْدَانٌ مُّخَلَّدُوْنَ اِذَا رَاَيْتَهُمْ حَسِبْتَهُمْ لُؤْلُؤًا

उन पर	लड़के	हमेशा (नौ उम्र) रहने वाले	जब तू उन्हें देखे	तू उन्हें समझे	मोती

مَّنْثُوْرًا ﴿١٩﴾ وَاِذَا رَاَيْتَ ثَمَّ رَاَيْتَ نَعِيْمًا وَّمُلْكًا كَبِيْرًا ﴿٢٠﴾

बिखरे हुए	19	और जब तू देखेगा	वहां	तू देखेगा	बड़ी नेमत	और बड़ी सल्तनत	20

عٰلِيَهُمْ ثِيَابُ سُنْدُسٍ خُضْرٌ وَّاِسْتَبْرَقٌ وَّحُلُّوْٓا اَسَاوِرَ

उन के ऊपर की पोशाक	बारीक रेशम	सब्ज़	और दबीज़ रेशम (अतलस)	और उन्हें पहनाए जाएंगे	कंगन

مِنْ فِضَّةٍ وَسَقٰىهُمْ رَبُّهُمْ شَرَابًا طَهُوْرًا ﴿٢١﴾ اِنَّ هٰذَا كَانَ

चाँदी के	और उन्हें पिलाएगा	उन का रब	एक शराब (मशरूब)	नियाहत पाक	21	बेशक यह	है

لَكُمْ جَزَآءً وَّكَانَ سَعْيُكُمْ مَّشْكُوْرًا ﴿٢٢﴾ اِنَّا نَحْنُ نَزَّلْنَا عَلَيْكَ

तुम्हारे लिए	जज़ा	और हुई	तुम्हारी कोशिश	मशकूर (मक्बूल)	22	बेशक हम	हम ने नाज़िल किया	आप (स) पर

الْقُرْاٰنَ تَنْزِيْلًا ﴿٢٣﴾ فَاصْبِرْ لِحُكْمِ رَبِّكَ وَلَا تُطِعْ مِنْهُمْ اٰثِمًا

कुरआन	बतदरीज	23	पस सब्र करें	अपने रब के हुक्म के लिए	और आप (स) कहा न मानें	उन में से	किसी गुनाहगार

اَوْ كَفُوْرًا ﴿٢٤﴾ وَاذْكُرِ اسْمَ رَبِّكَ بُكْرَةً وَّاَصِيْلًا ﴿٢٥﴾ وَمِنَ الَّيْلِ

या नाशुक्रे का	24	और आप (स) ज़िक्र करें	अपने रब का नाम	सुबह	और शाम	25	और रात के (किसी हिस्से में)

فَاسْجُدْ لَهٗ وَسَبِّحْهُ لَيْلًا طَوِيْلًا ﴿٢٦﴾ اِنَّ هٰٓؤُلَآءِ يُحِبُّوْنَ

पस आप (स) सिज्दा करें	उस को	और उस की पाकीज़गी बयान करें रात का बड़ा हिस्सा	26	बेशक यह (मुन्किर) लोग	मुहब्वत रखते हैं

الْعَاجِلَةَ وَيَذَرُوْنَ وَرَآءَهُمْ يَوْمًا ثَقِيْلًا ﴿٢٧﴾ نَحْنُ خَلَقْنٰهُمْ

दुनिया	और छोड़ देते हैं	अपने पीछे	एक दिन	भारी	27	हम ने उन्हें पैदा किया

وَشَدَدْنَآ اَسْرَهُمْ وَاِذَا شِئْنَا بَدَّلْنَآ اَمْثَالَهُمْ تَبْدِيْلًا ﴿٢٨﴾

और हम ने मज़बूत किए	उन के जोड़	और जब हम चाहें	हम बदल दें	उन जैसे लोग	बदल कर	28

اِنَّ هٰذِهٖ تَذْكِرَةٌ فَمَنْ شَآءَ اتَّخَذَ اِلٰى رَبِّهٖ سَبِيْلًا ﴿٢٩﴾

बेशक यह	नसीहत	पस जो चाहे	इख़्तियार करे	अपने रब की तरफ़	राह	29

وَمَا تَشَآءُوْنَ اِلَّآ اَنْ يَّشَآءَ اللّٰهُ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ﴿٣٠﴾

और तुम नहीं चाहोगे	सिवाए	जो	अल्लाह चाहे	बेशक अल्लाह	है	जानने वाला	हिक्मत वाला	30

قرأ حفص بغير الالف في الوصل فيهما - ووقف على الاول بالالف وعلى الثاني بغير الالف ١٢

ع ٢٢ ١٩

और उन पर दौर होगा चाँदी के बरतनों का और शीशे के प्याले होंगे, (15) शीशे चाँदी के। (साक़ियों ने) उन का मुनासिब अन्दाज़ा किया होगा। (16) और उन्हें उस में ऐसा जाम पिलाया जाएगा जिस में अदरक की मिलावट होगी। (17) उस में एक चश्मा है जिस का नाम सल्सबील है। (18) और गर्दिश करेंगे उन पर हमेशा नौउम्र रहने वाले लड़के, जब तू उन्हें देखे तो उन्हें बिखरे हुए मोती समझे। (19) और जब तू देखेगा तो वहां (जन्नत में) बड़ी नेमत और बड़ी सल्तनत देखेगा। (20) उन के ऊपर की पोशाक सब्ज़ बारीक रेशम और अतलस की होगी और उन्हें कंगन पहनाए जाएंगे चाँदी के और उन का रब उन्हें निहायत पाक एक मशरूब पिलाएगा। (21) बेशक यह तुम्हारी जज़ा है, और तुम्हारी कोशिश मक्बूल हुई। (22) बेशक हम ने आप (स) पर कुरआन थोड़ा थोड़ा करके नाज़िल किया। (23) पस आप (स) अपने रब के हुक्म के लिए सब्र करें, और आप (स) कहा ना मानें उन में से किसी गुनाहगार नाशुक्रे का। (24) और आप (स) अपने रब का नाम सुब्ह ओ शाम याद करते रहें। (25) और रात के किसी हिस्से में आप (स) उस को सिज्दा करें और उस की पाकीज़गी बयान करें रात के बड़े हिस्से में। (26) बेशक यह मुन्किर दुनिया से मुहब्वत रखते हैं और एक भारी दिन (रोज़े क़ियामत को) अपने पीछे (पसे पुश्त) छोड़ देते हैं। (27) हम ने उन्हें पैदा किया और हम ने उन के जोड़ मज़बूत किए, और हम जब चाहें (उन की जगह) उन जैसे और लोग बदल कर ले आएं। (28) बेशक यह नसीहत है, पस जो चाहे अपने रब की तरफ़ राह इख़्तियार कर ले। (29) और तुम नहीं चाहोगे सिवाए जो अल्लाह चाहे, बेशक अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (30)

ع ٢٩ ٢٠

يُدْخِلُ مَنْ يَّشَآءُ فِيْ رَحْمَتِهٖ ۭ وَالظّٰلِمِيْنَ اَعَدَّ لَهُمْ

उस ने तैयार किया है उन के लिए	और (रहे) ज़ालिम	अपनी रहमत में	वह जिसे चाहे	वह दाख़िल करता है

عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿٣١﴾

	31	दर्दनाक अ़ज़ाब	

آيَاتُهَا ٥٠ ❀ سُوْرَةُ الْمُرْسَلٰتِ (٧٧) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2	(77) सूरतुल मुर्सलात भेजी जाने वालियाँ	आयात 50

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

وَالْمُرْسَلٰتِ عُرْفًا ﴿١﴾ فَالْعٰصِفٰتِ عَصْفًا ﴿٢﴾ وَّالنّٰشِرٰتِ

बादल उठा कर लाने वाली हवाओं की क़सम	2	शिद्दत से	फिर तुन्द ओ तेज़ चलने वाली हवाओं की क़सम	1	दिल ख़ुश करने वाली	हवाओं की क़सम

نَشْرًا ﴿٣﴾ فَالْفٰرِقٰتِ فَرْقًا ﴿٤﴾ فَالْمُلْقِيٰتِ ذِكْرًا ﴿٥﴾ عُذْرًا

हुज्जत तमाम करने को	5	ज़िक्र (दिलों में अल्लाह की याद)	फिर डालने वाली हवाओं की क़सम	4	बांट कर	फिर फाड़ने वाली हवाओं की क़सम	3	फैलाने वाली

اَوْ نُذْرًا ﴿٦﴾ اِنَّمَا تُوْعَدُوْنَ لَوَاقِعٌ ﴿٧﴾ فَاِذَا النُّجُوْمُ طُمِسَتْ ﴿٨﴾

8	सितारे मिटाए जाएं (बेनूर हो जाएं)	पस जब	7	ज़रूर होने वाला	तुम्हें वादा दिया जाता है	बेशक जो	6	या डराने को

وَاِذَا السَّمَآءُ فُرِجَتْ ﴿٩﴾ وَاِذَا الْجِبَالُ نُسِفَتْ ﴿١٠﴾ وَاِذَا الرُّسُلُ

और जब रसूल (जमा)	10	उड़ते फिरें	और जब पहाड़	9	फट जाए	और जब आस्मान

اُقِّتَتْ ﴿١١﴾ لِاَيِّ يَوْمٍ اُجِّلَتْ ﴿١٢﴾ لِيَوْمِ الْفَصْلِ ﴿١٣﴾ وَمَآ اَدْرٰىكَ

और तुम क्या समझे?	13	फ़ैसले का दिन	12	मुल्तवी रखा गया है	किस दिन के लिए	11	वक़्त पर जमा किए जाएंगे

مَا يَوْمُ الْفَصْلِ ﴿١٤﴾ وَيْلٌ يَّوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِيْنَ ﴿١٥﴾ اَلَمْ نُهْلِكِ

क्या हम ने हलाक नहीं किया?	15	झुटलाने वालों के लिए	उस दिन	ख़राबी	14	क्या है फ़ैसले का दिन?

الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٦﴾ ثُمَّ نُتْبِعُهُمُ الْاٰخِرِيْنَ ﴿١٧﴾ كَذٰلِكَ

इसी तरह	17	पिछलों को	हम उन के पीछे चलाते हैं	फिर	16	पहले लोगों को?

نَفْعَلُ بِالْمُجْرِمِيْنَ ﴿١٨﴾ وَيْلٌ يَّوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِيْنَ ﴿١٩﴾

19	झुटलाने वालों के लिए	उस दिन	ख़राबी	18	मुजरिमों के साथ	हम करते हैं

اَلَمْ نَخْلُقْكُّمْ مِّنْ مَّآءٍ مَّهِيْنٍ ﴿٢٠﴾ فَجَعَلْنٰهُ فِيْ قَرَارٍ مَّكِيْنٍ ﴿٢١﴾

21	एक महफ़ूज़ जगह	में	फिर हम ने उसे रखा	20	हक़ीर	पानी से	क्या हम ने नहीं पैदा किया तुम्हें

اِلٰى قَدَرٍ مَّعْلُوْمٍ ﴿٢٢﴾ فَقَدَرْنَا ۖ فَنِعْمَ الْقٰدِرُوْنَ ﴿٢٣﴾ وَيْلٌ

ख़राबी	23	अन्दाज़ा करने वाले	तो कैसा अच्छा	फिर हम ने अन्दाज़ा किया	22	उस क़दर जो मालूम है	तक

يَّوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِيْنَ ﴿٢٤﴾ اَلَمْ نَجْعَلِ الْاَرْضَ كِفَاتًا ﴿٢٥﴾

25	समेटने वाली	ज़मीन	क्या हम ने नहीं बनाया	24	झुटलाने वालों के लिए	उस दिन

वह जिसे चाहे अपनी रहमत में दाख़िल करता है, और रहे ज़ालिम तो उन के लिए उस ने दर्दनाक अ़ज़ाब तैयार किया है। (31)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

दिल ख़ुश करने वाली हवाओं की क़सम, (1)
फिर शिद्दत से तुन्द ओ तेज़ चलने वाली हवाओं की क़सम, (2)
बादलों को उठा कर लाने वाली फैलाने वाली हवाओं की क़सम, (3)
फिर बांट कर फाड़ने वाली हवाओं की क़सम, (4)
फिर (दिलों में अल्लाह की) याद डालने वाली हवाओं की क़सम। (5)
हुज्जत तमाम करने को या डराने को। (6)
बेशक जो तुम्हें वादा दिया जाता है वह ज़रूर वाक़े होने वाला है। (7)
फिर जब सितारे बेनूर हो जाएं। (8)
और जब आस्मान फट जाए। (9)
और जब पहाड़ उड़ते फिरें (पारा पारा हो कर)। (10)
और जब सारे रसूल वक़्ते (मुअ़य्यन) पर जमा किए जाएं। (11)
(उन का मामला) किस दिन के लिए मुल्तवी रखा गया है? (12)
फ़ैसले के दिन के लिए। (13)
और तुम क्या समझे कि फ़ैसले का दिन क्या है? (14)
उस दिन ख़राबी है झुटलाने वालों के लिए। (15)
क्या हम ने हलाक नहीं किया पहले लोगों को? (16)
फिर पिछलों को उन के पीछे चलाते हैं। (17)
इसी तरह हम मुजरिमों के साथ करते हैं। (18)
उस दिन ख़राबी है झुटलाने वालों के लिए। (19)
क्या हम ने तुम्हें हक़ीर पानी से नहीं पैदा किया? (20)
फिर हम ने उसे एक महफ़ूज़ जगह में रखा, (21)
एक वक़्ते मुअ़य्यन तक। (22)
फिर हम ने अन्दाज़ा किया तो (हम) कैसा अच्छा अन्दाज़ा करने वाले हैं। (23)
उस दिन ख़राबी है झुटलाने वालों के लिए। (24)
क्या हम ने ज़मीन को समेटने वाली नहीं बनाया? (25)

اَحْيَآءً وَّاَمْوَاتًا ﴿٢٦﴾ وَّجَعَلْنَا فِيْهَا رَوَاسِىَ شٰمِخٰتٍ

ऊँचे ऊँचे	पहाड़ (जमा)	उस में	और हम ने रखे	26	और मुर्दों को	ज़िन्दों को

وَّاَسْقَيْنٰكُمْ مَّآءً فُرَاتًا ﴿٢٧﴾ وَيْلٌ يَّوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِيْنَ ﴿٢٨﴾

28	झुटलाने वालों के लिए	उस दिन	ख़राबी	27	पानी मीठा	और हम ने पिलाया तुम्हें

اِنْطَلِقُوْٓا اِلٰى مَا كُنْتُمْ بِهٖ تُكَذِّبُوْنَ ﴿٢٩﴾ اِنْطَلِقُوْٓا اِلٰى ظِلٍّ

साए की तरफ़	तुम चलो	29	तुम झुटलाते	जिस को तुम थे	तरफ़	तो तुम चलो

ذِىْ ثَلٰثِ شُعَبٍ ﴿٣٠﴾ لَّا ظَلِيْلٍ وَّلَا يُغْنِىْ مِنَ اللَّهَبِ ﴿٣١﴾

31	शोला (तपिश)	से	और न वह बचाए	न गहरा साया	30	शाख़ें	तीन	वाला

